फाल्गुन शुक्ल पक्ष द्वितीया
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 12 मार्च 2024
वर्ष 5, अंक 115, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

गाजा में युद्धविराम की फिर कोशिश करेगा अमेरिका 14

जल्द आएगी विद्या की फिल्म दो और दो प्यार 13

सत्यमेव जयते
भारत सरकार

मोदी सरकार की गारंटी

विकसित भारत के लिए आधुनिक रेलवे

₹85 हजार करोड़ से अधिक की 6 हजार रेल परियोजनाओं का शिलान्यास एवं राष्ट्र को समर्पण

शिलान्यास/राष्ट्र को समर्पण

- 50 प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र
- 222 रेलवे गुड्स-शेड
- 51 गति शक्ति मल्टी मोडल कार्गो टर्मिनल
- 2646 स्टेशनों का डिजिटल नियंत्रण
- 35 रेलवे कारखाना, लोको शेड, पिट लाइन्स/कोचिंग डिपो
- 1500 किमी के 100 रेल खण्डों का दोहरीकरण/मल्टी-ट्रैकिंग और रेलवे लाइनों का आमान परिवर्तन
- 1045 किमी के 80 रेल खण्डों की स्वचालित सिग्नलिंग प्रणाली
- 35 रेल कोच रेस्तरां
- 1500 से अधिक एक स्टेशन एक उत्पाद स्टॉल
- 975 सौर उर्जा संचालित स्टेशन/सेवा भवन
- 2135 किमी रेल खण्डों का विद्युतीकरण
- 401 किमी पूर्वी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरीडॉर का न्यू खुर्जा - सानेहवाल खण्ड
- 244 किमी पश्चिमी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरीडॉर का न्यू मकरपुरा - न्यू घोलवड खण्ड
- पश्चिमी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरीडॉर का ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर अहमदाबाद
- फलटण-बारामती नई रेल लाइन
- 9 इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन प्रणाली के अपग्रेडेशन

वंदे भारत ट्रेनों सहित अन्य रेल सेवाओं का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ

- मैसूरु - चेन्नई
- लखनऊ - देहरादून
- कलबुरगि - बेंगलुरु (सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल)
- रांची-वाराणसी
- दिल्ली (निज़ामुद्दीन) - खजुराहो
- सिकंदराबाद - विशाखापट्टनम
- न्यू जलपाईगुड़ी - पटना
- पटना - लखनऊ
- अहमदाबाद - मुंबई सेंट्रल
- पुरी - विशाखापट्टनम

एवं अन्य रेल सेवाएं

परियोजनाओं के लाभ

- अत्याधुनिक सुरक्षा सुविधाओं के साथ हवाई जहाज जैसा यात्रा अनुभव
- वंदे भारत एक्सप्रेस से तेज, निर्बाध और शानदार यात्रा का अनुभव
- लॉजिस्टिक लागत में कमी और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा
- अहमदाबाद ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर दुनिया के सबसे बड़े नियंत्रण केंद्रों में से एक और अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित
- प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र योजना के तहत सभी नागरिकों को कम से कम 75 प्रतिशत सस्ती कीमत पर गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराना
- रेल इंटीरियर थीम आधारित रेस्तरां में मिलेगा एक विशिष्ट भोजन अनुभव

नरेन्द्र मोदी

प्रधानमंत्री

के कर कमलों द्वारा

गरिमामयी उपस्थिति

आचार्य देवव्रत
राज्यपाल, गुजरात

भूपेन्द्र भाई पटेल
मुख्यमंत्री, गुजरात

अश्विनी वैष्णव
केन्द्रीय रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

रावसाहेब पाटिल दानवे
केंद्रीय रेल, कोयला एवं खान राज्य मंत्री

दर्शना जरदोश
केंद्रीय रेल एवं वस्त्र राज्य मंत्री

मंगलवार, 12 मार्च, 2024 पूर्वाह्न प्रात : 8:00 बजे

DD NEWS पर सीधा प्रसारण देखें

एक नजर

नाथ कॉरिडोर के निर्माण के लिए रेलवे से मांगी एनओसी

बरेली, अमृत विचार : नाथ कॉरिडोर के तहत तपेश्वरनाथ मंदिर मार्ग पर काम शुरू करने के लिए पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने अब रेलवे से एनओसी के लिए पत्र लिखा है। अब एनओसी मिलने में करीब एक महीने का समय लग सकता है, जिससे काम में देरी होगी। कुछ दिन पहले सुभाषनगर पुलिया के पास खोदाई की वजह से रेलवे की ऑप्टिकल फाइबर की केबल कट गई थी, जिसके बाद रेलवे ने काम पर रोक लगा दी थी। रेलवे ने बिना अनुमति के खोदाई पर कार्यदायी संस्था पर सवा लाख रुपये का जुर्माना ठोका था, जिसके बाद पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड के एक्सईएन नारायण सिंह ने रेलवे की एनओसी देने के लिए पत्र लिखा है।

मोहनपुर रोड अभी तक बनना नहीं हुई शुरू

बरेली, अमृत विचार : नकटिया में मोहनपुर रोड को बनते हुए छह महीने से अधिक समय हो गया है। सर्दियों में अलग-अलग जगहों पर सीसी रोड बनाई गई और इसके बाद सीसी रोड के किनारे सीमेंट की ईंटें बिछाई गईं लेकिन इसके बाद से काम रुका हुआ है। कई जगह तो ईंटें भी सही से नहीं लगाई गई हैं। अधिकारी फरवरी के बाद डामर वाली सड़क बनाने की बात कह रहे थे लेकिन सड़क बनना शुरू न हुई है। इसकी वजह से लोगों की परेशानी कम नहीं हो रही है।

डोर टू डोर : पहले एक घर से 51 रुपये लेते थे, अब हुए 93

नगर निगम बोर्ड की बैठक में जमकर हंगामे के बीच पास हुआ 703 करोड़ का बजट, सफाई पर खर्च होंगे 40 करोड़

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सरकारी आवासों में रहने वाले अफसरों के सीवर और वाटर टैक्स न देने पर आपत्ति
- नाले की सफाई पर पांच करोड़ और डीजल पर 12 करोड़ का खर्च अलग होगा

अमृत विचार : नगर निगम बोर्ड की बैठक में सोमवार को लगभग 703 करोड़ का बजट पास हुआ। इस बीच जमकर हंगामे के बीच सफाई कर्मचारियों की हड़ताल पर तीखी बहस हुई। यह भी सवाल उठाया गया कि डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए पहले एक घर से 51 रुपये का शुल्क लिया जा रहा था जिसे बढ़ाकर अब 93 रुपये कर दिया गया है। सरकारी आवासों में रह रहे अफसरों के सीवर और वाटर टैक्स न देने पर भी आपत्ति की गई।

बैठक में साफ किया गया कि नगर निगम इस साल सफाई पर 40 करोड़ खर्च करेगा। इसके साथ हर वार्ड में 50-50 लाख रुपये के नए काम कराए जाएंगे। सपा के पार्षद राजेश अग्रवाल ने सरकारी आवासों में रहने वाले नगर निगम के अफसरों से सीवर और वाटर टैक्स की वसूली करने की मांग करते हुए डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के चार्ज बढ़ाने पर आपत्ति की। इस पर सफाई दी गई कि इस बार रविवार को भी कूड़ा कलेक्शन किया जाएगा। यह भी बताया गया कि इस बार 12 करोड़ रुपये डोर टू डोर पर खर्च होंगे, 10.50 करोड़ रात में सड़कों पर झाड़ू लगाने पर खर्च किए जाएंगे। तीस वार्डों की सफाई पर 18 करोड़ खर्च होंगे।

नाले की सफाई पर पांच करोड़ और डीजल पर 12 करोड़ का खर्च अलग होगा। राजेश अग्रवाल ने निर्माण विभाग में बड़े पैमाने पर गोलमाल होने का आरोप लगाया। कहा, पिछले साल काम नहीं हुए, फिर भी निर्माण विभाग ने बजट का खर्च दिखा दिया। 25 मालियों की आउटसोर्सिंग पर आपत्ति के साथ उन्होंने प्रपत्र बी-1 की सूची में दर्शाए गए आंकड़ों को भी उन्होंने गलत बताया। मेयर ने इन आंकड़ों को दुरुस्त कराने का आश्वासन दिया।

सदन में सीनियर और जूनियर के बीच सम्मान नहीं : बैठक का समापन तनावपूर्ण माहौल में हुआ। पार्षदों में बैठक के बाद भी चर्चा चलती रही कि अब सदन में जूनियर और सीनियर के बीच सम्मान की बात नहीं रह गई। कुछ पार्षद सदन में सिर्फ चेहरा दिखाने आते हैं, कभी चर्चा में भाग नहीं लेते लेकिन सीनियर पार्षद की कुर्सी खाली मिलते ही उस पर बैठने से नहीं हिचकते। यह भाजपा और सपा दोनों के सदस्यों में है। सबसे वरिष्ठ सतीश कातिब सोमवार को पीछे बैठे। उनकी जगह नए पार्षद काबिज हो गए थे। पिछली बैठक में सपा के ही सदस्य ने राजेश अग्रवाल की सीट पर बैठ गए थे। तब उन्हें भाजपा के सदस्यों ने अपनी तरफ बैठाया था। सतीश कातिब ने बताया कि आगे बैठने वाले सदस्यों को चर्चा में भाग लेने की भी आदत डालनी चाहिए।

ये प्रस्ताव हुए पारित

- हर वार्ड में पार्षद 50-50लाख के नए काम करा सकेंगे।
- रोड कटिंग की मद में जमा पैसे से सड़क बनाई जाएगी।
- नगर निगम परिसर में 15 दिन में महिला शौचालय बनेगा
- नाला सफाई का स्वास्थ्य और निर्माण विभाग का बजट अलग-अलग होगा

नगर निगम बोर्ड बैठक में मेयर उमेश गौतम और नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स। ● अमृत विचार

कुछ मदों का बजट बढ़ाया है तो कुछ का घटाया भी है। कर्मचारियों के तबादले पर रिश्वत लेने की शिकायत मेरे पास आई थी। नगर निगम में भ्रष्टाचार नहीं चलने दिया जाएगा। बजट 700 करोड़ से पार हो गया है। शहर में काम ही काम दिखाई देंगे। – **उमेश गौतम**, मेयर

शहर के विकास के लिए 703 करोड़ का बजट पास हुआ है। शहर के साथ वार्डों में भी अब तेजी काम होगें और जनता की शिकायतें दूर हो सकेंगी। – **निधि गुप्ता वत्स**, नगर आयुक्त

सफाई कर्मियों के तबादलों के मुद्दे पर गर्मागर्मी के बीच नगर आयुक्त ने पूछा- मेरे अधिकारों का क्या

- नगर आयुक्त ने सदन में तबादले रोकने के बारे में मेयर का पत्र पढ़कर सुनाया

बैठक में सफाई कर्मियों के धरने पर सपा के लोगों के आने और कर्मचारियों के तबादले के बदले पैसे लेने का मामला भी उठा। इस दौरान बैठक का माहौल काफी गर्म रहा। इसी मुद्दे पर चर्चा के दौरान नगर आयुक्त ने मेयर का वह पत्र पढ़कर सुनाया, जिसमें कहा गया था कि तीन दिन के लिए तबादला रोक दिया जाए। नगर आयुक्त ने इसके बाद सदन में सवाल उठाया कि मेयर के पत्र में तीन दिन की बात लिखी गई है, तीन दिन के बाद क्या किया जाए। उन्होंने अपने अधिकारों का भी मुद्दा उठाया। इस पर मेयर तल्ख हो गए। बोले, उनके पास शिकायत आई थी कि कर्मचारियों के तबादले के बदले 10 से 50 हजार रुपये की रिश्वत ली गई है। मनीष नाम का कर्मचारी स्वास्थ्य विभाग में बैठकर तबादले करा रहा है।

पूर्व मेयर सुप्रिया ऐरन पर एफआईआर कराने की मांग

सफाईकर्मियों के धरने के मुद्दे पर ही बोर्ड बैठक के दौरान जमकर बहस हुई। मेयर उमेश गौतम ने कहा कि सपा के लोग सफाई कर्मचारियों के धरने में पहुंचे थे। भाजपा के लोग जब धरने पर बैठते हैं तो उनके खिलाफ रिपोर्ट करा दी जाती है। इस पर भाजपा के पार्षद छंगामल ने पूर्व मेयर सुप्रिया ऐरन के धरने में शामिल होने पर एफआईआर दर्ज कराने की मांग की। इस पर सपा पार्षद दल के नेता गौरव सक्सेना और छंगामल के बीच तीखी बहस भी हुई।

राजेश को टोक रहे गौरव को मेयर ने दी चेतावनी

राजेश अग्रवाल जब डोर टू डोर मुद्दे पर बोल रहे थे तभी सपा के ही गौरव सक्सेना ने उन्हें बीच में टोकना शुरू कर दिया। इस पर राजेश ने कहा कि वह मेयर से अनुमति के बाद बोल रहे हैं, इसलिए किसी को टोकना नहीं चाहिए। मेयर उमेश गौतम ने इस पर गौरव अनुशासन बनाए रखने की चेतावनी दी।

निगम को नुकसान पहुंचने वाले अफसरों पर कार्रवाई हो

पार्षद कपिलकांत ने कहा कि विज्ञापन से दो वर्ष में 10 फीसदी आय बढ़ाने की शर्त थी लेकिन इस मद में पांच करोड़ 50 लाख की ही आए दर्शाई गई है। वर्ष 2022-23 में फसल बहार की मद में शून्य आय दिखाने के लिए दोषी अफसर के खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने वधशाला के शुल्क बढ़ाने की मांग भी रखी। इसके अलावा गृहकर में व्यावसायिक और आवासीय कर अलग करने की बात रखी।

रमजान के चांद ने दिया खुशियों का पैगाम, आज पहला रोजा

खानकाह-ए-नियाजिया में चांद देते सज्जादानशीन मेहंदी मियां। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- खानकाह-ए-नियाजिया, दरगाह आला हजरत, दरगाह शराफत मियां में देखा गया चांद

अमृत विचार : सोमवार की शाम रमजान का चांद दिखने के बाद मस्जिदों में तरावीह की नमाज शुरू हो गई। जमात रजा-ए-मुस्तफा के राष्ट्रीय महासचिव फरमान मियां के मुताबिक मरकजी दारुल इफ्ता की रुयते हिलाल कमेटी ने चांद का एलान कर दिया है। मंगलवार को पहला रोजा होगा।

दरगाह आला हजरत के प्रमुख सुब्हानी मियां और सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां ने पवित्र रमजान की मुबारकबाद दी है। खानकाह-ए-नियाजिया में सज्जादानशीन मेहंदी मियां, प्रबंधक शब्बू मियां नियाजी और कासिम नियाजी की मौजूदगी में खानकाही परंपरा अनुसार चांद देखा गया। दरगाह शाह शराफत मियां के सज्जादानशीन गाजी मियां ने भी सभी को रमजान की मुबारक बाद दी। शराफत मियां दरगाह के मीडिया प्रभारी हमजा सकलैनी ने बताया कि खानकाह के मेहमान खाने में तरावीह की नमाज पढ़ाई जाएगी। 10 रोजों तक एक कुरान मुकम्मल किया जाएगा और ग्यारवें रोजे से दोबारा कुरान की तिलावत का आगाज होगा, जो 25 वें रोजे तक मुकम्मल होगा। वहीं, 26 वां रोजा यानी 27 वीं शब को खानकाह में शबीने का आयोजन होगा, जिसमें एक ही रात में दो से तीन बार कुरान मुकम्मल किया जाएगा।

बाजार में शुरू हुई चहलपहल

बाजार में रमजान की रौनक दिखने लगी है। सोमवार को चांद दिखने के बाद लोगों ने खजला फेनी आदि की दुकानों से खरीदारी की। एक माह तक यही सिलसिला जारी रहेगा।

जनता से खेल... पांच महीने भी नहीं चल पाई वन मंत्री की विधायक निधि से बनी सड़क

रेजिडेंसी गार्डन में सितंबर 2023 में 10 लाख की लागत से कराया था निर्माण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पिछले दिनों हुई जरा सी बारिश में सड़क की गिट्टी दिखने लगीं

अमृत विचार : रेजिडेंसी गार्डन में वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने जो सीसी रोड विधायक निधि से दस लाख देकर बनवाई थी, वह पांच महीने भी नहीं चल पाई। पिछले दिनों हुई जरा सी बारिश में यह सड़क कई जगह से उखड़ गई।

अब जगह-जगह उसकी गिट्टी दिखने लगी है और बजरी बिखर गई है। कॉलोनी में 110 मीटर लंबी इस सड़क का निर्माण आरईएस ने सितंबर 2023 में कराया था। इसका पूरा भुगतान भी ठेकेदार को किया जा चुका है। कॉलोनी के लोगों का कहना है कि घटिया ढंग से निर्माण किए जाने पर उन्होंने ठेकेदार को टोका, शिकायत भी की लेकिन इसके बावजूद उसने मानकों को दरकिनार कर सड़क बना दी। विभागीय अफसरों ने भी गुणवत्ता की जांच किए बगैर ठेकेदार को भुगतान कर दिया।

सांसद-विधायक निधि से होने वाले कामों की गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाता है। पता करेंगे कि सड़क किस ठेकेदार ने बनाई है। गुणवत्ता ठीक नहीं है तो में खुद मौके पर जांच करूंगा। – **विनय कुमार**, एक्सईएन आरईएस

रेजिडेंसी गार्डन में उधड़ी दिख रही सड़क विधायक निधि से पांच महीने पहले बनी थी। ● अमृत विचार

वन मंत्री की विधायक निधि से इतनी घटिया सड़क बनाई गई है। निर्माण के दौरान कई लोगों ने ठेकेदार को टोका था। अब सड़क की हालत खुद बता रही है कि निर्माण में गुणवत्ता का कितना ख्याल रखा गया है। – **राहुल**

कॉलोनी में ज्यादातर सीसी रोड हैं, इतनी घटिया कोई सड़क नहीं बनी। सड़क पर दरारें हैं। ठेकेदार ने लाखों रुपये पानी में बहा दिए। यह सड़क एक दिन की बारिश भी झेल जाए तो बड़ी बात होगी। – **रवि सक्सेना**

वन मंत्री की विधायक निधि से बनी सड़क में अफसरों ने कमीशन खाया है। कॉलोनी के लोगों के साथ धोखा हुआ है। वन मंत्री अगर एक बार आकर निरीक्षण कर लें तो सारी हकीकत सामने आ जाएगी। – **मोहित**

हवा थमते ही बदला मौसम, पारा 29 डिग्री पर, कल बूंदाबांदी होने का पूर्वानुमान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार तापमान में जारी रहेगी वृद्धि

अमृत विचार : एक बार फिर से मौसम में बदलाव हो रहा है। सोमवार से तापमान में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने 13 मार्च को बूंदाबांदी का पूर्वानुमान जताया है और इसके बाद फिर तापमान में बढ़ोत्तरी होगी। सोमवार को अधिकतम तापमान 28.8 और न्यूनतम तापमान 16.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

आंचलिक मौसम केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होगी। माह के अंत तक अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज हो सकता है।

अभी सप्ताह भर अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस रहेगा। 13 मार्च को अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री हो सकता है। इस दौरान हल्की बारिश की भी आंशका है।

चैन से नहीं रहने देंगे जल निगम वाले, रात में शहामतगंज चौराहे पर पहुंच गए गड्ढा खोदने

मेनहोल से सीवर लाइन को जोड़ने के लिए खोद रहे थे गड्ढा, पुलिस ने रुकवाया काम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : जल निगम के अफसर एक के बाद एक सड़क खोदकर शहर के लोगों के लिए दिक्कत खड़ी कर रहे हैं। सोमवार देर रात अचानक शहामतगंज चौराहे पर जेसीबी से खोदाई शुरू कर दी गई। इससे ट्रैफिक जाम हुआ तो दुकानदारों ने विरोध शुरू कर दिया। तनातनी के बाद शहामतगंज चौकी इंचार्ज ने काम रुकवा दिया।

शहामतगंज चौराहे के मेनहोल से सीवर लाइन जोड़ने के लिए जल निगम का ठेकेदार सोमवार रात 10.15 बजे जेसीबी लेकर चौराहे पर सड़क खोदने पहुंच गया। खोदाई शुरू होते ही विरोध होने लगा। इस पर शहामतगंज चौकी इंचार्ज पहुंच गए। उन्होंने ठेकेदार से सड़क खोदने की अनुमति मांगी। ठेकेदार ने कहा कि एसपी ट्रैफिक से अनुमति ली है और तीन दिन ट्रैफिक बंद रखा जाएगा। इससे चौकी के सामने बाजार वाले रास्ते पर वाहन नहीं जा सकेंगे। दुकानदारों ने कहा कि सड़क खोदेंगे तो त्योहार पर असर पड़ेगा। चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र विश्नोई ने बताया कि कुछ दुकानदारों ने विरोध किया तो काम रुकवा दिया।

शहामतगंज चौराहा पर सड़क पर खोदाई का विरोध करते लोग। ● अमृत विचार

अब सड़क कौन बनाएगा

पीडब्ल्यूडी की सड़क को बिना अनुमति के संचार कंपनी खोदा, जिसकी वजह से पानी की पाइपलाइन फट गई। पाइपलाइन ठीक करने के लिए नगर निगम के जलकल विभाग ने सड़क की खोदाई की। नगर निगम ने भी पीडब्ल्यूडी से सड़क खोदने की अनुमति नहीं ली। ऐसे में अब सड़क को जलकल, जल निगम बनवाएगा या फिर पीडब्ल्यूडी विभाग बनाएगा।

जंक्शन पर आज पहुंचेगी वंदेभारत

बरेली, अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को 10 वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे, जिसमें देहरादून-लखनऊ वंदेभारत एक्सप्रेस भी शामिल है। यह ट्रेन मंगलवार को बरेली जंक्शन भी पहुंचेगी। ट्रेन के स्वागत में बरेली जंक्शन के अधिकारी तैयारियों में जुटे रहे। स्वागत समारोह में जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है।

वैसे तो 22548 देहरादून-लखनऊ वंदेभारत एक्सप्रेस के बरेली आने का समय शाम 19:03 बजे निर्धारित किया गया है, लेकिन उद्घाटन के दिन मंगलवार को ट्रेन बरेली जंक्शन पर दोपहर 2:05 बजे पहुंचेगी और पांच मिनट ठहराव के बाद 2 बजकर 10 मिनट पर रवाना की जाएगी। सोमवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन ट्रेन चलेगी। हालांकि ऑनलाइन अभी तक ट्रेन का नंबर अपडेट नहीं किया गया है, जिसकी वजह से किराए को लेकर भी लोगों में संशय है। जंक्शन पर प्लेटफार्म नंबर एक पर शाहजहांपुर छोर पर मंच बनेगा। कार्यक्रम में सांसद संतोष गंगवार, वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, बिथरी विधायक राघवेंद्र शर्मा, मेयर डॉ. उमेश गौतम को आमंत्रित किया गया है।

एयरफोर्स स्टेशन और कैंट में शुरू होगी पीएनजी सप्लाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- खोदाई करके डाली गई लाइन, सेटेलाइट से इन्वर्टिस तिराहे तक भी गैस सप्लाई की योजना
- मार्च में ही नए उपभोक्ताओं को दिए जाएंगे कनेक्शन, अभी 50 हजार से अधिक हैं कनेक्शन

अमृत विचार : एयरफोर्स स्टेशन परिसर और कैंट बोर्ड क्षेत्र में इसी महीने से पीएनजी की सप्लाई शुरू कर दी जाएगी। दोनों जगह पाइप लाइन बिछाने का काम पूरा हो गया है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र में पीएनजी की सप्लाई शुरू करने का भी काम शुरू कर दिया गया है। इसके तहत सेटेलाइट से नकटिया होते हुए इन्वर्टिस तिराहा तक लाइन बिछाई जाएगी।

नेशनल पीएनजी ड्राइव के तहत अब सीयूजीएल ने पीएनजी कनेक्शन धारकों की संख्या बढ़ाने का काम शुरू कर दिया गया है। अभी तक शहर में पीएनजी के 54 हजार कनेक्शन हैं लेकिन शहर के कई इलाकों में अभी तक पीएनजी की सप्लाई नहीं पहुंची है। सीयूजीएल के एक कंपनी प्रतिनिधि ने बताया कि एयरफोर्स स्टेशन परिसर और कैंट बोर्ड क्षेत्र में पीएनजी की लाइन डालने के लिए खोदाई का काम छह माह पहले शुरू कर दिया गया था। जिसे अब पूरा करा दिया गया है। मार्च माह में ही नए कनेक्शन देने शुरू कर दिए जाएंगे। इसके लिए क्षेत्रों में जाकर लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है।

नेशनल पीएनजी ड्राइव के तहत बदायूं रोड और इन्वर्टिस चौराहे तक भी पीएनजी की लाइन डाली जाएगी। जिसको लेकर काम चल रहा है। जल्द ही की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। कनेक्शन कराने की पंजीकरण फीस सात हजार रुपये रखी गई है।

सीवर के चैंबर में बंद कर दी पानी की पाइप लाइन, इसीलिए ढूंढे नहीं मिल रहा था फाल्ट

- जल निगम की कारस्तानी की वजह से 50 हजार लोगों ने दो दिन झेला संकट

बरेली, अमृत विचार : किला पुल की सर्विस लेन के नीचे टूटी पानी की पाइप लाइन का फाल्ट तीसरे दिन शाम को ढूंढा जा सका। जल निगम ने पाइप लाइन को सीवर के चैंबर में बंद कर दिया था, इसी वजह से फाल्ट ढूंढने में तीन दिन लग गए। सोमवार शाम को पाइप लाइन की मरम्मत कर इलाके में सप्लाई शुरू की गई। तीसरे दिन भी जाम लगा, इस दौरान ट्रैफिक पुलिस तैनात रही।

किला पुल की सर्विस लेन के नीचे दो दिन पहले पानी की पाइप लाइन फट गई थी। इससे आसपास के तीन वार्डों में लगभग 50 हजार लोगों को पानी की सप्लाई प्रभावित हुई थी। दो दिन से जलकल विभाग के कर्मचारी फाल्ट तलाशने में जुटे हुए थे। सड़क में करीब डेढ़ फुट गहरा गड्ढा खोदने के बाद भी फाल्ट नहीं मिला था। सोमवार को पुल के नीचे दीवार से सटी सड़क जेनरेटर ड्रिल मशीन से काटी गई।

इसके बाद जेसीबी से खोदाई करके फाल्ट तलाशा गया। काफी मशक्कत के बाद जल निगम की ओर से डाली सीवर लाइन के चैंबर के अंदर पानी की पाइप लाइन बंद मिली। चैंबर की दीवार तोड़ने पर पानी की पाइप लाइन टूटी मिली। मजदूरों ने बताया कि सीवर लाइन फट जाती तो लोगों के घरों में सीवर का गंदा पानी चला जाता। देर शाम तक काम चलता रहा।

पाइप लाइन ठीक करता कर्मचारी।

लिक्विडेटर ने की रबड़ फैक्ट्री कर्मियों के दस्तावेजों की जांच

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- ऑफिशियल लिक्विडेटर बॉम्बे हाईकोर्ट के कार्यालय में करीब चार घंटे चला सत्यापन कार्य
- जल्द लिक्विडेटर कर्मचारियों की देनदारी के संबंध में फाइनल रिपोर्ट उच्च न्यायालय में सौंपेंगे

अमृत विचार: कारपोरेट कार्य मंत्रालय के ऑफिशियल लिक्विडेटर (आधिकारिक परिसमापक) बॉम्बे हाईकोर्ट के डिप्टी ऑफिशियल लिक्विडेटर के कार्यालय में सोमवार को रबड़ फैक्ट्री के 1432 कर्मचारियों के दस्तावेजों के सत्यापन का कार्य पूरा हो गया। लिक्विडेटर ने एक-एक कर्मचारी के दस्तावेजों का ओरिजनल से मिलान किया। सत्यापन की कार्यवाही करीब चार घंटे तक चली। शीघ्र लिक्विडेटर उच्च न्यायालय को कर्मचारियों की देनदारी के संबंध में अपनी फाइनल रिपोर्ट सौंपेंगे। अब रबड़ फैक्ट्री की करीब 18 अरब कीमत की भूमि पर मालिकाना हक के संबंध में फैसला आने के बाद ही कर्मचारियों की देनदारी मिलनी शुरू होगी।

रबड़ फैक्ट्री की एसएंडसी कर्मचारी यूनियन के महामंत्री अशोक कुमार मिश्रा अधिवक्ता अकबर निहाल रिजवी, आरसी शर्मा, एससी निगम और अनुपम मजूमदार के साथ सोमवार को पूर्वाह्न 11 बजे आफिशियल लिक्विडेटर कार्यालय पहुंचे और 27 फरवरी को भेजे गए नोटिस का जवाब दिया। पुनः सभी मूल प्रपत्रों की जांच लिक्विडेटर की उपस्थिति में चार्टर्ड एकाउंटेंट राजे, मनोज और संतोष कदम ने की। अशोक मिश्रा ने नोटिस में सेटलमेंट 1997 की ओरिजनल सत्यापित उप श्रमायुक्त बरेली की कापी सौंपी। लिक्विडेटर ने मजदूर संघ के नेता प्यारेलाल के न आने के संबंध में पूछा। तब उन्हें बताया कि तीन नोटिस जारी करने पर वह उपस्थित नहीं हुए। अशोक मिश्रा ने लिक्विडेटर से कहा कि मजदूर हित में मामले को शीघ्र निस्तारण कर समाप्त करें। अंत में सभी मूल प्रपत्रों और रजिस्टर जांच के बाद यूनियन को वापस कर दिया। अशोक कुमार मिश्रा ने बताया कि बरेली आकर शीघ्र कर्मचारियों के साथ बैठक कर उन्हें जानकारी दी जाएगी।

ऑफिशियल लिक्विडेटर के कार्यालय से बाहर आते कर्मचारी नेता।

कई महीने से शाहजहांपुर रोड पर नहीं जल रहीं लाइटें

बरेली, अमृत विचार : शाहजहांपुर रोड पर सेटेलाइट से नकटिया तक रोड लाइटें कई महीने से बंद पड़ी हैं। इसके अलावा नकटिया पुल पर भी हाईमास्ट लाइटें बंद हैं। हालांकि इससे आगे इन्वर्टिस तिराहा तक लाइटें ठीक हैं।

फाल्गुन शुक्ल पक्ष द्वितीया
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 12 मार्च 2024
वर्ष 5, अंक 115, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

राष्ट्रपति की बेटी आसिफा बनेंगी पाकिस्तान की प्रथम महिला 14

अग्नि-5 मिसाइल का सफल परीक्षण

नई दिल्ली। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने सोमवार को देश में ही विकसित अग्नि-5 मिसाइल, मिशन दिव्यास्त्र का पहला सफल परीक्षण किया। इसके साथ ही भारत 'मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल' (एमआईआरवी) तकनीक पर आधारित मिसाइल विकसित करने वाले दुनिया के चुनिंदा देशों के समूह में शामिल हो गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस उपलब्धि के लिए वैज्ञानिकों को बधाई दी है। मोदी ने कहा, देश को इन वैज्ञानिकों पर गर्व है।

- भारत दुनिया के चुनिंदा देशों के समूह में शामिल

एमआईआरवी तकनीक क्या है?

एमआईआरवी तकनीक के तहत किसी मिसाइल में एक ही बार में कई परमाणु हथियार ले जाने की क्षमता होती है और इन हथियारों से अलग-अलग लक्ष्यों को निशाना बनाया जा सकता है। इसकी एक खासियत यह भी है कि इसे सड़क मार्ग से कहीं भी ले जाया जा सकता है। नए टेस्ट के साथ भारत मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल रीएंट्री व्हीकल (एमआईआरवी) क्षमता वाले देशों की खास सूची में आ गया है।

अग्नि-5 क्या है?

अग्नि-5 एक अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) है। इस मिसाइल की खासियत है कि यह वायुमंडल में दोबारा प्रवेश करने से पहले अंतरिक्ष में जाती है। अग्नि-5 मिसाइल बहुत उच्च स्तर की सटीकता के साथ 5,000 किलोमीटर तक लक्ष्य पर प्रहार करने में सक्षम है। इस तरह से अग्नि-5 की मारक क्षमता चीन के सबसे उत्तरी हिस्से के साथ-साथ यूरोप के कुछ क्षेत्रों सहित लगभग पूरे एशिया तक हो सकती है।

5,000 किलोमीटर तक लक्ष्य पर प्रहार करने में सक्षम है अग्नि-5 मिसाइल



केंद्र सरकार ने सीएए-2019 लागू करने के लिए जारी की अधिसूचना

नागरिकता संशोधन अधिनियम लागू

31 दिसंबर 2014 तक भारत में आए गैर मुस्लिम शरणार्थियों को मिलेगी नागरिकता

नई दिल्ली, ब्यूरो

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव की घोषणा से ठीक पहले केंद्र सरकार ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए)-2019 लागू करने का एलान किया है। 4 वर्ष 3 माह पूर्व इस अधिनियम को राष्ट्रपति ने मंजूरी दी थी। लेकिन देशव्यापी विरोध प्रदर्शन की वजह से इसे लागू नहीं किया गया था। अब 31 दिसंबर 2014 से पहले पाकिस्तान, बांग्लादेश एवं अफगानिस्तान से आए गैर मुस्लिमों को नागरिकता देने का रास्ता साफ हो गया है।

गृह मंत्रालय के मुताबिक नागरिकता देने के लिए एक पोर्टल का सृजन किया गया है। उसमें आवेदन करने के बाद सरकार की एक एजेंसी आवेदन कर्ता के सारे दस्तावेजों का बारीकी से अध्ययन करने के बाद नागरिकता देने की प्रक्रिया को अंतिम रूप देगी। 6 धर्मों के व्यक्तियों को नागरिकता मिलेगी। जिसमें हिंदू, बौद्ध, सिख, जैन, पारसी एवं ईसाई शामिल है। भाजपा के चुनाव घोषणा पत्र में नागरिकता कानून में संशोधन करने का प्रस्ताव था। 2019 में सत्ता में आने के बाद भाजपा ने नागरिक संशोधन विधेयक तैयार किया और 10 एवं 11 दिसंबर को इसे लोकसभा एवं राज्यसभा से पारित करवा दिया था। अगले ही दिन राष्ट्रपति ने इसे मंजूरी दे दी थी। लेकिन देश के कई हिस्सों में विरोध प्रदर्शन को देखते हुए सरकार ने इसे लागू नहीं किया था।

- अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश से आए शरणार्थी ही पा सकेंगे नागरिकता
- हिंदू, सिख, बौद्ध, पारसी, जैन और ईसाई समुदाय के प्रवासियों को मिलेगी सुविधा

देशभर में अलर्ट, यूपी में पुलिस की छुट्टियां रद

नई दिल्ली/लखनऊ। नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) को अधिसूचित करने के बाद देशभर में अलर्ट किया गया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, उत्तर प्रदेश, असम सहित अन्य संवेदनशील प्रदेशों में सुरक्षाबलों को अलर्ट किया गया है। यूपी में पुलिस कर्मियों की छुट्टियां रद कर दी गई हैं। छुट्टी पर गए जवानों को वापस लौटने के निर्देश दिए गए हैं। गौतमबुद्धनगर पुलिस अलर्ट मोड पर है। कई जगह पर सादे कपड़ों में भी पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। वहीं, असम में अतिरिक्त पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई। थानों को अलर्ट पर रखा गया है। गुवाहाटी सहित राज्य के लगभग सभी शहरों में प्रमुख मार्गों पर अवरोधक लगाए गए हैं।

प्रधानमंत्री ने पूरी की एक और प्रतिबद्धता : शाह



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने एक और प्रतिबद्धता पूरी की है और संविधान निर्माताओं के वादे को साकार किया है। शाह ने एक्स पर कहा कि प्रधानमंत्री ने पड़ोसी देशों में रहने वाले हिंदुओं, सिखों, बौद्धों, जैनियों, पारसियों और ईसाइयों के लिए हमारे संविधान के निर्माताओं के वादे को साकार किया है।

भाजपा ने ऐतिहासिक वादा पूरा किया : भट्ट

हल्द्वानी। केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) की अधिसूचना जारी होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह का आभार जताया है। भट्ट ने कहा कि केंद्र सरकार जनता से किया हर वादा पूरा करती है। 11 मार्च को फिर एक और ऐतिहासिक वादा पूरा किया है।

चुनाव से पहले सीएए लाना ध्रुवीकरण का प्रयास: कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने सीएए को लागू करने से जुड़े नियमों को अधिसूचित किए जाने के बाद आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव से पहले देश और खासकर पश्चिम बंगाल एवं असम में ध्रुवीकरण का प्रयास किया गया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि चुनावी बॉण्ड पर शीर्ष कोर्ट की फटकार के बाद सरकार ने 'हेडलाइन मैनेज करने' की कोशिश भी की है।

तौकीर रजा के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी

विधि संवाददाता, बरेली

- समन तामील न करने पर अदालत ने जताई कड़ी नाराजगी
- एसएसपी को इंस्पेक्टर प्रेमनगर के खिलाफ कार्रवाई का आदेश

अमृत विचार : शहर में 2010 में हुए दंगे के मुख्य अभियुक्त करार दिए गए आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के हाजिर न होने पर अदालत ने सोमवार को उसके खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी कर दिया। उसे समन न तामील करने पर भी कड़ी नाराजगी जताते हुए एसएसपी को इंस्पेक्टर प्रेमनगर के खिलाफ कार्रवाई का आदेश दिया। अब सीओ फर्स्ट को समन तामील कराने के साथ तौकीर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया गया है। अगली सुनवाई 13 मार्च को होगी।

फास्ट ट्रैक कोर्ट के स्पेशल जज रवि कुमार दिवाकर ने पांच मार्च को केस की सुनवाई करते हुए तौकीर को मुख्य अभियुक्त करार देने के साथ उसे 11 मार्च को कोर्ट में हाजिर करने का आदेश दिया था। सोमवार को अदालत ने तौकीर रजा के हाजिर न होने पर कड़ी नाराजगी जताई। कहा कि इंस्पेक्टर प्रेमनगर आशुतोष रघुवंशी ने 10 मार्च को रिपोर्ट प्रस्तुत की है कि तौकीर के घर पर ताला लगा होने से समन तामील नहीं हो सका। अदालत ने कहा कि समन घर भी चस्पा किया जा सकता था। पुलिस ने विधिक प्रावधानों से परे जाकर न सिर्फ कानून का उल्लंघन किया बल्कि तौकीर को अनुचित लाभ भी पहुंचाया। अदालत ने छह अन्य आरोपियों के खिलाफ भी गैरजमानती वारंट जारी किए हैं।

इसका मतलब तौकीर का सहयोग कर रही पुलिस

अदालत ने तौकीर तो समन तामील न कराए जाने पर पुलिस महकमे के खिलाफ कड़ी टिप्पणियां कीं। अपने आदेश में कहा कि इंस्पेक्टर प्रेमनगर की ओर से यह कृत्य निश्चित रूप से जिला पुलिस प्रशासन के उच्चाधिकारियों के मौखिक आदेश पर किया गया होगा। इससे साबित होता है कि तौकीर रजा का सहयोग किया जा रहा है। अदालत ने पिछली सुनवाई के दौरान भी दंगे के केस में विधिक प्रावधानों के तहत कार्रवाई न किए जाने पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों के खिलाफ कड़ी टिप्पणियां की थीं।

भोजशाला परिसर का होगा वैज्ञानिक सर्वेक्षण

इंदौर, एजेंसी

- मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर पीठ ने एएसआई को दिए निर्देश
- विवाद : हिंदू मानते हैं वाग्देवी का मंदिर, मुस्लिम बताते हैं मस्जिद

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को धार जिले के विवादास्पद भोजशाला परिसर का छह सप्ताह के भीतर एक वैज्ञानिक सर्वेक्षण करने का सोमवार को निर्देश दिया।

एएसआई के संरक्षित ऐतिहासिक भोजशाला परिसर को हिन्दू वाग्देवी (सरस्वती) का मंदिर मानते हैं, जबकि मुस्लिम समुदाय इसे कमाल मौला की मस्जिद बताता है। एएसआई के सात अप्रैल 2003 को की गई एक व्यवस्था के मुताबिक हिंदुओं को प्रत्येक मंगलवार भोजशाला में पूजा करने की अनुमति है, जबकि मुस्लिमों को हर शुक्रवार इस जगह नमाज अदा करने की इजाजत दी गई है। हाईकोर्ट की इंदौर पीठ के न्यायमूर्ति एसए. धर्माधिकारी और न्यायमूर्ति देवनारायण मिश्र ने कहा कि भोजशाला परिसर का जल्द एक वैज्ञानिक सर्वेक्षण और अध्ययन कराना एएसआई का दायित्व है।

बस में उतरा करंट, 5 लोगों की मौत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गाजीपुर में बरातियों की बस हुई हादसे का शिकार, 10 गंभीर
- मुख्यमंत्री ने जताई संवेदना आर्थिक मदद देने की घोषणा

अमृत विचार : गाजीपुर में शादी समारोह में शामिल होने जा रही सवारियों से भरी एक प्राइवेट बस के अचानक हाइवोल्टेज बिजली के तार के संपर्क में आने से बड़ा हादसा हो गया। 11 हजार वोल्ट के विद्युत तार की चपेट में आई बस में धू-धू कर जल गई जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई जबकि 10 बुरी तरह झुलस गए। इसमें पांच की हालत नाजुक है। बस में 38 यात्री सवार थे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख जबकि गंभीर घायलों को 50 हजार रुपये मुआवजे की घोषणा की है। घायलों के निशुल्क समुचित उपचार के भी निर्देश दिए। मऊ के रानीपुर क्षेत्र के खीरियां खाजा की रहने लड़की की शादी जनपद के मुहम्मदाबाद के महमूदपुर गांव में तय थी। सोमवार को शादी महाहर धाम के समीप भैरो मंदिर पर होनी थी। लड़की पक्ष के लोग मऊ से भैरो मंदिर पर आ रहे थे। दुल्हन को उतारने के बाद बस के अन्य रूट से जाते समय यह हादसा हुआ।

एक्सईएन सहित 3 निलंबित लाइनमैन को किया बर्खास्त

लखनऊ। उर्जा मंत्री एके शर्मा ने हादसे में कार्रवाई करते हुए पावर कारपोरेशन के एक अधिशासी अभियंता, एसडीओ और जेई को निलंबित कर दिया। साथ ही, लाइनमैन को बर्खास्त कर दिया। मौके पर पहुंचे मंत्री ने मृतकों के परिजनों और घायलों को ढांढस बंधाया और राहत दी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर मौके पर पहुंचे ऊर्जा मंत्री ने मंडलायुक्त, जिलाधिकारी व पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक को राहत कार्य तेज करने के निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता मनीष, एसडीओ संतोष चौधरी और जेई प्रदीप कुमार राय को लापरवाही पर निलंबन के साथ लाइनमैन नरेंद्र की सेवाएं समाप्त कर दी।

24 घंटे में दें चुनावी बॉण्ड संबंधी जानकारी

नई दिल्ली, एजेंसी

- कोर्ट ने खारिज की एसबीआई की समयसीमा बढ़ाने की मांग
- निर्वाचन आयोग 15 मार्च तक जानकारी वेबसाइट पर डाले

सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को बड़ा झटका देते हुए चुनावी बॉण्ड संबंधी जानकारी का खुलासा करने के लिए समयसीमा बढ़ाने का अनुरोध करने वाली उसकी याचिका सोमवार को खारिज कर दी और उसे 12 मार्च को कामकाजी घंटे समाप्त होने तक निर्वाचन आयोग को चुनावी बॉण्ड संबंधी विवरण उपलब्ध कराने का आदेश दिया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने निर्वाचन आयोग को भी एसबीआई द्वारा साझा की गई जानकारी 15 मार्च को शाम पांच बजे तक अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित करने का निर्देश दिया। इस पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी.आर. गवई, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल रहे।

पीठ ने एसबीआई को नोटिस दिया कि यदि बैंक उसके निर्देशों और समयसीमा का पालन करने में विफल रहता है तो शीर्ष अदालत अपने 15 फरवरी के फैसले की जानबूझकर अवज्ञा करने के लिए उसके खिलाफ कार्रवाई कर सकती है। पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने 15 फरवरी को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए केंद्र की चुनावी बॉण्ड योजना को रद कर दिया था और इसे असंवैधानिक करार देते हुए निर्वाचन आयोग को चंदा देने वालों, चंदे के रूप में दी गई राशि और चंदा प्राप्तकर्ताओं का 13 मार्च तक खुलासा करने का आदेश दिया था।

कोर्ट के आदेश से असलियत से पर्दा हटेगा : विपक्ष

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने चुनावी बॉन्ड्स को लेकर मोदी सरकार को घेरते हुए सोमवार को कहा कि उच्चतम न्यायालय के ताजा फैसले से भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के जरिए चुनावी बॉन्ड के रूप में मिले चंदे पर लीपा पोती करने की उसकी कोशिश पर पानी फिर गया है और भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार की असलियत जल्द ही जनता के सामने आ जाएगी। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चुनावी बॉण्ड पर उच्चतम न्यायालय द्वारा एसबीआई की याचिका खारिज किए जाने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अब कम से कम चुनावी बॉण्ड से जुड़े लोगों की सूची सामने आ जाएगी जिससे पता लग जाएगा कि चुनावी बॉण्ड किन-किन लोगों से सम्बन्धित है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि अब सवाल यह है कि वह सूची सार्वजनिक की जाएगी या नहीं। हम और आप जान पाएंगे या नहीं।

राजग से 10 और सपा से तीन नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

एमएलसी चुनाव

- सभी का निर्विरोध निर्वाचन तय 21 मार्च को होगी अधिकृत घोषणा
- सपा ने खेला पीडीए कार्ड, प्रदेश अध्यक्ष को नहीं मिली तरजीह

अमृत विचार : विधान परिषद की 13 सीटों के लिए सोमवार को राजग से 10 प्रत्याशियों ने विधान भवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में नामांकन किया। इसमें भाजपा के सात और सहयोगी दलों अपना दल (एस), रालोद और सुभासपा के एक-एक प्रत्याशी हैं। जबकि सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पीडीए कार्ड खेलते हुए पूर्वमंत्री बलराम यादव (पिछड़ा), पूर्व मंत्री किरण पाल कश्यप (अति पिछड़ा) और शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली (अल्पसंख्यक) का नामांकन कराया। सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल को इस बार मौका नहीं मिल पाया। सोमवार सुबह 10 बजे भाजपा प्रत्याशी विजय बहादुर पाठक, डा. महेंद्र कुमार सिंह, अशोक कटारिया, मोहित बेनिवाल, संतोष सिंह, धर्मेंद्र सिंह व रामतीरथ सिंघल समेत सहयोगी अपना दल (एस) से आशीष पटेल, रालोद से योगेश चौधरी और सुभासपा के बिच्छेलाल राजभर भाजपा के प्रदेश मुख्यालय पहुंचे। यहां से 11 बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी समेत दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर, रालोद प्रदेश अध्यक्ष रामआशीष राय आदि की उपस्थिति में सभी ने बारी-बारी से रिटर्निंग अफसर बृजभूषण दुबे के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। सोमवार को नामांकन का आखिरी दिन था। राजग 10 सीटें निर्विरोध जीतने की स्थिति में है।

अखिलेश ने ऐन मौके पर तय किए प्रत्याशी

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोमवार को सुबह से दोपहर तक विधायकों और पदाधिकारियों के साथ बैठक के बाद प्रत्याशियों के नाम तय किए। इसके बाद तीनों प्रत्याशी विधानभवन पहुंचे और समर्थकों के साथ नामांकन पत्र दाखिल गया।

एक नजर

पुलिस से मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया

दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले के सीमावर्ती इलाके में सोमवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक नक्सली को ढेर कर दिया गया। मुठभेड़ में कई नक्सलियों के घायल होने की संभावना जताई जा रही है।

महुआ मोइत्रा की याचिका पर मई में सुनवाई

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि वह टीएमसी की नेता महुआ मोइत्रा की उस याचिका पर मई में सुनवाई करेगा जिसमें उन्होंने लोकसभा से अपने निष्कासन को चुनौती दी है। उनकी याचिका न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आई। मोइत्रा की ओर से पेश वकील ने कहा कि उनका इस मामले में लोकसभा महासचिव द्वारा दाखिल जवाबी हलफनामे पर प्रत्युत्तर दाखिल करने का इरादा नहीं है।

चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय में एक रिट याचिका दायर कर चुनाव आयोग के दो आयुक्तों की नियुक्ति दिसंबर 2023 में लागू नए कानूनी प्रावधानों के बजाय अनूप बरनवाल मामले में संविधान पीठ के निर्देशानुसार करने का निर्देश देने की गुहार लगाई गई है। कांग्रेस की जया ठाकुर की ओर से दायर याचिका में नए कानून के प्रावधानों के अनुसार दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति नहीं करने का निर्देश केंद्र सरकार को देने की अपील की गई है।

ईडी अफसरों पर हमले की जांच सीबीआई ही करेगी

नई दिल्ली, एजेंसी

संदेशखालि मामला

- सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका

उच्चतम न्यायालय ने संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों की एक टीम पर पांच जनवरी को किए गए हमले की जांच सीबीआई को हस्तांतरित करने संबंधी कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका सोमवार को खारिज कर दी। हालांकि, न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने उच्च न्यायालय के पांच मार्च के आदेश में राज्य सरकार और पुलिस के खिलाफ की गई कुछ टिप्पणी को रिकॉर्ड से हटाने का आदेश दिया।

पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू की इस दलील पर गौर किया कि यदि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को जांच हस्तांतरित करने के अंतिम आदेश को यथावत रखा जाता है, तो उन्हें टिप्पणी हटाए जाने से कोई आपत्ति नहीं है। सुनवाई के दौरान पीठ ने पश्चिम बंगाल पुलिस का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता जयदीप गुप्ता से कई सवाल किए।

तैयारी फलों की गुणवत्ता सुधारने के साथ फ्रूट बैग तकनीक का उपयोग करेंगे बागवान

आम की सेहत सुधारकर यूपी से बढ़ाएंगे निर्यात

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- अमेरिका, जापान, दुबई व ओमान आदि से आई एक हजार टन निर्यात की मांग

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में आम की पैदावार तो अधिक है, लेकिन मौसम के विपरीत प्रभाव से गुणवत्ता खराब होती जा रही है। इस कारण दो साल से मांग के अनुसार देशों में आम का निर्यात प्रदेश नहीं कर पा रहा है। इस बार भी एक हजार टन आम के निर्यात की मांग लखनऊ के रहमान खेड़ा में मंडी परिषद के मैंगो पैक हाउस में आई है। इसकी पूर्ति करने के लिए मैंगो पैक हाउस पहले से फल पट्टी क्षेत्रों में गुणवत्ता सुधार पर काम करेगा और बागवानों को उद्यान विभाग, फल संरक्षण, कृषि रक्षा व कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के सहयोग से पैदावार, सुरक्षा और गुणवत्ता पर विशेष प्रशिक्षण देगा। साथ ही पैक हाउस बागों में फ्रूट कवर बैग तकनीक का उपयोग कराएगा। इसमें फलों को छोटी अवस्था पर बैग से कवर किया जाएगा। जो फलों को मक्खी, फंगस, कीटरोग आदि के प्रकोप से बचाएगा और खराब मौसम का असर नहीं पड़ेगा।

पैक हाउस देगा 2 रुपये में फ्रूट बैग : मैंगो पैक हाउस निर्यात के लिए बागवानों का चयन कर आम खरीदेगा। उन्हें पहले से 2 रुपये प्रति फ्रूट कवर बैग उपलब्ध कराएगा।

आज उन्नाव से होगी प्रशिक्षण की शुरुआत

पहले चरण में प्रशिक्षण के लिए लखनऊ के आसपास के जिले उन्नाव, बाराबंकी, सीतापुर, हरदोई, प्रतापगढ़ चयनित किए गए हैं। शुरुआत आज उन्नाव के हसनगंज से होगी। प्रशिक्षण में किन चीजों का इस्तेमाल कब और कैसे करना है व किन चीजों का इस्तेमाल नहीं करना है यह पूरी विधि बताई जाएगी। पैक हाउस तक सुरक्षित आम पहुंचाने की पैकिंग भी सिखाई जाएगी।

अमेरिका में पहली बार निर्यात की तैयारी

पिछले माह दुबई के गल्फ फूड एक्सपो में अमेरिका, जापान, ओमान व दुबई आदि देशों ने उत्तर प्रदेश से एक हजार टन मलिहाबादी दशहरी, लंगड़ा, चौसा आदि की मांग की है। निर्यात जून से शुरू होगा। अमेरिका में पहली बार आम वहां के मानकों पर पूरा कर भेजा जाएगा। जबकि पिछले वर्ष एक हजार टन में 50 टन आम ओमान, दुबई, रसिया व लंदन निर्यात हो पाया था। बेमौसम बारिश और आंधी से गुणवत्ता खराब हुई थी। जबकि उत्पादन अधिक हुआ था।

> प्रदेश में निर्यात की दृष्टि से आम की गुणवत्ता बेहद खराब हो रही है। इस कारण देशों में मांग के अनुसार पूर्ति नहीं कर पा रहे हैं। इस बार पहले से संबंधित विभागों के सहयोग से गुणवत्ता सुधार पर काम करेंगे। किसानों को प्रशिक्षित करने के साथ बागों में फ्रूट बैग तकनीकी का उपयोग करेंगे।
>
> – **अकरम बेग**, महाप्रबंधक, मैंगो पैक हाउस, लखनऊ

पिंक जोन के झांसे में महिलाओं को लाखों की चोट, अब कोई सुनने को तैयार नहीं

सोमवार को फिर कलेक्ट्रेट पहुंचीं लेकिन समस्या का नहीं हुआ कोई समाधान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बरेली कॉलेज के पूर्वी गेट के पास पिंक जोन में आवंटित दुकानें अतिक्रमण बताकर हटा देने से परेशान महिलाएं अफसरों के कार्यालयों के चक्कर लगा रही हैं। सोमवार को भी परेशान महिलाएं कलेक्ट्रेट पहुंचीं लेकिन उनका समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ। नगर निगम और डूडा के अफसर एक दूसरे पर ठीकरा फोड़ रहे हैं।

स्वयं सहायता समूह से जुड़ीं ममता, सलमा परवीन, मीना समेत कई महिलाओं का आरोप है कि नगर निगम और डूडा के अफसर दुकानें चिह्नित से लेकर आवंटित करने तक उनके साथ रहे। जिसके बाद हजारों रुपये खर्च कर कारोबार शुरू कर दिया। अब निगम के अधिकारी दुकानों को अवैध बता रहे हैं तो डूडा वाले कह रहे हैं कि जगह निगम की तो अनुमति उनसे ही लेनी चाहिए थी। महिलाओं के मुताबिक वह डीएम कार्यालय में दो बार शिकायत कर चुकी हैं लेकिन दोनों बार उनको वहां से नगर निगम के अधिकारियों से वार्ता करने के बाद भेजा गया।

नगर निगम की कार्रवाई के बाद बिखरा पड़ा सामान। ● अमृत विचार

> महिलाओं के नाम की सूची नगर निगम भेजी थी। नगर निगम ने महिलाओं को सशर्त दुकानें आवंटित की थीं। महिलाओं को अस्थाई तौर पर दुकानें खोलने के लिए कहा गया था लेकिन उन्होंने टिन शेड डाल लिया। इसलिए अतिक्रमण मानकर नगर निगम ने दुकानें हटाईं। –**राकेश, एपीओ**, डूडा विभाग

● नगर निगम और डूडा के अफसर एक-दूसरे पर ठीकरा फोड़ रहे

डूडा कर्मचारी का खेल लाखों हुए बर्बाद

इस पूरे मामले में पीएम और स्वनिधि योजना देखने वाले डूडा के एक कर्मचारी का नाम सामने आया है। आरोप है कि पैसे लेकर पिंक जोन में आवंटित की जाने वाली दुकानों की सूची उसने ही नगर निगम को भेजी थी। इस कर्मचारी की दुकान पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। उसने अपने परिवार के सदस्य के नाम सेटेलाइट बस अड्डे पर वेंडिंग जोन में दुकान आवंटित करा ली।

कोहाड़ापीर से डेलापीर तक अब डॉ. दिनेश जौहरी मार्ग

शिलापट का अनावरण करते मेयर डॉ. उमेश गौतम और सांसद सांतोष गंगवार।

बरेली, अमृत विचार : कोहाड़ापीर पेट्रोल पंप से आदिनाथ चौराहा तक लगभग चार किलोमीटर का मार्ग अब डा. दिनेश जौहरी के नाम से जाना जाएगा। सोमवार को मेयर डॉ. उमेश गौतम और सांसद संतोष गंगवार ने मार्ग के शिलापट का अनावरण किया।

कल्याण सिंह सरकार में स्वास्थ्य मंत्री रहे डा. दिनेश जौहरी लोकप्रिय नेता रहे। उनके पुत्र राहुल जौहरी ने कोहाड़ापीर से आदिनाथ चौराहे तक (डेलापीर) मार्ग का नामकरण डा. दिनेश जौहरी के नाम से कराया। सड़क के नामकरण के लिए नगर निगम बोर्ड से इसका प्रस्ताव पास कराया गया। पार्षद सतीश कातिब ने 13 दिसंबर 23 को प्रस्ताव लगाया। इसका अनुमोदन भूड़ की पार्षद शालिनी जौहरी ने किया। जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, पार्षद सतीश कातिब, शालिनी जौहरी, आरेन्द्र अरोरा, डॉ.केएम अरोरा, विष्णु लाला, सुभाष वर्मा, पवन अरोरा, सतीश रोहतगी आदि मौजूद रहे।

चौपुला क्रासिंग पर अंडरपास के लिए स्टेशन अधीक्षक से मिले लोग

बरेली, अमृत विचार : चौपुला रेलवे क्रासिंग पर अंडरपास बनाने के लिए सोमवार को लोगों ने बरेली जंक्शन पर स्टेशन अधीक्षक भानु प्रताप सिंह से मुलाकात की और अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। एक दिन पहले लोगों ने क्रासिंग पर विरोध प्रदर्शन किया था।

स्टेशन अधीक्षक से मिलने पहुंचे नेकपुर, गणेशनगर, गल्लामंडी, नेकपुर गौटिया, बदायूं रोड के लोगों ने बताया कि दीवार खड़ी करके रास्ता बंद करने से लोगों को काफी परेशानी होगी। ऐसे में यहां पर अंडरपास बनाया जाए। पूनम शर्मा, कुसुम पटेल, सुनील कुमार वाल्मीकि मौजूद रहे।

कमल बने राजकीय वाहन चालक संघ के अध्यक्ष

बरेली, अमृत विचार : राजकीय वाहन चालक संघ शाखा विकास विभाग का द्विवार्षिक चुनाव हुआ। सर्व सम्मति से विकास विभाग के कमल किशोर तिवारी को अध्यक्ष, लघु सिंचाई विभाग के दिनेश पाल सिंह को उपाध्यक्ष, अनिल कुमार नंदा को मंत्री, राकेश सागर को संगठन मंत्री, विनोद कुमार यादव को प्रचार मंत्री, वेद प्रकाश शर्मा को कोषाध्यक्ष, राजेंद्र राजेश चंद्रा को ऑडिटर, महेश कश्यप को संरक्षक चुना गया। चुनाव अधिकारी राशिद मियां आदि मौजूद रहे।

इज्जतनगर मंडल में शुरू होंगे 21 ओएसओपी स्टॉल

बरेली, अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को इज्जतनगर मंडल के 20 स्टेशनों पर 21 वन स्टेशन वन प्रोडक्ट स्टॉल एवं ट्रॉली का वर्चुअल लोकार्पण करेंगे। मंडल के पहले प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का भी लोकार्पण किया जाएगा। मंडल के छह स्टेशनों पर कार्यक्रम का आयोजन होगा।

डीआरएम रेखा यादव ने कार्यालय सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि रामनगर, अलीगंज, कन्नौज, कमालगंज, बिल्हौर, कासगंज, गंज डुंडवारा, सहावर टाउन, सिंकदरा राव, इज्जतनगर, भोजीपुरा, बहेड़ी, किच्छा, बदायूं, पीलीभीत, खटीमा, काठगोदाम, हल्द्वानी, लालकुआं, पंतनगर के 21 ओएसओपी स्टॉल और ट्रॉलियों का लोकार्पण किया जाएगा। काशीपुर स्टेशन पर खुले प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र, बीसलपुर में बने माल गोदाम और जसोदा में अडानी एग्रो गति शक्ति टर्मिनल का लोकार्पण किया जाएगा। 31 मार्च तक पीलीभीत-मैलानी रेल मार्ग पर विद्युतीकरण का काम पूरा होने की डेडलाइन है। सीनियर डीसीएम संजीव शर्मा, एडीआरएम राजीव अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में डीआरएम रेखा यादव।

आयकर कर्मियों का तीन दिवसीय धरना शुरू

बरेली, अमृत विचार : आयकर कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर आठ सूत्री मांगों के समर्थन में कर्मचारियों का तीन दिवसीय धरना सोमवार से आयकर भवन परिसर में शुरू हो गया। शाखा अध्यक्ष अरुण कुमार जायसवाल ने कहा कि विभाग में कार्यालय अधीक्षक/स्टेनो की नई भर्ती नियम में सुरक्षा क्लॉज प्रदान करने, 2020 से पहले लंबित स्थानांतरण आवेदन पत्र पर विचार कर बदलाव करने, 2008 से पहले के दैनिक भोगी कर्मचारी को स्थाई नियुक्ति देने, विभाग में वरिष्ठ कर सहायक के खाली पदों को स्थानांतरित किया जाने की मांग लंबे समय से लंबित है। सरकार इन मांगों को पूरा करे। महासंघ के उपाध्यक्ष राकेश सिंह, शाखा सचिव कुलदीप गंगवार, संयुक्त सचिव कमलेश मौर्य, कोषाध्यक्ष संजय कौशल के नेतृत्व में धरना हुआ। बलराम मीना, रमन, राहुल कुमार, अभिषेक शाही, फैजल, मिलन, मनोज कुमार, रौनक, विमल तिवारी, पवन राजपूत, उत्कर्ष, प्रियांशु, पप्पू मंडल, अनुराग सिंह, कुलदीप शुक्ला, मोहित कुमार, राजीव सक्सेना आदि मौजूद रहे।

विकास कार्यों की रैंकिंग में जिला प्रदेश में प्रथम

बरेली, अमृत विचार : सीएम डैशबोर्ड की फरवरी की रैंकिंग में विकास कार्यों में जिले को प्रदेश में पहला स्थान और राजस्व कार्यों में 16वां स्थान मिला है। जिले की ओवरआल रैंक दूसरी रही है। सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों की निगरानी सीएम डैश बोर्ड से की जाती है। रैंकिंग से विभागों में होने वाले कार्यों की स्थिति का आकलन किया जाता है। लगातार सुधरती रैंकिंग के पीछे डीएम रविंद्र कुमार की कोशिशों का नतीजा है। डीएम ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई देते हुए इसी गति से कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

ओपीडी में उमड़ी भीड़, सबसे ज्यादा मरीज बुखार के

बरेली, अमृत विचार : जिला अस्पताल और तीन सौ बेड अस्पताल में सोमवार को ओपीडी में 15 सौ से ज्यादा मरीज पहुंचे। इनमें 154 बुखार और 123 त्वचा रोगों के थे। जिला अस्पताल में फिजीशियन की कमी के कारण मरीजों को ट्रेनी और संविदा पर तैनात डॉक्टरों ने देखा। सरकारी अस्पतालों में दो दिन आधे दिन की ओपीडी के बाद रविवार को छुट्टी थी इसलिए सोमवार को मरीजों की भारी भीड़ उमड़ी। इनमें बुखार के रोगी सबसे ज्यादा थे। दरअसल दो महीने से बुखार का प्रकोप लगातार बढ़ने की वजह से इमरजेंसी वार्ड के ज्यादातर बेडों पर बुखार पीड़ित भर्ती हैं। हालांकि बच्चा वार्ड में पांच ही बेड भरे हुए थे। सीएमओ कार्यालय स्थित दिव्यांगजन कार्यालय में इस सोमवार को भी दिव्यांगों की भारी भीड़ रही। सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक लाइन में लगे रहने के बावजूद कई दिव्यांगों को खाली हाथ लौटना पड़ा। बैठने के लिए कुर्सियां और व्हील चेयर न होने की वजह से उन्हें दिक्कतें भी झेलनी पड़ीं।

मेडिको लीगल की जिम्मेदारी केंद्रों के डॉक्टरों पर डाली

बरेली, अमृत विचार : जिला महिला अस्पताल में डॉक्टरों की पूरी टीम है, मगर इसके बाद भी नगरीय स्वास्थ्य केंद्रों के डॉक्टरों की ड्यूटी मेडिको लीगल के लिए लगाई जा रही है। इस वजह से डॉक्टरों को जिला महिला अस्पताल की दौड़ लगानी पड़ती है। केंद्रों पर चिकित्सकीय सेवाएं प्रभावित होती हैं। इस संबंध में कई बार डॉक्टर सीएमओ से आपत्ति दर्ज करा चुके हैं। जिला महिला अस्पताल में रोजाना चार से पांच महिलाओं का मेडिको लीगल हो रहा है, लेकिन यह जांच कर रिपोर्ट देने की जिम्मेदारी अस्पताल के डॉक्टरों पर नहीं बल्कि नगरीय स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात डॉक्टर पर डाली जा रही है। जबकि वहां के ही एक डॉक्टर की ड्यूटी मेडिको लीगल के लिए लगाई जा सकती है, मगर ऐसा नहीं किया गया।

यूपी रोडवेज इम्पलाइज यूनियन के चुनाव की घोषणा

बरेली, अमृत विचार : यूपी रोडवेज इम्पलाइज यूनियन ने वार्षिक चुनाव की घोषणा कर दी है। पुराने बस अड्डे पर सोमवार को हुई बैठक में क्षेत्रीय मंत्री रविन्द्र पांडे ने बताया कि सोमवार को प्रशासनिक शाखा का चुनाव कराया। 12 मार्च को बरेली डिपो की संचालन शाखा, 16 मार्च को रुहेलखंड डिपो संचालन शाखा, 19 मार्च को क्षेत्रीय कार्यशाला बरेली, 20 मार्च को रुहेलखंड डिपो कार्यशाला और बरेली डिपो कार्यशाला, 18 मार्च को पीलीभीत डिपो, 30 मार्च को बदायूं डिपो संचालन और बदायूं डिपो कार्यशाला का चुनाव होगा। इसके लिए चुनाव और उप चुनाव अधिकारी के नामों की भी घोषणा कर दी गई है।

हर दर्द का इलाज करते हैं
डॉ. रूप किशोर
समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक
गठिया
फालिज
जोड़ों एवं नसों का दर्द
झनझनाहट
सुन्नपन
फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010

डॉ. कुलदीप गंगवार
M.B.B.S M.D (Pediatrics)
शिशु रोग विशेषज्ञ
चौकी चौराहा निकट महिला थाना, बरेली
मो. 9411088493
9457096487
उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड का एकमात्र अत्याधुनिक विदेशी मशीनों से युक्त शिशु एवं बच्चों का सर्वश्रेष्ठ गहन चिकित्सा केन्द्र
गंगवार हॉस्पिटल
OMPC सोसाइटी
चैरिटेबिल ओ.पी.डी.
मंगलवार एवं शुक्रवार
समय : प्रातः 10 से 11 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 200 रुपये
आर्थिक रूप से असहाय रोगियों हेतु विशेष सहयोग
दिन मंगलवार एवं शुक्रवार
कैंट जनरल अस्पताल, बरेली
समय दोपहर 2 से 4 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 100 रुपये
Mob. 5812970135
ऑवला
IFFCO HOSPITAL
बृहस्पतिवार
समय 4 से 6 बजे तक

नवजात शिशुओं में खतरनाक लक्षण
1. शिशु का किन्हाना या कराहना
2. शिशु का दूध का कम पीना या न पी पाना
3. दूध पीने पर ओंछू या फंदा लगना
4. सांस की गति प्रति मिनट 60 या उससे अधिक होना
5. छाती के निचले भाग में गढ्ढे पड़ना
6. सांस के साथ नथूने फूलना
7. नाल से या कान से मवाद आना, आंख से कीचड़ आना, त्वचा में फोड़े-फुंसी होना
8. शिशु की सांस का अनियमित होना या सांस रोकना
9. तलुआ (AF) फूलना
10. शिशु का सुस्त या बेहोश हो जाना (शिशु द्वारा हाथ पैर का कम चलाना)
11. खून की कमी से शिशु का सफेद होना
12. आक्सीजन की कमी से शिशु का नीला पड़ना
13. शिशु के शरीर का रंग स्लेटी व त्वचा का सख्त होना
14. शिशु के नाल, उल्टी या टट्टी में खून आना
15. नवजात शिशुओं में पीलिया
● 24 घंटे के अन्दर
● 14 दिन के बाद भी
● हथेली व तलुवे का भी पीला होना
● Bilirubin का 20 से अधिक होना
16. शिशु को दौरे पड़ना
17. शिशु को बुखार या तापमान का कम होना
18. पेट फूलना व टट्टी, पेशाब का न आना
19. शिशु को 24 घण्टे के बाद भी पेशाब व टट्टी न होना
20. लगातार व हरे रंग की उल्टियां होना व मुँह से झाग आना
21. शिशु का सफेद मुंआ होना
22. शिशु का सात दिन के बाद भी वजन न बढ़ना
23. शिशु का बहुत अधिक रोना
(EMO Doctors)
डा. प्रवीण गंगवार (तिलहर)
डा. परमजीत सिंह (खीरी)

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai
मरीज एन्डोस्कोपी द्वारा देखे जाते हैं।
परामर्श शुल्क ₹ 200/-
मिलने का समय
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 7 बजे से 9 बजे तक
(सोमवार से शनिवार)
सुविधायें
• नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
• गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
• कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
• थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
• दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी
पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाईट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
स्वास्थ्य जाँच पैकेज की व्यापक रेंज
जांचों पर विशेष छूट
समस्त प्रकार की खून जांचे उपलब्ध
39-बी, एकता नगर, चाट बाजार के पास, नीरज लाईफ केयर हॉस्पिटल के सामने, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

यशस्वी क्लीनिक
डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
डायबिटीज एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
मो. 9896567597
स्वास्थ्य परामर्श
• डेंगू, टायफाइड, मलेरिया का उचित इलाज
• दिल सम्बन्धित बीमारियां
• शुगर, ब्लडप्रेशर, सीने में दर्द
• बुखार, खांसी, सांस सम्बन्धित बीमारियां
• थायराइड, गठिया, खून की कमी
• जिगर, पेट, लीवर, अल्सर, भूख न लगना, वजन घटना, कब्ज, उल्टी एवं दस्त की बीमारी
• दिमागी बुखार, मिर्गी के दौरे, एन्सेफलाइटिस,
• लकवा, स्ट्रोक, सर दर्द, माइग्रेन
• गुर्दे एवं पेशाब की तकलीफ, गुर्दे की पथरी, प्रोस्टेट का बढ़ना, पेशाब में खून आना व जलन।
समय: प्रातः 9:30 से 2:00 बजे एवं सायं 5:00 बजे से 8:00 बजे तक
रविवार को अवकाश रहेगा।
पताः- फैज़ हास्पिटल के सामने बेसमेन्ट में, 100 फुटा रोड, बरेली
सम्पर्क सूत्रः- 7895161674, 7906502059

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डा० आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS DNB MINAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
Trust your eyes with us
भूतपूर्व चिकित्सक- शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली
TIME : 10:00 AM TO 5:00 PM
8077344353
ADITYA
50000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
अब इस पते पर उपलब्ध हैं :- आँखों का अस्पताल
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, रेड टेप शोरूम के बराबर में, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली



तौकीर को गिरफ्तार कर पेश करने के लिए पुलिस के पास 36 घंटे

एसएसपी ने सीओ फर्स्ट को टीम गठित करने का निर्देश दिया, समन तामील न कराने पर इंस्पेक्टर प्रेमनगर होगी विभागीय कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : अदालत ने मौलाना तौकीर रजा को गिरफ्तार करके पेश करने के लिए पुलिस को सिर्फ 48 घंटे का वक्त दिया है। पुलिस अधिकारी भी समय कम होने की बात कहते हुए गिरफ्तारी के लिए तैयारी करने का दावा कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि टीम गठित कर तौकीर की तलाश में भेजी जा रही है।

अदालत में अगली सुनवाई 13 मार्च को होनी है। पुलिस को इसी तारीख पर तौकीर को कोर्ट में पेश करना है। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने बताया कि सीओ फर्स्ट संदीप कुमार सिंह को तौकीर रजा को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने के लिए निर्देश जारी कर दिया गया है। कोर्ट के आदेश के मुताबिक इंस्पेक्टर प्रेमनगर के खिलाफ भी विभागीय कार्रवाई की जाएगी। सीओ संदीप कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम गठित कर दी गई है। जल्द ही तौकीर को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

पहली बार था पुलिस के पास पूरा समय, पर गंभीरता से नहीं लिया आदेश

अदालत ने पांच मार्च को तौकीर रजा खां को 2010 के दंगे का मुख्य अभियुक्त करार देकर 11 मार्च को तलब किया था। पुलिस के पास पर्याप्त समय था लेकिन पुलिस ने कोर्ट के आदेश को गंभीरता से नहीं लिया। कभी तौकीर के दिल्ली में होने की बात कहकर टालती रही तो कभी घर पर समन चस्पा करने का हवाई दावा करती रही। सोमवार को अदालत ने टिप्पणी की कि इंस्पेक्टर की ओर से समन तामील न कराने के पीछे अफसरों की भी सहमति रही होगी।

तीन हफ्ते पहले जो कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती था, उसे अब ढूंढ नहीं पा रही पुलिस

विधि संवाददाता, बरेली : अदालत ने सोमवार को पुलिस की कार्यप्रणाली पर यह कहते हुए भी कड़ी नाराजगी जताई कि तौकीर तीन हफ्ते पहले प्रशासन और जिले की कानून व्यवस्था के लिए चुनौती बने हुए थे लेकिन अब जिले की पुलिस उसे ढूंढ नहीं पा रही है। अदालत के लिए यह बहुत आश्चर्यजनक बात है। साफ है कि पुलिस अभियुक्त मौलाना रजा खां का सहयोग कर रही है। विश्लेषण से साफ है कि मौलाना तौकीर कोर्ट के समक्ष उपस्थित नहीं होना चाहता। वह फरार हो गया है या कोर्ट के समन का जानबूझकर पालन नहीं कर रहा है। कोर्ट के आदेश की एक प्रति आईजी बरेली रेंज को भी भेजी गई है।

इनके विरुद्ध भी गैरजमानती वारंट

सोमवार को अदालत में हाजिर न होने पर आरोपी अमजद अहमद, आरिफ, निसार अहमद, अबरार, राजू उर्फ राजकुमार, कौशर के विरुद्ध भी कोर्ट ने गैरजमानती वारंट जारी किया है। राजू, हसन, शोबी रजा, नईम, यासीन की हाजिरी माफी अंतिम अवसर के साथ स्वीकृत की।

सेटेलाइट तिराहे पर दिन भर अतिक्रमण से लगा जाम

बरेली, अमृत विचार: सेटेलाइट तिराहे पर ऑटो-टेंपो वालों के सड़क पर खड़े होने और ठेलों के अतिक्रमण की वजह से दिनभर जाम लग रहा है। सोमवार को भी इसी तरह के हालात बने रहे।

यहां पर दिन में ट्रैफिक पुलिस की भी तैनाती होती है और इसके अलावा चौकी भी है, इसके बावजूद ऑटो-टेंपो वाले सड़क पर खड़े होकर सवारियां भरते हैं, जिसकी वजह से जाम की स्थिति बनती है। रोडवेज बसों की वजह से भी जाम लगता है।

एक नजर

कल कुतुबखाना पुल और आदिनाथ चौराहे पर डमरू का लोकार्पण कर सकते हैं मुख्यमंत्री

बरेली, अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को बरेली आकर आदिनाथ चौराहे पर डमरू, महादेव पुल और सीबीगंज के आईटी पार्क का लोकार्पण कर सकते हैं। हालांकि, अभी मुख्यमंत्री का कार्यक्रम जारी नहीं हुआ है, मगर अफसरों ने यह मानते हुए तैयारियां शुरू कर दी हैं कि मंगलवार को कार्यक्रम जारी हो सकता है। नगर निगम के अफसर सोमवार को महादेव पुल के लोकार्पण की तैयारियां करते रहे। शाम को नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स ने वहां पहुंचकर व्यवस्थाएं देखीं और अतिथियों के बैठने की जगह फाइनल की। पहले कोतवाली में पंडाल लगाकर अतिथियों के बैठने की व्यवस्था की गई थी, लेकिन बाद में कार्यक्रम बदल गया।

डेंगू-मलेरिया की रोकथाम के लिए घर-घर दस्तक देंगी 242 टीमें

बरेली, अमृत विचार : डेंगू-मलेरिया की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कार्ययोजना तैयार की है। इसके तहत 242 टीमों का गठन किया है। यह टीमें घर-घर जाकर दस्तक देंगी और मरीजों का डाटा ई-कवच पोर्टल पर अपलोड करेंगी। वर्ष 2018 से डेंगू और मलेरिया के मामलों में जिला लगातार अति संवेदनशील रहा है। वहीं संदिग्ध बुखार की चपेट में आने से भी कई मरीजों की जान गई। इसकी शासन स्तर से लगातार निगरानी की जा रही है। पिछले दिनों बरेली दौरे पर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समीक्षा बैठक के दौरान डेंगू मलेरिया की रोकथाम के लिए विशेष कार्य योजना बनाने के आदेश दिए थे, जिसको लेकर स्वास्थ्य विभाग ने कार्ययोजना तैयार की है। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह के अनुसार मलेरिया विभाग को निर्देश दिए हैं। जिले में 242 टीमों का गठन कर दिया गया है, जो मलेरिया प्रभावित क्षेत्रों में घर-घर जाकर सर्वे कर लक्षण वाले मरीजों की जांच कर तुरंत डाटा ई-कवच पोर्टल पर अपलोड करेंगी। टीमों में आशा कार्यकर्ता, कम्यूनिटी हेल्थ अफसर और एएनएम शामिल हैं।

ये हाल है किसानों का... सात महीने में 26 हजार ने जमीन बंधक रखकर लिया कर्ज, हजारों कतार में

भूलेख पोर्टल के भूमि बंधक डैशबोर्ड के आंकड़ों की गवाही, तंगी के दौर से गुजर रहे हैं जिले के किसान

अनुपम सिंह, बरेली

अमृत विचार : किसानों के कर्ज लेने के सरकारी आंकड़े उनकी हालत बयान कर रहे हैं। आय दोगुनी करने के दावों के बीच पिछले सात महीनों में जिले के 26 हजार किसानों ने अपनी जमीनें बंधक रखकर कर्ज लिया है। हजारों किसान ऐसे भी हैं जो भागदौड़ करते रह गए लेकिन उन्हें बैंकों से कर्ज नहीं मिल पाया।

सरकार की ओर से सम्मान निधि जैसी तमाम योजनाएं किसानों को सीधा लाभ पहुंचाने के लिए चलाई जा रही हैं लेकिन दूसरा पहलू यह भी है कि तमाम किसानों की माली हालत खराब हो रही है और वे बहुत तेजी से कर्ज के बोझ के नीचे दबते जा रहे हैं। ये ऐसे किसान हैं जिनका जीवनयापन खेती की आय पर ही निर्भर है। भूलेख पोर्टल के भूमि बंधक डैशबोर्ड का आंकड़ा इसकी गवाही दे रहा है। इस पोर्टल पर बैंकों से कर्ज लेने वाले किसानों का ब्योरा सितंबर 2023 से ऑनलाइन किया गया है।

इन सात महीनों में आंकड़ों के अनुसार जिले भर में बैंकों से कर्ज लेने के लिए 29706 किसानों ने आवेदन किए हैं, इसमें से 26586 किसानों के नाम बैंक लोन के लिए खतौनी में दर्ज हो गए हैं। यानी इतने किसानों को बैंक से लोन जारी कर दिया गया है। पोर्टल पर अपलोड आंकड़े बताते हैं कि सदर तहसील से 4408, फरीदपुर से 5275, मीरगंज से 2796, आंवला में 5675, बहेड़ी से 5316 और नवाबगंज से 6236 किसानों ने लोन के लिए आवेदन किए हैं। इनमे अलग-अलग कारण बताकर 2115 फाइलें निरस्त कर दी गई हैं। सितंबर 2023 से पहले कितने किसानों ने लोन लिया, यह आंकड़ा ऑनलाइन नहीं है। माना जा रहा है कि इन किसानों की संख्या और ज्यादा होगी।

बारिश में गेहूं की फसल खेतों में बिछने से हुई बर्बाद। ● फाइल फोटो

नवाबगंज-आंवला के किसानों ने लिया सर्वाधिक कर्ज

आवेदनों की संख्या के हिसाब से देखा जाए तो सबसे ज्यादा कर्ज नवाबगंज के किसानों ने लिया है। यहां 6236 आवेदनों में से 6140 किसानों को कर्ज बैंकों से स्वीकृत हुआ है। दूसरे नंबर पर आंवला तहसील है जहां 5675 किसानों ने आवेदन किया था, इनमें से 5359 को लोन जारी कर दिया गया है।

बहेड़ी तहसील की सबसे ज्यादा फाइलें निरस्त

लोन की सबसे ज्यादा फाइलें बहेड़ी तहसील के किसानों की निरस्त की गई हैं। यहां 1399 किसानों की फाइलें निरस्त हुईं। इसके बाद दूसरे नंबर मीरगंज है जहां 710 फाइलें निरस्त हुईं। फरीदपुर में 32, नवाबगंज से 10 फाइलें निरस्त हुईं। सदर तहसील और आंवला से एक भी फाइल निरस्त नहीं की गई।

लोन की सबसे ज्यादा फाइलें आंवला में लंबित

लोन के सबसे ज्यादा आवेदन भी आंवला तहसील में लंबित हैं। सदर तहसील में 68, फरीदपुर में 109, मीरगंज में 155, आंवला में 316, बहेड़ी में 235, नवाबगंज में 86 मामले लंबित हैं। लंबित आवेदनों का निस्तारण न होने पर पिछले दिनों आयुक्त एसवी एस गंगाराव ने तेजी लाने के आदेश दिए थे। दरअसल, 21 फरवरी को हुई समीक्षा में पाया गया कि भूमि बंधक के लिए तहसीलदार, तहसील कार्यालय, निबंधन विभाग के स्तर पर हजारों आवेदन लंबित पड़े हैं।

प्रशासन ने आंका सिर्फ 10 से 15 फीसदी नुकसान, नहीं मिल पाएगा मुआवजा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बारिश-ओलावृष्टि के बाद 140 गांवों में सर्वे, 30 फीसदी नुकसान का दावा कर रहे हैं किसान

अमृत विचार : पिछले दिनों बारिश और ओलावृष्टि से फसल का नुकसान झेलने वाले जिले के अधिकांश किसानों को कोई मुआवजा नहीं मिल पाएगा, क्योंकि प्रशासन और बीमा कंपनी के आकलन में 10 से 15 फीसदी फसल नुकसान हुआ है। जबकि मुआवजे के लिए नियमानुसार 33 फीसदी नुकसान होना जरूरी है। वहीं, किसान 30 फीसदी से अधिक नुकसान होने की बात कह रहे हैं। उनका कहना है कि इस बार फसल की लागत निकल ही आए तो गनीमत है।

डीएम रविंद्र कुमार के निर्देश पर तहसीलों में एसडीएम, लेखपाल और राजस्व टीम के साथ कृषि विभाग और बीमा कंपनी नुकसान का आकलन कर में जुटी है। अब तक हुए सर्वे में दस फीसदी नुकसान होने की बात कही जा रही है। बीमा कंपनी की सुई भी इसी औसत पर अटकी है। जबकि किसान 30 फीसदी से अधिक क्षति बता रहे हैं। बीमा कंपनी और कृषि विभाग के पास 160 गांव से शिकायतें पहुंची हैं। जिसमें 140 गांवों में सर्वे कर लिया गया है। बारिश से गेहूं, सरसों और आलू के साथ सब्जियों को भी नुकसान हुआ है। तेज हवाओं से आंवला, फरीदपुर में कई जगह गेहूं और सरसों की फसल खेतों में बिछ गई थीं।

> अब तक के सर्वे में औसतन 10 से 15 फीसदी फसल नुकसान होना सामने आया है। अभी सर्वे जारी है।
> –**धीरेंद्र चौधरी**, जिला कृषि अधिकारी

किसानों का आरोप झूठी है सर्वे रिपोर्ट

शहर से सटे रजपुरा माफी के प्रगतिशील किसान ओमप्रकाश का कहना है कि सरकारी नियमों में 33 फीसदी तक नुकसान होने पर ही आर्थिक सहायता देने का प्रावधान है, इसलिए अधिकारी और सर्वे करने वाली टीम 10 फीसदी तक नुकसान बता रहे हैं, ताकि नुकसान का मुआवजा न देना पड़े। फरीदपुर के अजय मिश्रा बताते हैं कि बेमौसम बारिश से आलू खुदाई प्रभावित हुई है। खेत में पड़े रह जाने की स्थिति में आलू की गुणवत्ता खराब हो रही है। मुड़िया अहमद नगर के किसान सुनील कहते हैं कि उनकी गेहूं और सरसों की फसल गिरने से पचास फीसदी नुकसान हुआ है। लेखपाल ने बिना आए ही रिपोर्ट लगा दी होगी। फरीदापुर इनायत खां के अमित का भी यही कहना है।

सेना की वर्दी पहन सैन्य क्षेत्र में घूम रहे युवक को पकड़ा

संवाददाता, कैंट

अमृत विचार : मिलिट्री इंटेलीजेंस लखनऊ की बरेली यूनिट ने सैन्य क्षेत्र में सोमवार दोपहर 1:30 बजे सेना की वर्दी पहने घूम रहे युवक को पकड़ा है। इंटेलीजेंस ने पूछताछ के बाद उसे कैंट थाना पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली ओर उससे पूछताछ कर रही है।

सेना अधिकारी मारू विजय कुमार यूनिट 883 पशु परिवहन बटालियन बरेली ने सोमवार को कैंट थाने में दी तहरीर में बताया है कि मिलिट्री इंटेलिजेंस से सोमवार दोपहर 1:30 बजे उन्हें सूचना मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति सैन्य क्षेत्र में भारतीय सेना की वर्दी पहनकर और फर्जी आई कार्ड लटका कर घूम रहा है। मौके पर पहुंचे सैन्य अधिकारियों ने इंटेलिजेंस टीम की मदद से उसे रोका और उसके पूछताछ की।



सेना की वर्दी में अखिल कलिता।

- मिलिट्री इंटेलीजेंस ने पकड़कर कैंट पुलिस को सौंपा

जिसमें वह सही तरीके से जवाब नहीं दे पा रहा था। उससे उसका आई कार्ड मांगा गया तो उसके पास फर्जी आई कार्ड निकला। शक होने पर आरोपी को मिलिट्री इंटेलीजेंस की टीम पकड़कर थाना कैंट ले आई। थाने में जब उससे पूछताछ की गई, तो उसने अपना नाम अखिल कलिता निवासी ग्राम इसछा दघरिया पीयूबी बड़ी कहिना कामरूप असम बताया है।

थार दिलाने के बहाने पंजाब के युवक से साढ़े 14 लाख की ठगी

बरेली, अमृत विचार : पंजाब के युवक से ऑनलाइन थार दिलाने के बहाने साढ़े 14 लाख रुपये की ठगी कर ली गई। युवक ने कोतवाली में आरोपियों मनप्रीत उर्फ मुन्ना, राजवीर कौर और एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पंजाब के मोगा सदर साफूवाला निवासी सुरजीत सिंह के अनुसार उन्हें दो थार गाड़ी खरीदनी थीं। इसके लिए फेसबुक और इंस्टाग्राम पर पोस्ट डाली थी। इसके बाद आरोपियों का फोन आया और महिंद्रा एंड महिंद्रा कंपनी एजेंसी से बोलने की बात कहते हुए उन्हें अखा मोड़ पर बुलाया।

धीरे-धीरे करके आरोपियों ने साढ़े 14 लाख रुपये हड़प लिए। इसके बावजूद गाड़ी नहीं मिली तो उन्हें ठगी का अहसास हुआ। रिपोर्ट दर्ज कर कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

नाबालिग से दोस्तों ने मां के जेवर और नकदी मंगाकर हड़पी

बरेली, अमृत विचार : प्रेमनगर में नाबालिग छात्र से उसकी मां के जेवर और नकदी मंगाकर दोस्तों ने हड़प लिए। मां ने एसएसपी से शिकायत की की है। राजेन्द्रनगर निवासी नेहा अग्रवाल ने बताया कि उनका बेटा ग्यारहवीं का छात्र है। बेटे की दोस्ती एक लड़के से हो गयी। वह उसे पार्टी कराने और घुमाने फिराने ले जाता था। दोस्त से फोन कर एतराज जताया तो उसने बताया कि चाउमीन का ठेला लगाने वाले लड़के से उनके बेटे की दोस्ती है और उसने ही उनके बेटे से लाखों रुपये के जेवर और नकदी भी मंगा लिए हैं। नेहा ने जब अलमारी खोलकर देखी तो उसमें रखे जेवर और नकदी गायब थे। उन्होंने राजेन्द्रनगर चौकी पर शिकायत कर कार्रवाई की मांग की, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की।

मुआवजा प्रकरण : एनएचएआई अफसरों और किसानों की बैठक आज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बड़ा बाईपास के निर्माण के लिए किसानों की जमीन ली गई थी

अमृत विचार : बड़ा बाईपास के निर्माण में अधिग्रहित की गई जमीन के मुआवजे के लिए जद्दोजहद कर रहे किसानों की मंगलवार को एनएचएआई के अफसरों के साथ कलेक्ट्रेट में बैठक होगी। 2013 में रजऊ परसपुर से परसाखेड़ा तक 32.5 किलोमीटर लंबा बड़ा बाईपास बनाया गया। करीब 33 गांवों के हजारों किसानों की जमीन अधिग्रहित की गई थी, मगर 600 किसानों को जमीन का मुआवजा अब तक नहीं मिल पाया है। इसको लेकर लंबे समय से किसान मांग कर रहे हैं। कई दौर की बैठकें हो चुकी हैं, लेकिन एनएचएआई और किसानों की बात नहीं बन पा रही है। पिछले दिनों अखिल भारतीय किसान महासभा के जिलाध्यक्ष हरिनंदन सिंह पटेल की अगुवाई में किसानों ने डीएम से मिलकर मुआवजा दिलाने की मांग की थी। जिलाधिकारी ने एनएचएआई के अफसरों के साथ तारीख तय कराकर बैठक कराने का आश्वासन दिया था। जिलाध्यक्ष हरिनंदन सिंह पटेल ने बताया कि मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अपराह्न तीन बजे बैठक होगी। इसमें एनएचएआई के अफसर और किसान शामिल होंगे। बताया कि उम्मीद है कि बैठक से शायद कुछ रास्ता निकल सके।

एक दिन में 450 मरीजों को लगी एंटी रैबीज वैक्सीन

बरेली, अमृत विचार : तीन सौ बेड अस्पताल में एआरवी केंद्र पर सोमवार को रिकार्ड 450 मरीजों को एंटी रैबीज वैक्सीन लगाई गई। एआरवी केंद्र के प्रभारी के मुताबिक इतनी ज्यादा संख्या में पहली बार मरीजों को वैक्सीन लगाई गई है।

जिले में कुत्ते और बंदरों के काटने की घटनाएं कितनी तेजी से बढ़ रही हैं, इसका अंदाजा सरकारी अस्पतालों में एंटी रैबीज वैक्सीन लगवाने वालों की संख्या से लगाया जा सकता है। लगातार यह संख्या बढ़ती जा रही है। सोमवार को सुबह से ही एआरवी केंद्र पर वैक्सीन लगवाने आए लोगों की लंबी कतार लग गई। ओपीडी का समय खत्म होने तक लोग वैक्सीन लगवाने के लिए कतार में खड़े रहे। एआरवी केंद्र प्रभारी डॉ. वैभव शुक्ला के अनुसार पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन उपलब्ध है।

ग्यारहवीं के छात्र को भाई की आंखों के सामने चाकू से गोदकर मार डाला

संवाददाता, बरेली/बिशारतगंज

- सुबह मामूली कहासुनी के बाद रात में घर से बुला ले गए थे दोस्त
- बिशारतगंज के मोहल्ला लोहिया नगर का मामला, दो पर रिपोर्ट

> बिशारतगंज कस्बे में ही 17 साल के छात्र की चाकू से गोदकर हत्या की गई है। छात्र के परिवार के लोगों की तहरीर पर थाने की पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इसके बाद आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।
> –**मानुष पारीक**, एसपी देहात दक्षिणी

अमृत विचार : बिशारतगंज में रविवार रात में दो दोस्तों ने भाई के सामने ग्यारहवीं के छात्र की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। अच्छे कपड़े-जूतों को लेकर सुबह हुई मामूली कहासुनी के बाद दोस्त रात में छात्र को घर से बुलाकर खेत में ले गए थे। पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

वार्ड नंबर आठ के मोहल्ला लोहिया नगर में पप्पू साहू का पूरा परिवार रहता है। पप्पू साहू के बड़े बेटे अजय साहू ने बताया कि रविवार सुबह उनके छोटे भाई विजय साहू (17) का पड़ोसी मीत गोस्वामी से अच्छे कपड़े-जूतों को लेकर कहासुनी हो गई थी। उस दौरान मोहल्ले के लोगों ने दोनों को डांटकर मामला शांत करा दिया। इसके बाद रात करीब 8:30 बजे विजय के मोबाइल पर मोहल्ले के ही रहने वाले उसके दोस्त अरुण गोस्वामी ने फोन किया। उसने विजय को घर से कुछ दूरी पर स्थित चकरोड पर बुलाया। विजय के अचानक ही घर से बाहर जाने पर उन्हें शक हुआ। उन्होंने घर से बाहर निकल कर विजय को बुलाने की कोशिश की मगर वह काफी दूर निकल चुका था। उन्होंने आगे जाकर देखा तो विजय को अरुण ने पीछे से पकड़ रखा था और मीत चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर रहा था। उन्हें आता देख दोनों युवक मौके से फरार हो गए। मोहल्ले और परिजनों की मदद से वह विजय को शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां देर रात उपचार के दौरान विजय की मौत हो गई। अजय की तहरीर पर पुलिस दोनों आरोपियों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है और गिरफ्तारी के लिए दो टीमें गठित की गई हैं। पुलिस आरोपियों की कॉल डिटेल भी खंगाल रही है।

घटनास्थल पर लोगों से पूछताछ करते पुलिस के अफसर। ● अमृत विचार

पुलिस की मौजूदगी में हुआ अंतिम संस्कार

पुलिस फोर्स की मौजूदगी में सोमवार देर शाम को विजय का अंतिम संस्कार कराया गया। गांव में अभी तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है, जिसकी वजह से गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है। वहीं अजय और स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचे एसपी दक्षिणी मानुष पारीक से कहा कि संवेदनशील क्षेत्र होने के बावजूद पुलिस यहां निष्क्रिय रहती है। एसपी ने कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

जमानत खारिज: अनाथालय के पूर्व मंत्री जेल गए

विधि संवाददाता, बरेली : वर्ष 2011 में अनाथालय की संवासिनी के साथ दुष्कर्म करने के मामले में मुकदमा के विचारण में अदालत का सहयोग न करने पर स्पेशल जज फॉस्ट ट्रैक कोर्ट निर्दोष कुमार ने अनाथालय के पूर्व मंत्री महेन्द्र कुमार गुप्ता उर्फ होमेन्द्र कुमार गुप्ता को दी गई जमानत खारिज कर दी और जेल भेज दिया। कोर्ट ने सुनवाई को 15 मार्च की तिथि तय की है। सरकारी वकील हरेंद्र पाल सिंह राठौर ने बताया कि सोमवार सुबह सुनवाई के दौरान आरोपी और वकील कोर्ट में हाजिर नहीं हुए। शाम को जूनियर अधिवक्ता ने जिरह स्थगित करने की याचना की। कोर्ट ने पाया कि आरोपी के व्यवहार से लगता है कि पीड़िता से जिरह समाप्त न करते हुए एक अवसर की तलाश में है। इससे पीड़िता को किसी दबाव या लालचवश न्यायालय में अपने पक्ष में बयान देने के लिए विवश किये जाने की भी पूरी संभावना है। मामले के स्वतंत्र विचारण के लिए अभियुक्त का जमानत पर बाहर रहना मामले के तथ्यों के दृष्टिगत उचित नहीं है। अभियुक्त की ओर से न्यायालय का विचारण में सहयोग न किया जाना जमानत की शर्तों का दुरुपयोग है। कोर्ट में पीड़िता ने कथानक के समर्थन में बयान दिया। कोतवाली में मामला दर्ज हुआ था।

बीस स्थानों से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए

बरेली, अमृत विचार : खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीमों ने सोमवार को 20 स्थानों से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। जिला अभिहीत अधिकारी अपूर्व श्रीवास्तव ने बताया कि बंसल सेल्स कुदेशिया बिल्डिंग से पनीर, आलमपुर जाफराबाद के महेश से दूध, अभिषेक स्वीट्स छोटी बिहार से पनीर, भारत इंटरप्राइजेज बीसलपुर रोड से डबल टोन दूध, सानिया कोल्डड्रिंक्स एंड किराना स्टोर ग्राम बूची, मीरगंज से हल्दी पाउडर, बंटी स्वीट्स बदायूं रोड से सोनपापड़ी, बाबूजी वेद प्रकाश डेयरी मढ़ीनाथ से दूध, एसएस एजेंसीज छिपी टोला से बटर ब्राइट बिस्कुट, गुप्ता प्रोविजन स्टोर केला बाग से चायपत्ती, सर्वजीत पिज्जा स्टोर से पनीर, सलीम अहमद किराना स्टोर से सरसों तेल, शिव टूरिस्ट फैमली ढाबा आलमपुर जाफराबाद से साबुत धनिया, माम प्रोविजन स्टोर से धनिया पाउडर, मोबीन बेकरी कुतुबखाना से मैदा, अकबर हुसैन एंड ट्रेडर्स खोयामंडी कुतुबखाना से दही, फरीदपुर के धारमपुर से खोया, भाटिया डेयरी साहूकारा से दूध, प्रवीन कुमार मूंगफली मंडी किला बाजार से मिल्क शेक, अष्टविनायक ट्रेडर्स बेनीपुर चौधरी मढ़ीनाथ से कुट्टू का आटा, मून डेयरी बनखंडी नाथ रोड और जोगीनवादा से खोया का नमूना लिया।

लोकसभा चुनाव में भी बसपा का जोर मुस्लिम प्रत्याशियों पर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बरेली से पुराने नाम की चर्चा दो दिन में घोषणा होने का अनुमान
- पीलीभीत से फूलबाबू का नाम लगभग तय, आंवला में सपा से टूटे एक नेता पर लगाया जा सकता है दांव

अमृत विचार: बसपा ने पीलीभीत संसदीय सीट से अनीस अहमद उर्फ फूलबाबू के नाम पर मोहर लगा दी है। बरेली और आंवला सीट के लिए भी उम्मीदवार तय हो जाने की बात कही जा रही है। जैसा कि पहले से अनुमान लगाया जा रहा था कि इन सीटों पर भी मुस्लिम उम्मीदवारों को उतारे जाने की सुगबुगाहट है।

आंवला सीट के लिए उम्मीदवार के तौर पर सपा से हाल ही में टूटे एक बड़े नाम की चर्चा है। दोनों सीटों पर उम्मीदवारों के नाम का प्रस्ताव पार्टी मुख्यालय भेज दिया गया है। पिछले कई चुनावों से बसपा का जोर मुस्लिम उम्मीदवारों को मैदान में उतारने पर रहा है, बरेली मंडल की सीटों पर इस बार भी ऐसे ही आसार नजर आ रहे हैं। पार्टी के मंडल प्रभारी ब्रह्मस्वरूप सागर के मुताबिक पीलीभीत सीट पर अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू का नाम तय कर दिया गया है। एक-दो दिन में इसकी बाकायदा घोषणा कर दी जाएगी। फूलबाबू बसपा के टिकट पर जीतकर पीलीभीत की बीसलपुर विधानसभा सीट से कई बार विधायक रह चुके हैं। लोकसभा चुनाव भी लड़ चुके हैं। बीच में काफी समय बसपा से अलग भी रह चुके हैं।

बरेली सीट से एक ऐसे मुस्लिम प्रत्याशी का नाम चर्चा में है जो पार्टी के टिकट पर पहले भी कई अलग-अलग चुनाव लड़ चुके हैं। हालांकि पार्टी पदाधिकारी अभी उनके नाम की आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं कर रहे हैं। आंवला सीट से बसपा कुछ हद तक चौंकाने वाला नाम घोषित कर सकती है। बताया जा रहा है कि कुछ समय पहले सपा से टूटे एक वरिष्ठ नेता पार्टी हाईकमान के संपर्क में हैं और उनका नाम करीब-करीब फाइनल होने की हद तक तय हो चुका है।

कहा जा रहा है कि इसी सप्ताह मंडल की सभी सीटों पर उम्मीदवार की घोषणा कर दिए जाने के आसार हैं। पीलीभीत, बरेली और आंवला सीट पर अगले दो दिन में उम्मीदवारों के नाम स्पष्ट किए जा सकते हैं।

मंडल की तीन सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर चुकी है सपा

कांग्रेस के साथ सीटों के बंटवारे के बाद समाजवादी पार्टी ने अब तक बदायूं, आंवला और बरेली समेत मंडल की तीन सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित किए हैं। पीलीभीत और शाहजहांपुर की सीट कांग्रेस के खाते में रहेंगी या सपा के खाते में, यह अभी तय नहीं है। बताया जा रहा है कि बसपा बदायूं सीट से भी सपा से टूटे एक मुस्लिम नाम पर विचार कर रही है। बसपा ने अगर बदायूं और शाहजहांपुर से भी मुस्लिम प्रत्याशी घोषित किया तो यह लोकसभा चुनाव उसके और सपा के बीच मुस्लिम वोटों की खींचतान का चुनाव भी बन सकता है।

सीएए लागू होने के बाद पुलिस अलर्ट

आईजी और एसएसपी ने किया पैदल मार्च, लोगों ने दी अलग-अलग प्रतिक्रिया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) लागू होने के बाद पुलिस अलर्ट हो गई है। वहीं इस पर नेताओं और संगठनों की अलग-अलग प्रतिक्रिया आई हैं।

आईजी डॉ. राकेश सिंह और एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने भारी पुलिस फोर्स के साथ पैदल मार्च किया। अधिकारियों ने मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, धार्मिक स्थलों, महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। जिसके तहत भीड़, यातायात प्रबंधन और अन्य सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित किया गया।

इसके अलावा पुलिस सोशल मीडिया पर भी लगातार नजर रख रही है। पुलिस किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वाले असामाजिक व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी।

पैदल मार्च करते आईजी डॉ. राकेश सिंह और एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान।

मौलाना शहाबुद्दीन ने किया सीएए लागू होने का स्वागत

बरेली, अमृत विचार : ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने केंद्र सरकार की ओर से नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को लागू किए जाने का स्वागत किया है। मौलाना ने कहा कि इस कानून से भारत के मुसलमानों का कोई लेना-देना नहीं है। बल्कि यह कानून उन लोगों से संबंध रखता है जो अफगानिस्तान, पाकिस्तान, बांग्लादेश से आए हुए लोग हैं, जो अभी भारत में रह रहे हैं, उनको अब तक नागरिकता नहीं मिली है, ऐसे लोगों को नागरिकता दी जाएगी। इस कानून से भारत में रह रहे करोड़ों मुसलमानों की नागरिकता पर कोई प्रश्न चिह्न नहीं उठाया गया है। यह कैसे मुमकिन हो सकता है कि यहां सदियों से रह रहे मुसलमानों की नागरिकता को छीन लिया जाएगा। कोई भी सरकार ऐसा कदम नहीं उठा सकती है। मौलाना ने उन लोगों पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जो लोग मुसलमानों को डरा रहे हैं और गुमराह कर रहें हैं, उनको एक बार कानून ठीक से पढ़ लेना चाहिए। उन्होंने लोगों से लोकसभा चुनाव के दौरान सावधान रहने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि यह कानून भारत सरकार बहुत पहले लेकर आई थी, लेकिन विरोध के कारण इसे लागू नहीं किया जा सका। अब सरकार ने इसका नोटिफिकेशन जारी किया है जिसका हम स्वागत करते हैं।

अल्पसंख्यकों को शरण और नागरिकता प्रदान की जाएगी: राजेश

बरेली, अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने कहा है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) भारत के धार्मिक मूल्यों को बनाए रखने की दृढ़ संकल्पना को प्रकट करता है, जिसके तहत परेशानी में पड़े अल्पसंख्यकों को शरण और नागरिकता प्रदान की जाएगी। यह भारत की समावेशिता और मानवतावाद के प्रति प्रतिबद्धता को प्रकट करता है, जो एक विविध और दयालु राष्ट्र की भावना को दर्शाता है। मैं प्रधानमंत्री और उनकी टीम को सीएए को लागू करने पर बधाई देता हूं।

जनता के साथ हो रहा है अन्याय: शिवचरन

सीएए लागू होने पर सपा जिलाध्यक्ष शिवचरन सिंह कश्यप का कहना है कि जो लागू होना नहीं चाहिए, वह देश में लागू हो रहा है। जनता के साथ अन्याय हो रहा है। चुनावी मौसम में सीएए लागू करना जनता के साथ धोखा है।

किशोरी से दुष्कर्म करने के दोषी को 20 वर्ष कैद

विधि संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने के बाद दुष्कर्म करने के आरोपी बदायूं थाना मूसाझाग के गांव रजपुरा निवासी अजय सक्सेना को कोर्ट ने परीक्षण में दोषी पाया। स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट रामदयाल ने उसे 20 साल कारावास और 70 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माने की आधी रकम पीड़िता के माता-पिता को बतौर मुआवजा मिलेगी।

सरकारी वकील सुभव कुमार मिश्रा ने बताया कि पीड़िता के दादा ने थाना सुभाषनगर में तहरीर देकर बताया था कि उनके बेटे की मृत्यु हो चुकी है और उसकी पत्नी ने दूसरी जगह शादी कर ली है। उनके पुत्र के तीन संतानें जिनमें पीड़िता 14 वर्ष, दूसरी लड़की 12 वर्ष और एक पुत्र उनके साथ ही रहते हैं। 15 फरवरी 2020 को पीड़िता चौरासी घंटा मंदिर में पूजा करने गई थी। जब वह घर नहीं आई, तो तलाश की। छोटी पोती ने बताया कि अजय का फोन आया था। वादी ने अजय और उसके साथियों पर ले जाने का आरोप लगाया था। पुलिस ने अजय के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट भेजी थी। पीड़िता ने अपने बयान में बताया था कि अजय उसे लालकुआं उत्तराखंड ले गया। वहां एक किराये के कमरे में रखकर दुष्कर्म किया। शासकीय अधिवक्ता ने पांच गवाह पेश किये थे।

नाबालिग को बहलाकर ले जाने में दो को पांच वर्ष कैद

विधि संवाददाता, बरेली : चौदह साल की किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने में सिरौली ग्राम संग्रामपुर निवासी सुरेश और लालमन कश्यप को दोषी पाते हुए स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट हरि प्रकाश गुप्ता ने पांच वर्ष कारावास और प्रत्येक को 10-10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। वहीं दुष्कर्म के आरोप से बरी कर दिया। सरकारी वकील राजीव तिवारी और आलोक प्रधान ने बताया कि पीड़िता के पिता ने थाना सिरौली में तहरीर देकर बताया था कि पुत्री हाईस्कूल की छात्रा है। 23 दिसम्बर 2013 को कालेज पढ़ने गयी थी लेकिन वापस नहीं आयी। काफी तलाश किया मगर कुछ भी पता नहीं चला। जानकारी मिली कि सुरेश और लालमन बेटी को बहला फुसला कर ले गये हैं।

कमरे से लैपटॉप और बैग चोरी करने वाला गिरफ्तार

बरेली, अमृत विचार : बारादरी पुलिस ने कमरे से लैपटॉप और बैग चोरी करने वाले को गिरफ्तार किया है। इलाहाबाद निवासी संगम लाल शर्मा पशुपति विहार में छात्रावास में रहते हैं। फरवरी में उनके कमरे से अज्ञात चोर ने लैपटाप, मोबाइल, पर्स, दस्तावेज और बैग चोरी कर लिया था। संगम ने बारादरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बारादरी पुलिस ने एजाजनगर गौटिया निवासी छोटा उर्फ सिकंदर को गिरफ्तार कर लिया। छोटा ने चोरी की दो अन्य घटनाएं करने की बात भी कबूल की है। बारादरी पुलिस ने छोटा को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

सटोरिये ने युवक को दी जान से मारने की धमकी

बरेली, अमृत विचार : इज्जतनगर में सटोरिये ने एक युवक को जान से मारने की धमकी दी है। इज्जतनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मुड़िया अहमदनगर निवासी रविन्द्र यादव ने बताया कि उसकी सटोरिये पंकज यादव से कहासुनी हो गयी थी। पुलिस से पंकज की सट्टा कराने की शिकायत की थी। इस कारण वह रंजिश मानने लगा।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

जिला अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट बनना शुरू

बरेली, अमृत विचार: जिला अस्पताल में अब मरीजों को ऑक्सीजन की सुविधा आसानी से मिल सकेगी। अस्पताल के पार्क में ऑक्सीजन प्लांट का निर्माण शुरू हो गया है। करीब एक महीने में प्लांट बनकर तैयार हो जाएगा।

अधिकारियों के अनुसार एडीएसआइसी कार्यालय के सामने पार्क में ऑक्सीजन प्लांट बन रहा है। यह लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट होगा, जहां से सिलेंडर में ऑक्सीजन सप्लाई होगी। साथ में प्लांट से वार्ड को भी जोड़ा जाएगा और मरीजों के बेड तक ऑक्सीजन सप्लाई की जा सकेगी। जिले में चार ऑक्सीजन प्लांट लगाए गए हैं। इसमें तीन सौ बेड कोविड अस्पताल, जिला महिला

अस्पताल के अलावा बहेड़ी और मीरगंज सीएचसी हैं। कोविड काल में ही जिला अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट लगाने के लिए भी प्रस्ताव भेजा गया था, लेकिन शासन स्तर से कोई निर्देश नहीं मिला। जिला अस्पताल में हर महीने करीब 1.70 लाख रुपये ऑक्सीजन सिलेंडर में खर्च होते हैं। एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने बताया कि ऑक्सीजन प्लांट लगाने का कार्य शुरू हो गया है। प्लांट शुरू होने के बाद मरीजों को काफी सहूलियत होगी।

दूसरे की जमीन को अपना बताकर बेचने वाले दो गिरफ्तार

बरेली, अमृत विचार : बारादरी पुलिस ने दूसरे की विवादित जमीन को अपना बताकर तीन करोड़ में सौदा तय कर 30 लाख रुपये लेने वाले ठिरिया निजावत खां निवासी शमशेर खां और इलियास खां को गिरफ्तार कर लिया है। सतीपुर निवासी सुनील कुमार ने बताया कि मोहनपुर में इदरीश और इलियास ने जमीन दिखाई थी। जमीन पर पहुंचे तो इदरीश और इलियास के साथ शमसेर और इसरार भी मिले। सभी लोगों ने जमीन को अपना बताते हुए तीन करोड़ रुपये में बेचने का सौदा तय किया। उसके बाद 30 लाख रुपये एडवांस के तौर पर लिए। बाद में सुनील को पता चला कि वह जमीन विवादित है और यह लोग जमीन के मालिक नहीं हैं। सुनील ने रुपये मांगे तो उनपर तलवार से हमला कर दिया। सुनील ने बारादरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

बंधक बनाकर तमंचे के जोर पर सामूहिक दुष्कर्म का आरोप

बरेली, अमृत विचार : फरीदपुर में एक महिला ने बेटे को तमंचे के जोर पर बंधक बनाने और सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाया है। आरोप है कि शिकायत पर थाना पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। महिला ने सोमवार को एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान से शिकायत की। महिला ने बताया कि उसका पति एक मामले में तीन साल से जेल में बंद है। वह बच्चों के साथ मायके फरीदपुर में रहती है। यहां मोहल्ले के एक व्यक्ति ने झांसा दिया कि जेल और पुलिस में उसकी अच्छी पकड़ है। वह उसके पति की जमानत करा सकता है। झांसे में आई महिला ने आरोपी के कहने पर कई बार में 70 हजार रुपये दे दिए। जब उसके पति की जमानत नहीं हुई तो उसने अपने रुपये वापस मांगे। आरोप है कि पांच मार्च की रात करीब नौ बजे आरोपी ने रुपये वापस करने की बात कहकर अपने घर बुलाया। महिला बेटे के साथ जब पहुंची तो मुख्य आरोपी समेत चार लोग मौजूद थे। एक ने उनके बेटे पर तमंचा तानकर बंधक बना लिया। इसके बाद तीन लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया।

चंदे के धंधे में शामिल सभी चेहरे बेनकाब होने की उम्मीद

बरेली, अमृत विचार : सुप्रीम कोर्ट की ओर से 24 घंटे के भीतर भारतीय स्टेट बैंक को इलेक्टोरल बांड की जानकारी देने के लिए निर्देशित किया गया है। बरेली ट्रेड यूनियन के महामंत्री संजीव मेहरोत्रा ने बताया कि यह फैसला उस समय आया है, जब चुनाव करीब है और सभी को उन चेहरों की तलाश है, जिनके नाम छुपाने की कोशिश की जा रही थी, आने वाले समय में यह फैसला एक नजीर बनेगा। उम्मीद है कि चंदे के धंधे में शामिल सभी चेहरे बेनकाब होंगे। इस निर्णय से आम जनता खुश है।

युवक पर छेड़खानी और लूट करने का आरोप

बरेली, अमृत विचार : नवाबगंज क्षेत्र की एक महिला ने मोहल्ले के एक युवक पर घर में घुसकर तमंचा तानकर छेड़खानी और लूट करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि उसकी व्हाट्सएप पर आपत्तिजनक पोस्ट भी भेज दीं। सोमवार को महिला ने एसएसपी कार्यालय में शिकायत की है। महिला ने बताया कि मोहल्ले में रहने वाला एक युवक उन्हें गंदे इशारे करता है। व्हाट्सएप पर आपत्तिजनक पोस्ट भेजता है। 14 फरवरी को उनके पति बुकिंग पर गाड़ी लेकर गए थे। रात 10 बजे आरोपी घर में घुस गया और छेड़खानी की और विरोध पर तमंचा निकाल लिया और लूट की। इस संबंध में जब थाना पुलिस से शिकायत की गई तो पुलिस ने कार्रवाई नहीं की।

महिला ने मकान पर कब्जा कर मांगी रंगदारी

बरेली, अमृत विचार : सुभाषनगर थाना क्षेत्र के सिठौरा में महिला ने एक व्यक्ति के मकान पर कब्जा कर लिया। अब वह कब्जा छोड़ने के लिए पांच लाख की रंगदारी मांग रही है। पीड़ित ने सोमवार को एसएसपी कार्यालय में शिकायत की। सिठौरा निवासी ओमपाल सिंह ने बताया कि मोहल्ले में रहने वाली महिला के पति की मौत हो चुकी है। उसका बेटा भी बदमाश है। उनके दूसरे मकान पर आरोपी महिला ने कब्जा कर रखा है। मां-बेटे ने पिछले दो साल से परेशान कर रखा है। मामले की शिकायत सुभाषनगर थाना पुलिस से की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की।

बैठक से गायब रहने पर जल निगम के एक्सईएन का जवाबतलब

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सीडीओ ने अफसरों को कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

अमृत विचार : विकास भवन सभागार में सोमवार को पौधरोपण, पर्यावरण और जिला गंगा समिति की बैठक में सीडीओ जगप्रवेश ने विभागीय अफसरों को समय से कार्यों को पूरा करने के आदेश दिए हैं। नगर निगम ने बताया कि सथरापुर निर्माणाधीन सॉलिड वेस्ट प्लांट के चारों ओर दो सौ मीटर की परिधि में बफर जोन का निर्धारण कर साइनेज बोर्ड तीन दिन के अंदर लगा दिए जाएंगे। बाकरगंज स्थित लीगेसी वेस्ट बारिश की वजह से गीला हो गया था, इसके निस्तारण में दो माह का समय और लग सकता है।

सराय तल्फी पर स्थापित 35 एमएलडी एसटीपी प्लांट मौजूदा समय में 15 एमएलडी पर ही संचालित हो रहा है। इससे पहले हुई बैठक में 20 एमएलडी तक संचालित किए जाने का आश्वासन देने वाले अधिशासी अभियंता जल निगम शहरी के इस बार बैठक में गैर हाजिर रहने पर समिति ने स्पष्टीकरण मांगा है। सीडीओ ने सीएंडडी वेस्ट के निस्तारण के लिए नदौसी में निर्माणाधीन प्लांट के निर्माण में प्रगति न होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने 2023-24 में हुए पौधरोपण का सत्यापन मार्च तक हर हाल में कराने का आदेश दिया है। अगले महीने गंगा आरती पंचायत विभाग से कराई जाए। उन्होंने डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया को निर्देश दिए कि रामगंगा नदी के किनारे स्थित ग्राम पंचायतों में पानी की गुणवत्ता की जांच के लिए किट का वितरण कर प्रशिक्षण दिया जाए। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी, क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, डीडीओ दिनेश कुमार यादव, डीपीआरओ धर्मेंद्र कुमार, पीडी डीआरडीएम तेजवंत सिंह, डीसी मनरेगा मो. हसीब अंसारी आदि मौजूद रहे।

पांच महीने में 25 अपराधी हुए जिला बदर

बरेली, अमृत विचार : जिले में आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे आरोपियों को जिलाधिकारी के नेतृत्व में गुंडा एक्ट की कार्रवाई करने के बाद जिला बदर किया जा रहा है। पिछले पांच महीने में 25 लोगों को जिला बदर किया गया है। चुनाव के मद्देनजर कार्रवाई और तेज कर दी गई है। संयुक्त निदेशक अभियोजन अवधेश पांडेय ने बताया कि जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने अक्टूबर में जिले में कार्यभार संभाला था। इसके बाद से अलग-अलग मामलों में नामजद करीब 25 आरोपियों पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई करते हुए उन्हें जिला बदर किया गया है। 2023 में सिर्फ नौ लोग जिला बदर किए गए थे, जबकि वर्ष 2022 में एक भी अपराधी जिला बदर नहीं हुआ था। डीएम के अलावा एडीएम की कोर्ट से भी अपराधियों को जिला बदर किया गया है।

सफाई के लिए एआईएमआईएम ने दिया ज्ञापन

बरेली, अमृत विचार : एआईएमआईएम के पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष मुजम्मिल रजा खान के नेतृत्व में सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन दिया। ज्ञापन में रमजान, ईद और होली पर बिजली, पानी की सप्लाई, साफ-सफाई और शांति व्यवस्था बनाए रखने की मांग की। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष शाकिर हुसैन अंसारी, नासिर अजहरी, अब्दुल हसन, नफीस अंसारी, लाईक मंसूरी मौजूद रहे।

सोमेश के हत्यारोपियों की गिरफ्तारी न होने से आक्रोश

बरेली, अमृत विचार : रामपुर के सिलाई बड़ागांव में सोमेश की हत्यारोपियों की गिरफ्तारी न होने पर सोमवार को संगठनों ने विरोध जताकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय में दिया। जनहित सत्याग्रह मोर्चा, राष्ट्रीय दलित पिछला अल्पसंख्यक महासंघ, क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन, उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा/संविदा कर्मचारी संघ, इंकलाबी मजदूर केंद्र के पदाधिकारियों ने ज्ञापन दिया। ज्ञापन देने वालों में हर्षवर्धन, मुकेश कुमार कठेरिया, रिंकू श्रीवास्तव, दयाशंकर, प्रेमपाल, रामचंद्र, शेखर श्रीवास्तव, नवल किशोर आदि लोग मौजूद रहे।

समस्या आपकी समाधान
INTERNATIONAL SEXOLOGIST
• Growth Hormone
• Testosterone Hormone
• L.H Hormone
• F.S.H.Hormone
• Vitamin D
• Prolactin Hormone
• Suger/• B.P
• ALL OLD DISEASES ONLINE TREATMENT POSSIBLE
सभी जाँच करवा कर WhatsApp पर करें और घर बैठे इलाज करवायें

नरेन्द्र कुमार-
मेरी शादी को 4 वर्ष हो चुके थे। मैं शीघ्रपतन रोग से पीड़ित था। कम्प्यूटर इंजीनियर होने के साथ-साथ जॉब में अपने पार्टनर से मिलता था तब मुझे 30 से 40 सेकेन्ड में मेरा शीघ्रपतन हो जाता था। एक दिन हम दोनो ने फैसला लिया और सीधे सिंह क्लीनिक पहुंचे दोनों ने इलाज करवाया। डॉ. सिंह ने जैसे मुझे दवाई दी मैं एक सप्ताह में ठीक हो गया। मुझमें वही जोश आने लगा जो जोश जवानी में आता था। आज मेरा वैवाहिक जीवन सफल हुथा। आज में जो कुछ हूं वो डॉ. सिंह की वजह से हूं।

पवन कुमार-
आयु 11 वर्ष बदायु बरेली, मेरा बेटा 11 वर्ष का हो चुका था शारीरिक एवं मानसिक रूप से देखने में ठीक था जन्म से लिंग एवं अण्डकोष छोटे थे जिसकी वजह से हम अत्यधिक परेशान रहते थे किस डाक्टर को दिखाएं एक दिन हमने अपने बच्चे को डॉ. वी.पी. सिंह को दिखाया पहले उन्होंने जाँच कराई और जाँच के बाद इलाज सही तरीके से करवाया 8 महीने में बच्चे के लिंग का विकास होने लगा और क्रमशः बेटा ठीक हो गया।
धन्यवाद..DR. V.P. SINGH

नि:संतान स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोगों से पीड़ित महिलायें ल्यूकोरिया पुरानी से पुरानी ल्यूकोरिया बांझपन आदि फलोपियन ट्यूब का बन्द होना IUI (इंट्रा यूटेराईन इन्सेमिनेशन, (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) IVF करवाना व पुरूषों में शुक्राणुओं का कम बनना आदि के लिए उचित परामर्श लें।

Singh Clinic TM
An ISO 9001-2008 Certify Clinic
Marriage Counseling
Pre n Post Marriage & Married Counsltant
Dr. V.P. Singh
D.Lit. (Ayurveda)
स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोग विशेषज्ञ
International Sexologist

रायल कालोनी, पीलीभीत बाईपास रोड, सैटेलाइट बस स्टैण्ड से 1 किमी. आगे, सतीपुर चौराहा, बरेली
9837057107
9837343729
Website: sexologistvpsingh.com
Website: drvpsinghsexologist.com
Google Maps
FOLLOW US :

REQUIREMENT
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
Bareilly Ph. 0581-2526011-12
STAFF REQUIRED
Nursing Staff
Qualification : GNM/B.Sc. Nursing
OT Technician Sr. Staff
Qualification : Diploma/B.Sc. OT, Exp. Minimum 10 Years
Lab Technician (Blood Bank) Sr. Staff
Qualification : DMLT/BMLT, Exp. Minimum 4 years
Lab Technician
For Pathology, Micro Biology, Bio Chemistry
Qualification : DMLT/BMLT
Accountant
Qualification : B.Com, M.Com, Exp. Min. 1 year
Computer Operator
Qualification : Graduate Exp. Minimum 2 years
Salesman
Qualification : D.Pharma/B.Pharma
Salary as per norms
Contact
HR Office, Opp. IPD Reception, RMCH Campus, Bareilly
How to apply :- Send your resume
Mob. 9548624286
E-mail : hrrmch@gmail.com

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006



सार-संक्षेप

ज्ञापन : साढ़े सात हजार रुपये करें न्यूनतम पेंशन

बरेली, अमृत विचार : राष्ट्रीय संघर्ष समिति ईपीएस 95 ने सोमवार को न्यूनतम पेंशन 7500 रुपये निर्धारित करने के साथ डीए और निशुल्क चिकित्सा सुविधा समेत मांग करते हुए प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त को सौंपा। इससे पहले हुई सभा में बरेली और मुरादाबाद मंडल के परिवहन निगम, इफ्को, गन्ना मिल,आवश्यक वस्तु निगम आदि के ईपीएस 95 पेंशनर्स के अलावा रामलांवा, पूर्व मेयर सुप्रिया ऐरन, जितेंद्र मिश्रा, फैसल, आरसी त्रिवेदी, ओमप्रकाश शर्मा, एससी दुबे, जेपी मेहरोत्रा, आरएस गुप्ता, वेद प्रकाश, कैलाश नाथ, शिशुपाल सिंह आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता गंगा प्रसाद लोधी और संचालन राम प्रकाश शर्मा ने किया।

शिक्षा मंत्री ने जनप्रतिनिधियों से की मुलाकात

बरेली, अमृत विचार : महाकाल के दर्शन कर उज्जैन से आगरा लौट रहे भाजपा ब्रज क्षेत्र की टीम के कार्यकर्ताओं की कार मध्य प्रदेश के गुना जिले के कुंभराज थाना क्षेत्र में पार्वती नदी के पास पलट गई थी। हादसे में बरेली के पीलीभीत रोड स्थित कृष्णा होम निवासी ब्रज क्षेत्र के कार्यालय प्रभारी संजीव भारद्वाज की मौत हो गई थी। सोमवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंत्येष्टि में उच्च शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय भी शामिल हुए। इसके बाद वह सर्किट हाउस पहुंचे। यहां पर उन्होंने ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य, विधायक संजीव अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना समेत भाजपा के कई पदाधिकारियों से मुलाकात की।

कोविड में माता-पिता को खोने वाले छात्रों को बांटे लैपटॉप

बरेली, अमृत विचार : सोमवार को वन स्टॉप सखी सेंटर में कोविड में माता पिता को खोने वाले कक्षा नौ से 12 तक के 35 छात्रों को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत लैपटॉप वितरित किए गए। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल रहीं। जिला प्रोबेशन अधिकारी मोनिका राणा ने योजनाओं की जानकारी दी। बाल संरक्षण अधिकारी सौरभ सिंह,महिला कल्याण अधिकारी सोनम शर्मा, सुमन गंगवार, चंचल गंगवार मौजूद रहीं।

रोटरी ने दिलाई सेवा के संकल्पों की दीक्षा

बरेली, अमृत विचार : रोटरी क्लब बरेली सेंट्रल की ओर से सोमवार को प्रशिक्षण आयोजित किया गया, जिसमें पदाधिकारियों को सेवा के संकल्पों की दीक्षा दी गई। प्रशिक्षण में सभी क्लबों के अध्यक्ष, सचिव आदि पदाधिकारियों ने भाग लिया। रोटरी मंडल 3110 के आगामी गवर्नर नीरव निमेष अग्रवाल मथुरा से यहां आए। उन्होंने किस प्रकार रोटरी आगामी वर्षों में कार्य करेगा, उसपर चर्चा की। पूर्व मंडल अध्यक्ष शरत चंद्र ने क्लब में सदस्यों की संख्या बढ़ाने की बात की। पूर्व मंडल अध्यक्ष किशोर कटरू ने अध्यक्षों एवं सचिवों को लीडरशिप के गुर सिखाए। संचालन आलोक प्रकाश ने किया। अध्यक्षता राजेश अग्रवाल गट्टूमल ने की। अध्यक्ष मनमीत सिंह कपूर आभार जताया। दिलीप श्रीवास्तव, रजनीश अग्रवाल, विकास गुप्ता, अमित गोयल, संजय त्रिखा आदि मौजूद रहे।

परिवार पंजिका के लिए जुटाई जानकारी

बरेली, अमृत विचार : सिविल डिफेंस के गुलाबनगर प्रभाग के वार्डनों ने उपप्रभागीय वार्डन अन्जय कुमार अग्रवाल के निर्देशन में चौधरी तालाब क्षेत्र में घर-घर जाकर परिवार के सदस्यों की संख्या और अन्य महत्वपूर्ण जानकारियों परिवार पंजिका में दर्ज की गईं। गुलाब नगर पोस्ट वार्डन अरुण कुमार के साथ सेक्टर वार्डन राहुल दीक्षित, आशीष दिवाकर, शमी अहमद, रचित मिश्रा, कमल कुमार का विशेष सहयोग रहा।

साकिब को मिला स्ट्रांग मैन का खिताब

बरेली, अमृत विचार : इंडो बॉडी बिल्डिंग फिटनेस एसोसिएशन यूपी की ओर से प्रदेश स्तरीय डेडलिफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन चंदौसी में हुआ। इस संबंध में आईवीएफए के प्रदेश अध्यक्ष नदीम खान ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेश से 100 खिलाड़ियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि अखिलेश कुमार ने साकिब सैफी को स्ट्रांग मैन के खिताब से सम्मानित किया। वहीं, महिला खिलाड़ी सीते को 130 किलो वेटलिफ्ट करने पर वूमेन स्ट्रांग मैन का खिताब मिला। निर्णायक मंडल में मनमोहन तनेजा, आलम सिद्दीकी, सुमित बालाजी, सलीम खान, इमरान, युसूफ राघवेंद्र यादव आदि शामिल रहे।

गणित के प्रश्नों में उलझे छात्र

बरेली, अमृत विचार : सीबीएसई की गणित परीक्षा सोमवार को कई केंद्रों पर हुई। परीक्षार्थियों ने बताया कि पहले चरण के प्रश्नों के उत्तर देने में दिक्कत नहीं हुई लेकिन दूसरे चरण के प्रश्नों में कुछ जटिलताएं थीं। बहुत से प्रश्न सिर्फ लम्बे ही नहीं थे, बल्कि इनमें गहन माथापच्ची की भी आवश्यकता थी। सीबीएसई के समन्वयक डॉ. वीके मिश्रा ने बताया कि सोमवार को करीब सात हजार परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। उन्होंने बताया कि मंगलवार को फिजिकल एजुकेशन की परीक्षा 22 केंद्रों पर होगी, इसमें 4839 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं।

यूनानी चिकित्सालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मी बांट रहा दवा

बरेली, अमृत विचार : जिले में नौ यूनानी चिकित्सालय संचालित हैं। अधिकांश चिकित्सालय में स्टाफ का अभाव है। गांव दौली रघुवर दयाल में राजकीय यूनानी चिकित्सालय है। यहां प्रतिदिन 30 मरीज पहुंचते हैं। चिकित्साधिकारी मोहम्मद आजम ने बताया कि अधिकांश रोगी खासी, जुखाम, बुखार के आते हैं। यहां दो वर्षों से फार्मासिस्ट का पद रिक्त है। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मरीजों को दवा बांटता है। चिकित्सालय में हेल्थ वेलनेस सेंटर भी बना है।

अटल बिहारी वाजपेयी की भूमिका पर किया शोध

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय के शोध केंद्र में बरेली कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग की छात्रा रेनू यादव ने भारतीय राजनीति में अटल बिहारी वाजपेयी की भूमिका का समीक्षात्मक अध्ययन विषय पर शोध प्रस्तुत किया। रेनू ने प्रो. नीलम गुप्ता के निर्देशन में शोध किया। इस दौरान बाह्य परीक्षक प्रो. परमिंदर मलिक, प्रो. मनमीत कौर, प्रो. वंदना शर्मा, डॉ. मनवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

शिक्षकों-कर्मचारियों के प्रमोशन की आठ महीनों से फाइल दबाए हुए हैं कुलसचिव

कुलपति के सोमवार को सभी विभागों में पहुंचे एक और पत्र से हुआ खुलासा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एक महीने में प्रोन्नति न करने पर कार्रवाई के लिए लिखा

अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय में कुलपति और कुलसचिव की जंग के बीच एक और पत्र सोमवार को सभी विभागों में सार्वजनिक हो गया। इस पत्र में कुलपति प्रो. केपी सिंह ने शिक्षकों और कर्मचारियों की फाइल आठ महीने से दबाने के लिए कुलसचिव अजय कृष्ण यादव को जिम्मेदार बताया गया है, जबकि शिक्षकों और कर्मचारियों की मेहनत से ही ए डबल प्लस ग्रेड और सौ करोड़ रुपये की ग्रांट मिली है। कुलपति ने एक महीने में कार्यवाही न करने पर कुलसचिव के विरुद्ध कार्यवाही की बात कही है। इस पत्र को भी

राज्यपाल और शासन को भेजा गया है।

सबसे पहले जारी पत्र में कुलपति ने उनकी बिना अनुमति के जारी किए गए कुलसचिव के सभी आदेश निरस्त किए। उसके बाद प्रोन्नत शिक्षकों के वेतन निर्धारण न करने और फिर नगर निगम का टैक्स निर्धारण में लापरवाही के लिए कुलसचिव को जिम्मेदार बताया। अब 6 मार्च को कुलसचिव के नाम जारी कुलपति के पत्र के मुताबिक विश्वविद्यालय के शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारी दिन-रात मेहनत, लगन और निष्ठा से काम करते हैं।

इसकी वजह से ही विश्वविद्यालय को नैक में ए डबल प्लस ग्रेड मिली और पीएम उषा के तहत सौ करोड़ रुपये की ग्रांट प्राप्त हुई। विश्वविद्यालय को शिक्षकों और कर्मचारियों का कैरियर एडवांस स्कीम के तहत समय पर प्रोन्नति करनी चाहिए। शिक्षकों और कर्मचारियों के अनुरोध पर उन्होंने कई बार पत्र लिखे लेकिन प्रोन्नति नहीं हुई। विश्वविद्यालय एनआईआरएफ और क्यूएस रैंकिंग में प्रतिभाग करने के लिए प्रयासरत है। रैंकिंग संस्थाएं प्रोन्नति का भी परीक्षण करती हैं। इस संबंध में शासन और राज्यपाल के भी निर्देश हैं लेकिन खेद है कि आठ महीने से अधिक समय के बाद भी एक भी प्रोन्नति प्रक्रिया शुरू नहीं की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि एक महीने में जिन शिक्षकों और कर्मचारियों की प्रोन्नति देय, उन सभी की पत्रावलियां पूर्ण कर तत्काल उनके कार्यालय में प्रेषित करें। इन निर्देशों का कड़ाई से पालन नहीं करने पर विधि संगत कार्यवाही करने के लिए विश्वविद्यालय बाध्य होगा।

स्मार्टफोन में खोए छात्र परीक्षा में भी इसी की भाषा में दे रहे जवाब

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एमएससी की परीक्षा में कई छात्रों के उत्तर देखकर परीक्षक हैरान

अमृत विचार : स्मार्टफोन में खोए युवाओं की भाषा भी बदल गई है। वह सोशल साइट्स पर इस्तेमाल होने वाली भाषा में ही परीक्षा में उत्तर लिख रहे हैं। रुहेलखंड विश्वविद्यालय के परास्नातक के एमएससी छात्रों की कॉपियों में इस तरह की भाषा में उत्तर देखकर शिक्षक भी हैरान हैं। ऐसे में वह छात्रों को नंबर भी नहीं दे सकते हैं, क्योंकि छात्रों को हिंदी या अंग्रेजी में ही उत्तर देने का नियम है।

छात्रों ने एमएससी की परीक्षा में जो उत्तर दिए हैं, उसमें जैसे रॉक और फ्रगमेंटेशन शब्द तो इंग्लिश में लिखे हैं लेकिन होता है, करते हैं, देते हैं आदि शब्दों को न तो अंग्रेजी में लिखा है और न ही हिंदी में बल्कि जिस तरह से मोबाइल में हिंदी लिखने के लिए अंग्रेजी शब्दों का इस्तेमाल करते हैं, उस भाषा में लिखा है। छात्रों ने उत्तर सही दिए हैं और डायग्राम भी सही बनाए हैं लेकिन भाषा की वजह से शिक्षक उन्हें पूरे अंक नहीं दे सकते हैं।

रुहेलखंड विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी और विधि विभागाध्यक्ष डॉ. अमित सिंह के मुताबिक इस तरह की भाषा का परीक्षा में इस्तेमाल गलत है। छात्रों को हिंदी, अंग्रेजी या अन्य भाषा का इस्तेमाल करना चाहिए। इस तरह के उत्तर होने पर परीक्षक अंक नहीं देगा।

इस तरह की भाषा के इस्तेमाल की प्रमुख वजह है कि छात्र अधिकांश समय मोबाइल में व्यस्त रहते हैं। वह हिंदी में अपनी बात लिखने के लिए अंग्रेजी शब्दों का इस्तेमाल करते हैं।

कल से होंगी छूटी हुई प्रयोगात्मक परीक्षा

बरेली, अमृत विचार : यूपी बोर्ड के इंटर के छात्रों की छूटी हुई प्रयोगात्मक परीक्षाओं 13 और 14 मार्च को जिला मुख्यालय पर होगी। डीआईओएस कार्यालय की ओर से सभी कालेजों को निर्देशित दिए गए हैं। डीआईओएस देवकी सिंह ने बताया कि जिन विद्यार्थियों की परीक्षाएं छूट गई हैं, वे पंजीकृत विद्यालय और उनके कार्यालय से संपर्क कर परीक्षा में शामिल हों। 13 और 14 मार्च के बाद परीक्षा के लिए विद्यार्थियों को कोई अवसर नहीं दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि करीब 25 से अधिक बच्चे परीक्षा में शामिल होंगे।

फंगल बीमारियों की रोकथाम के लिए कार्यशाला शुरू

बरेली, अमृत विचार : आईवीआरआई की ओर से सोमवार को जीवाणु एवं कवक विज्ञान विभाग में हैंड्स ऑन ट्रेनिंग ऑन बेसिक, एडवांस्ड टेक्निक्स फॉर बैक्टीरियल एंड फंगल डिजीज डायग्नोसिस पर 10 दिवसीय कार्यशाला शुरू हुई। इसमें 15 विश्वविद्यालयों के 20 प्रशिक्षाणर्थी शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि आईसीएआर के सहायक महानिदेशक (ईक्यूएएंडआर) डॉ. अजीत सिंह यादव ने कहा कि आईवीआरआई नई शिक्षा नीति के पालन के साथ ही अच्छी लीड ले रहा है। निदेशक डॉ. त्रिवेणी दत्त ने विज्ञान संबंधी तकनीकों के विभिन्न पहलुओं पर अपने अनुभव साझा किए। इस मौके पर व्याख्यान युक्त एक ई-मैनुअल का विमोचन किया गया। डॉ. पी. दंडापत ने बताया कि कार्यशाला में पारंपरिक और उन्नत जीवणुकीय तकनीकों जैसे बेसिक ऑफ बैक्टीरिया एंड फंगस हैंडलिंग, गुड लेबोरेटरी प्रैक्टिसेज आदि पर जानकारी दी जाएगी। कार्यशाला में तीन व्याख्यान पेरिस के वैज्ञानिक भी साझा करेंगे। संयुक्त निदेशक (केडराड) डॉ. केपी सिंह, डॉ एसके मेंदीरत्ता मौजूद रहे।

हिंदी की परीक्षा छोड़ने पर 16 सौ विद्यार्थी होंगे फेल

बरेली, अमृत विचार : यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट की परीक्षा में करीब 16 सौ छात्र परिणाम आने से पहले ही अनुत्तीर्ण हो गए हैं। इन छात्रों ने 22 फरवरी को हुई हिंदी की परीक्षा छोड़ दी थी। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक संशोधित नियम के तहत 10वीं परीक्षा में कंपार्टमेंट परीक्षा देने की अनुमति दी गई, जबकि इंटरमीडिएट में अनुपस्थित रहने पर अगले सत्र में दोबारा प्रवेश लेने का नियम है। डीआईओएस देवकी सिंह ने बताया कि शिक्षा निदेशालय की ओर से निर्धारित नियम है। इसमें कुछ परीक्षार्थियों ने हिंदी के साथ ही अन्य परीक्षाएं भी नहीं दी होगी। नियमानुसार इन परीक्षार्थियों को अगले सत्र में प्रवेश लेना होगा।

बरेली कॉलेज में परीक्षा फार्म जमा करने का एक और खेल पकड़ा गया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बीए का छात्र फार्म जमा करने पहुंचा था, कर्मचारियों ने पकड़ा
- छात्र ने बताया कि विश्वविद्यालय से फारवर्ड कराया फार्म

अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षा के निजी फार्म जमा करने का एक और खेल सोमवार को पकड़ा गया। बरेली कॉलेज में बीए तृतीय वर्ष का एक छात्र फार्म जमा करने के लिए पहुंचा। कर्मचारियों ने उसे पकड़ लिया, क्योंकि उसका फार्म कॉलेज में बिना शुल्क जमा किए फारवर्ड किया गया था। कर्मचारी छात्र को प्राचार्य प्रो. ओपी राय के पास लेकर पहुंचे और उसका फार्म जमा करने से मना कर दिया।

जब छात्र से पूछताछ की तो उसने बताया कि विश्वविद्यालय ने फार्म जमा करने की तिथि बढ़ा दी है और उसने विश्वविद्यालय में किसी कर्मचारी से फार्म फारवर्ड कराया है। इसके बाद प्राचार्य ने विश्वविद्यालय में परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार को फोन कर शिकायत की। परीक्षा नियंत्रक ने जांच की बात कही है। वहीं पहले के मामले में प्राचार्य ने समिति को जांच के लिए समय 16 मार्च तक बढ़ा दिया है। इस दौरान समिति को कई तरह की जानकारियां मिल रही हैं, जिसमें कर्मचारियों के द्वारा खेल करने की बात भी सामने आ रही है।

निजी परीक्षा फार्म का डाटा हो रहा एकत्र

बरेली कॉलेज में बिना शुल्क जमा किए निजी परीक्षा फार्म जमा करने के खेल में समिति ने जांच शुरू कर दी है। प्रो. रीना अग्रवाल के नेतृत्व में बनी समिति ने परीक्षा फार्म जमा करने और रसीद काटने वाले सभी कर्मचारियों से फार्म का डाटा मांगा है। इसमें 4 और फिर 7 मार्च तक किस कर्मचारी ने कितने फार्म जमा किए, उसे अपना अलग-अलग डाटा देना है। इसके अलावा प्राचार्य प्रो. ओपी राय के माध्यम से विश्वविद्यालय से भी डाटा उपलब्ध कराने की मांग की गई है, ताकि कॉलेज और विश्वविद्यालय के डाटा से मिलान किया जा सके। समिति बुधवार को बैठक करेगी।

ब्लॉकों में शैक्षिक महासंघ की कार्यकारिणी का गठन रद्द

कार्यालय संवाददाता,बरेली

- प्राथमिक संवर्ग के प्रदेश अध्यक्ष ने दी अंतिम चेतावनी, पत्र जारी

अमृत विचार : राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के शीर्ष नेतृत्व ने बीते दिनों विभिन्न ब्लाकों में कार्यकारिणी गठन को अविधिक बताते हुए रद्द कर दिया है। जिलाध्यक्ष प्रियंका शुक्ला की रिपोर्ट के आधार पर प्राथमिक संवर्ग के प्रदेश अध्यक्ष अजीत सिंह ने महामंत्री विनोद कुमार, जिला संगठन मंत्री जितेंद्र गंगवार और कोषाध्यक्ष पुष्कर उपाध्याय को चेतावनी दी है।

प्रदेश अध्यक्ष के जारी पत्र के मुताबिक जिलाध्यक्ष की अनुपस्थिति में संगठन से संबंधित लिए गए निर्णयों से संगठन की छवि प्रभावित हुई है। उन्होंने पदाधिकारियों को अंतिम चेतावनी देते हुए दोबारा ऐसा होने पर अनुशासनात्मक करवाई करने को कहा है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के आदेश का उल्लंघन करते हुए फरीदपुर, मझगवां, क्यारा, भदपुरा, भुता और मीरगंज में संगठन के विभिन्न पदों पर नियुक्ति की गई थी। तब भी पदाधिकारियों को कार्रवाई की चेतावनी दी गई थी। नियमित बैठकों का जिला महामंत्री, संगठन मंत्री, कोषाध्यक्ष ने बहिष्कार किया। पांच फरवरी को संगठन के आदेशों को दरकिनार कर पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष की अनुपस्थिति में बैठक कर संगठन की जिला कार्यकारिणी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महिला उपाध्यक्ष, संयुक्त मंत्री, जिला मंत्री और दो जिला उपाध्यक्ष पदों पर मनमाने ढंग से नियुक्ति कर दी। इसपर प्रदेश अध्यक्ष ने ब्लॉक और जिला की नियुक्ति को विधि शून्य करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को चेतावनी दी है।

अंसारी वारियर्स और एसआरएमएस किंग्स ने जीते मैच

बरेली, अमृत विचार : श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे दिन रविवार को ग्रुप- ए में अंसारी वारियर्स अमरोहा और ग्रुप- बी में एसआरएमएस किंग्स ने मैच जीते। पहला मैच एसआरएमएस एकेडमी और अंसारी वारियर्स अमरोहा के बीच हुआ। एसआरएमएस एकेडमी ने 20 ओवर में 144 रन बनाए। अंसारी वारियर्स अमरोहा ने 18 ओवर में मैच जीत लिया। अली जव्वाल मैन आफ द मैच चुने गए। दूसरा मैच एसआरएमएस किंग्स और बरेली टाइटन क्लब के बीच हुआ। एसआरएमएस किंग्स ने 20 ओवर में 204 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए बरेली टाइटन क्लब की टीम 107 रन पर सिमट गई। एसआरएमएस किंग्स ने 97 रन से मैच जीत लिया। शारून खान मैन आफ द मैच रहे।

अब स्नातक सम सेमेस्टर परीक्षा की भी तैयारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- समय पर सत्र पूरा करने के लिए 14 मार्च से भरे जाएंगे परीक्षा फार्म
- 30 जनवरी को खत्म हुई थी विषम सेमेस्टर की परीक्षा परिणाम भी आए

अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने समय पर सत्र पूरा करने के लिए स्नातक और परास्नातक की वार्षिक परीक्षा के बाद स्नातक सम सेमेस्टर की परीक्षा कराने की भी तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए परीक्षा फार्म 14 से 30 मार्च तक ऑनलाइन भरे जाएंगे। विश्वविद्यालय परीक्षा अप्रैल के अंत में या फिर मई में करा सकता है।

परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक मुख्य परीक्षा वर्ष 2024 के बीए, बीएससी, बीकॉम और बीबीए द्वितीय, चतुर्थ और षष्टम सेमेस्टर के संस्थागत और बैक परीक्षा और बीएससी गृह विज्ञान द्वितीय सेमेस्टर के संस्थागत परीक्षा फार्म 14 से 30 मार्च तक भरे जाएंगे। छात्रों को भरे हुए फार्म 31 मार्च तक जमा करने होंगे और महाविद्यालयों को 4 अप्रैल तक ऑनलाइन स्वीकृत करने होंगे। विश्वविद्यालय ने स्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षा 15 दिसंबर से 31 जनवरी तक कराई थी। विश्वविद्यालय ने लगभग सभी के परीक्षा परिणाम भी घोषित कर दिए हैं और कुछ रह गए हैं, वह भी जल्द घोषित कर दिए जाएंगे।

प्रयोगात्मक परीक्षा अब 15 मार्च तक होगी

परास्नातक विषम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक और आंतरिक परीक्षा अभी कई कॉलेजों में नहीं हो सकी हैं। कई कॉलेजों में परीक्षक भी नहीं मिल सके हैं। इसकी वजह से परीक्षा नियंत्रक ने तिथि बढ़ाकर 15 मार्च कर दी है।

अब एक हजार विलंब शुल्क देना होगा

विश्वविद्यालय ने मुख्य परीक्षा के बीए एवं बीकॉम और एमए एवं एमकॉम के परीक्षा फार्म भरने की तिथि एक बार फिर से बढ़ा दी है। छात्र 12 मार्च तक एक हजार रुपये विलंब शुल्क के साथ फार्म भर सकते हैं और 13 तक भरे हुए फार्म कॉलेज में जमा करने होंगे। अब तक करीब 64 हजार व्यक्तिगत परीक्षा फार्म भरे जा चुके हैं, जिसमें 35 हजार स्नातक और 29 हजार परास्नातक के हैं। इसके अलावा स्नातक के 55 सौ और परास्नातक के 11 सौ संस्थागत फार्म भरे गए हैं।

महामूर्ख सम्मेलन 23 को

बरेली, अमृत विचार : ऑल इंडिया कल्चरल एसोसिएशन की ओर से 23 मार्च को एक प्रेस क्लब में महामूर्ख सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में सोमवार को एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बैठक की। राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव शर्मा टीटू ने बताया कि हास्य कवि सम्मेलन और मुशायरे का भी आयोजन किया जाएगा। गोविंद सैनी, सुनील धवन, सैय्यद सिराज अली, इफ्फत सिराज, मोहम्मद नबी ,देवेन्द्र रावत, पवन कालरा मौजूद रहे।

श्रीकृष्ण लीला स्थल पर भजन संध्या 21 को

बरेली, अमृत विचार : श्री अग्रवाल सभा कल्याण सोसाइटी ने सोमवार को श्री कृष्ण लीला स्थल पर कार्यकारिणी की बैठक की। इसमें पदाधिकारियों ने बताया कि 21 मार्च को श्री निष्काम कीर्तन मंडल की ओर से भजन संध्या आयोजित कर फूलों की होली खेली जाएगी। 12 और 13 मई को अग्रवाल वैवाहिक परिचय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। संरक्षक अजय कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष उमानाथ अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, देवेश अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, कमल गोयल, विजय कृष्ण गोयल आदि मौजूद रहे।

बाबा त्रिवटीनाथ मंदिर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा। ● अमृत विचार

सत्य मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है कथा

बरेली, अमृत विचार : बाबा त्रिवटीनाथ मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन सोमवार को कथा व्यास पं. देवेंद्र उपाध्याय ने कहा कि वेदव्यास की अति दुर्लभ अंतिम कृति श्रीमद्भागवत महापुराण है। महर्षि वेद व्यास को भागवत की रचना करने के बाद और कुछ लिखने की आवश्यकता नहीं पड़ी। ठीक इसी तरह भागवत कथा सुनने के बाद और कुछ भी सुनने की आवश्यकता नहीं रहती। श्रीमद्भागवत कथा मनुष्य को सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया।मंदिर कमेटी के प्रताप चंद्र सेठ, मीडिया प्रभारी संजीव औतार अग्रवाल ,सुभाष मेहरा, हरिओम अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

ऑनलाइन काम कराने के विरोध में उतरे शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

बीएसए को ज्ञापन सौंपते पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष की अगुवाई में बीएसए को सौंपा ज्ञापन

अमृत विचार : शिक्षक संघ के मांग पत्र का निस्तारण नहीं करने और बिना संसाधन के शिक्षकों से ऑनलाइन काम लेने के विरोध में पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ ने बीएसए को ज्ञापन सौंपा।

शिक्षक पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र गंगवार की अगुवाई में सोमवार को बीएसए कार्यालय पहुंचे। जिलाध्यक्ष ने बताया कि शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर पांच दिन तक विरोध जताया, लेकिन अफसरों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। कहा कि महानिदेशक ने आदेश दिया है कि शिक्षकों को अपने ही मोबाइल फोन से प्रेरणा एप के जरिए उपस्थिति दर्ज करानी है, जो व्यावहारिक नहीं है। इसलिए प्रदेश के शिक्षक आंदोलित हैं और प्रदेशव्यापी आह्वान पर हर जिले में ज्ञापन देकर विरोध जता रहे हैं।

कहा कि शिक्षकों को मोबाइल, टेबलेट संचालन के लिए विभाग आईडी व डेटा उपलब्ध नहीं करा रहा है और जबरन शिक्षकों से अपने संसाधन के जरिए यह कार्य करवाए जा रहे हैं। वेतन विसंगतियां दूर नहीं कराई जा रही हैं। जूनियर हाईस्कूल के शिक्षकों की प्रधानाचार्य पद पर पदोन्नति नहीं होने सहित कई मांगों पर सरकार विचार नहीं कर रही है। मांगे नहीं मानने तक विरोध जारी रहेगा। डा. केपी सिंह, राजपाल गंगवार, गजेन्द्र पाल सिंह, छवि सक्सेना, राजकिशोर, शिवानी शर्मा, मधु अवस्थी, ब्रह्मदेव शर्मा, सुमन कश्यप ,गीता, अर्जुन सिंह आदि मौजूद रहे।

मृतक व्यापारियों के परिजनों को सौंपे दस-दस लाख के चेक

बरेली, अमृत विचार : राज्य कर विभाग के कैंट स्थित जोनल कार्यालय में उत्तर प्रदेश व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना के तहत आठ मृतक व्यापारियों के परिजनों को दस-दस लाख रुपये के चेक सौंपे गए। अपर आयुक्त ग्रेड वन ओपी चौबे ने बताया कि जिन परिवारों को आर्थिक मदद दी गई है। उन सभी ने अपने व्यवसाय का जीएसटी में पंजीकरण करवाया था। कहा कि जिन व्यापारियों का जीएसटी में पंजीकरण होता है, उन्हें मुख्यमंत्री दुर्घटना बीमा योजना के तहत लाभ मिलता है। उन्होंने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों से जीएसटी में पंजीयन के लाभ पर चर्चा करते हुए इस योजना का प्रचार प्रसार व्यापारी वर्ग में करने को कहा। अपर आयुक्त, ग्रेड-टू एचपी राव दीक्षित, संयुक्त आयुक्त नीलम रानी, उपायुक्त प्रशासन ब्रजेश, विजय गौड़, संतोष कुमार वर्मा, केएम मिश्रा, डा. आशीष पांडेय, दीपक कुमार सिंह, योगेश मौर्या, नीरज प्रकाश, ज्योत्सना सिंह कुशवाहा, राजीव सक्सेना, व्यापार मंडल से पवन अरोड़ा, राजेन्द्र गुप्ता, राजेश जसोरिया, समित अग्रवाल उपस्थित रहे।

व्यापारी के आश्रित को चेक सौंपते राज्य कर विभाग के अपर आयुक्त ग्रेड वन ओपी चौबे।

रैली को हरी झंडी दिखाकर पोषण पखवाड़े की शुरुआत

बरेली, अमृत विचार : विकास भवन से सोमवार को पोषण पखवाड़ा की शुरुआत हुई। मेयर उमेश गौतम, डीडीओ दिनेश कुमार, पीडी तेजवंत सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि पोषण पखवाड़ा अगले 15 दिनों तक सभी 2857 केंद्रों पर मनाया जाएगा। इसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की ओर से तीन थीम पर जागरूक किया जाएगा।

एक नजर

किशोरी से छेड़छाड़ के आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज

दुनका, अमृत विचार : किशोरी से छेड़छाड़ करने के मामले में शाही पुलिस ने एसएसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर ली ।दर्ज कराई रिपोर्ट में किशोरी के पिता ने बताया कि एक गांव का ही एक मनचला उसकी बेटी को अकेला देखकर घर में घुस गया और उससे छेड़छाड़ की। जब वह घर लौटा तो उसे घटना के बारे में जानकारी हुई तो वह आरोपी के घर शिकायत करने गया तो आरोपी राकेश और छेदालाल ने गाली देते हुए मारपीट की। पीड़िता के पिता ने उसी दिन शाही पुलिस को तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की तो उसने एसएसपी से कार्रवाई की मांग की। उनके निर्देश पर शाही पुलिस ने राकेश और छेदालाल के खिलाफ छेड़छाड़ और पॉक्सो सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की।

आश्वासन के बाद भी दूर नहीं हुई जलभराव की दिक्कत

पालिका अध्यक्ष के आवास के पीछे वाली गली में हमेशा भरा रहता है पानी, रहवासियों में आक्रोश

संवाददाता, फरीदपुर

अमृत विचार : फरीदपुर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शराफत जरीवाला के आवास के ठीक पीछे वाली गली में बिना बरसात पानी भर रहता है, जिसे दूर कराने के लिए वह ध्यान नहीं दे रहे हैं। आम जनता का कहना है कि पूरे कस्बे में जो भी समस्याएं हैं उसकी ओर पालिका प्रशासन उदासीन है।

जल भराव की समस्या पूरे कस्बे में विकराल रूप ले चुकी है। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शराफत जारी वाला ने शपथ ग्रहण समारोह में फरीदपुर की जनता को जल भराव की समस्या से निजात दिलाने का वादा किया था, लेकिन वह अपने घर के आसपास भी जल भराव की समस्या को दूर कराने में रूचि नहीं ले रहे हैं। नगर पालिका बोर्ड बैठक में पारित प्रस्तावों पर भी कई स्थानों पर कार्य शुरू नहीं हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है फरीदपुर के जनप्रतिनिधियों को जो रुचि कस्बे के विकास में लेनी चाहिए वह कस्बे की समस्याओं पर भी ध्यान नहीं दे रहे हैं, इसलिए कस्बे की नगर पालिका से जुड़ी समस्याएं हल नहीं हो रही है। वार्ड 6 के सभासद राजकुमार ने बताया कि उन्होंने इस समस्या को लेकर बोर्ड की 19 फरवरी 2024 की बैठक में आवाज उठाई और जल भराव की समस्या से अपने वार्ड की जनता के लिए निजात दिलाने की मांग की। पालिका अध्यक्ष जल भराव की समस्या को शीघ्र निस्तारण करने का आश्वासन दिया। अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। नगर में पानी का निकास ठीक नहीं है और कई तालाबों के विलुप्त हो जाने से बड़ी समस्या हो गई है जिसको लेकर वार्ड नंबर 6 के सभासद राजकुमार राठौर और वार्ड नंबर 18 के सभासद नन्हे अंसारी बीच की गली जिसे किन्नर वाली गली के नाम से भी जाना जाता है की गली में कभी भी जल भराव की समस्या खत्म नहीं होती है लोगों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है।

पालिकाध्यक्ष के आवास के गली के पीछे ऐसे भरा रहता है हमेशा पानी। ● अमृत विचार

> मौके पर जाकर जलभराव की समस्या देखेंगे स्थाई समाधान के लिए बजट आवंटित कराकर हल किया जाएगा। – **शराफ़त जरी वाला**, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष

नशा सुंघाकर ई-रिक्शा, मोबाइल, नकदी लूटी

संवाददाता, भमोरा

- डायल 112 को युवक बेहोशी की हालत में स्कूल के पास मिला
- पुलिस की सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजन, ले गए इलाज को

अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गांव सराऊ निवासी रामचंद्र ने बताया उनका बेटा सतीश ई- रिक्शा चलाकर परिवार का पालन पोषण करता है। रविवार सुबह वह ई -रिक्शा लेकर घर से निकला था, शाम तक घर न पहुंचने पर तलाश शुरू की तो साथी ई रिक्शा चालकों ने बताया कि सतीश सुबह देवचरा गया था फिर सुखौरा गया था इसके बाद शाम को बल्लिया से चांडपुर जाते देखा था।

देर रात तक खोजबीन करते रहे, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा । सोमवार सुबह पुनः तलाश कर रहे थे कि 11:00 बजे के आसपास पीआरबी डायल 112 ने बताया एक व्यक्ति बल्लिया से चांडपुर जाने वाले मार्ग पर चांडपुर के पास एक स्कूल के सामने बनी बगिया में बेहोशी की हालत में पड़ा है। सूचना पर पिता रामचंद्र, भाई विवेक,चचेरा भाई अमर सिंह उसे लेकर थाने पहुंचे जहां थाना पुलिस ने पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर ई-रिक्शा चालक सतीश को मेडिकल के लिए भेजा, हालत गंभीर देखते हुए भमोरा सीएचसी प्रभारी डॉक्टर विवेक कुमार ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

रास्ता पूछने के बहाने वृद्धा के कान के कुंडल उड़ाए

बहेड़ी, अमृत विचार : ठगों ने सोमवार को बहेड़ी के गणेश गेट तिराहे से चंद कदम आगे माथुर रोड पर एक वृद्ध महिला से रास्ता पूछने के बहाने रोककर उसके कानों के कुंडल नोच ले गए। बरगवां निवासी वृद्धा मीना देवी मोहल्ला कानूनगोयान में अपने एक रिश्तेदार के घर जा रही थीं। माथुर रोड पर पीछे से एक युवक ने बदायूं जाने का रास्ता पूछा। वृद्धा ने जानकारी न होने की बात कही, इसी दौरान बाइक पर बैठे उसके साथी ने वृद्धा के सिर पर रूमाल में नशा लगाकर रख दिया। जिससे महिला बेहोश हो गई इस दौरान दूसरे युवक ने रूमाल उठाने के दौरान महिला के दोनों कुंडल नोच लिए। वृद्धा ने बताया कि सिर पर रूमाल रखने से उन्हें बेहोशी सी छा गई। युवकों के जाने के बाद कुछ कदम आगे बढ़कर जब उन्होंने सिर का पल्लू ठीक करने को धोती को ठीक किया तो कुंडल छिन जाने का एहसास हुआ। इससे पहले भी कस्बे में इस तरह की घटना हो चुकी है, शिकायत के बाद भी पुलिस ने कुछ नहीं किया।

युवा सांसदों ने विभिन्न मुद्दों पर किया विमर्श

फरीदपुर अमृत विचार : जिला स्तरीय आस पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन नेहरू युवा केंद्र ने फ्यूचर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट में आयोजित किया । कार्यक्रम का आरंभ मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। युवा संसद में महंगाई, शिक्षा योजनाएं, ट्रांसपोर्ट, महिला सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा आदि विषयों पर छात्रों ने विपक्ष बनकर सवाल किए जिसका जवाब पक्ष ने दिया। जिसमें किशोर चन्द कन्या इंटर कालेज, श्याम सुंदर कन्या इंटर कालेज के 350 छात्रों ने हिस्सा लिया ।मुख्य विकास अधिकारी ने माई भारत पोर्टल पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी पुष्पा सिंह द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में बताते हुए कहा कि यह कार्यक्रम स्वीप के अंतर्गत कराया जा रहा है। युवा संसद में राज्य प्रशिक्षक अमित कुमार सिंह तोमर, शुभम सिंह सहित अन्य शिक्षकों, प्रधानाचार्य का विशेष सहयोग रहा।

मारपीट के मामले में 5 लोगों के पर रिपोर्ट

सिरौली, अमृत विचार : ओवरटेक करने के दौरान दो ट्रैक्टरों ट्रॉलियों में टक्कर हो गई। विरोध पर एक पक्ष ने दूसरे को पीट दिया। पीड़ित पक्ष ने 5 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई हैं। केसरपुर गांव निवासी शेर सिंह ने बताया कि रम्पुरा गौंटिया गांव के कुछ लोग ट्रैक्टर से मटर तोड़ने जा रहे थे। उन लोगों ने ट्रैक्टर को ओवरटेक किया, इससे ट्रॉली टकरा गई। उसने विरोध किया तो उन लोगों ने उससे मारपीट की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर कुम्भकरण, नन्हें, राजेन्द्र, हरीश चंद्र, और बबलू निवासी रम्पुरा गौंटिया के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

गोवंशीय पशु की हत्या के मामले में फरार हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

बहेड़ी, अमृत विचार : चोरी छिपे गोवंशीय पशु का वध करने के मामले में फरार हिस्ट्रीशीटर पुलिस के हाथ लगा। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मोहल्ला इस्लामनगर मोहल्ले में एक घेर में पशु वध किए जाने की सूचना पर चौकी इंचार्ज अशोक कुमार ने टीम के साथ घेराबंदी करके मोहम्मद इकरार उर्फ लाल मियां को दबोच लिया। तलाशी में उसके पास से एक तमंचा, कारतूस बरामद हुआ। मौके से तीन छुरी, गड़ासा, तराजू और अन्य सामान बरामद हुआ। आरोपी पर 11 मुकदमे पहले से दर्ज हैं। सोमवार को उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया।

युवा पश्चिम की अंधाधुंध भाग दौड़ के अनुसरण से बचे

आंवला, अमृत विचार : युवा सम्मेलन का आरंभ राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ जिला प्रचारक धर्मेन्द्र कुमार, एसडीएम आंवला गोविंद मौर्य, रोहिलखंड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर विनय ऋषिवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। नगर के भरतजी सरस्वती इंटर कॉलेज में आयोजित सम्मेलन में मुख्य वक्ता प्रो .विनय ऋषिवाल ने कहा कि इतिहास चंद मुट्ठी पर लोगों की गाथा है, जिन्होंने कभी न कभी कोई निर्णय लिया था। आज हमारा भारत विश्व में सबसे युवा है और हम अपनी इस युवा शक्ति से विश्व में किसी भी किसी तरह के लक्ष्य की प्राप्ति कर सकते हैं। उन्होंने युवाओं को पश्चिम की अंधाधुंध भाग दौड़ का अनुसरण करने से बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि पश्चिमी सांस्कृति का अनुसरण हमारे परिवेश के अनुकूल नहीं है। अंग्रेजी भाषा के लिए कहा कि अंग्रेजी केवल एक भाषा है, युवाओं को उसे केवल भाषा के रूप में ही लेना चाहिए, एक स्किल के रूप में नहीं, उन्होंने कहा यूरोपीय गैर अंग्रेजी भाषी देशों में वहां के नागरिक अपनी स्थानीय भाषा पर गर्व करते हैं और उसी में ही उनके सभी व्यवहार होते हैं इसलिए हमेशा अपनी संस्कृति पर हम सबको को गर्व करना चाहिए। इस दौरान नगर संचालक डॉ. सुरेश,वेद प्रकाश यादव, सुरेंद्र यादव, जयदीप पाराशरी, दुर्गेश सक्सेना, अभय कश्यप, सोनू सिंह, श्याम सिंह, गोपाल सिंह, विपिन चौहान, विकास समेत अन्य रहे। कार्यक्रम का संचालन आचार्य वेदरत्न ने किया।

सार-संक्षेप

रमजान माह से पूर्व निकाला गया जुलूसे गौसिया

आंवला, अमृत विचार : रमजान माह के शुरू होने पहले नगर में जुलूसे गोसिया निकाला गया। जिसकी परचम कुसाई जुलूस के सरपरस्त हाफिज हशमत कादरी ने की। जुलूस की शुरुआत बारह वुर्जी मस्जिद से हुई। जो कि की किला, सरकारी अस्पताल, गंज कुरेशियान, त्रिपोलिया, गंज, घंटाघर, भूमि विकास बैंक चौराहा होते हुए निर्धारित स्थान पर संपन्न हुआ। जुलूस का सरकारी अस्पताल पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सय्यद आविद अली, भूमि विकास बैंक चौराहे पर मशकूर खान, डॉक्टर इंद्रपाल यादव, सरफराज वेग, भूपेंद्र सिंह, पूर्व चेयरमैन रहीस अहमद, रामाधीन सागर, जोहिन खान, गनी खान, इमरान अंसारी, मेहंदी हसन आदि ने स्वागत किया।

महिला से लूट के मामले में एसओजी टीम कर रही जांच

फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार : ससुर के साथ जा रही महिला से लूट के मामले का खुलासा करने के लिए अधिकारियों ने एसओजी टीम को लगाया हैं। टीम ने सोमवार को कई जगह संदिग्ध स्थानों पर छापा भी मारा है । क्षेत्र के ग्राम कुठिला निवासी आरती पत्नी धर्मेंद्र रविवार दोपहर ससुर मूलचंद के साथ रिश्तेदारी से ई–रिक्शा से लौट रही थी। उचसिया रोड पर विद्या कॉलेज के सामने से कच्चे रास्ते से अचानक तीन लोग भागकर आए और मूलचंद से ई रिक्शा रोकने को कहा तो उन्होंने सवारी बैठाने से मना कर दिया तो बदमाशों ने मूलचंद की कनपटी पर तमंचा लगाकर जान से मारने की धमकी देते हुए रिक्शा रुकवा लिया। ई– रिक्शा रुकते ही तीनों बदमाशों ने आरती का पर्स छीनकर बाइक से राजमार्ग की ओर भाग गए ।जिसमें जेवर, रुपये और मोबाइल था । इंस्पेक्टर क्राइम श्यामवीर सिंह को टीम का इंचार्ज बनाया गया है जो लुटेरों की तलाश में जुटे हैं ।

रमजान में सफाई , विद्युत आपूर्ति में सुधार की मांग

नवाबगंज, अमृत विचार : ऑल इंडिया रजा एक्शन कमेटी (आरएसी) ने रमजान के पवित्र माह में विद्युत और जलापूर्ति में सुधार के साथ ही मस्जिदों के आसपास सफाई व्यवस्था और सुरक्षा के अलावा मस्जिदों में निर्धारित क्षमता के अनुसार लाउडस्पीकर अनाउंसमेन्ट की मांग करते हुए एसडीएम को मांग पत्र सौंपा है। कमेटी के सदर मौलाना सलीम रजा के नेतृत्व में ज्ञापन देने वालों में मौलाना इंदाज अहमद, नईम अहमद, गुलाम नवी, अतीक अहमद, रहीस अहमद, परवेज अख्तर, वहीद अहमद, साबिर हुसेन, इशहाक अहमद व गुलाम मुस्तफा आदि शामिल रहे।

त्योहारों के मद्देनजर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

भोजीपुरा, अमृत विचार : धौराटांडा में पुलिस चौकी प्रभारी उप निरीक्षक संजीव यादव के नेतृत्व में त्योहारों और लोकसभा चुनावों के मद्देनजर फ्लैग मार्च निकाला गया । इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष नदीम उल हसन, समाजसेवी नसीर अहमद , सभासद रामराज भी रहे। पुलिस ने लोगों को चेतावनी दी कि सभी लोग सौहार्द एवं शांति व्यवस्था बनाए रखें, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी। फ्लैग मार्च में कांस्टेबल कन्हैया कुमार, मोहम्मद आसिफ, रनवीर सिंह, विपिन कुमार शहीद पुलिस चौकी का स्टाफ उपस्थित रहा ।

चौबारी ग्राम पंचायत के प्रधान बनाए गए प्रवीण कुमार

कैंट, अमृत विचार : विकासखंड क्यारा की पंचायत ग्राम चौबारी के प्रधान पप्पू सिंह के जेल में बंद होने की वजह से जिला पंचायत राज अधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने प्रवीण कुमार सिंह को ग्राम प्रधान नियुक्त किया है। पंचायत राज एक्ट की धारा 12 ञ में दी गई व्यवस्थानुसार ग्राम पंचायत चौबारी के निर्वाचित सदस्यों में से प्रवीण कुमार सिंह को प्रधान पद के पदीय दायित्वों एवं कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए नामित किया गया है। उन्हें प्रधान पद के दायित्वों, कर्तव्यों का पालन करते हुए ग्राम पंचायत के विकास कार्यों का संपादन करने के लिए निर्देशित किया गया है।

टैंकर की चपेट में आने से युवक का हाथ कुचला

नवाबगंज, अमृत विचार : टैंकर की चपेट में आने से युवक का हाथ कुचल गया। नजदीकी ग्राम रानीगंज का डाल चन्द का पुत्र दुर्गा प्रसाद (45) सोमवार को सायं साढ़े पांच के करीब हाईवे स्थित जयगुरुदेव मिष्ठान भण्डार के पास से साइकिल से बाजार से सामान खरीद कर घर जाने के लिए सड़क क्रास कर रहा था कि पीलीभीत की ओर तेज गति से आ रहे टैंकर ने उसे टक्कर मार दी। इस टक्कर से हाइवे पर गिरे साइकिल सवार का हाथ टैंकर के पहिए के नीचे आने से बुरी तरह से कुचल गया। टक्कर मारने के बाद चालक टैंकर छोड़कर भाग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने टैंकर को कब्जे में लेने के साथ ही घायल को इलाज के लिए सीएचसी भिजवाया है।

छह सौ ग्राम अफीम के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

बरेली, अमृत विचार : झारखंड से मादक पदार्थों को लाकर जिले में सप्लाई करने वाले तीन तस्करों को एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने सोमवार को अलीगंज क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। तस्करों से दो किलो 600 ग्राम अफीम बरामद हुई है। पुलिस के मुताबिक इसकी कीमत करीब 26 लाख रुपये है। एएनटीएफ और अलीगंज पुलिस की संयुक्त टीम ने सोमवार को करीब दो बजे अलीगंज रोड पर तीनों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान झारखंड निवासी तौफीक, संतू कुमार यादव और मोहल्ला महादेव कस्बा फरीदपुर निवासी शमशाद अहमद के रूप में हुई। आरोपी तौफीक ने बताया कि वह अफीम झारखंड से 80 हजार रुपये प्रति किलो लेकर आता है और शमशाद के साथ मिलकर डेढ़ लाख रुपये में बेचता है।

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली

FREE ओ. पी. डी. परामर्श

बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के निःशुल्क परामर्श के लिए मिलें

मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा निःशुल्क परामर्श

दिनांक :- 14 - 15 मार्च 2024

समय :- सुबह 9 से 4 बजे तक

स्थान :- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल , हड्डी रोग विभाग कमरा नंबर - 1084

डॉ. तुषार अग्रवाल
बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ , मुंबई

रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900 , 8006460900

Address: Department of Orthopedic (Room No-1084)
Rohilkhand Medical College & Hospital
Pilibhit Bypass Road, Bareilly

रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
पता: सेक्टर -7, राम गंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली

निःशुल्क शल्य चिकित्सा शिविर
(नासूर/भगन्दर, बवासीर/मस्से/पाइल्स का निःशुल्क चिकित्सा शिविर)

दिनांक: 12 मार्च से 15 मार्च 2024, समय : सुबह 9 से सायं 4 बजे तक

यदि आप निम्न लक्षणों से पीड़ित है तो एक बार अवश्य डोहरा रोड स्थित रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में दिखायें।

- शौच के समय मल द्वार से खून आना (बवासीर/ मस्से/Piles)
- गुदामार्ग के पास फोड़ा होना, मवाद (पस) आना (नासूर/ भगन्दर)
- कब्ज़ की शिकायत रहना
- शौच के समय दर्द एवं जलन रहना
- बच्चों के मलद्वार से खून आना, दर्द होना, कब्ज़ की शिकायत होना

पाइल्स/बवासीर
क्षारसूत्र चिकित्सा
व्रण (Wound)

- पैरों की नसों में दर्द, सूजन एवं नीलापन रहना (वैरीकोज वैन्स)
- कुराठी (कोर्न) का अग्निकर्म विधि द्वारा इलाज
- शरीर के किसी भी भाग में गांठ होना (Cyst/Lipoma)
- हाइड्रोसील का सफल ऑपरेशन
- पुराने से पुराने घाव (Non-Healing Ulcers)
- मूत्रमार्ग के सभी रोग जैसे: मूत्र त्याग में कठिनाई, मूत्रमार्ग में जलन आदि

-: धागा विधि (क्षारसूत्र) द्वारा भगन्दर, बवासीर, PNS का सफल इलाज

• आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित ऑपरेशन थियेटर

डॉ. अनु कोटिया
B.A.M.S. (Chaudhary Brahm Prakash, Delhi), M.S. (Ay) IMS-BHU
नियमित सेवाएं कमरा नं० 10, आर.ए.एम.सी.एच., बरेली

निःशुल्क परामर्श
निःशुल्क ऑपरेशन
(केवल चयनित मरीजों के लिए)

डॉ. गीता
B.A.M.S. (NIA JAIPUR), M.S. (AY) IMS-BHU
नियमित सेवाएं कमरा नं० 10, आर.ए.एम.सी.एच., बरेली

शिविर का लाभ लेने के लिए निम्न नम्बर पर फोन करके रजिस्ट्रेशन करवायें मो. 8077808309

परामर्श स्थान : कमरा नं०-10, रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल । मो. 8077808309

प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992

पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

इन्स्टीट्यूट ऑफ डेन्टल साइन्सेस
वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे के अवसर पर
मुफ्त दंत चिकित्सा शिविर
15 मार्च – 20 मार्च 2023
पंजीकरण मात्र 50/-

मुफ्त परामर्श
मुफ्त दाँतों की सफाई
मुफ्त पायरिया का इलाज

बरेली इन्टरनेशनल यूनिवर्सिटी
पीलीभीत बाईपास रोड, सुरेश शर्मा नगर चौराहे के सामने, डेन्टल कालेज रोड, बरेली

संपर्क करें : कमरा नं. 223, पेरियोडोन्टिक्स विभाग

अमृत विचार क्लासीफाइड

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे हाईस्कूल वर्ष 2013 के अंक पत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गये हैं जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिले हैं। **कु. मीना पुत्री श्री ज्ञान सिंह निवासी किरामई तहसील व जिला कासगंज**

सूचना

मैंने SAHIPHA KHATUN व पति का नाम MOHAMMAD USMAN से बदलकर नाम SAHEEFA KHATOON व पति का नाम MOHAMMAD USMAN KHAN रख लिया है। भविष्य में मुझे व पति को इसी नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

धर्म दर्शन

देवी कल्याणी



श्री शुकदेव जी कहते हैं, परीक्षित! कंस एक तो स्वयं बड़ा बली था और दूसरे मगध नरेश जरासंध की उसे बहुत बड़ी सहायता प्राप्त थी। तीसरे उसके साथी थे– प्रलम्बासुर, बकासुर, चाणूर, तृणावर्त, अघासुर, मुष्टिक, पूतना केशी, धेनुक आदि। इसके अतिरिक्त बाणासुर और भौमासुर आदि बहुत से दैत्य राजा उसके सहायक थे। इनको साथ लेकर वह यदुवंशियों को नष्ट करने लगा। यदुवंश के लोग भयभीत होकर कुरु, पांचाल, विदिशा, केकय, शाल्व और कौसल आदि देशों में जा बसे।

कुछ लोग ऊपर-ऊपर से उसके मन के अनुसार काम करते हुए उसकी सेवा में लगे रहे। जब कंस ने एक-एक करके देवकी के छह बालक मार डाले, तब देवकी के सातवें गर्भ में भगवान के अंशस्वरूप श्री शेष जी, जिन्हें अनंत भी कहते हैं, पधारे।

विश्वात्मा भगवान ने देखा कि मुझे ही अपना स्वामी और सर्वस्व मानने वाले यदुवंशी कंस के द्वारा बहुत ही सताए जा रहे हैं,तब उन्होंने अपनी योग माया को यह आदेश दिया, देवी, कल्याणी! तुम ब्रज में जाओ। वह प्रदेश ग्वालों और गौओं से सुशोभित है। वहां नंदबाबा के गोकुल में वसुदेव की पत्नी रोहिणी निवास करती हैं। उनकी और भी पत्नियां कंस से डरकर गुप्त स्थानों में रह रही हैं। इस समय मेरा वह अंश,जिसे शेष कहते हैं, देवकी के उदर में गर्भ रूप से स्थित है। उसे वहां से निकालकर तुम रोहिणी के पेट में रख दो। कल्याणी! अब मैं अपने समस्त ज्ञान बल आदि अंशों के साथ देवकी का पुत्र बनूंगा और तुम नंदबाबा की पत्नी यशोदा के गर्भ से जन्म लेना। तुम लोगों को मुंह मांगे वरदान देने में समर्थ हो जाओगी। मनुष्य तुम्हें अपनी समस्त अभिलाषाओं को पूर्ण करने वाली जानकर तुम्हारी पूजा करेंगे। पृथ्वी में लोग तुम्हें दुर्गा,भद्रकाली,विजया, चंडिका,कृष्णा,नारायणी, शारदा आदि बहुत से नामों से पुकारेंगे। देवकी के गर्भ से खींचे जाने के कारण शेष जी को लोग संसार में 'संकर्षण' कहेंगे, लोकरंजन करने के कारण 'राम' कहेंगे और बलवानों में श्रेष्ठ होने के कारण 'बलभद्र' भी उनका नाम होगा।

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

जब भगवान ने इस प्रकार आदेश दिया तब योगमाया ने 'जो आज्ञा' कहकर उनकी बात शिरोधार्य की। योगमाया ने देवकी का गर्भ ले जाकर रोहिणी के उदर में रख दिया। तब पुरवासी बड़े दुःख के साथ आपस में कहने लगे, हाय! बेचारी देवकी का यह गर्भ तो नष्ट ही हो गया।

भगवान भक्तों को अभय करने वाले हैं। वे सर्वत्र सब रूप में हैं। उन्हें कहीं आना जाना नहीं है, इसलिए वे वसुदेव जी के मन में अपनी समस्त कलाओं के साथ प्रकट हो गए। भगवान की ज्योति को धारण करने के कारण वसुदेव जी सूर्य के समान तेजस्वी हो गए। भगवान के उस ज्योतिर्मय अंश को वसुदेव जी के द्वारा आधान किए जाने पर देवी देवकी ने ग्रहण किया। जैसे पूर्व दिशा चंद्रदेव को धारण करती है,वैसे ही शुद्ध सत्व से सम्पन्न देवी देवकी ने विशुद्ध मन से परमात्मा एवं आत्मस्वरूप भगवान को धारण किया। भगवान सारे जगत के निवास स्थान हैं। देवकी उनका भी निवास स्थान बन गई। देवकी के गर्भ में भगवान विराजमान हो गए थे। उसके मुख पर पवित्र मुस्कान थी और उसके शरीर की कांति से बंदीगृह जगमगाने लगा था। जब कंस ने उसे देखा तब वह मन ही मन कहने लगा कि अब की बार मेरे प्राणों के ग्राहक विष्णु ने इसके गर्भ में अवश्य ही प्रवेश किया है,क्योंकि इसके पहले देवकी कभी ऐसी न थी। देवकी को मारना तो ठीक न होगा, क्योंकि वीर पुरुष स्वार्थ वश अपने पराक्रम को कलंकित नहीं करते। एक तो यह स्त्री है, दूसरे बहन और तीसरे गर्भवती है। इसको मारने से तो तत्काल ही मेरी कीर्ति, लक्ष्मी और आयु नष्ट हो जाएगी। यद्यपि कंस देवकी को मार सकता था,किंतु स्वयं ही वह इस अत्यंत क्रूरता के विचार से निवृत्त हो गया। अब भगवान के प्रति वैर का भाव मन में गांठकर वह उनके जन्म की प्रतीक्षा करने लगा। वह उठते-बैठते, खाते-पीते, सोते-जागते और चलते फिरते सर्वदा ही श्रीकृष्ण के चिंतन में लगा रहता। जहां उसकी आंख खुलती, जहां कुछ खड़का होता, वहां उसे श्रीकृष्ण दिख जाते। इस प्रकार उसे सारा जगत ही श्रीकृष्णमय दिखने लगा।

देव-दानव दोनों के आराध्य शंकर

महादेव एक ऊर्जा हैं जिसका न कोई आदि हैं और न कोई अंत हैं। ध्यान के अंतिम क्षण में जब मनुष्य को परम सुख का आनंद मिलता हैं उसी आनंद के परम सुख को ही शिव कहा जाता है। ऐसा कोई स्थान नहीं है,जहां शिव न हों। यह वह आकाश हैं, वह चेतना हैं, जहां सारा ज्ञान विद्यमान है। वे अजन्मे हैं और निर्गुण हैं। यह समाधि की वह अवस्था है जहां कुछ भी नहीं है, केवल भीतरी चेतना का खाली आकाश है। वही शिव हैं। वेद, उपनिषद, आगम, इतिहास, पुराण आदि सभी उनका बहुत महिमामंडन करते हैं।

एको ही रुद्र, द्वितीयो नास्ति, न भूतो न भविष्यति सर्वप्रथम शिव ने ही धरती पर जीवन के प्रचार-प्रसार का प्रयास किया इसलिए उन्हें 'आदिदेव' भी कहा जाता है। भगवान शिव को देवों के साथ असुर, दानव, राक्षस, पिशाच, गंधर्व, यक्ष आदि सभी पूजते हैं। वे रावण को भी वरदान देते हैं और राम को भी। उन्होंने भस्मासुर, शुक्राचार्य आदि कई असुरों को वरदान दिया था। शिव, सभी आदिवासी, वनवासी जाति, वर्ण, धर्म और समाज के सर्वोच्च देवता हैं। भारत की असुर, रक्ष और आदिवासी जाति के आराध्य देव शिव ही हैं। शैव धर्म भारत के आदिवासियों का धर्म है। असुरों के कुलगुरु शुक्राचार्य महान शिवभक्त हैं। भगवान शिव ने कई असुरों को वरदान दिया है। उनके लिए देव दैत्य सब समान हैं इसीलिए वही एक ऐसे हैं जिनकी पूजा दोनों करते हैं, जो तीनों लोकों में तिरस्कृत हैं, महादेव उन्हें अपने पास स्थान देते हैं। प्रहलाद जी के पुत्र विरोचन थे, विरोचन के पुत्र बलि तथा बलि के पुत्र बाणासुर हुए जो महान शिव भक्त थे। बाणासुर ने हजारों वर्षों तक शिव जी की आराधना कर उन्हें प्रसन्न कर लिया था एवं अपनी राजधानी शोणितपुर में रहने एवं सुरक्षा करने हेतु तैयार कर लिया था।

प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

वे कभी पक्षपात नहीं करते, इसीलिए वे असुरों को भी उतने ही प्रिय हैं जितने देवों को। शिव के व्यक्तित्व में ऐसा चुंबक है जिसके कारण समाज में संपन्न लोगों से लेकर शोषित, वंचित, भिखारी तक उन्हें अपना मानते हैं। वे देव, दानव मानव सभी के महादेव हैं। वे उत्सव प्रिय हैं,जो शोक अवसाद और अभाव में भी उत्सव मनाने की उनके पास कला है। उदास परंपरा बीमार समाज बनाती है। श्मशान में उत्सव मनाने वाले वे अकेले देवता हैं। भोले बाबा का चरित्र सबसे सहज है। भारतीय मन मस्तिष्क पर सबसे प्रभावी है। भगवान शिव का एक नाम भोले बाबा भी है अर्थात् जो सरल हो जिसमें छल-कपट न हो। अब वो इतने भोले हैं कि साधारण सी वस्तु से प्रसन्न हो जाते हैं। यहां तक मान्यता है कि मात्र जल का अर्घ्य देने से वो प्रसन्न होकर मनोकामना पूर्ण कर देते हैं। शिव वैकारिक,तैजस,तामस-इन तीन प्रकार के अहंकारों के अधिष्ठातृ देव हैं और राक्षस स्वभाव से ही राजस-तामस होते हैं। भोलेनाथ के नाम में ही भोले है। सब कुछ जानते बूझते भी उनके स्वभाव में भोलापन है। उन्हें आशुतोष कहा गया है अर्थात् अतिशीघ्र प्रसन्न होने वाला। उन्हें प्रसन्न करने के लिए किसी अनुष्ठान की आवश्यकता नहीं,वे तो सच्चे मन से केवल जल चढ़ाने पर भी प्रसन्न हो जाते हैं। दूसरी सबसे बड़ी बात ये कि महादेव भाव प्रधान हैं। उनके लिए पूजा की विधि कोई मायने नहीं रखती, केवल भक्ति भाव को ही वे देखते हैं।

वे भौतिक और अलौकिक दोनों संपदाओं के स्वामी हैं और दोनों प्रकार से इच्छित फल प्रदान करते हैं। असुर सदैव भौतिक वस्तुएं ही वरदान में मांगते थे। देवताओं की दैत्यों से प्रतिस्पर्धा चलती रहती थी। ऐसे में जब भी देवताओं पर घोर संकट आता था तो वे सभी देवाधिदेव महादेव के पास जाते थे। दैत्यों,राक्षसों सहित देवताओं ने भी शिव को कई बार चुनौती दी,लेकिन वे सभी परास्त होकर शिव के समक्ष झुक गए, इसीलिए शिव देवों के देव महादेव हैं। वे दैत्यों, दानवों और भूतों के भी प्रिय भगवान हैं। याज्ञवल्क जी कहते हैं शिव की भक्ति के बिना राम जी की भक्ति प्राप्त नहीं हुई इसीलिए रामचरित मानस में राम जन्म के पूर्व शिव कथा का प्रसंग है। लंका पर विजय प्राप्त करने के लिए भगवान राम ने समुद्र किनारे शिवलिंग बनाकर शिवजी की पूजा की थी और शिव रुद्राष्टक स्तोत्र का श्रद्धापूर्वक पाठ किया था। इससे प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें विजयश्री का आशीर्वाद दिया था। आशीर्वाद के साथ ही श्रीराम ने शिवजी से अनुरोध किया कि जनकल्याण कि लिए वे सदैव ज्योतिर्लिंग के रूप में यहां निवास करें। उनकी इस प्रार्थना को भोलबाबा ने सहर्ष स्वीकार किया।

सुर-असुर

अमंत्रम् अक्षरं नास्ति,नास्तिमूलमनौषधम्।/ अयोग्यः पुरूषो नास्ति, योजकस्तत्र दुर्लभः।। अर्थात बिना मंत्रशक्ति का कोई अक्षर नहीं है/ बिना औषधीय गुणों के कोई जड़ (पौधा) नहीं, बिना गुण के (गुणहीन) कोई व्यक्ति नहीं, परंतु ऐसे व्यक्ति दुर्लभ हैं जिनमें समस्त गुणों को जोड़ने की सामर्थ्य है।

इस श्लोक में शाश्वत सत्य समाविष्ट है। यह हमारी सर्वथा अपनी स्वार्थ प्रेरित चिंतन दृष्टि का दोष है कि हम हर व्यक्ति, समाज या घटना का मूल्यांकन अपने-अपने दृष्टिकोण से ही करते हैं। यही स्थिति प्रारंभ में सर्वाधिक मेधावी और सशक्त मानव समूह के कालांतर में हतभाग्य में "असुर" शब्द के अपमान जनक अनर्थ की हुई थी। अन्यथा यह विवाद रहित मान्यता है कि ब्रह्मा के मानसपुत्रों में से एक महर्षि मरीचि के पुत्र, देवर्षि और ब्रह्मर्षि के रूप में सुख्यात महर्षि कश्यप प्रजापति का विवाह दक्ष प्रजापति की तेरह पुत्रियों के साथ हुआ था। इन सगी बहनों में अदित, दित्ति, दनु से क्रमशः देव, दैत्य तथा दानव उत्पन्न हुए। स्पष्ट है कि तीनों एक ही पिता से सगी बहनों से पैदा हुए सौतेले भाई थे। परस्पर स्वार्थ जनित मतभेद, प्रतिद्वंद्विता, ईर्ष्या, द्वेष, अहंकार और महत्वाकांक्षा ने कालांतर में उनमें भयंकर शत्रुता उत्पन्न कर दी। परिस्थिति वश दैत्य और दानव, देवताओं के विरोध में एक हो गए। उनमें परस्पर दीर्घ कालिकस शस्त्र संघर्ष शुरू हो गए। इन संघर्षों में यदा-कदा देवराज इंद्र, वरूण आदि को सफलता मिली, किंतु शीघ्र ही दैत्यों और दानवों की संयुक्त शक्ति देवताओं पर भारी पड़ी। प्रारंभिक वैदिक साहित्य में ही गुणों के आधार पर असुरों के विभाजन का संकेत मिलने लगता है। अच्छे गुणों वाले असुर आदित्य कहलाए और उनका नेतृत्व वरुणदेव ने किया। जैसा कि पहले लिखा जा चुका है, ऋग्वेद के ही प्रारंभिक सूक्तों में इन्द्र, अग्नि आदि कई देवों का विशेषण 'असुर' प्रयुक्त हुआ है। उत्तर वैदिक युग एवं परवर्ती साहित्य में पांचवी सदी के बौद्ध दर्शन शास्त्री बुद्धघोष के अनुसार देवों ने असुरों को सुमेरु पर्वत से हराकर मध्य-पश्चिम एशिया की ओर भगा दिया था।

डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत, पुलिस महानिरीक्षक

वाल्मीकि रामायण में असुरों की उत्पत्ति के विषय में लिखा है कि, "सुरा पीने वाले सुर और न पीने वाले असुर कहलाए"- "सुराप्रतिग्रहाद् देवाःसुर इत्यादि विश्रुताः। /अप्रतिग्रहणात्तस्या दैतेयेश्चासुराःस्मृताः।।" वा.रा.,बाल.,सर्ग 45 श्लोक 38. ऋग्वेद में प्राणवान या ऊर्जा संपन्न, रहस्यमय गुणों से युक्त देव, दैत्य और दानव तीनों को असुर कहा गया है। रामायण के अनुसार सशक्त असुरराज लवण का वध अयोध्या नरेश श्रीराम के सबसे छोटे भाई शत्रुघ्न द्वारा वर्णित है। रामायण में ही विराध और कबंध आदि का वनवासी राम के हाथों वध वर्णित है। परवर्ती त्रिदेवों, ब्रह्मा, विष्णु, महेश में देवाधिदेव महादेव शिव तो बिना किसी भेदभाव के अपने निष्ठावान भक्तों देव, दैत्य, दानव, भूत, प्रेत, निशाचर, राक्षस आदि के प्रति परम उदार बने रहे। किंतु ऋग्वेद के उपेन्द्र विष्णु ही कालांतर में देवताओं के सर्व सामर्थ्यवान संरक्षक के रूप में उभरे जिनके कारण असुरशक्ति का स्थायी दमन संभव हुआ अन्यथा महर्षि भृगु के परम प्रज्ञावान तथा समरनीति विशेषग्य 'शुक्रनीति' के प्रवक्ता शुक्राचार्य के मार्गदर्शन के कारण देव विरोधी मानव समूह के द्वारा तथाकथित निंदयनीय घोषित "असुरों" को उनके आराध्य परम कृपालु तथा देवाधिदेव महादेव के संरक्षण ने अजेय बना दिया था।

बरेली देहात/आसपास

एक नजर

सड़क हादसे में बाइक सवार गंभीर घायल

फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : सोमवार दोपहर बाइक सवार को किसी वाहन ने मारी टक्कर मार दी, जिससे वह गम्भीर घायल हो गया उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। अजय निवासी शाही अपनी ससुराल रहपुरा जागीर आया था। वहां से वह प्रेमचंद के साथ झुमका तिराहा पर किसी काम से गए थे। वापस आते समय माधौपुर ओवरब्रिज पर पीछे से आ रहे तेज रफ्तार किसी अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार रोड पर गिरकर घायल हो गया। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने एम्बुलेंस की मदद से बरेली इलाज के लिए भेज दिया।

आग लगने से मजदूर की झोपड़ी जलकर खाक

क्योलड़िया, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गांव हर्रेइया के सियाराम शर्मा मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करते हैं। बीती शाम खाना खाकर वह अपने परिवार के साथ झोंपड़ी में सो रहे थे। अचानक उनकी झोंपड़ी में आग लग गई,जिससे उनकी गृहस्थी जलकर खाक हो गई। शोरगुल सुनकर एकत्र हुए ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया, तब तक सबकुछ जलकर खाक हो गया था। सूचना पर हल्का लेखपाल योगेश कुमार ने पहुंचकर मौका मुआयना किया। पीड़ित ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई।

रमजान में 2 घंटे अतिरिक्त मिलेगी पेयजल सप्लाई

कैंट, अमृत विचार : कैंट बोर्ड के नामित सदस्य डॉ. वैभव जायसवाल ने कैंट के सीईओ रविंद्र को पत्र लिखकर 2 घंटे तक अतिरिक्त पेयजल सप्लाई दिए जाने की मांग की ,जिस पर उन्होंने सहमति दे दी। सहरी से पहले 3 से सुबह 5 बजे तक अतिरिक्त पेयजल की सप्लाई सुचारू किए जाने की सिफारिश की है। इसके साथ ही नियमित सप्लाई जारी रहेगी। सीईओ ने सिफारिश पत्र पर संस्तुति देकर पेयजल सप्लाई सुचारु करने के निर्देश दिए हैं।

नाजिम खां जिला उपाध्यक्ष एजाज नगर अध्यक्ष बने

आंवला, अमृत विचार : जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग की बैठक में जिलाध्यक्ष कमर गनी ने कमेटी गठित कर संगठन का विस्तार किया। जिलाध्यक्ष ने पूर्व सभासद नाजिम खां को जिला उपाध्यक्ष, एजाज खां को नगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी इस दौरान गुडडू मलिक, गुडडू उर्फ नौशाद खां, फैयाज खां,राजू डम्पी, रहीम खां, जावेद खां आदि मौजूद रहे।

स्कूल भवन बना नहीं, खाते से निकाल लिए 32 लाख रुपये

गंगा एक्सप्रेस वे के बीच में आए परिषदीय स्कूल का हुआ था अधिग्रहण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- पीएनबी के खाते में भेजी जानी थी राशि, बैंक ऑफ बड़ौदा भेज दी
- धनराशि कब और किसने निकाली, नहीं चल रहा पता

अमृत विचार: गंगा एक्सप्रेस वे की जद में आए परिषदीय स्कूल को कार्यदायी संस्था ने अधिग्रहण कर उसका भवन निर्माण कराने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग को 32 लाख 5 हजार रुपये का भुगतान किया था। रकम को पीएनबी के खाते में जमा किया जाना था। परंतु बैंक ऑफ बड़ौडा बैंक में जमा की गई।

अब यह रकम खाते से निकाली जा चुकी है। भवन बनने से पूर्व ही धनराशि को बैंक खाते से निकाले जाने की जानकारी विभागीय अधिकारियों को होने पर हड़कंप मचा हुआ है लेकिन कोई कुछ बोलने को तैयार नहीं है कि धनराशि कब और किसके द्वारा निकाली गई जो कि रहस्य बना हुआ है। जिसकी विभागीय अधिकारी अंदर ही अंदर जांच में जुटे हुए हैं। मेरठ से लेकर प्रयागराज तक गंगा एक्सप्रेस वे का निर्माण हो रहा है। जिले में 92 किमी का हिस्सा कार्यदायी संस्था यूपीडा बना रही है। एक्सप्रेस वे की जद में आई धार्मिक और सरकारी भवनों को अधिग्रहीत किया गया था। इनके पुनः निर्माण के लिए कार्यदायी संस्था द्वारा भुगतान भी किया गया। गंगा एक्सप्रेस वे की जद में आए दातागंज ब्लॉक के सैदपुर आरिल प्राथमिक स्कूल के भवन को भी कार्यदायी संस्था द्वारा अधिग्रहीत किया गया था। स्कूल भवन निर्माण के लिए कार्यदायी संस्था यूपीडा द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग को करीब 32 लाख पांच हजार रुपये का भुगतान किया गया था। इस धनराशि को पीएनबी के खाते में जमा किया जाना था लेकिन विभाग के जिम्मेदारों ने बैंक ऑफ बड़ौदा खाते में जमा कराया गया। भवन निर्माण से पूर्व यह धनराशि बैंक ऑफ बड़ौदा खाते से निकाली जा चुकी है। इसकी जानकारी विभाग को तब हुई जब खाते को चेक कराया गया। खाते में धनराशि नहीं थी।

> भवन निर्माण के लिए कार्यदायी संस्था यूपीडा द्वारा भुगतान कर दिया गया। निर्माण से पूर्व धनराशि निकाली जा चुकी है। इसकी जानकारी नहीं है। बीएसए से जानकारी की जाएगी।
> – केशव कुमार, सीडीओ

गेहूं क्रय केंद्रों पर किसानों से करें अच्छा व्यवहार

गेहूं खरीद तैयारियों को लेकर बैठक करते एडीएम सिटी सौरभ दुबे।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कार्यशाला में एडीएम सिटी ने केंद्र प्रभारियों को दिए निर्देश

अमृत विचार : कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को कार्यशाला में एडीएम सिटी सौरभ दुबे ने गेहूं केंद्रों पर किसानों के साथ अच्छा व्यवहार करने के निर्देश प्रभारियों को दिए। उन्होंने कहा कि केंद्रों पर मनमानी करने और सुविधाओं में कमी की शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

डिप्टी आरएमओ कमलेश कुमार पांडेय ने बताया कि जिले में गेहूं खरीद के लिए 136 केंद्र संचालित हैं। एडीएम ने कहा कि केंद्रों पर बैनर, दो इलेक्ट्रानिक कांटा, एक पंखा, एक छलना, एक नमी मापक यंत्र और एक डस्टर की हर समय उपलब्धता रहे। किसी केंद्र पर बोरों के अभाव में खरीद प्रभावित नहीं होने की बात कही। बारिश से सुरक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में केंद्रों पर तिरपाल की व्यवस्था करें। गेहूं तत्काल रिजेक्ट न करें बल्कि सुखाकर और साफकर खरीदारी की जाए।

इलेक्ट्रिकल, आरपीएफ, वर्कशॉप और ऑपरेशंस की टीमें सेमीफाइनल में

बरेली, अमृत विचार : मंडल क्रीड़ा संघ पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर की ओर से रेलवे स्टेडियम में आयोजित अंतर विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता में सोमवार को क्रिकेट में चार क्वार्टर फाइनल मुकाबले हुए। इसमें इलेक्ट्रिकल, आरपीएफ, वर्कशॉप और ऑपरेशंस की टीमों ने मैच जीत कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। पहले क्वार्टर फाइनल मैच में इलेक्ट्रिकल विभाग की टीम ने कैरिज एंड वैगन की टीम को नौ विकेट से पराजित किया। दूसरे मैच में ऑपरेशंस की टीम ने लोको शेड की टीम को सुपर ओवर में परास्त कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। शतक लगाकर मैन आफ द मैच शादाब अंसारी रहे। तीसरे क्वार्टर फाइनल में आरपीएफ की टीम ने टीआर डी की टीम को 69 रनों से परास्त किया। चौथे क्वार्टर फाइनल में वर्कशॉप ने इंजीनियरिंग की टीम को परास्त किया। मंगलवार को दोनों सेमीफाइनल मैच खेले जाएंगे।

सभासदों ने चेयरमैन का किया स्वागत

आंवला, अमृत विचार : चेयरमैन सय्यद आविद अली को स्थानीय निकाय अध्यक्ष परिषद उत्तर प्रदेश का संगठन महामंत्री बनाए जाने पर सभासद एवं सभासद पतियों ने उनका स्वागत किया। कुछ सभासदों ने मिठाई वितरित की। चेयरमैन ने कहा आंवला ऐतिहासिक स्थली है। वह आंवला के सम्मान को बढ़ाने के लिए हर सम्भव प्रयास करेगें। इस मौके पर दिनेश मौर्य, सुनील यादव,खालिद,राधेश्याम मौर्य, जितेन्द्र कुमार चन्द्रा, रामबहादुर प्रजापति,नरेश राजपूत, बंटी, परवेज आलम आदि मौजूद रहे।

शपथ ग्रहण के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का समापन

मीरगंज, अमृत विचार : धामपुर बायो ऑर्गेनिक्स लिमिटेड (डीबीओएल) मीरगंज में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का समापन हो गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष संजय कुमार श्रीवास्तव ने कर्मचारियों को जागरूक करने के लिए सुरक्षा उपकरण प्रदर्शनी भी लगाई। इस मौके पर सुरक्षा को लेकर हुए स्लोगन प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। संजय कुमार श्रीवास्तव ने अधिकारियों और कर्मचारियों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने शपथ दिलाई।

क्विजैक्स में आरिश की टीम ने मारी बाजी

बरेली, अमृत विचार : राजश्री इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में पॉलीटेक्निक विभाग ने सोमवार को छात्रों के लिए क्विजैक्स-2024 का आयोजन किया। संस्थान के चेयरमैन राजेंद्र कुमार अग्रवाल ने कहा कि कंपटीशन के दौर में जीतने के लिए विद्यार्थियों में बौद्धिक तत्परता को बढ़ाना जरूरी है। क्विज में पंजीकृत 650 में से 35 छात्रों का चयन कर अगले चरण के लिए प्रश्नमंच का आयोजन किया। निर्णायक मंडल में डा. शोएब खान, डा. सुचेता, डा. रामगोपाल वर्मा रहे। राजश्री महाविद्यालय से आरिश जैदी की टीम को प्रथम, राजश्री लॉ कालेज से केशव अग्रवाल की टीम को द्वितीय स्थान मिला। बीटेक विभाग से मोहित पाठक की टीम तृतीय स्थान पर रही। निदेशक शैक्षणिक प्रो. अनिल कुमार, प्रो. पंकज शर्मा, प्रधानाचार्य डॉ. सीपी गंगवार, डॉ. हितेंद्र गंगवार, हितेश गंगवार, सुषमा शर्मा, नीतू शर्मा मौजूद रहीं।

लोकसभा चुनाव बैलेट पेपर से कराने की मांग

नवाबगंज, अमृत विचार : भाकियू (चढ़ूनी) ने ईवीएम से मतदान कराने का विरोध करते हुए बैलेट पेपर से कराने की मांग राष्ट्रपति और मुख्य चुनाव आयुक्त से की है। संगठन के जिलाध्यक्ष सतिंदर सिंह घुम्मन के नेतृत्व में किसान नेताओं दलजीत सिंह हैप्पी गोराया, अविनूर सिंह घुम्मन, कुलदीप सिंह, गुरुजोत सिंह बाजवा, अमन शर्मा व दीपक गंगवार ने अपनी मांग को लेकर राष्ट्रपति व मुख्य चुनाव आयुक्त को संबोधित मांगपत्र एसडीएम को सौंपा।

अनुबंधित बस में बिना टिकट पकड़ीं नौ सवारियां

बरेली, अमृत विचार : बदायूं डिपो की रोडवेज की अनुबंधित बस में बिना टिकट के यात्री पकड़ा गया। जिसके बाद बस के कंडक्टर की संविदा समाप्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

यातायात निरीक्षक ने पूरे मामले की रिपोर्ट एआरएम बदायूं को दी है। इसके अलावा तीन अन्य बसों में भी दस सवारियां बिना टिकट पकड़ी गई हैं। सोमवार को बदायूं डिपो की एक अनुबंधित बस बदायूं से दातागंज जा रही थी। यातायात निरीक्षक की टीम ने रास्ते में बस को रोककर चेक किया। जिसमें नौ सवारी बिना टिकट यात्रा करते हुए मिलीं। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार चौबे ने बताया कि पूरे मामले की रिपोर्ट मिल गई है। अब संविदा परिचालक पर कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा आरएम मुख्यालय की टीम ने दिल्ली रूट पर चलने वाली दो और एक अन्य रूट पर चलने वाली बसों में बिना टिकट यात्रा करने के मामले पकड़े हैं। इन बसों में भी दस यात्री बिना टिकट पकड़े गए हैं।

सार-संक्षेप

विदाई समारोह में छात्राओं ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

आंवला, अमृत विचार : सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में कक्षा पंचम के भैया- बहनों की विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा पंचम की बहनों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यालय व्यवस्थापक गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने कक्षा पंचम के भैया बहिनों को जीवन में उन्नति प्राप्त करने के लिए आशीर्वाद दिया। मुख्य वक्ता ओमपाल सिंह भूतपूर्व प्रधानाचार्य ने विद्यालय द्वारा प्राप्त अच्छे संस्कारों के द्वारा समाज, परिवार और राष्ट्र में अपने माता-पिता व विद्यालय का नाम रोशन करने का आग्रह किया। इस दौरान विद्यालय प्रधानाचार्य दयाशंकर शर्मा, सरस्वती विद्या मंदिर प्रधानाचार्य गवेंद्र सिंह समेत विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय आचार्य नन्हेंलाल गंगवार ने किया।

देश का भविष्य युवाओं के कंधों पर

बहेड़ी, अमृत विचार : दुनिया भर में भारत ऐसा इकलौता देश है जहां युवाओं की संख्या सर्वाधिक है। किसी भी देश को अपनी उन्नति के लिए युवाओं का ही सहारा होता है, क्योंकि देश का भविष्य उन्हीं के कंधे पर टिका होता है। ये बातें आरएसएस के सह प्रांत कार्यवाह राजपाल ने खंड विकास कार्यालय के पंत सभागार में आयोजित युवा सम्मेलन में कहीं। उन्होंने कहा कि, आज की महती आवश्यकता है कि युवा, अपनी गौरवशाली संस्कृति को निरंतर मजबूत करते हुए आगे बढ़ना है। युवाओं को किसी फिल्म के नायक की तरह समस्याओं और कठिनाइयों से पार पाते हुए महाभारत के अर्जुन की तरह लक्ष्य के प्रति सजग रहना चाहिए। गन्ना उत्पादक डिग्री कालेज के प्राचार्य डॉ. हरिकेश यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि अनमोल गर्ग, अतुल गर्ग, आलोक गर्ग, सेवा भारती के जिला सेवा प्रमुख अशोक गंगवार के अलावा बड़ी संख्या में युवाओं की भागीदारी रही।

बंगाल की घटनाओं पर एसडीएम को दिया ज्ञापन

बहेड़ी, अमृत विचार : पश्चिम बंगाल में हो रहीं घटनाओं के विरोध में सामाजिक समरसता मंच की ओर से राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम अजय कुमार उपाध्याय को दिया। पीड़ितों को त्वरित न्याय के साथ ममता बनर्जी सरकार को भंग कर राष्ट्रपति शासन लगाए जाने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में सुरेंद्र सिंह भदौरिया, राहुल गुप्ता, राजेश रस्तोगी, सुनील रस्तोगी, अनुज गुप्ता, दीपचंद पांडे, विशाल दीप शर्मा, कुंवरसेन प्रजापति व जबर सिंह शामिल रहे।

गन्ना समिति के पूर्व अध्यक्ष का निधन

क्योलड़िया, अमृत विचार : नवाबगंज गन्ना समिति के पूर्व अध्यक्ष सपा नेता अरविंद कुमार गंगवार का सोमवार को निधन हो गया। उनके निधन पर श्रद्धांजलि देने कई दलों के जनप्रतिनिधि उनके पैतृक गांव बबूरी पहुंचे। गंगवार तीन बार गन्ना समिति के अध्यक्ष रहे। श्रद्धांजलि देने पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद संतोष कुमार गंगवार विधायक, डॉक्टर एमपी आर्य, पूर्व मंत्री भगवत शरण गंगवार, ब्लॉक प्रमुख पति रवि शंकर गंगवार, नवाबगंज ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर एके गंगवार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवाबगंज नीरेंद्र सिंह राठौड़, पूर्व ब्लॉक प्रमुख नरोत्तम दास, मुन्ना पुरुषोत्तम गंगवार, राकेश गंगवार समेत अन्य लोग पहुंचे।

कांग्रेस नेता की मां का निधन पर जताया शोक

बरेली, अमृत विचार : कांग्रेस नेता ऋषिपाल जाटव की माता गंगा देवी का सोमवार को निधन हो गया। जिलाध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी, पूर्व विधायक छोटे लाल गंगवार, प्रवक्ता पंडित राज शर्मा, जुनैद हसन, दिनेश दद्दा, उल्फत सिंह कठेरिया, कमरूद्दीन सैफी, अंकित शर्मा आदि ने ऋषिपाल के घर पहुंचकर परिवार को सांत्वना दी, मृतक की आत्मा की शांति के लिए कामना की।

न कुलं वृत्तहीनस्य प्रमाणमिति मे मतिः।
अन्तेष्वपि हि जातानां वृत्तमेव विशिष्यते॥

ऊंचे या नीचे कुल से मनुष्य की पहचान नहीं हो सकती। मनुष्य की पहचान उसके सदाचार से होती है, भले ही वह नीचे कुल में ही क्यों न पैदा हुआ हो।

संपादकीय

चीन की परेशानी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अरुणाचल दौरे को लेकर चीन की आपत्ति उसकी चिंता को दर्शाती है। सोमवार को एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा कि जंगनान (अरुणाचल प्रदेश) क्षेत्र चीनी क्षेत्र है। चीन ने भारत द्वारा अवैध रूप से स्थापित अरुणाचल प्रदेश को कभी मान्यता नहीं दी और वह इसका दृढ़ता से विरोध करता है। हमारी गंभीर चिंताओं के बावजूद, एक भारतीय नेता विवादित क्षेत्र में गए। उन्होंने कहा कि भारत और चीन के बीच लंबे समय से चल रहे सीमा विवाद पर तनाव बढ़ना तय है। उम्मीद है कि भारतीय पक्ष सीमा क्षेत्र पर समस्याएं पैदा नहीं करेगा। दरअसल चीन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया अरुणाचल प्रदेश यात्रा से गहराई से परेशान है। सीमा पर स्थिति स्थिर लेकिन संवेदनशील है। प्रधानमंत्री ने बीते शनिवार को अरुणाचल प्रदेश का दौरा कर हजारों करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने अरुणाचल प्रदेश में 13,000 फुट की ऊंचाई पर स्थित सेला सुरंग राष्ट्र को समर्पित की। यह सुरंग सामरिक महत्व रखने वाले तवांग तक हर मौसम में सड़क संपर्क मुहैया करेगी और इससे सीमांत क्षेत्र में सैनिकों की सुगमता से आवाजाही सुनिश्चित होने की भी उम्मीद है। तवांग तिब्बती बौद्ध का एक प्रमुख केंद्र है। अरुणाचल के ऊपरी हिस्से में ऐसी कई जनजातियां हैं जिनका तिब्बत की जनता से सांस्कृतिक रिश्ता रहा है। मोनपा कबीला तिब्बती बौद्ध धर्म की मान्यताओं पर चलता है। विशेषज्ञों के मुताबिक, चीन को डर है कि इन नस्लीय कबीलों की अरुणाचल में मौजूदगी तिब्बत की आजादी के आंदोलन को तेज कर सकती है और चीन के लिए ये सबसे बड़ा खतरा बन सकती है। तवांग पर चीन की रुचि की एक वजह सामरिक है। ये जगह भारत के उत्तर पूर्वी क्षेत्र में प्रवेश का रास्ता है। तिब्बत-ब्रह्मपुत्र वैली कॉरिडोर में ये एक महत्वपूर्ण बिंदु है।

चीन अपने रुख को जाहिर करने के लिए भारतीय नेताओं के अरुणाचल प्रदेश दौरे पर हमेशा आपत्ति जताता रहा है। भारत ने चीन से निपटने के लिए दोतरफा नीति अपनाई है। इस नीति के तहत एक ओर भारत चीन के साथ आर्थिक संबंधों को बनाए रखने और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर कूटनीतिक सहयोग को बढ़ाने के लिए ब्रिक्स, एससीओ तथा रूस-भारत-चीन त्रिपक्षीय जैसे मंचों से लगातार जुड़ा हुआ है। इसके अलावा भारत ने अपनी सैन्य और निवारक क्षमताओं को बढ़ाने के प्रयासों को नीति के दूसरे पक्ष के रूप में कायम रखा है। वैसे भी चीन अरुणाचल प्रदेश पर अक्सर गलत बयानी करता रहा है। वह अरुणाचल प्रदेश को दक्षिणी तिब्बत का हिस्सा बताता है। इसका भारत ने हमेशा कठोरता से विरोध दर्ज कराया है।

समस्त विकृतियों का कारण तत्वः अहंकार और ममता

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> मनुष्य को प्रकृति ने पांच अद्भुत उपहार दिए हैं, जो अन्य किसी प्राणी को नहीं मिल सके। मनुष्य सीधे तनकर खड़ा हो सकता है। जमीन पर सीधा लेट सकता है। मनुष्य के हाथों में पकड़ने, स्वतंत्रता से घुमाने की क्षमता है। मनुष्य के पास तीक्ष्ण और केन्द्रित की जाने वाली नजर है। मनुष्य के पास तर्क करने या कारण कार्य संबंध को खोजने वाला मस्तिष्क है। मनुष्य के पास वाणी, अभिव्यक्ति और चिंतन के बिंबों की योग्यता है, स्वर है। संस्कृति और विज्ञान का विकास इन उपहारों का ही प्रसाद है। मनुष्य जब सीधा लेटता है, तब आसमान उसकी नजर में होता है। अनंत आकाश! अनंत की कल्पना उसका सहज स्वभाव है।

> जनता का इतिहास केवल द्वंद्व का ही नहीं समायोजन, समन्वय और सामंजस्य का भी है। समायोजन, समन्वय और सामंजस्य न होता तो भारत को राष्ट्र कैसे कहा जाता? राष्ट्र का तात्पर्य है भारत की शत-सहस्र मानव जातियों की एकता।

आप वैज्ञानिक समाजवाद की बात करते हैं या व्यक्तिवाद और पूंजीवाद या बाजारवाद की, आप लोकतंत्र की बात करते हैं या तानाशाही की, आप भ्रष्टाचार की बात करते हैं या आतंकवाद की। यह निश्चित ही है कि उन समस्त विकृतियों का कारण तत्व मनुष्य का अपना ही अहंकार है, ममता है जिसके कारण समाज में अन्याय और अत्याचार, विषमता और भेदभाव होता है। संतों ने ऋषियों ने, कवियों ने, मनीषियों और चिंतकों ने अहंकार और ममता के खोल से बाहर आकर इस कारण तत्व को पहचाना था।

बहुत से पढ़े लिखे लोग हैं, जो प्रायः भारत के सामान्य लोगों पर टीका टिप्पणी करते ही रहते हैं कि ये अंधविश्वासी हल, ये रूढ़िवादी हैं, ये सामंतवादी हैं, ये जातिवर्णवादी हैं, ये पुराणवादी हैं। ये लोकतंत्र के योग्य नहीं हैं, ये असभ्य हैं और न जाने क्या-क्या! हमारे गौरांग प्रभु भी किसी जमाने में ऐसी ही टीका करते रहते थे। एक जमाना था, जब संसार में मनुष्य का वर्गीकरण प्रजाति के आधार पर होता था। नेतृत्वशास्त्री मानव शरीर के विभिन्न अवयवों खोपड़ी-नाक, जबड़े, लंबें-ठिगने, काले-गोरे के भेद करते हुए उनका वर्गीकरण करते थे। हिटलर ने तो कह दिया था कि छोटी खोपड़ी वाले लोग पूरे आदमी नहीं हैं और वे शासित होने के लिए ही पैदा हुए हैं। लाखों लोगों को मृत्यु के मुंह में धकेलने के पीछे यही तर्क था। भारत को उपनिवेश बनाए रखने में गौरांगप्रभु इसी तर्क का आयुध लेकर खड़े थे कि हम इनको सभ्य बना रहे हैं, लेकिन मानवशास्त्री जैसे-जैसे मनुष्य के अध्ययन की दिशा में आगे बढ़े, लोक विज्ञान की शाखाओं का विस्तार हुआ।

जेम्स फ्रेजर, वेस्टर मार्क और दूसरे दूसरे मनीषियों ने विभिन्न देशों में मनुष्य व्यवहार का प्रत्यक्ष अध्ययन किया। उन्होंने प्रत्यक्ष प्रमाण देकर जो स्थापना कीं, वे सर्वमान्य हुईं और कहा कि आखिरकार मनुष्य एक ही प्रजाति है। उनकी स्थापना थी कि मनुष्य चित्त सर्वत्र एक है। इसके आगे मनोविज्ञान बढ़ा उसने इस तथ्य की पुष्टि के साथ मन की गतियों का भी विवेचन किया। यह बात जरूर है कि परिवेश भिन्न होगा तब मन की गति भी भिन्न होगी। इन्होंने और आगे बढ़कर समष्टि मन का भी सिद्धांत दिया। सच्चाई यह कि विश्व के अन्य देशों की तरह भारत का मनुष्य भी मनुष्य ही है, जो प्राकृतिक, राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक परिवेश है, वह अवश्य भिन्न है। हम अपने समष्टिजीवन को नहीं देख रहे, विकसित देशों को देख रहे हैं जिनके पास प्राकृतिक संपदा और भूमि अधिक है और जनसंख्या बहुत कम। इसलिए यह बात बिल्कुल मिथ्या है कि वे कुछ अधिक मनुष्य हैं और भारतीय कुछ कम मनुष्य हैं, फिर भी यदि कोई ऐसा मानता है तो यह उसकी शिक्षा-दीक्षा का दोष है।

जनता का इतिहास केवल द्वंद्व का ही नहीं समायोजन, समन्वय और सामंजस्य का भी है। समायोजन, समन्वय और सामंजस्य न होता तो भारत को राष्ट्र कैसे कहा जाता? राष्ट्र का तात्पर्य है भारत की शत-सहस्र मानव-जातियों की एकता। समान सामूहिक-स्मृतियां, समान-आनुवंशिकता, सहिष्णुता, सह-अस्तित्व। एक साथ जिंदा रहना और इतिहास के उतार-चढ़ाव में समान अनुभूतियों से गुजरना। हितों का संघर्ष बार-बार हुआ है, बार-बार होता रहेगा, किंतु समायोजन संघर्ष से बड़ा सत्य है। समस्त इतिहास गवाही दे रहा है, आदमी और आदमी का संबंध अनंतानंत भौतिक-मनोवैज्ञानिक प्रक्रियाओं का परिणाम है। भारत की धरती के कण-कण से, एक-एक पोखर-तालाब, नदी, सरोवर, पहाड़ से इस धरती के जन का जो तादात्म्य है, वह किसी कानून के भय ने पैदा नहीं किया। वह लोक जीवन की उस अनादि परंपरा का संविधान है जिसमें राजा-प्रजा एक घाट पर नहाते रहे हैं। कोई लोक को आधार बना सके, सामंजस्य-भाव को खोज सके, समष्टि चेतना को खोज सके। क्या यहां युद्ध ही होते रहे? क्या सत्ता का ही इतिहास होता है? आम आदमी के जीवन का निरंतर प्रवाह नहीं होता? क्या भलमनसाहत नहीं होती? क्या सर्वजनहित नहीं होता? क्या आप सर्वजन, समष्टिजन, सामान्यजन का इतिहास नहीं लिख सकते?

जनता के मुद्दे अलग होते हैं, सत्ता के मुद्दे अलग होते हैं। वे परस्पर विरोधी भी होते हैं। घोड़ा घास की कैसी यारी? जनता की एकता को खंडित करने के लिए सत्ता दूसरे मुद्दों को खड़ा करती है। इसके लिए मिथ्या सिद्धांतों के स्टेच्यू खड़े किए जाते हैं। ठीक उसी प्रकार जैसे अदालत में अपराधी का वकील तर्क से भ्रमित करने का प्रयास करता है। ठीक उसी प्रकार जैसे बहुत सी कंपनियां ग्राहकों को भ्रमित करती हैं और ढाई सौ रुपये में बढ़िया मोबाइल बांटती हैं या ठीक उसी प्रकार जैसे वे सिद्ध लोग हैं-कोटि-कोटि प्रणाम बाबा और कृपा आनी शुरू कर देते हैं, उसी प्रकार के मिथ्या सिद्धांत सामान्यजन के बीच भ्रमित करने का काम करते हैं। ये भ्रम बहुत समय तक बने रहते हैं। इस समय चारों ओर भ्रम के धुएं का अंधकार है, मिथ्यासिद्धांतों के स्टेच्यू खड़े किए जा चुके हैं। धुएं के किले। धुआं का धौरहर। अहंकार का आवेश होता है, मद होता है तब मनुष्य समझने लगता है कि मैं ही कर्ता और भोक्ता हूं। मैं ही ईश्वर हूं। अहं का देहेन्द्रिय तक सीमित रहने वाला यह रूप कितना मिथ्या है? क्षुद्र अहं! लेकिन अहं का एक रूप वह भी है, जब सीमा टूट जाती हैं, अहं पिघल जाता है और विराट बन जाता है। बिंदु में सिंधु समान को कासों अचरज कहे? फूटा कुंभ जल जलहि समाना। अद्वैतभाव!

आस्तिकता और नास्तिकता का सवाल आज का नहीं है, हजारों हजारों साल पुराना है। आस्तिकता और नास्तिकता दो जीवन शैलियों के नाम हैं। मैं अपने को आस्तिक कहूं या नास्तिक जो भी कहूं इससे क्या अंतर पड़ता है? असली बात आचरण-व्यवहार की है, समष्टिहित की है। यदि मेरा आचरण-व्यवहार स्वार्थमय है, यदि मन में वही मोह-छोह और क्षुद्रवासनाएं हैं तो इससे अंतर ही क्या पड़ता है कि मैं अपने को आस्तिक कहता हूं अथवा नास्तिक कहता हूं? यह प्रश्न निरर्थक है कि आप ईश्वर को मानते हैं या नहीं मानते हैं। महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि आप समष्टि के लिए जी रहे हैं या अपने स्वार्थ के लिए ही सब कुछ किया है? आपने समष्टिहित की जिम्मेदारी के पद पर आकर भी अपने स्वार्थ की साधना ही की है या समष्टिहित का साधन किया है? आपने रोटी अकेले ही खाई है या दूसरों को बांट करके खाई है? यही धर्म है और विज्ञान भी यही है।

मनुष्य को प्रकृति ने पांच अद्भुत उपहार दिए हैं, जो अन्य किसी प्राणी को नहीं मिल सके। मनुष्य सीधे तन कर खड़ा हो सकता है। जमीन पर सीधा लेट सकता है। मनुष्य के हाथों में पकड़ने, स्वतंत्रता से घुमाने की क्षमता है। मनुष्य के पास तीक्ष्ण और केन्द्रित की जाने वाली नजर है। मनुष्य के पास तर्क करने या कारण कार्य संबंध को खोजने वाला मस्तिष्क है। मनुष्य के पास वाणी, अभिव्यक्ति और चिन्तन के विंबों की योग्यता है, स्वर है। संस्कृति और विज्ञान का विकास इन उपहारों का ही प्रसाद है। मनुष्य जब सीधा लेटता है, तब आसमान उसकी नजर में होता है। अनंत आकाश! अनन्त की कल्पना उसका सहज स्वभाव है।

प्रसंगवश

चुनाव आयुक्त का इस्तीफा

चुनाव आयुक्त अरुण गोयल ने अचानक इस्तीफा दे दिया। उनका कार्यकाल 2027 तक था और बीच की अवधि में ही वे मुख्य चुनाव आयुक्त भी हो जाते। इतने बड़े आकर्षण को त्यागना आज के भौतिकता प्रधान युग में जितना विरल है, उतना ही चकित करने वाला भी।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

ऐसे में बुद्धिजीवी और कलम के योद्धा टूट पड़े इसके निहितार्थ निकालने में। अब सामने जो वजह बताई गई है कि वैयक्तिक कारणों से ऐसा किया, तो यह तो औपचारिक मात्र है। असलियत कुछ और है और वह कुछ समय बाद ही साफ हो पाएगी। प्रथम सोच यह उभर रही है कि ये तो सत्तादल भाजपा की च्वाइस थे। केंद्र के भारी उद्योग मंत्रालय के सचिव थे। अल्प समय सेवा निवृत्ति का बाकी था कि स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति ले ली। आनन-फानन में वह तो मंजूर हुआ ही, अगले ही दिन चुनाव आयुक्त भी बना दिए गए।

लंबे अंतराल से खाली पड़े पद पर इतनी जल्दी यह नियुक्ति हुई थी कि सुप्रीम कोर्ट तक ने तल्ख टिप्पणी की थी। अब जब यह निश्चित रूप से भाजपा के 'आदमी' थे तो कहीं ऐसा तो नहीं कि आसन्न लोकसभाई चुनावों में यह दल जैसी मनमानी चाह रहा हो, वैसी करने के लिए इनकी अंतरात्मा न गंवारा कर रही हो। अतः त्यागपत्र दे दिया। हालांकि इस समय मोदी-शाह की शक्तिशाली धुरी से पंगा लेने का साहस बड़ों-बड़ों में नहीं दिख रहा, तब एक नौकरशाह की क्या बिसात!

दूसरी ओर मस्तिष्क इस दिशा में भी जा रहा है कि भाजपा के लिए अब तक पर्याप्त लाभ पहुंचा चुके हों, उसका प्रतिफल देय हो, जो कहीं से टिकट या अन्य लाभ का पैकेज देकर अदा किया जाना हो। रही बात इनके द्वारा रिक्त किए गए पद की पूर्ति की तो उसमें भाजपा अपना आदमी दो चार दिन में बिठा ही देगी, नियम ही ऐसे हैं। एक तीसरी सोच यह भी है जिसकी उम्मीद कम ही है कि विपक्ष से कोई आफर हो। ये पंजाब से हैं और वहां आम आदमी पार्टी की सरकार है। भाजपा की पोजीशन पतली है। कांग्रेस व 'आप' मिलकर किसी गेम के तहत इन्हें फोड़ रहे हों। चंडीगढ़ मेयर का चुनाव दोनों मिलकर लड़े और जीत चुके हैं। खैर! यह दिमागी कसरत किंवा वाणी का विलास चंदरोज का ही है।

मायावती का अकेले चुनाव लड़ना

बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने फिर एक बार आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर घोषणा की है कि बहुजन समाज पार्टी अकेले लोकसभा चुनाव लड़ेगी। 2024 के आम चुनाव में राजनीतिक लिहाज से उत्तर प्रदेश जैसे अहम राज्य में हर राजनीतिक दल अधिक से अधिक सीटें हासिल करना चाहता है। इसलिए एनडीए और इंडिया गठबंधन में छोटे-बड़े दल शामिल होकर अपना राजनीतिक कद और हैसियत बढ़ाना चाहते हैं। ऐसे में मायावती का किसी गठबंधन का हिस्सा न बनना कई प्रश्न खड़े करता है।

डॉ. आशीष वशिष्ठ
लखनऊ

> मायावती तीन बार भाजपा के सहयोग से यूपी की मुख्यमंत्री भी बन चुकी हैं। बसपा ने पिछला लोस चुनाव समाजवादी पार्टी के साथ मिल कर लड़ा था।

प्रश्न यह है कि क्या अकेले चुनाव लड़कर मायावती एनडीए और इंडिया गठबंधन को चुनौती दे पाएगी? क्या मायावती को भरोसा है कि उनका कोर वोट बैंक पूरी तरह उनका साथ देगा? क्या मायावती को लगता है कि त्रिकोणीय मुकाबले में बसपा हावी रहेगी? क्या मायावती को इस बात का भरोसा है कि इंडिया गठबंधन की बजाय मुस्लिम मतदाता उनके साथ मजबूती से खड़े होंगे? क्या मायावती चुनाव नतीजों के हिसाब से रणनीति का खुलासा करेगी? क्या मायावती एकला चलो की राह पर हैं या फिर वो जिस तरह से खामोश हैं उसके पीछे कोई बड़ा प्लान है?

मायावती तीन बार भाजपा के सहयोग से यूपी की मुख्यमंत्री भी बन चुकी हैं। बसपा ने पिछला लोकसभा चुनाव समाजवादी पार्टी के साथ मिल कर लड़ा था, लेकिन सपा की सहायता से शून्य से 10 सीट पर पहुंचने के बाद ही उन्होंने तालमेल समाप्त कर दिया था। इसमें कोई दो राय नहीं है कि बसपा का वोट बैंक भी खिसक रहा है। बसपा सुप्रीमो भले ही ये कहें कि गठबंधन से उनकी पार्टी को नुकसान होता है, लेकिन सच्चाई तो ये है कि पिछले लोकसभा चुनाव में गठबंधन का सबसे ज्यादा लाभ बसपा को ही हुआ था। बसपा की स्थिति साल 2014 से बदलती चली गई। बीस सांसदों वाली बसपा को इस चुनाव में एक भी सीट हासिल नहीं हो पाई और उसका मत प्रतिशत भी गिरकर 19.77 प्रतिशत पर आ गया। एक वो समय था जब बसपा चुनाव से काफी समय पहले ही उम्मीदवार घोषित कर देती थी। सबसे पहले संभवतः बसपा ने ही चुनाव से महीनों पहले उम्मीदवार घोषित करने शुरू किए थे।

पिछले एक दशक में मायावती के कई भरोसेमंद सिपहसालार दूसरी पार्टियों में शामिल होते चले गए। बीते चुनाव में जीते10 सांसद भी नई सियासी संभावनाएं तलाश रहे हैं। इसमें अंबेडकर नगर से सांसद रितेश पांडे बीजेपी में शामिल हो चुके हैं। उन्हें बीजेपी ने टिकट भी दे दिया है। वहीं गाजीपुर सांसद अफजाल अंसारी को सपा उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। वहीं, अमरोहा से दानिश अली अब कांग्रेस के खेमे में हैं। जौनपुर से सांसद श्याम सिंह यादव भी कांग्रेस की ओर कदम बढ़ा चुके हैं। बिजनौर से सांसद मलूक नागर, लालगंज लोकसभा सीट से सांसद संगीता आजाद के भी पाला बदलने के कयास लगाए जा रहे हैं। यूपी समेत देश के अन्य राज्यों में बीएसपी का सियासी ग्राफ चुनाव दर चुनाव गिरता ही जा रहा है। पिछले वर्ष विधानसभा चुनावों में आकाश आनंद छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश और तेलंगाना में पार्टी का चुनावी अभियान संभाल रहे थे, जहां पार्टी ने पिछले चुनाव की तुलना में काफी खराब प्रदर्शन किया है। राजस्थान छोड़कर किसी भी राज्य में बसपा का खाता तक नहीं खुला और वोट फीसदी में भी गिरावट आई। बसपा अब उत्तर प्रदेश और बाहर के राज्यों में हर जगह कमजोर दिखाई दे रही है।

मध्य प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, दिल्ली समेत उत्तर भारत के राज्यों में पार्टी संगठन लचर हाल में है। पार्टी अपने कोर दलित वोटरों को भी एकजुट करने में सफल नहीं हो पाई है। सत्ता से बाहर होने के बाद मायावती से दलितों का मोहभंग लगातार होता जा रहा है। वास्तव में कांशीराम ने बसपा का जो सियासी समीकरण बनाया था, वो गड़बड़ा चुका था और दलितों के बीच चंद्रशेखर आजाद नई लीडरशिप के रूप में खुद को खड़े कर रहे हैं। इस तरह से बीएसपी सियासी चक्रव्यूह में घिरी हुई है, जहां एक तरफ बीजेपी गैर-जाटव वोटों को अपने पाले में ले चुकी है तो जाटव वोट को चंद्रशेखर अपने साथ जोड़ने में लगे हैं। दलित राजनीति का चेहरा माने जाने वाली मायावती की चमक अब पहले जैसी नहीं रही है।

चुनाव सिर पर हैं, बावजूद इसके बसपा के खेमे में कोई खास हलचल दिखाई नहीं देती। मायावती और बसपा के नेता ने अभी तक कोई चुनावी रैली भी नहीं की है। 2024 के आम चुनाव में बसपा का वोट प्रतिशत और सांसदों की संख्या नहीं बढ़ती है तो पार्टी के लिए सियासी राह मुश्किल हो जाएगी। 2014 में अकेले लड़ने का खामियाजा बसपा भुगत चुकी है। सही मायनो में बसपा के लिए चुनाव का रास्ता मुश्किलों से भरा है। उत्तर प्रदेश की सत्ता पर चार बार काबिज होने वाली मायावती का अकेले चुनाव लड़ने का निर्णय उनके लिए घातक सिद्ध हो सकता है।

सोशल फोरम

वास्तविक जनसेवक

प्रत्याशी या पार्टी? कौन वरेण्य? मोदी मंत्र ने राजनीति के इस अजमंजस को दूर कर दिया। मोदी ने भाजपा की ऐसी प्राण प्रतिष्ठा की कि विगत के दोनों सामान्य निर्वाचनों में कितने ही अनसुने, ऐरा गैरा नत्थू खैरा चुनावी वैतरणी पार कर गए। मोदी नाम केवलम्। कमोबेश यही ट्रेंड आसन्न सामान्य लोकसभा निर्वाचन में भी चलेगा।

डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

हालांकि भारत निर्वाचन आयोग अपनी ओर से कोई कसर छोड़ नहीं रहा है कि चुनावी मैदान में उतरने वाला प्रत्याशी सही मायने में जन प्रतिनिधित्व के योग्य हों, साफ स्वच्छ छवि का हो। इसलिए प्रत्याशी की ओर से इस तरह का एक विस्तृत ब्यौरा नामांकन करते वक्त अनिवार्य कर दिया गया है जिसमें उसकी संपत्ति के लेखे जोखे के साथ उसके आपराधिक अतीत का भी स्पष्ट विवरण हो। जनता को यह जानने का पूरा हक है कि जिसे वह चुनने जा रहा है वह समग्रता में कैसा हो।

मगर मोदी मैजिक के चलते भाजपा का टिकट मिल जाना जीत की गारंटी मान लिया गया है। कैंडीडेट कैसा हो कोई फर्क नहीं पड़ने वाला। चाहे वह थोपा हुआ आसमानी कैंडीडेट हो या फिर जनता के बीच कभी भी गया तक न हो। उसकी लोकगम्यता शून्य हो। यह विचारणीय है कि क्या यह एक स्वस्थ लोकतंत्र के लिए उचित है?

मैंने इस मुद्दे पर काफी सोचा विचारा है और मेरा तो निष्कर्ष यही है कि किसी भी पार्टी की लहर के बजाय एक प्रबुद्ध मतदाता को सही प्रत्याशी का चयन करना चाहिए। यदि प्रत्याशी ठीक नहीं है, आरोपित है तो केवल इसलिए कि वह अमुक पार्टी का है, आंख मूद कर मतदान नहीं करना चाहिए। आखिर विवेक नाम की भी कोई चीज होती है। अंधी भीड़ का लोकतंत्र हमें शनैः शनैः अंधकार की ओर ही ले जाएगा।

एक सही प्रत्याशी, आपका अपना प्रतिनिधि हमेशा आपके सानिध्य में रहेगा। पार्टी नहीं वास्तविक जनसेवक तो वही है। मुझे लगता है कि भाजपा ने इस बार जहां-जहां भी आसमानी प्रत्याशी उतारे हैं वहां उनकी जीत संदिग्ध रहेगी। भले ही ज्यादातर ऐसे प्रत्याशी विगत लोकसभा चुनावों में विजयी होते रहे हैं। माना कि माहौल राममय भाजपा के पक्ष में है, किंतु मतदान की तारीख आते-आते फिजा बदलेगी। सही प्रत्याशी का चयन ही जीत दिलाएगा।

-फेसबुक वॉल से

धर्म, संस्कृति और समाजशास्त्र की चिंताएं

आज का सामाजिक-राजनीतिक परिवेश इतनी परतों में विभाजित हो गया है कि धर्म और संस्कृति जैसे संवेदनशील विषयों पर कुछ लिखना या कहना किसी जोखिम से कम नहीं लगता। चाहे जितनी युक्तिसंगत सहजता से टिप्पणी की जाए, किसी भी कोने से आवाज उठ सकती है कि उसके जरिए उनकी भावना को ठेस लग गई है। इस ठेस लगने की बुनियाद की परख के लिए कोई कसौटी कभी कहीं नहीं मिलती।



विद्याभूषण
रांची

> आखिर यह संस्कृति क्या बला है! एक ही सांस्कृतिक क्षेत्र में कई अलग-अलग धर्म-संप्रदाय के नागरिक भी मिलजुल कर रह सकते हैं। ऐसे दृष्टांत पूरी दुनिया में सहज सुलभ हैं।

मध्यकाल में कबीर की साखी और उलटबांसियों को रोशनदान का रुतबा बेशक हासिल था। वक्त के मौजूदा सफर में कबीर अगर आज चलते-फिरते दिखाई पड़ते तो किसी चौराहे पर सरे राह लुटे-पिटे भी जरूर नजर आते। याद करें तो पंजाबी कवि अवतार सिंह पाश उग्रवादी हिंसा के शिकार हुए। अभिव्यक्ति की आजादी का कोरस गाते हुए राजनीतिक-सामाजिक विसंगतियों को 'तीसरी आंख' से देखने वाले व्यंग्यकार किट्टू आज की तारीख में सही-सलामत मिल जाते, यह नामुमकिन सी बात है। इसी तरह लगता है कि समाज को बेबाक अंदाज में आईना दिखाने वाले हरिशंकर परसाई इस दौर में अदालत के कटघरे में हाजिरी लगाते हुए या जेल की सलाखों के पीछे मुश्किलों से घिरे हुए होते। पिछले दिनों कवि वरवर राव की दुर्दशा के हम सब गवाह रहे हैं। सच है कि आज सत्ता और खेमों में बंटा हुआ अपना समाज, दोनों नागरिकों की असहमति को दुश्मनी का दर्जा देने में जुटे हैं। ऐसे ही मौसम में कवि मुक्तिबोध की सलाह पर अमल करना जरूरी लगता है, यानी अभिव्यक्ति के खतरे उठाने होंगे।

सबके लिए यह जरूरी नहीं कि मार्क्स की इस तजवीज से सहमत हुआ जाए कि धर्म अफीम है। पूरी दुनिया में सियासी हलचलों का जायजा लिया जाए तो मानना पड़ेगा कि धर्म श्रद्धा-भक्ति और उपासना पद्धतियों का समन्वय है, लेकिन उसके समान्तर वह एक आणविक ऊर्जा भी है, सृजन और संहार दोनों की क्षमता से लैस। कभी वह समुदायों को जोड़ता है तो कहीं समाज को विभाजित भी करता है। रावण और महिषासुर कहीं दंड के पात्र हैं तो कुछ समुदायों के बीच सम्मानीय चरित्र भी हैं। यहां धर्म और धार्मिक रीति-रिवाज यानी कर्मकांड के बीच अगर कोई विभाजक रेखा नहीं खींची जाए तो उसके मूल अर्थ का दिशांतर हो सकता है। धर्म व्यक्ति के मन की आस्था और विश्वास की धरोहर है जबकि धार्मिक विधि-विधान परंपरा का अनुगमन। यह परंपरा समय की सहयात्री है और देशकाल के परिप्रेक्ष्य में अपना आकार-प्रकार बदलती रहती है।

आखिर यह संस्कृति क्या बला है! एक ही सांस्कृतिक क्षेत्र में कई अलग-अलग धर्म-संप्रदाय के नागरिक भी मिलजुल कर रह सकते हैं। ऐसे दृष्टांत पूरी दुनिया में सहज सुलभ हैं। पिछली दो सदियों में संस्कृति के संबंध में कई नई परिभाषाएं और अवधारणाएं विकसित हुई हैं। सबसे क्रांतिकारी अभिमत यह है कि संस्कृति मनुष्य का सृजन है और मनुष्य संस्कृति निर्माता प्राणी है। अपने देश में नीतिशास्त्र की तर्ज का सांस्कृतिक विवेचन अपने किताबी एप्रोच के चलते सामयिक जीवन और समाज से जुड़ नहीं पाया। प्राचीन और मध्यकालीन इतिहास के जिन मूल्यों को दृष्टांत की तरह प्रस्तुत करते हुए श्रेष्ठ और आदर्श बताया जाता है, उनसे हमारे समाज के एक बेहद छोटे, किंतु विशेषाधिकार प्राप्त सुविधाभोगी वर्ग की अपेक्षाएं तो पूरी हो जाती हैं, लेकिन बहुसंख्यक नागरिकों के सवालों का कोई सटीक जवाब नहीं मिलता है। सच तो यह है कि संस्कृति की चिंता के नुमाइशी तेवर की कलई बार-बार खुल जाती है और उसके पीछे संसाधनों पर वर्चस्व पाने की हठधर्मिता उजागर होती है।

एकेडमिक विमर्श के परिदृश्य पर एक नजर डाल लीजिए तो फिर अलग से बहस करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। एक तरफ विचार मंचों पर अध्यात्म और निवृत्तिमार्गी भारतीय संस्कृति का अभिनंदन और दूसरी तरफ वास्तविक जीवन में घटिया उपभोक्तावादी तालमेल। सत्ता के गलियारे में चलते हुए मूल्य और आस्था का संकट करने वाली राजनीति की जयकार आज की तारीख में खुली आंख से रोज दिखने वाली चीज है। राष्ट्रीय चरित्र का यह दोहरापन मूल्य और आस्था का संकट तो खड़ा करता ही है, यह सोचने पर मजबूर भी करता है कि आज हम सब सांस कहां ले रहे हैं-परलोकवाद में, लोकवाद में या महज सुविधावाद में?

निस्संदेह अपने महान इतिहास के प्रेरक प्रसंगों को, एक राष्ट्र के रूप में हजारों वर्ष के अनुभवों को, समृद्ध और वैविध्यपूर्ण सांस्कृतिक विरासत को पुरातत्व के संग्रहालय की वस्तु मान लेना नासमझी है। उतनी ही बड़ी नासमझी इस बात में भी है कि हम अपने वर्तमान की तमाम चुनौतियों का हल अतीत के दर्पण में पाने का प्रचार करते रहें। संस्कृति का समाजशास्त्र आज यही संदेश दे रहा है।

सुप्रीम कोर्ट की तीखी टिप्पणी

जिम कार्बेट पार्क के जंगलों में पेड़ों के कटान और अतिक्रमण कर बनाई जा रही इमारतों पर उच्चतम न्यायालय की तीखी टिप्पणी आई है, जो जल, जंगल और जमीन को बचाने के लिए प्रेरित करेगी। बरेली में पेड़ों की कटान और पर्यावरण को लेकर काम करने वाले डा. प्रदीप जागर ने कुछ वर्ष पूर्व चिपको आंदोलन के नाम से ग्रुप बना कर कुछ कार्यक्रम आयोजित किए। हमने मिनी बाईपास पर बन रहे बस अड्डे पर लगे हजारों पेड़ों के कटान का खासा विरोध किया। यही नहीं शहर में अपेक्षा से काफी कम वृक्षों की संख्या पर चिंता भी दर्शायी थी।

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

नगर आयुक्त, जिलाधिकारी और मंडलायुक्त तक ज्ञापन देकर उनको चिंता से अवगत भी कराया। किंतु शहर में कोई बड़ा आंदोलन खड़ा न हो सकने से वृक्षों के कटान में कोई कमी नहीं आई विकास की दुहाई देकर जगह-जगह हरे वृक्षों का कटान होते देख जी भर आता था। हाल ही में की गई सुप्रीम कोर्ट की इस टिप्पणी से खुशी मिली है। जस्टिस बीआर गवाई, जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्र और जस्टिस संदीप मेहता ने कहा कि तत्कालीन वन मंत्री और डीएफओ ने कानून की घोर अवहेलना की है। पीठ ने आगे कहा है कि ये लोग व्यावसायिक उद्देश्यों और पर्यटन को बढ़ावा देने के बहाने बड़े पैमाने पर पेड़ों की अवैध कटाई में शामिल रहे हैं। पीठ ने यह भी कहा कि वैधानिक प्रावधानों को पूरी तरह ताक पर रख देने और खुद को कानून मान लेना का दुस्साहस आश्चर्य चकित करने वाला है। पीठ ने कहा कि यह मामला राजनेता और नौकरशाहों की मिली भगत का उदाहरण है।

प्रसंगवश बरेली शहर में वृक्षों की कटान होने से वृक्षों की संख्या निरंतर कम होती जा रही है और हरियाली खत्म होती दिख रही है। क्या हमारे वन मंत्री शहर हित और जन हित में कुछ विचार करेंगे। इत्तेफाक से वन मंत्री हमारे शहर से ही है, जहां वन क्षेत्र केवल .01 प्रतिशत ही है।

एक नजर

सुप्रीम कोर्ट ने पलटा हाईकोर्ट का फैसला आजीवन कारावास काट रहा कैदी रिहा

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को विवाह समारोहों में जश्न मनाते हुए गोलीबारी किए जाने के मामलों को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया और कहा कि इनके अक्सर विनाशकारी परिणाम होते हैं। अदालत ने एक मामले में फैसला सुनाते हुए यह टिप्पणी की, जिसमें उसने 2016 में एक विवाह समारोह के दौरान गोलीबारी में एक अन्य व्यक्ति की हत्या के आरोपी की सजा रद्द कर दी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा, विवाह समारोहों के दौरान हर्ष फायरिंग करना हमारे देश में एक दुर्भाग्यपूर्ण लेकिन प्रचलित प्रथा है। वर्तमान मामला इस तरह की अनियंत्रित व अनुचित हर्ष फायरिंग के विनाशकारी परिणामों का प्रत्यक्ष उदाहरण है। पीठ ने निचली अदालत और इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा शाहिद अली को दी गई आजीवन कारावास की सजा को पलट दिया। हालांकि, शीर्ष अदालत ने उसे आईपीसी की धारा 304 भाग 2 (गैर इरादतन हत्या) के तहत दोषी ठहराया। वह पहले ही आठ साल जेल में काट चुका है, लिहाजा उसे रिहा कर दिया गया। अभियोजन पक्ष के अनुसार, 17 मार्च, 2016 को उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में अली के हर्ष फायरिंग करने से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी, जिसके बाद गुलाब अली नामक व्यक्ति ने जसराना थाने में शाहिद अली के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

दिल्ली दंगेः शरजील इमाम ने उच्च न्यायालय से किया जमानत का आग्रह

नई दिल्ली। छात्र कार्यकर्ता शरजील इमाम ने सोमवार को दिल्ली उच्च न्यायालय से 2020 में यहां हुए सांप्रदायिक दंगों के पीछे की कथित बड़ी साजिश से जुड़े गैर कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) मामले में जमानत देने का आग्रह किया। उनके वकील ने उनके कथित भड़काऊ भाषणों के बारे में अदालत को बताया और तर्क दिया कि उन्होंने किसी भी तरह की हिंसा का आह्वान नहीं किया था क्योंकि व्यवधान डालने का उनका तरीका 'पूरी तरह से गांधीवादी' था। उत्तर पूर्वी दिल्ली में फरवरी 2020 में हुए दंगों के कथित 'मास्टरमाइंड' होने के चलते इमाम, 'यूनाइटेड अगेंस्ट हेट' के संस्थापक खालिद सैफी और कार्यकर्ता उमर खालिद सहित कई अन्य लोगों के खिलाफ आतंकवाद विरोधी कानून यूएपीए और भारतीय दंड संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया है। इन दंगों में 53 लोग मारे गए थे और 700 से अधिक घायल हुए थे। नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान यह हिंसा भड़की थी।

मार्च में ही 31.4 डिग्री सेल्सियस हुआ दिल्ली का अधिकतम तापमान

नई दिल्ली। दिल्ली का अधिकतम तापमान सोमवार को बढ़कर 31.4 डिग्री सेल्सियस हो गया, जो इस साल मार्च में अब तक का सबसे अधिक तापमान है। यह जानकारी भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दी। स्थानीय मौसम कार्यालय के वैज्ञानिक और प्रमुख कुलदीप श्रीवास्तव ने कहा कि मंगलवार को तापमान समान रहने के आसार हैं, लेकिन हल्की बारिश और बादल छाए रहने की संभावना के कारण बुधवार को इसमें कमी आ सकती है। आईएमडी के आंकड़ों के मुताबिक, सोमवार का अधिकतम तापमान मौसम के सामान्य से तीन डिग्री अधिक था। रविवार को राष्ट्रीय राजधानी में अधिकतम तापमान 28.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम कार्यालय ने मंगलवार को मुख्य रूप से आसमान साफ रहने का अनुमान जताया है और न्यूनतम और अधिकतम तापमान क्रमशः 13 और 32 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है।

रिपोर्ट से होगा तय, मुकदमा असम में या मणिपुर में

सुप्रीम कोर्ट बोला- मणिपुर हिंसा पर राज्य सरकार, सीबीआई और एनआईए दे स्थिति की रिपोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को मणिपुर सरकार, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और राष्ट्रीय अन्वेषण ब्यूरो (एनआईए) से जातीय हिंसा के मामलों की जांच की स्थिति और दायर आरोपपत्रों पर विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया, ताकि यह निर्णय लेने में मदद मिल सके कि मुकदमा असम में चलाया जाए या मणिपुर में।

शीर्ष अदालत ने यह स्पष्ट कर दिया कि वह पिछले दो महीनों में एक जिलाधिकारी के निवास पर हमले, हिंसक घटनाओं, सशस्त्र विरोध प्रदर्शनों, राजमार्गों को अवरुद्ध करने और हमले के मद्देनजर मणिपुर में कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए राज्य सरकार और कानून लागू करने वाली एजेंसियों को निर्देश जारी नहीं कर सकती है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा, ये ऐसे मामले हैं, जहां यह अदालत निर्देश नहीं दे सकती। हम नागरिक संस्थाओं को कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए निर्देश जारी नहीं कर सकते...कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए राज्य सरकार है।

अदालत ने राज्य सरकार और जांच एजेंसियों की ओर से पेश अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी से राज्य में हिंसा की घटनाओं पर न्यायमूर्ति गीता मित्तल समिति की रिपोर्ट पर निर्देश लेने को कहा। न्यायमूर्ति मित्तल की अध्यक्षता में शीर्ष अदालत द्वारा नियुक्त तीन-न्यायाधीशों की समिति चाहती थी कि शीर्ष अदालत हिंसा की हालिया घटनाओं के बाद कुछ आदेश पारित करे। अदालत ने समिति की ओर से पेश वकील से इस मुद्दे पर निर्देश लेने के लिए अटॉर्नी जनरल को रिपोर्ट की एक प्रति उपलब्ध कराने को कहा।

शीर्ष अदालत ने जांच की निगरानी के लिए गुवाहाटी के एक विशेष न्यायाधीश से प्राप्त पत्र का हवाला दिया, जिन्हें मणिपुर में हिंसा के मामले स्थानांतरित किए थे। निचली अदालत के न्यायाधीश इस बारे में स्पष्टीकरण चाहते थे कि क्या वह 25 अगस्त, 2023 को जारी शीर्ष अदालत के निर्देशों के अनुपालन में मणिपुर से गुवाहाटी स्थानांतरित किए गए मामलों में मुकदमे को आगे बढ़ा सकते हैं।

पीठ ने कहा, जांच के संबंध में मणिपुर सरकार, एनआईए और सीबीआई द्वारा अद्यतन स्थिति रिपोर्ट दाखिल की जाएगी। स्थिति रिपोर्ट में दायर आरोपपत्र और अन्य मामलों में जांच के चरण का संकेत होना चाहिए। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि वह इस पर फैसला करेंगे कि मुकदमा असम में चलना चाहिए या मणिपुर में।

हिंसा प्रभावित 3,483 किसानों को मिलेगा मुआवजाः सिंह

इम्फाल। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने सोमवार को कहा कि राज्य में हिंसा प्रभावित 3,483 किसानों का चयन 'क्षतिपूर्ति फसल पैकेज के प्रथम चरण' के लिए किया गया है। सिंह ने कार्यक्रम की शुरूआत करने के दौरान कहा, उपायुक्तों द्वारा सत्यापन किये जाने के बाद कुल 3,483 (किसानों) का चयन किया गया है। अन्य 2,399 किसानों के साथ 'आधार' सत्यापन और बैंक खातों सहित दस्तावेज से जुड़ी समस्याएं हैं और उनका फिर से सत्यापन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र ने प्रभावित किसानों के लिए 38.60 करोड़ रुपये भी आवंटित किये हैं, जिनमें से 18.37 करोड़ रुपये प्रथम चरण के लिए जारी किये गए हैं। उन्होंने कहा कि चूराचांदपुर जिले में 1,137 प्रभावित किसान हैं जिसके बाद बिष्णुपुर (1,031), इम्फाल पूर्व (360) और कांगपोकपी (272) का स्थान है।

मुंबई-अहमदाबाद वंदे भारत को आज मिलेगी हरी झंडी

मुंबई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को अहमदाबाद-मुंबई सेंट्रल के व्यस्त मार्ग पर दूसरी वंदे भारत एक्सप्रेस को मंगलवार को हरी झंडी दिखाएंगे। पश्चिम रेलवे (डब्ल्यूआर) ने सोमवार को बयान में कहा कि मोदी सुबह नौ बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अहमदाबाद-मुंबई सेंट्रल सुपरफास्ट ट्रेन के उद्घाटन के साथ-साथ अहमदाबाद-जामनगर वंदे भारत एक्सप्रेस के ओखा तक विस्तार को हरी झंडी दिखाएंगे। अधिकारियों ने कहा कि अहमदाबाद-मुंबई सेंट्रल वंदे भारत एक्सप्रेस की बुकिंग यात्री आरक्षण प्रणाली काउंटर और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर उसी दिन शुरू होगी और नियमित सेवाएं 13 मार्च से शुरू होंगी।

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, वि.ख. फरीदपुर (बरेली)

पत्रांक : 8387/निविदा/2023-24 दिनांक : 07.03.2024

अल्प कालीन निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि क्षेत्र पंचायत फरीदपुर में पंचम राज्य वित्त आयोग से निम्न निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है, कार्य विवरण निम्नवत् है :-

क्र.सं.	निर्माण कार्य का नाम जिसकी निविदा जारी की जाती है	अ.ल.	नि.शु.	जमा.धन.	धरो. धन.	कार्य समय
1.	ग्राम औरंगाबाद में शेर सिंह के घर से मेन रास्ते की ओर इ.ला. कार्य	3 लाख	600	15000	3500	03 माह

उक्त कार्य हेतु सीलबंद निविदायें दिनांक 16.03.2024 तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन दोपहर 02:00 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेंगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना वि.ख. फरीदपुर कार्यालय पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

खण्ड विकास अधिकारी
फरीदपुर (बरेली)

खेमका की मूल्यांकन रिपोर्ट में हरियाणा के सीएम की टिप्पणियों को हटाने का आदेश रद्द

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारी अशोक खेमका की वार्षिक प्रदर्शन मूल्यांकन रिपोर्ट 2016-17 में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की 'प्रतिकूल टिप्पणियों' को हटाने के पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेश को सोमवार को रद्द कर दिया।

खेमका, 2012 में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के दामाद रॉबर्ट वाड्रा की 'स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी' और रियल एस्टेट की दिग्गज कंपनी डीएलएफ के बीच एक सौदे के बाद एक भूखंड के दाखिलखारिज को रद्द करने के बाद सुर्खियों में आए थे। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि सक्षम प्राधिकारी (हरियाणा के मुख्यमंत्री) ने टिप्पणियों और ग्रेडिंग के लिए खेमका द्वारा दिए गए अभिवेदन पर अभी तक निर्णय नहीं लिया है।

पीठ ने कहा, हमारी राय में उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने गलत आदेश दिया इसलिए हमने खंडपीठ के फैसले को रद्द कर दिया है। इसके अलावा, जैसा कि हमें बताया गया है कि सक्षम प्राधिकारी ने अभी तक अंतर्निहित अभिवेदन पर कोई निर्णय नहीं लिया है इसलिए हम प्राधिकारी को इस फैसले के सुनाए जाने के 60 दिनों की अवधि के भीतर प्रदर्शन मूल्यांकन रिपोर्ट नियमों के नियम नौ (7बी) के तहत अंतर्निहित अभिवेदन पर निर्णय लेने का निर्देश देते हैं। शीर्ष अदालत ने 1991 बैच के आईएएस अधिकारी को कानून के अंतर्गत उपलब्ध उपायों का सहारा लेने की स्वतंत्रता दी है।

प. बंगाल में असली लड़ाई 'मोदी की गारंटी' बनाम 'दीदी की गारंटी' के बीच : सुखेंदु

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव के लिए बाहरी उम्मीदवारों को उतारने के तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के फैसले का बचाव करते हुए पार्टी के सांसद सुखेंदु शेखर रॉय ने सोमवार को कहा कि असली लड़ाई 'मोदी की गारंटी' और 'दीदी की गारंटी' के बीच है।

टीएमसी ने रविवार को पश्चिम बंगाल की सभी 42 लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की थी, जिसके तुरंत बाद भाजपा ने राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि टीएमसी की सूची उस चीज से 'भरी हुई' है जिसे मुख्यमंत्री ममता बनर्जी 'बाहरी' कहती हैं। रॉय ने आरोपों को खारिज करते हुए दावा किया कि 'बाहरी' वे लोग हैं, जो बंगाल का अपमान करते हैं। टीएमसी ने पूर्व क्रिकेटर युसूफ पठान को बहरामपुर से अपना उम्मीदवार बनाया है। बहरामपुर, कांग्रेस की प्रदेश इकाई के प्रमुख और पांच बार के सांसद अधीर रंजन चौधरी का गढ़ है।

वहीं 2022 में आसनसोल सीट पर हुए उपचुनाव में टीएमसी के टिकट पर जीत हासिल करने वाले अभिनेता से नेता बने शत्रुघ्न सिन्हा को पार्टी ने फिर से अपना उम्मीदवार बनाया है। वहीं पूर्व क्रिकेटर और पार्टी नेता कीर्ति आजाद को बर्धमान-दुर्गापुर से उम्मीदवार घोषित किया गया है। रॉय ने सोमवार को एक वीडियो बयान जारी करके लोकसभा चुनावों के लिए टीएमसी के उम्मीदवारों के चयन को उचित ठहराया और भाजपा व कांग्रेस दोनों पर निशाना साधा।

प्रारूप 7
(नियम 11(1) देखें)
घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम, 2005 धारा 13 (1) के अधीन हाजिर होने के लिए सूचना

न्यायालय अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट ग्राम्य न्यायालय गोला गोकर्णनाथ जनपद-खीरी दाण्डिक वाद सं. 41 वर्ष 2024 पुलिस थाना गोला फरहीन बनाम तौसीफ परिवादी प्रत्यर्थी प्रेषिती श्री तौसीफ अहमद पुत्र श्री रईस अहमद निवासी मो. राम लाली वार्ड नं. 5, कस्बा व पोस्ट मैलानी-जनपद खीरी पिन-262803

याची ने घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम 2005 (2005 का 41) की धारा 12, 21 व 23 के अधीन आवेदन किया है/किए है।

आपको यह कारण बताने के लिए कि क्यों न आवेदक द्वारा मांगे गए अनुतोष (अनुतोषों) को आपके विरूद्ध प्रदान कर दिया जाय व्यक्तिगत रूप से या इस न्यायालय द्वारा सम्यक रूप से प्राधिकृत काउंसेल के मार्फत तारीख 29 मास मार्च 2024 को 10:00 बजे पूर्वान्ह/अपरान्ह में इस न्यायालय के समक्ष हाजिर होने का निर्देश दिया जाता है, इसमें असफल होने पर न्यायालय एक पक्षीय कार्यवाही करेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा के अधीन तारीख 11.3.24 को दी गई।

न्यायालय की आज्ञा से-अहलमद मुंसरिम
ग्राम न्यायालय, तहसील-गोला जिला-खीरी

कार्यालय नगर पंचायत बरखेड़ा जनपद पीलीभीत

पत्रांक : 101/न.पं.ब./2023-24 दिनांक : 11.03.2024

ई-निविदा सूचना

नगर पंचायत बरखेड़ा जनपद पीलीभीत द्वारा वर्ष 2023-24 में पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के अन्तर्गत नगरीय निकायों में सी.सी. रोड;/आदि के निर्माण हेतु प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत बरखेड़ा में सी.सी. रोड आदि के निर्माण कार्य को कराने हेतु कार्य की निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उ.प्र. की ई-प्रोक्योरमेन्ट की वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। निविदा खोले जाने की तिथि में यदि अवकाश होगा तो निविदा अगले दिन कार्य दिवस में खोली जायेगी।

बिड प्रकाशित होने की तिथि	12.03.2024	प्रातः 08:00 बजे
ऑन लाईन बिड अपलोड करने की तिथि	12.03.2024	प्रातः 10:00 बजे
बिड अपलोड करने की अन्तिम तिथि	18.03.2024	प्रातः 10:00 बजे तक
बिड खुलने की तिथि	18.03.2024	अपरान्ह 02 बजे

(लालचन्द भारती)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बरखेड़ा (पीलीभीत)

(श्याम बिहारी भोजवाल)
अध्यक्ष
नगर पंचायत बरखेड़ा (पीलीभीत)

न्यायालय अपर सिविल जज (जू.डि.)
कक्ष संख्या 3 बरेली
मूल वाद संख्या 288 सन् 2023
रहीस .... वादी
बनाम
श्रीमती मुलू आदि .... प्रतिवादीगण

बनाम
1. श्रीमती मुलू पत्नी स्व. श्री हरपाल सिंह निवासी डेलापीर आई.वी.आर.आई. के बराबर, बरेली हाल निवासी ग्राम रूपपुर कृपा, डाकखाना ललौरी खेड़ा, पीलीभीत 2. श्रीमती कन्यावती पत्नी श्री प्रेमशंकर पुत्री स्व. हरपाल सिंह निवासी ग्राम दियोरनिया डाकखाना अमरिया जिला पीलीभीत

चूंकि मुसम्मी वादी ने आपके नाम एक नालिश वास्ते स्पेसिफिक परफमान्स ऑफ कान्ट्रेक्ट हेतु दायर की है। लिहाज़ा आपको हुक्म दिया जाता है कि बतारीख 16.03.2024 वास्ते जवाब दावा व प्रस्तावित करने वाद विन्दु व आपत्ति व निस्तारण प्रार्थना पत्र निषेधाज्ञा आरज़ी हेतु नियत है। लिहाज़ा आप असालतन या मारफ़त किसी वकील के, जो मुकदमा हाज़ा से वाखूबी वाकिफ हो और मुकदमा प्रार्थना पत्र हाज़ा कि जवाब देही कर सके, मय कागज़ात मुकदमा के हाजिर हो, वरना आपकी गैर हाजिरी में प्रार्थना पत्र हाज़ा फ़ैसला करते हुए अदालत मुनासिब हुकुम सादिर कर देगी। आज व तारीख 11.03.2024 मेरे दस्तखत व मुहर अदालत से जारी किया गया।

आज्ञानुसार
मुन्सरिम
न्यायालय अपर सिविल जज (जू.डि.)
कक्ष संख्या 3, बरेली

कार्यालय ग्राम पंचायत दिलावरपुर, वि. खं. सिंधौली, शाहजहाँपुर

निविदा आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को इस अल्पकालीन निविदा हेतु सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत दिलावरपुर की ओर से वित्तीय वर्ष 2023-24 में पंचम वित्त आयोग/केंद्रीय वित्त आयोग/मनरेगा/एम.बी.एम.(ग्रा.)/ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन तथा अन्य मद के अंतर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष ग्राम पंचायत में निर्माण कार्यो में प्रयुक्त होने वाली सामग्री की आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारों से सीलबंद निविदाएं दि. 13.03.2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। जो उसी दिन दि. 13.02.2024 को ग्राम पंचायत अध्यक्ष ग्राम प्रधान महोदय के समक्ष 1:00 बजे खोली जाएंगी। विवरण निम्नवत है :-

क्र.सं.	कार्य का नाम	माप	अनुमानित लागत
1.	मंगतपुर में खडंजा से अजयपाल के खेत तक नाला निर्माण कार्य	100X1 मीटर	1,79,149.00
2.	रविन्द्र सिंह के घर से पंडित के घर तक नाली व इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य।	50X3.10मीटर	2,32,917.00
3.	दिलावरपुर में धोबी के तालाब से रामविलास के घर के पास तालाब तक पक्का नाला निर्माण कार्य।	125X1 मीटर	1,56,346.00

नियम एवं शर्ते
1. निविदादाता निविदा के साथ पैन नंबर जीएसटी नंबर की छाया प्रति आवश्यक रूप से संलग्न करेंगे।
2. समस्त सामग्री ग्रामीण अभियंत्रण विभाग/पीडब्ल्यूडी के मानक के अनुसार आपूर्ति की जाएगी।
3. निविदादाताओं को सामग्री की आपूर्ति कार्यस्थल पर करनी होगी जिसका कोई भाड़ा या टैक्स देय नहीं होगा।
4. किसी भी समय ग्राम पंचायत द्वारा बिना पूर्व सूचना के निविदा निरस्त की जा सकती है।

रामवती
ग्राम प्रधान

अरूंधति द्विवेदी
सचिव

कावेरी का पानी कर्नाटक का है, तमिलनाडु का नहीं

- जल संकट के बीच कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री ने कावेरी नदी का पानी छोड़ने पर लगाई रोक

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक की राजधानी बंगलूरू जल संकट के दौर से गुजर रही है। देश की आईटी राजधानी कहे जाने वाले शहर में लोग पानी की बूंद-बूंद को भी तरस रहे हैं।

कृष्णराज सागर के बीच उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने कावेरी नदी का पानी तमिलनाडु के लिए छोड़ने से साफ इनकार कर दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि, अभी किसी भी कीमत पर कावेरी नदी का पानी तमिलनाडु को देने का सवाल ही नहीं उठता है। कृष्णराज सागर (केआरएस) बांध से तमिलनाडु के लिए कावेरी का पानी छोड़े जाने के आरोपों को लेकर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन और आलोचना के बीच, शिवकुमार ने स्पष्ट किया कि कावेरी का पानी बेंगलुरु के लिए है, न कि पड़ोसी राज्य के लिए। जल संसाधन विभाग का भी कार्यभार संभाल रहे शिवकुमार ने कहा, अब किसी भी कीमत पर तमिलनाडु के लिए कावेरी नदी का पानी छोड़ने का सवाल ही नहीं है, हमने नहीं छोड़ा है...तमिलनाडु में कितना पानी जाता है, इसका हिसाब है। अगर आज पानी छोड़ा जाए तो वहां तक पहुंचने में चार दिन लगेंगे।

हमने कई कठोर कदम उठाए हैंः शिवकुमार

कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने कहा कि 16,000 बोरवेल में से 7,000 बोरवेल ने काम करना बंद कर दिया है। हम लोगों को पानी उपलब्ध कराने के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं। बीडब्ल्यूएसएसबी, बीबीएमपी और नोडल अधिकारी इस पूरे मामले को देख रहे हैं। एक बोर्ड होगा, यह देखने के लिए कि वैध जल प्रदाता टैंकर और अवैध प्रदाता कौन हैं, जो अधिक शुल्क ले रहे हैं। पानी के संकट पर बोलते हुए डीके शिवकुमार ने कहा कि हम झुग्गियों में मुफ्त पानी उपलब्ध करा रहे हैं। भाजपा इसमें राजनीति कर रही है और हमें भाजपा के आरोपों की कोई चिंता नहीं है। भाजपा जानबूझकर राजनीति कर रही है। यह राजनीति है, जो भाजपा खेल रही है। हम तमिलनाडु को कोई पानी नहीं दे रहे हैं और हमने जारी नहीं किया है।

हरियाणा के रेवाड़ी में वाहनों की टक्कर से 6 की मौत, कई घायल

रेवाड़ी। हरियाणा के रेवाड़ी में श्रद्धालुओं की एक कार को एसयूवी गाड़ी ने टक्कर मार दी, जिससे इस दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई और इतने ही लोग घायल हो गए।

उन्होंने बताया कि दुर्घटना रविवार रात मसानी गांव के पास घटी जब कार में सवार लोग राजस्थान के खाटू श्याम मंदिर में दर्शन और पूजा करके वापस लौट रहे थे। पुलिस ने बताया कि लौटते समय कार का टायर पंक्चर हो गया। इसी बीच पीछे से आ रही एसयूवी गाड़ी ने कार में टक्कर मार दी। पुलिस ने कहा कि मृतकों की पहचान उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद निवासी रोशनी (58), नीलम (54), पूनम जैन (50) और शिखा (40), हिमाचल प्रदेश निवासी कार चालक विजय (40) और यहीं के खरखरा गांव के रहने वाला सुनील (24) के रूप में हुई है। घायलों को रेवाड़ी और गुरुग्राम के अस्पतालों में भर्ती कराया है।

न्यायालय जनपद न्यायाधीश, बरेली
प्रकीर्ण वाद सं. 30 सन् 2023

अर्चना गुप्ता व अन्य बनाम आलोक ऐरन व अन्य

नोटिस बनाम - 1. आलोक ऐरन पुत्र स्व. डॉ. प्रकाश चन्द्र ऐरन निवासी गली नं. 1 भटनागर कालोनी, सिविल लाईन्स, थाना कोतवाली, तहसील व जिला बरेली। 2. श्रीमती सुनीता ऐरन पत्नी स्व. श्री कंचन कुमार ऐरन 3. श्री मोनल ऐरन पुत्र स्व. श्री कंचन कुमार ऐरन 4. कु. वत्सला ऐरन पुत्र स्व. श्री कंचन कुमार ऐरन निवासीगण बी-3 दिलकुशा रोड, लखनऊ तहसील सदर जिला लखनऊ 5. आम जनता सिविल लाईन्स, थाना कोतवाली, तहसील व जिला बरेली द्वारा आलोक ऐरन पुत्र स्व. डॉ. प्रकाश चन्द्र ऐरन निवासी गली नं. 1 भटनागर कालोनी, सिविल लाईन्स, थाना कोतवाली तहसील व जिला बरेली।

चूंकि मुसम्मी अर्चना गुप्ता व अन्य ने आपके नाम एक नालिश वास्ते जारी करने प्रोवेड बावत वसीयत श्रीमती स्वराज्य शुचि ऐरन के दायर की है, लिहाजा आपको हुकुम दिया जाता है कि आज बतारीख 19.03.2024 असालतन या मारफत किसी वकील के जो मुकदमा हाजा से बखूबी वाकिफ हो और जो मुकदमा हाजा की जवाबदेही कर सके। मय कागजात मुतालिका के हाजिर हो वरना आपकी गैर हाजिरी में मुकदमा हाजा फैसला होगा। आज बतारीख 04.03.2024 मेरे दस्खत व मोहर अदालत से जारी किया गया है।

न्यायालय जनपद न्यायाधीश
जनपद बरेली

कार्यालय नगर पालिका परिषद, सहसवान (बदायूँ)

पत्रांक : 4873/-टैक्स-2023-24 दिनांक : 11.03.2024

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती गुड़िया पत्नी श्री शकील मियां नि. मो. पठानटोला, सहसवान हा.नि. ई-27/116 जे.जे. बस्ती, आई.पी. एक्सटेंशन पूर्वी दिल्ली द्वारा श्री शकील अहमद पुत्र श्री अब्दुल हफीज नि. मो. पठानटोला, सहसवान से एक मकान जो कमरूल किराना स्टोर मो. पठानटोला के निकट, वार्ड संख्या 22, सहसवान में स्थित है को दि. 23.09.2021 में खरीदा था, जिसका क्रेता द्वारा बैनामा न कराकर मात्र स्टाम्प पर ही लिखा लिया गया था। इस मकान पर श्रीमती गुड़िया पता उपरोक्त के द्वारा अपने नाम से पालिका द्वारा जलकर व गृहकर का निर्धारण कराने के उद्देश्य से एक प्रार्थना-पत्र मय स्टाम्प नगर पालिका कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है। श्रीमती फरजाना पत्नी श्री सिराज उद्दीन नि.मो. शहबाजपुर सहसवान द्वारा श्रीमती शमीम जहाँ/बेगम पत्नी श्री अब्दुल अली नि.मो. कटरा, सहसवान से एक प्लाट जो गोपालगंज नई बस्ती, पूर्व सिनेमा हॉल के पीछे वार्ड सं. 08 (पुरानी सं.) सहसवान में स्थित है को दि. 18.12.2023 में खरीदा गया था जिसका क्रेता द्वारा बैनामा न कराकर मात्र स्टाम्प पर ही लिखा लिया गया था। प्रार्थिनी ने उपरोक्त प्लॉट पर अपने मकान का निर्माण करा लिया है श्रीमती फरजाना द्वारा उपरोक्त मकान पर अपने नाम से पालिका द्वारा जलकर व गृहकर का निर्धारण कराने के उद्देश्य से एक प्रार्थना-पत्र मय स्टाम्प नगर पालिका कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है। श्री शब्बन पुत्र श्री महजुल्ला नि.मो. शहबाजपुर सलमानी चौक व श्री कमर जमशेद नगर पालिका वालों के मकान के निकट वार्ड सं. 16 (पुरानी सं.) सहसवान में स्थित है को दि. 27.04.2015 में खरीदा गया था जिसका क्रेता द्वारा बैनामा न कराकर मात्र स्टाम्प पर ही लिखा लिया गया था। इस मकान पर श्री शब्बन पता उपरोक्त के द्वारा अपने नाम से पालिका द्वारा जलकर व गृहकर का निर्धारण कराने के उद्देश्य से एक प्रार्थना-पत्र मय स्टाम्प नगर पालिका कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है। श्री नदीम उद्दीन पुत्र श्री शमी उद्दीन नि.मो. रूसतटोला सहसवान की माता श्रीमती शमीम बेगम पुत्री श्री रियासत हुसैन नि.ग्रा. इस्माईलपुर मेमडी/नि.मो. चौधरी सहसवान द्वारा श्री नन्हें खां पुत्र श्री माशूक अली तथा अब्दुल हकीम व अब्दुल हलीम पुत्रगण श्री जफरीद उर्फ फरीद खां निवासीगण मो. दहलीज, सहसवान से दि. 21.08.1990 में भूमि खरीदी गयी थी जो श्री रागिब अली एडवोकेट के मकान के सामने, मो. रूसतमटोला वार्ड सं. 25 सहसवान में स्थित है, इस भूमि पर श्री नदीम उद्दीन द्वारा मकान निर्माण करा लिया गया था जिसपर पालिका के जलकर व गृहकर का निर्धारण कराने के उद्देश्य से उनके द्वारा कार्यालय में एक प्रार्थना-पत्र मय बैनामा प्रस्तुत किया गया है। श्री नदीम उद्दीन का यह भी कहना है कि वह अपनी माता की इकलौती संतान है तथा उनकी माता का स्वर्गवास हो चुका है।

उपरोक्त भवनों पर पालिका द्वारा जलकर व गृहकर निर्धारण से संबंधित यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस प्रकाशन के अन्दर 30 दिन अपनी आपत्ति आवश्यक दस्तावेजों सहित लिखित रूप से कार्यालय नगर पालिका परिषद, सहसवान में प्रस्तुत करें। उल्लेखित समय सीमा के अन्दर किसी भी प्रकार की आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में उपरोक्त भवनों पर जलकर-गृहकर की वसूली के उद्देश्य से करों का निर्धारण कर दिया जायेगा तथा बाद गुजरने मियाद आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

नोट : उपरोक्त भवनों पर करों का निर्धारण केवल पालिका करों की वसूली के उद्देश्य से है जिसका स्वामित्व से कोई वास्ता/सरोकार नहीं है।

अतः आप सूचित हों।

क्रमांक	वार्ड की पुरानी संख्या	भूमि/भवन विक्रेता का नाम व पता	भूमि/भवन क्रेता का नाम व पता	संलग्न दस्तावेज
1	2	3	4	5
1.	22	श्री शकील अहमद पुत्र श्री अब्दुल हफीज नि.मो. पठान टोला, सहसवान जिला बदायूँ	श्रीमती गुड़िया पत्नी श्री शकील मियां नि.मो. पठान टोला, सहसवान हा.नि.ई-27/116 जे.जे. बस्ती, आई.पी. एक्सटेंशन पूर्वी, दिल्ली	स्टाम्प
2.	08	श्रीमती शमीम जहाँ/बेगम पत्नी श्री अब्दुल अली नि.मो. कटरा, सहसवान (बदायूँ)	श्रीमती फरजाना पत्नी श्री सिराज उद्दीन नि.मो. शहबाजपुर, सहसवान (बदायूँ)	स्टाम्प
3.	16	श्री अब्दुल जब्बार पुत्र श्री अब्दुल मजीद नि.मो. शहबाज पुर, सहसवान (बदायूँ)	श्री शब्बन पुत्र श्री महजुल्ला नि.मो. शहबाजपुर सहसवान (बदायूँ)	स्टाम्प
4.	25	श्री नन्हें खां पुत्र श्री माशूक अली तथा अब्दुल हकीम व अब्दुल हलीम पुत्रगण श्री जफरीद उर्फ फरीद खां निवासी गण मो. दहलीज, सहसवान	श्री नदीम उद्दीन पुत्र श्री शमी उद्दीन नि.मो. रूसतम टोला, सहसवान (बदायूँ)	बैनामा

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, बदायूँ

नदारद कर्मचारियों ने अपने स्थान पर दूसरों को काम पर रखा, कार्रवाई

आईजोल, एजेंसी

- लालडुहोमा सरकार ने तीन हजार सरकारी कर्मियों पर की कार्रवाई

मिजोरम के सरकारी विभाग में लगभग तीन हजार से ज्यादा कर्मचारियों ने अपने स्थान पर दूसरे लोगों को काम पर रखा है, जो विभिन्न विभागों में काम करते हैं। खासकर ग्रामीण इलाकों में, उनके स्थान पर अवैध रूप से कर्मचारी काम कर रहे हैं। विभिन्न विभागों द्वारा सरकार को सौंपी गई रिपोर्ट में इन अनियमितताओं का खुलासा हुआ है।

पिछले साल दिसंबर में सत्ता संभालने के तुरंत बाद, मुख्यमंत्री लालदूहोमा के नेतृत्व वाली जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) सरकार ने प्रॉक्सी कर्मचारियों के बारे में जानकारी मांगी और उन्हें जनवरी तक रिपोर्ट करने को कहा। अधिकारियों ने कहा कि विसंगतियों के बारे में अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्कूल शिक्षा विभाग में सबसे अधिक 1,115 स्थानापन्न कर्मचारी हैं, इसके बाद स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग में 624 और बिजली विभाग में 253 प्रॉक्सी हैं। मीडिया के मुताबिक, जिन लोगों ने स्थानापन्न कर्मचारियों को काम पर रखा था, उनमें से 2,070 सरकारी कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें स्वास्थ्य कारणों से ऐसा करना पड़ा, जबकि 703 ने घरेलू समस्याओं का हवाला दिया।

'किसान महापंचायत' की तैयारियों को लेकर की बैठक

लुधियाना। संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने 14 मार्च को नयी दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रस्तावित 'किसान महापंचायत' की तैयारियों का जायजा लेने के लिए सोमवार को एक बैठक की। एसकेएम ने वर्ष 2020-21 के किसान आंदोलन का नेतृत्व किया था। एसकेएम ने पहले न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर एक कानून सहित किसानों की मांगों को स्वीकार करने के लिए केंद्र पर दबाव बनाने के वास्ते 'किसान महापंचायत' आयोजित करने की घोषणा की थी। बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए एसकेएम नेता दर्शन पाल ने कहा कि पंजाब के किसान बड़ी संख्या में महापंचायत में भाग लेने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा कि महापंचायत शांतिपूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि एसकेएम की एक टीम रामलीला मैदान में महापंचायत आयोजित करने की अनुमति के लिए प्रशासन और दिल्ली पुलिस के संपर्क में है। पाल ने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों से किसान ट्रैक्टर ट्रॉलियों के बजाय बसों और ट्रेनों से दिल्ली जाएंगे।

स्मृति के खिलाफ मानहानि मामले की याचिका खारिज

लखनऊ। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाज वर्तिका सिंह की केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के खिलाफ मानहानि की शिकायत खारिज करने के सांसद/विधायक अदालत के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी है। उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ ने कहा कि यदि वादी को कांग्रेस पार्टी अथवा 'गांधी परिवार' से जुड़ा हुआ कहा गया तो ये उनकी मानहानि नहीं है। यह आदेश न्यायमूर्ति फैज आलम खान की पीठ ने वर्तिका सिंह की याचिका पर पारित किया।

कार्यालय ग्राम पंचायत मवई जरेल वि.खण्ड शेरगढ़ जिला बरेली

अल्पकालीन निविदा सूचना

सभी पंजीकृत फर्मो एवं विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मवई जरेल में मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्न निर्माण कार्यो हेतु स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री विवरण निम्न है। ईट, बजरफुट, बजरी, सीमेन्ट, ईट, रोड़ी, महीन रेता, अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है।

उक्त सामग्री की सीलबंद निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 11.03.2024 से 13.03.2024 तक दोपहर 11 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 13.03.2024 को अपरान्ह 2 बजे खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत/पंचायत का होगा। विवरण निम्न है।

1. मवई जरेल में अशोक कुमार के घर से इन्द्रपाल के घर तक खडन्जा व नाली निर्माण कार्य .75 6 अनु. 350000 हजार।

भूपेन्द्र पाल गंगवार-प्रधान

नन्हें खां-ग्राम पंचायत अधिकारी

कार्यालय ग्राम पंचायत पंडरी वि.खं. शेरगढ़, बरेली

निविदा आमंत्रण सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वीकृत मनरेगा योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत को आवंटित/उपलब्ध धनराशि से कराए जाने हेतु निम्नांकित विवरण के अनुसार कार्यो के लिए शासकीय विभाग में पंजीकृत सामग्री आपूर्तिकर्ताओं/फर्मो से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न अनुसार है:-

क्र.सं.	कार्य का नाम	माप	अनु. लागत
1.	मुंशी की दुकान से मुबारिक के मकान तक इण्टरलॉकिंग व नाली कार्य	90 m	400000/-
2.	अजय पाल की दुकान से नन्हे सिंह के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य	90 m	400000/-
4.	सरदार की पुलिया से जितेन्द्र के घर तक खडण्जा निर्माण	94 m	250000/-

इच्छुक पंजीकृत सप्लायर/फर्म निविदा प्रपत्र दिनांक 12.03.2024 से कार्यालय ग्राम पंचायत से प्राप्त कर सकते हैं। पंजीकृत सप्लायर/फर्म द्वारा मोहरबंद लिफाफे में प्राप्त निविदाएं अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में दिनांक 13.03.2024 को सायं 5:00 बजे खोली जाएगी।

फरमीद-प्रधान

सत्य प्रकाश-सचिव

निधि शुक्ला के घर के बाहर धमाका, कारतूस मिला

मधुमिता की बहन ने जान को खतरा बताते हुए अमरमणि त्रिपाठी पर लगाया आरोप

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: लखीमपुर की कवियत्री मधुमिता हत्याकांड में सजायाफ्ता पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी एक बार फिर आरोपों में घिर गए हैं। मोहल्ला हाथीपुर निवासी मधुमिता की बहन निधि शुक्ला का आरोप है कि सोमवार की तड़के उनके घर के बाहर तेज धमाका हुआ। उन्हें लगा कि बम का धमाका है। इससे वह डर गईं और दरवाजे बंद कर लिए। उन्होंने अपनी जान का खतरा जताया है।

उनका कहना है कि उन्होंने अपनी बहन के कातिल पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी की गिरफ्तारी के लिए सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल की थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार किया है। इससे नाराज अमरमणि त्रिपाठी ने ही उनके घर पर हमला करवाया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। इस दौरान पुलिस को 32 बोर का कारतूस मिला है। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है।

जानकारी देतीं निधि शुक्ला।

शहर के मोहल्ला मिश्राना निवासी निधि शुक्ला ने बताया कि वह रविवार की रात अपने कमरे में सो रहीं थीं। सोमवार की तड़के करीब तीन बजे घर के बाहर जोर से धमाका हुआ। इससे वह काफी डर गईं और कमरे की कुंडी अंदर से लगा ली। इसके बाद गनर को फोन किया। गनर के आने पर उन्होंने दरवाजा खोला। तब तक मोहल्ले के भी तमाम लोग आ गए। उन्होंने गनर से यूपी 112 नंबर पर कॉल कराई। यूपी 112 पुलिस और मिश्राना चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के पहुंचने पर वह घर से बाहर निकलीं और एसपी गणेश प्रसाद साहा सहित अन्य उच्च अफसरों को मामले की जानकारी दी। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। घर पर लगी गारद से भी पूछताछ की, लेकिन कुछ भी साफ नहीं हो सका। सुबह सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी और प्रभारी निरीक्षक सदर अंबर सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे।

यह है पूरा मामला

लखनऊ के निशातगंज स्थित पेपर मिल कॉलोनी में 9 मई 2003 को लखीमपुर शहर के मोहल्ला मिश्राना निवासी कवयित्री मधुमिता शुक्ला की गोली मारकर हत्या हुई थी। मधुमिता पेपर मिल कॉलोनी में अकेली रहती थीं। इस मामले की जांच सीबीआई ने की थी। इस दौरान पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी पर गवाहों को धमकाने के आरोप लगे थे। इस पर मुकदमा देहरादून की फास्ट ट्रैक कोर्ट को स्थानांतरित कर दिया गया था। फास्ट ट्रैक कोर्ट ने 24 अक्टूबर 2007 को अमरमणि, मधुमणि, भतीजे रोहित चतुर्वेदी, प्रकाश पांडेय और शूटर संतोष राय को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई थी। फिर जुलाई 2012 में उत्तराखंड हाईकोर्ट ने भी सीबीआई कोर्ट में सुनाई गई सजा को बरकरार रखा। हालांकि, अमरमणि और उसकी पत्नी मधुमणि करीब 20 साल सजा काटने के बाद 25 अगस्त 2023 को शासन के निर्देश पर समय से पहले ही जेल से रिहा किए जा चुके हैं।

घूस लेते पकड़ा गया संविदा कर्मी

बीसलपुर, अमृत विचार : पॉवर कारपोरेशन के संविदा कर्मी को बरेली से आई एंटी करप्शन की टीम ने बीसलपुर तहसील के पास से रिश्वत लेते रंगेहाथ दबोचा लिया। उसने घरेलू कनेक्शन दिलाने के नाम पर तीन हजार रुपये की रिश्वत ली थी। दिनभर चली पूछताछ के बाद बीसलपुर कोतवाली में उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जा रही है। बीसलपुर के ग्राम मीरपुर वाहनपुर निवासी दिव्यांग सरताज खां को अपने घर का बिजली कनेक्शन लेना था। उनके आवेदन करने पर संविदा कर्मी ग्राम नीवादांडी निवासी रिंकू यादव ने कनेक्शन दिलाने के नाम पर तीन हजार रुपये मांगे। कहा कि जेई साहब को देना है। रूपये नहीं दिए तो कनेक्शन नहीं मिलेगा। पीड़ित ने रुपये नहीं दिए तो उसने कनेक्शन नहीं होने दिया। इस पर एंटी करप्शन बरेली कार्यालय जाकर मामले की शिकायत की थी।

अमृत विचार कार्यालय हल्द्वानी में अजय भट्ट

रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट सोमवार की सायं हल्द्वानी में अमृत विचार के रामपुर रोड स्थित कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने समूह संपादक शंभू दयाल वाजपेयी से मुलाकात की और उन्हें शुभकामनाएं दीं। रक्षा राज्य मंत्री भट्ट ने अमृत विचार कार्यालय का भ्रमण किया और संपादकीय व अन्य विभागों की टीम से भी मुलाकात की। अजय भट्ट संसद में नैनीताल –ऊधम सिंह नगर संसदीय सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्हें हाईकमान ने दोबारा इसी सीट से प्रत्याशी घोषित किया है। इस दौरान लोकसभा क्लस्टर सह प्रभारी प्रदीप बिष्ट, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी चंदन बिष्ट, जिला महामंत्री नवीन भट्ट, कमल नयन जोशी, डॉ. वाईसी शर्मा, परमजीत सिंह शंटी, मुकेश बेलवाल आदि मौजूद रहे। ● अमृत विचार

साइना नेहवाल ने अपनी मां के साथ किया ताज का दीदार

संवाददाता, आगरा

अमृत विचार : भारत की बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल मंगलवार की सुबह अपनी मां उषा रानी के साथ ताजमहल देखने पहुंची। साइना को देख प्रशंसकों की भीड़ लग गई और लोगों ने उनके साथ सेल्फी ली। साइना ने अपनी मां उषा रानी के साथ ताजमहल देखा। उन्होंने संगमरमर की खूबसूरत इमारत की जमकर तारीफ की।

मां उषा रानी के साथ साइना नेहवाल।

बैडमिंटन स्टार साइना ने सोशल साइट इंस्टाग्राम पर अपने अनुभव को शेयर करते हुए लिखा है कि कितनी खूबसूरत है संगमरमर की यह इमारत। मैं और मम्मी ने दोनों ने इस यात्रा का पूरा आनंद उठाया।

अखिलेश ने किया इलेक्टोरल बॉण्ड को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत

लखनऊ, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने इलेक्टोरल बॉण्ड को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के माध्यम से इलेक्टोरल बॉण्ड की सूची सामने आ जाएगी। जिससे पता चल जाएगा कि इलेक्टोरल बॉण्ड किसने दिये हैं और किसे दिये हैं। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार ने उद्योगपतियों का 15 लाख करोड़ रूपये का कर्ज माफ कर दिया। उसके बाद उन्हीं उद्योगपतियों को फिर से कर्ज दे दिया लेकिन सरकार ने किसानों को उनकी फसलों पर एमएसपी का कानूनी अधिकार नहीं दिया।

शाइस्ता को तोहफे में मिली संपत्ति होगी कुर्क

संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : बसपा विधायक रहे राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह अधिवक्ता उमेश पाल की हत्याकांड के बाद से शुरू हुए ऑपरेशन माफिया में एक साल बीतने के बाद भी अतीक अहमद की कहानी खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। अतीक की करोड़ों की संपत्ति को भले कुर्क कर दिया गया हो, लेकिन जांच के बाद कई सम्पत्तियों का खुलासा अब हो रहा है। अतीक की एक और सम्पत्ति का खुलासा हुआ है।

अतीक ने अपनी बेगम शाइस्ता परवीन को तोहफे में दस बीघा जमीन दिया था। जिस पर फार्म हाऊस बनाने की तैयारी थी। पुलिस जांच से यह पता चला है कि माफिया ने अपनी बेगम शाइस्ता के लिए 50 करोड़ की संपत्ति खरीदी थी। इसके लिए शाइस्ता के नाम पर दर्ज जमीन, मकान, प्लाट की तलाश ईडी ने करना शुरू कर दिया है। अतीक ने शाइस्ता परवीन के नाम पर 5 करोड़ की जमीन शाहगंज इलाके के मिंजहांपुर में ली थी। 300 वर्ग की इस जमीन को अतीक ने साल 2024 में शाइस्ता को तोहफे में दिया था। इस जमीन के पता चलने के बाद पुलिस ने गोपनीय तरीके से जांच कराई और दस्तावेज को जुटा लिया।

● **10 बीघा जमीन की शुरू हुई जांच, नैनी में बनना था फार्म हाउस**

टीम ने जमीन के दस्तावेज और कब्जे को लेकर जांच पड़ताल की है। अब इस रिपोर्ट को पुलिस कमिश्नर के पास भेजी गई है।

माना जा रहा है कि पुलिस अब इस हफ्ते जमीन जो डुग्गी बजवाकर कुर्की की कार्रवाई करेगी। अनुमान लगाया जा रहा है कि अतीक का करीब 3 हजार करोड़ का आर्थिक साम्राज्य रहा है। इसके पहले माफिया की नामी बेनामी संपत्तियों को खंगाल चुकी है। अब पुलिस शाइस्ता की संपत्तियों पर भी शिकंजा कसने की तैयारी कर है। 5 लाख एक इनामिया शाइस्ता उमेश पाल की हत्या के बाद यानी एक साल से फरार चल रही है। इसके अलावा 5 लाख का इनामी बमबाज गुड्डू मुस्लिम, अरमान, साबिर भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं।

सार-संक्षेप

अधीक्षण अभियंता के तबादले का आदेश निरस्त

बरेली, अमृत विचार : शाहजहांपुर के अधीक्षण अभियंता जेपी वर्मा के तबादले का आदेश प्रबंध निदेशक ने निरस्त कर दिया है। पावर कारपोरेशन के चेयरमैन डॉ. आशीष गोयल ने जनवरी में बरेली मंडल के बिजली अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की थी, जिसमें शाहजहांपुर के अधीक्षण अभियंता के नहीं पहुंचने पर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसके बाद दो मार्च को उन्हें मुख्यालय से संबद्ध कर दिया था, लेकिन अब नौ दिन बाद उनके तबादले का आदेश निरस्त करने से विभाग में कई तरह की चर्चाएं हो रही हैं। चर्चा है कि अधीक्षण अभियंता ने एक जनप्रतिनिधि से सिफारिश कराकर अपना तबादला आदेश निरस्त करा लिया है।

पशुओं की अवैध दवा फैक्ट्री का भंडाफोड़

संभल, अमृत विचार : जनपद संभल के बबराला में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों ने एक मकान पर छापेमारी करके बिना लाइसेंस संचालित पशुओं की दवा बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। यहां से बड़ी मात्रा में पशुओं की दवा और फूड सप्लीमेंट बरामद किए। औषधि निरीक्षक ने नमूने भर कर दवा और मैन्युफैक्चरिंग के सभी सामान को सील कर दिया गया। अवैध रूप से बोतल बंद पानी की फैक्ट्री संचालित होने का भी खेल खुला। फैक्ट्री संचालक को हिरासत में लेकर रिपोर्ट दर्ज कराने की तैयारी शुरू कर दी गई।

सीएए से डरने की जरूरत नहीं: खालिद रशीद

लखनऊ, अमृत विचार : नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) की अधिसूचना जारी होने पर ऐशबाग ईदगाह के इमाम और इस्लामिक सेंटर ऑफ़ इंडिया के अध्यक्ष मौलाना खालिद रशीद फिरंगीमहली ने कहा कि इससे किसी को भी फिक्रमंद होने की जरूरत नहीं है। मौलाना ने कहा कि मैंने अभी इस अधिनियम को पढ़ा नहीं है इसलिए इस पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता लेकिन सभी को भारतीय क़ानून पर भरोसा रखना चाहिए क्योंकि भारतीय कानून किसी के साथ भी अन्याय नहीं करता है। मौलाना ने कहा कि इस अधिसूचना से किसी को डरने की जरूरत नहीं है। बेहतर होगा कि सभी लोग मुल्क में अमन कायम रखने पर ध्यान दें और किसी के बहकावे में न आयें।

बिना पेट के लिखित परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं

लखनऊ, अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने सोमवार को बिना प्रारम्भिक योग्यता परीक्षा (पेट) पास किये आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट की लिखित परीक्षा में बैठने की अनुमति देने की मांग वाली रिट याचिकाएं खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि पेट को लिखित परीक्षा के समान नहीं माना जा सकता। यह केवल क्वालिफाइंग परीक्षा है, जिसका तात्पर्य प्रारम्भिक स्तर पर ही अभ्यर्थियों की छंटनी करना है। यह आदेश जस्टिस मनीष माथुर की एकल पीठ ने एकता सिंह आदि की ओर से दायर रिट याचिकाओं को खारिज करते हुए पारित किया। याचियों ने उन प्रावधानों को खारिज करने की मांग की थी।

सुभासपा नेत्री की हत्या मामले में कोतवाली प्रभारी लाइन हाजिर

संवाददाता,संतकबीरनगर

अमृत विचार : जिले में रविवार को हुई सुभासपा नेत्री नंदिनी राजभर हत्याकांड मामले में पुलिस कर्मियों पर कड़ा एक्शन हुआ है। आईजी जोन आर.के. भारद्वाज ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद जिले के मातहतों की जमकर क्लास ली तो जिले की पुलिस जागी। उसके बाद आईजी ने आधा दर्जन से अधिक पुलिस कर्मियों के स्थानांतरण करते हुए कोतवाली खलीलाबाद के प्रभारी निरीक्षक बृजेन्द्र पटेल और चौकी प्रभारी औद्योगिक नगर को लाइन हाजिर कर दिया। उसके बाद तबड़तोड़ पुलिस कार्यवाही शुरू हुई। देर रात तक नामजद आरोपी श्रवण यादव, ध्रुव चंद्र यादव और पन्नेलाल यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है वहीं एक महिला अभियुक्त की तलाश में दबिश दी जा रही है। एक अभियुक्त को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार पहले कर लिया था।

रविवार को सुभासपा नेत्री नंदनी राजभर पत्नी अच्छे लाल की धारदार हथियार से गोदकर हत्या कर दी गई थी। जिसमें उनके चचेरे ससुर की 10 दिन पहले भी हत्या करने का आरोप परिजन लगा रहे है। जिसमें एक मार्च को मुकदमा भी दर्ज हुआ था। जब महिला नेत्री नंदिनी राजभर की हत्या की गई तो परिजन व ग्रामीण आक्रोशित हो उठे और भड़क गए।

पैसों के लेन-देन को लेकर हुई हत्या: डीएम

संतकबीरनगर। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने बताया कि बीते 1 मार्च को रेलवे ट्रैक पर बालकिसुन राजभर की लाश बरामद हुई थी। परिजनों ने आरोप लगाया था कि बालकिसुन की जमीन का बैनामा कराने वालों ने उसे सिर्फ सात लाख रुपए ही दिया था जबकि जमीन की कीमत चौबीस लाख रुपए थी। पैसा कम मिलने के चलते परिवार में विवाद हुआ और बालकिसुन ने भारी मानसिक तनाव के चलते रेलवे ट्रैक पर जाकर आत्महत्या कर ली थी। डीएम ने बताया कि परिजनों ने जमीन क्रेताओं पर हत्या का आरोप लगाया था, मामले में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा कायम कर एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार भी किया था। उसी मामले की पैरवी सुभासपा नेत्री नंदिनी राजभर कर रही थीं। पूरा मामला जमीन की कम कीमत मिलने का है। इसमें जमीन का कोई विवाद नहीं है।

अब 400 पार के लक्ष्य को सफल बनाएं : सुनील बंसल

अयोध्या, अमृत विचार : भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने कहा कि धार्मिक कार्य के बाद अब राष्ट्र कार्य में लग जाएं। पीएम मोदी के 400 सीटों से पार के लक्ष्य को संफल बनाएं। वह श्रद्धालुओं के लिए बनाए गए टेंट सिटी में सोमवार को बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि दर्शन अभियान को पूरा करने पर आत्म संतोष मिला। आंदोलन के दौरान कारसेवा की तरह यह भी यादगार रहेगा। सासंद लल्लू सिंह ने यहां पहुंच मुलाकात की। इसके पूर्व उन्होंने हनुमानगढ़ी व राम लला के दर्शन किए। बैठक में विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, विधायक अजय सिंह, एमएलसी जितेंद्र सिंह, सहकारी बैंक के चयेरमैन धर्मेंद्र प्रताप सिंह, संयोजक मानवेंद्र सिंह, अवध क्षेत्र महामंत्री विजय प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, अभिषेक मिश्र, मिथलेश त्रिपाठी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

उत्तराखंड

गढ़ी नेगी को नगर पंचायत बनाने समेत कई प्रस्तावों को मंजूरी

देहरादून, अमृत विचार : आम चुनाव से पूर्व हुई कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार ने काशीपुर में गढ़ी नेगी को नगर पंचायत बनाने समेत कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगाई। सोमवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री धामी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक हुई। इसमें पहली सेवा क्षेत्र नीति के साथ ही बेसिक शिक्षकों की सेवा नियमावली में संशोधन और निजी भूमि पर पेड़ कटाने की अनुमति के प्रस्तावों पर चर्चा हुई। इसके अलावा अन्य सरकारी विभागों की सेवा नियमावली एवं शिक्षा, स्वास्थ्य, शहरी विकास, आवास, पर्यटन, कृषि विभागों के कई प्रस्तावों पर भी मंथन हुआ।

बनभूलपुरा हिंसा मामले में महिला समेत चार लोग और गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बनभूलपुरा हिंसा को 33 वें दिन महिला समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। इन गुजरे दिनों में पुलिस सौ उपद्रवियों को सलाखों के पीछे पहुंचा चुकी है। गिरफ्तारियों का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। बनभूलपुरा थाना, मुखानी थाना और नगर निगम की ओर से दर्ज मुकदमों में नामजद समेत करीब 5 हजार अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज है।

सोमवार को हुई चार और गिरफ्तारियों के बाद उपद्रवियों की संख्या 100 हो गई। खास बात ये है कि इनमें से अभी तक एक की भी जमानत नहीं सकी है। बता दें कि बीती 8 फरवरी को बनभूलपुरा के मलिक के बगीचा में अतिक्रमण ढहाने के दौरान हिंसा भड़की थी। मामले में बनभूलपुरा की ओर से दर्ज मुकदमे में अब्दुल मलिक और उसके बेटे अब्दुल मोईद समेत 35 लोगों पर यूएपीए लगा। मलिक और उसका बेटा घटना के दिन से फरार थे। घटना के 16वें दिन दिल्ली से अब्दुल मलिक और 21वें दिन अब्दुल मोईद को भी दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। इस मामले में अब्दुल मलिक समेत पांच लोगों की कुर्की भी हुई थी। मलिक समेत 35 लोगों पर गैर कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) में भी मामला दर्ज है।

● **100 उपद्रवी अब तक जा चुके हैं जेल के अंदर, हिंसा को 33 दिन पूरे, गिरफ्तारियां रहेंगी जारी**

सीसीटीवी और वीडियो रिकॉर्डिंग के जरिए पुलिस हिंसा भड़काने और प्रकरण में शामिल लोगों को लगातार गिरफ्तार कर रही है। सोमवार को पुलिस ने बनभूलपुरा पुलिस की ओर से दर्ज मुख्य मुकदमे में इंद्रानगर निवासी नवी हुसैन और मलिक का बगीचा स्थित पानी की टंकी के पास रहने वाले जीशान उर्फ जिब्बू को गिरफ्तार किया। वहीं नगर निगम की ओर से दर्ज मामले में पुलिस ने लाइन नंबर सात निवासी मोहम्मद समीर और नई बस्ती गोपाल मंदिर के पास रहने वाली महिला आरोपी हाजरा बेगम पत्नी अब्दुल वाजिद को गिरफ्तार किया है।

पाकिस्तान का मारखोर बढ़ाएगा नैनीताल चिड़ियाघर की शान

नैनीताल, अमृत विचार : पाकिस्तान का राष्ट्रीय पशु मारखोर अब नैनीताल के पंडित गोविंद बल्लभ पंत उच्च स्थलीय प्राणी उद्यान की शोभा बढ़ाएगा। नैनीताल आने वाले पर्यटक मारखोर का दीदार कर सकेंगे। रविवार को दार्जिलिंग चिड़ियाघर से मादा मारखोर को नैनीताल चिड़ियाघर लाया गया है। उसे अभी स्वास्थ्य परीक्षण के लिए चिड़ियाघर में रखा गया है। जिसे अगले सप्ताह से दर्शकों के दीदार के लिए रखा जाएगा।

300 बंदी करेंगे गुनाहों से तौबा

सर्वेश तिवारी, हल्द्वानी

अमृत विचार : रमजान का पाक महीना न सिर्फ इबादत का महीना है, बल्कि गुनाहों से तौबा करने और जरुरतमंदों की मदद का भी महीना है। बनभूलपुरा हिंसा के आरोप में नैनीताल जेल में बंद अब्दुल मलिक और बेटा अब्दुल मोईद भी रमजान का हर रोजा रखेंगे और गुनाहों से तौबा करेंगे। इनके साथ नैनीताल और हल्द्वानी जेल में बंद करीब 300 कैदी व बंदी भी रोजा रख रहे हैं। रमजान के लिए जेल प्रशासन ने व्यापक इंतजाम भी किए हैं।

बनभूलपुरा हिंसा के मामले में अब तक पुलिस सौ लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है, जिसमें छह महिलाएं भी हैं। मलिक अपने बेटे के साथ नैनीताल जेल में बंद है। जबकि हल्द्वानी उप कारागार में 92 पुरुष उपद्रवियों को एक ही बैरक में रखा गया। गिरफ्तार की गई छह महिला उपद्रवियों को अलग महिला कारागार में रखा गया है। 12 फरवरी से रमजान का पाक महीना शुरू हो रहा है। मुस्लिम समुदाय के लिए ये सबसे बड़ा पर्व है, जो ईद के साथ समाप्त होता है। नैनीताल जेल में मलिक और मोईद के साथ मुस्लिम समुदाय के 40 बंदी व कैदी मंगलवार से रोजे की शुरुआत करेंगे। हल्द्वानी उप कारागार और जिला जेल नैनीताल में जेल प्रशासन ने रोजे की तैयारियां पूरी कर ली हैं।

● **जेल में ही गुजरेगा मलिक, मोईद समेत 100 उपद्रवियों का रमजान का पाक महीना**

रोजा में रोज सुबह सूर्य निकलने से पहले कुछ खाने का रिवाज है, जिसे सेहरी कहते हैं। शाम सूरज डूबने के बाद इफ्तार किया जाएगा यानी रोजा खोला जाएगा। जेल प्रशासन ने सेहरी और इफ्तार के लिए खजूर, बिस्कुल, फल आदि का इंतजाम किया है। जबकि शाम सूर्यास्त के बाद यानी इफ्तारी में भोजना का इंतजाम है। सूर्योदय और सूर्यास्त के दरम्यान खाने और पीने पर पूरी तरह पाबंदी होती है। सोमवार को पुलिस ने नवी हुसैन निवासी इन्द्रानगर एक मिनार मस्जिद के पीछे बनभूलपुरा, जीशान उर्फ जिब्बू निवासी मलिक का बगीचा पानी की टंकी के पास बनभूलपुरा, मो. समीर निवासी लाइन नंबर 7 बिलाली मस्जिद के पास बनभूलपुरा और हाजरा बेगम निवासी नई बस्ती गोपाल मन्दिर के पास बनभूलपुरा को भी हल्द्वानी जेल में दाखिल किया गया है। नैनीताल जेल से जेलर एचएच हयांकी ने बताया कि मलिक और मोईद के साथ जेल में 40 रोजेदार हैं।

कॉर्बेट पार्क से एक और बाघिन राजाजी पार्क भेजी

रामनगर, अमृत विचार : कार्बेट टाइगर रिजर्व के ढेला रेस्क्यू सेंटर से सोमवार को बाघिन को राजाजी टाइगर रिजर्व देहरादून भेजा गया। राज्य के प्रमुख वन संरक्षक (वन्य जीव)/मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक समीर सिन्हा की अनुमति के बाद चौथे बाघ की शिफ्टिंग की प्रक्रिया पूरी की गई। अब एक नर बाघ राजाजी पार्क भेजा जाना शेष है।

सीटीआर से पांच बाघ (तीन मादा, दो नर) राजाजी पार्क में भेजे जाने हैं। राजाजी टाइगर रिजर्व में स्थानान्तरित करने के लिए केंद्रीय जू अथॉरिटी के मानकों तथा एनटीसीए (राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण) के प्रोटोकॉल के अनुसार नॉन टूरिस्ट जोन से मादा बाघ चिह्नित की गई थी। 5 से 6 वर्ष की इस मादा बाघ को पकड़ने के बाद ढेला रेस्क्यू सेंटर लाया गया था। स्वास्थ्य परीक्षण के बाद उसे दोपहर में रेस्क्यू वाहन से राजाजी पार्क भेजा गया। शिफ्टिंग टीम के साथ सीटीआर के वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी डा. दुष्यन्त शर्मा और चिड़ियापुर रेस्क्यू सेंटर के डा. अमित ध्यानी, एसडीओ आरटीआर हरीश नेगी शामिल रहे।

ऑल्टो खाई में गिरी, एक की मौत

अल्मोड़ा, अमृत विचार : धौलादेवी विकास खंड के भनोली में एक ऑल्टो कार दुर्घटनाग्रस्त होकर खाई में गिर गई। हादसे में एक कार सवार की मौके पर मौत हो गई। जबकि चालक व एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रविवार की देर रात भनोली से पालड़ीगूंठ को जा रही ऑल्टो कार संख्या डीएल-9सीजी-4580 पशु चिकित्सा केंद्र भनोली के पास अचानक अनियंत्रित होकर करीब पचास मीटर गहरी खाई में जा गिरी। स्थानीय लोगों ने तुरंत इमरजेंसी सेवा 108 को जानकारी दी।

1,052 करोड़ के रुद्रपुर बाईपास का वर्चुअल शिलान्यास

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय अन्तर्गत द्वारका एक्सप्रेस समेत निर्माणाधीन एक लाख करोड़ से अधिक की 144 सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। इसमें उत्तराखंड के लिए 1052 करोड़ रुपये लागत के रुद्रपुर बाईपास का शिलान्यास भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से किया। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रतिनिधि के रूप में प्रदेश के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी वर्चुअल माध्यम से जुड़े। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट भी उपस्थित रहे।

कई राज्यों की विकपरियोजनाओं का वर्चुअल शिलान्यास करते प्रधानमंत्री।

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़ने के लिए देहरादून आईआरडीटी ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में काबीना मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उत्तराखंड से विशेष लगाव है। उन्होंने कहा बीते दशक में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड को कई महत्पूर्ण परियोजनाएं जैसे चारधाम यात्रा मार्ग, दिल्ली-देहरादून एक्स्प्रेस-वे, इंडो नेपाल कनेक्टविटी प्रोजेक्ट, केदारनाथ और हेमकुंड साहब में रोपवे आदि योजनाएं मिली हैं। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि आज इसी लक्ष्य को आगे बढाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 1052 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 21 किलोमीटर रुद्रपुर बाईपास का शिलान्यास किया है। मंत्री गणेश जोशी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का आभार प्रकट किया। रुद्रपुर में बनने वाला बाईपास दोनों राज्यों उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश से गुजरेगा। इस बाईपास में 2 आरओबी, 6 छोटे पुल, फ्लाईओवर और 2 रेलवे उपरगामी सेतु (आरओबी) व 1 फ्लाईओवर का निर्माण प्रस्तावित है। रुद्रपुर देश के प्रमुख ऑटोमोबाइल हब में से एक है। यहां उत्तराखंड सरकार की सबसे बड़ी एकीकृत औद्योगिक एस्टेट सिडकुल में 1300 से अधिक कंपनियां हैं। परियोजना का निर्माण कार्य 12 जनवरी, 2024 से प्रारम्भ हो चुका है, जिसके पूरा करने के लिए 2 वर्ष की समयावधि निर्धारित है। मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि इस परियोजना से रुद्रपुर शहर में यातायात व्यवस्था में सुधार होगा।

● **मंत्री गणेश जोशी ने प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय मंत्री गडकरी का जताया आभार**

रामशरण दास व शिवपाल के बाद तीसरे प्रदेश अध्यक्ष हैं नरेश उत्तम पटेल, पूर्व मंत्री बलराम यादव को मिली तरजीह

पहली बार किसी सदन का सदस्य नहीं होगा सपा का प्रदेश अध्यक्ष

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी से नरेश उत्तम पटेल को विधान परिषद का टिकट न मिलने से पहली बार प्रदेश अध्यक्ष किसी सदन का सदस्य नहीं होगा, जबकि पूर्वांचल में सपा के सिरमौर रहे पूर्वमंत्री बलराम यादव को टिकट देकर खासी तरजीह दी गई। बलराम के पुत्र संग्राम यादव भी आजमगढ़ के अतरौलिया से विधायक हैं। इस प्रयोग के जरिए सपा संदेश देने की कोशिश कर रही है कि भाजपा यादव प्रत्याशी के जरिए आजमगढ़ में जड़ें न जमा सके।

समाजवादी पार्टी की पांच नवंबर 1992 को स्थापना के बाद सहारनपुर निवासी चौधरी रामशरण दास गुर्जर आजीवन 16 साल प्रदेश अध्यक्ष रहे। वे दो बार विधान सभा सदस्य और चार बार विधान परिषद सदस्य थे। बताते हैं कि मुलायम सिंह यादव को पहली बार विधानसभा पहुंचाने में उनकी अहम भूमिका थी। 1967 में मुलायम सिंह राजनीति में सक्रिय थे, लेकिन विधायक नहीं बने थे। उस समय चौधरी रामशरण दास समाजवादी नेता राममनोहर लोहिया द्वारा बनाई गई संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के प्रदेश महासचिव थे। तब मुलायम सिंह यादव इटावा के जिला सचिव हुआ करते थे। विधानसभा चुनाव के लिए सोशलिस्ट पार्टी द्वारा टिकट बांटे जा रहे थे। रामशरण दास संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के पार्लियामेंट्री बोर्ड में भी थे। मुलायम सिंह की टिकट को लेकर कुछ नेताओं को ऐतराज था। लेकिन उस समय रामशरण दास ने उनकी खुलकर वकालत की और फिर उन्हें टिकट भी दिया। मुलायम सिंह चुनाव लड़े और जीतकर पहली बार विधानसभा पहुंचे। रामशरण दास की गंभीर बीमारी की हालत में मुलायम सिंह ने पार्टी के महासचिव शिवपाल सिंह यादव को जिम्मेदारी दी।मुख्यमंत्री बने अखिलेश यादव से विवाद गहराने के बाद शिवपाल यादव हटाए गए। वे एक नवंबर 2007 से 2017 तक प्रदेश अध्यक्ष रहे। इस दौरान वे विधायक रहते मंत्री समेत कई अहम पदों पर भी थे। शिवपाल को हटाए जाने के बाद अखिलेश यादव ने नरेश उत्तम को 1 जनवरी 2017 को सपा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया, फिर दूसरी बार सितंबर 2022 में बागडोर सौंपी। नरेश उत्तम तीन बार विधायक और दो बार एमएलसी रहे। कार्यकाल बेदाग रहने के बावजूद पार्टी को जीत नहीं दिला सके। उनके प्रदेश अध्यक्ष रहते हुए दो विधानसभा और एक लोकसभा चुनाव में पार्टी का प्रदर्शन खराब रहा है। इस बार एमएलसी का टिकट नहीं मिला, जिससे वे किसी सदन के सदस्य नहीं होंगे।

13 में सात प्रत्याशी पहली बार जाएंगे उच्च सदन

नामांकन करने वाले भाजपा से पूर्व मंत्री डॉ महेन्द्र कुमार सिंह को पार्टी ने तीसरी बार, पूर्व मंत्री अशोक कटारिया व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक लगातार दूसरी बार विधान परिषद सदस्य होंगे। जबकि प्रदेश उपाध्यक्ष मोहित बेनीवाल, संतोष सिंह व झांसी के निवर्तमान महापौर रामतीरथ सिंघल और प्रदेश सह मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र सिंह को पहली बार विधान परिषद जाने का मौका दिया है। अपना दल (एस) के आशीष पटेल दोबारा विधानमंडल के उच्च सदन में जाएंगे। रालोद के योगेश चौधरी और सुभासपा के पूर्वांचल के प्रदेश अध्यक्ष विच्छेलाल राजभर पहली बार विधान परिषद जाएंगे। जबकि सपा से पूर्व मंत्री किरण पाल कश्यप और गुड्डू जमाली भी पहली बार उच्च सदन जाएंगे। हालांकि जमाली की वजह से धर्मेंद्र यादव को आजमगढ़ में हार का सामना करना पड़ा था और भाजपा से दिनेश यादव निरहुआ सांसद बने।

नामांकन के दौरान संजय निषाद की नामौजूदगी रही चर्चा का विषय

प्रत्याशियों के नामांकन के दौरान निषाद पार्टी को छोड़कर भाजपा व उसके बाकी सभी सहयोगी दलों के नेता और विधायक मौजूद थे। नामांकन के अवसर पर निषाद पार्टी के अध्यक्ष व मत्स्य मंत्री डॉ संजय निषाद की अनुपस्थिति चर्चा का विषय रही। संजय निषाद ने भाजपा से विधान परिषद के एक लिए एक सीट मांगी थी जो नहीं दी गई। गौरतलब है कि पिछले माह राज्यसभा चुनाव के लिए हुए भाजपा प्रत्याशियों के नामांकन के अवसर पर संजय निषाद मौजूद थे।

सार-संक्षेप

सीएए की अधिसूचना जारी होते ही उप्र. में हाई अलर्ट

लखनऊ, अमृत विचार : नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) लागू करने की अधिसूचना जारी होते ही उत्तर प्रदेश में पुलिस को हाई अलर्ट कर दिया गया है। डीजीपी प्रशांत कुमार ने उप्र. के सभी सवेदनशील जिलों में अतिरिक्त पुलिस फोर्स की तैनाती करते हुए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा है कि अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। उनके निर्देश पर राजधानी लखनऊ समेत तमाम शहरों के संवेदनशील इलाकों में गश्त तेज कर दी गई है। डीजीपी प्रशांत कुमार ने सोमवार को कानून व्यवस्था से जुड़े जिलों शहरों के छोटे बड़े सभी फ़ील्ड अफसरों को स्थानीय भ्रमणशील रहने के निर्देश दिया। डीजीपी ने संवेदनशील इलाकों में फुट पेट्रोलिंग, सीसी टीवी कैमरों, ड्रोन कैमरों से निगरानी के निर्देश भी जारी किया है। वहीं सोशल मीडिया में भड़काऊ, आपत्तिजनक पोस्ट पर कार्रवाई के निर्देश भी दिए हैं। राज्य के संवेदनशील मेरठ, कानपुर, मुरादाबाद, गोरखपुर, वाराणसी और राजधानी लखनऊ के पुराने शहर अमीनाबाद चौक में पुलिस की गश्ती तेज कर दी गई है।

50 गुना अधिक भव्य रूप से मनाई जाएगी रामनवमी

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : आगामी रामनवमी पर राम जन्मभूमि परिसर में बड़े आयोजन की योजना श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट तैयार कर रहा है। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद गिरी के मुताबिक इस बार की चैत्र रामनवमी विगत वर्षों की अपेक्षा 50 गुना अधिक दिव्य और भव्य रूप से मनाई जाएगी, जिसके लिए ट्रस्ट लगातार चिंतन कर रहा है। प्राण-प्रतिष्ठा के बाद से राम मंदिर में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। इसके साथ ही निर्माणाधीन राम मंदिर के लिए खुलकर दान किया जा रहा है। एक माह में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को 52 करोड रुपये का दान प्राप्त हुआ है। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देवगिरी ने बताया कि 22 जनवरी को भी छह करोड़ रुपये का दान प्राप्त हुआ था। उन्होंने बताया कि जिस तरीके से राम भक्तों का सैलाब अयोध्या में दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। इस तरह दान का क्रम भी बढ़ रहा है।

स्टॉफ नर्स पदों के लिए ऑफर लेटर जारी

लखनऊ, अमृत विचार : राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत 17000 संविदा रिक्त पदों की भर्ती अंतर्गत अलग-अलग कार्यक्रमों के तहत 7706 शार्टलिस्टेड स्टॉफ नर्स (संविदा) को ऑफर लेटर जारी कर दिए गए हैं। इसका लिंक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की आधिकारिक बेवसाईट www.upnrhm.gov.in पर उपलब्ध है। अभ्यार्थियों के लिए गाइडलाइन है कि ऑफर लेटर में वर्णित दिशा-निर्देशों के अनुसार आवंटित जनपद पर ससमय योगदान देना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही सुझाव दिया गया है कि दलालों से सावधान रहें और हर प्रकार का नोटिफिकेशन वेबसाइट पर उपलब्ध है।

सपा विधायक इरफान की 26 संपत्तियां और मिलीं

कानपुर, अमृत विचार : सीसामऊ से सपा विधायक इरफान सोलंकी की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी के बाद मुश्किलें और बढ़ती जा रही हैं। ईडी की छापेमारी के दौरान पूर्व में सीज की गईं दो कारें घर में खड़ी मिलने के बाद संपत्तियों का दोबारा सत्यापन कराने पर सपा विधायक की 26 संपत्तियां और सामने आई हैं। अब तक तीन विवेचक इस मामले की विवेचना कर रहे थे। अब अकेली जिम्मेदारी फीलखाना इंस्पेक्टर वीरेंद्र प्रताप सिंह को सौंपी गई है। मामले में पुलिस की लापरवाही कहां रही, इसकी जांच एसीपी कैंट अंजली विश्वकर्मा को दी गई है। जल्द ही वह रिपोर्ट कमिश्नरेट के उच्चाधिकारियों को सौंपेंगी। फरवरी, 2023 में इरफान और उनके भाई रिजवान सोलंकी, हिस्ट्रीशीटर शौकत अली पहलवान और हिस्ट्रीशीटर हाजी अज्जन की संपत्तियां सीज करने के आदेश दिए गए थे। इसी में लापरवाही की बात सामने आई है। पुलिस ने तीन वाहन, नौ बैंक खाते, नौ प्लॉट, एक फ्लैट, दो असलहे और दो बिल्डिंग सत्यापित की हैं।

ऊर्जा निगमों के संविदा कर्मियों के लिए जल्द बनेगी नियमावली

वार्ता के दौरान पावर कारपोरेशन प्रबंधन ने दिया आश्वासन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : ऊर्जा निगमों के संविदा कर्मचारियों के लिए जल्द ही नियमावली बनाई जाएगी। सोमवार को शक्ति भवन में विद्युत संविदा कर्मचारी महासंघ के प्रतिनिधियों के साथ वार्ता के दौरान पावर कारपोरेशन प्रबंधन ने यह आश्वासन दिया।

वार्ता में प्रबंधन की ओर से और कारपोरेशन के अध्यक्ष आशीष कुमार गोयल, प्रबंध निदेशक पंकज कुमार, निदेशक कार्मिक एवं प्रबंधन कमलेश बहादुर सिंह और संगठन की ओर से महासंघ के अध्यक्ष आरएस राय, मोहम्मद काशिफ, भोला सिंह कुशवाहा, राजेश्वर सिंह, उदय प्रताप सिंह ,दिनेश कुमार, मुदस्सिर चौहान, राजकुमार पांडे, आशीष कुमार, कपिल शर्मा और प्रभारी पुनीत राय शामिल थे। लगभग दो घंटे तक चली वार्ता में संगठन की 16 सूत्री मांगो पर चर्चा हुई। बैठक में संविदा कर्मियों का वेतन बढ़ाने के लिए राज्य सरकार से अनुमोदन लिए जाने, कार्यरत आउटसोर्स उपकेंद्र परिचालकों को न हटाए जाने, भूतपूर्व सैनिकों को रखने का आदेश स्थगित रखने, सभी जिलों के संविदा कर्मियों को इलाज के लिए ईएसआई की सुविधा दिए जाने, श्रमिक से लाइनमैन का कार्य न लिए जाने, संविदा कर्मियों की नियमावली बनाई जाने, कार्यकाल के दौरान दुर्घटना के अतिरिक्त अन्य कारणो से मृत्यु हो जाने पर मुआवजा दिए जाने व वर्ष 2015 में 155 संविदा कर्मियों पर दर्ज मुकदमें वापस लिए जाने पर सहमति बनी। महासंघ के मीडिया प्रभारी विमल चंद्र पांडे ने बताया कि मार्च 2023 की हड़ताल में कार्यरत संविदा कर्मियों व बाह्य एजेंसी द्वारा किन्हीं करणो से हटाए गए संविदा कर्मियों को काम पर वापस लिए जाने पर भी सहमति बनी।

सोमवार को शक्ति भवन में विद्युत संविदा कर्मचारी महासंघ के प्रतिनिधियों से वार्ता करते उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष आशीष कुमार गोयल व अन्य। ● अमृत विचार

कर्मचारी संगठन एस-4 की शासन से वार्ता सफल

लखनऊ, अमृत विचार : प्रदेश के राज्य कर्मियों व शिक्षकों के संयुक्त संगठन संयुक्त संघर्ष संचालन समिति, (एस-4) की ओर से पांच सूत्रीय मांगों को लेकर सोमवार को शासन से वार्ता सफल हो गई है। सभी मांगों पर विचार विमर्श होने के बाद मंगलवार को विधानभवन का घेरने के निर्णय को स्थगति कर दिया गया है। शासन के अपर मुख्य सचिव, नियुक्ति/कार्मिक डा. देवेश चतुर्वेदी की अध्यक्षता में संगठन के पदाधिकारियों से बैठक लोकभवन में संपन्न हुई। बैठक में ओपीएस एवं भत्तों की बहाली सहित 5 मांगों पर विचार-विमर्श हुआ, जिसमें बेसिक शिक्षा, वित्त, माध्यमिक शिक्षा, सिंचाई, विकास एवं पुष्टाहार, परिवहन, राज्य कर, समाज कल्याण आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। अपर मुख्य सचिव कार्मिक ने बैठक के दौरान प्रमुख सचिव व निदेशक बाल विकास एवं पुष्टाहार, महानिदेशक बेसिक शिक्षा को फोन पर समस्याओं को हल किये जाने के निर्देश दिये गये।

● **आज होने वाली हड़ताल स्थगित**

कोर्ट में सुनवाई के दौरान गश खाकर गिरी महिला, इलाज के दौरान मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

● **एसडीएम कोर्ट में जमीन के मुकदमें की सुनवाई को गई थी फुलमती**

अमृत विचार : सरोजनीनगर तहसील के एसडीएम कोर्ट में सोमवार को एक जमीनी मुकदमें की सुनवाई के दौरान फुलमती (55) अचानक गश खाकर गिर गई। आनन-फानन उसे नजदीकी सीएचसी में पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र गिरी के मुताबिक, बिजनौर के नटकुर गांव निवासी फुलमती का घर व सात विस्वा जमीन को लेकर चचेरी सास व भाई से विवाद चल रहा है। जो कोर्ट में विचाराधीन चल रहा था। सोमवार को वह एसडीएम कोर्ट में सुनवाई को आई थी। जहां अधिवक्ताओं के बीच बहस होनी थी। सूत्रों की मानें तो, सुनवाई शुरू होने से पूर्व फुलमती विपक्षी राधेलाल को देखते ही गश आकर गिर पड़ी। मौजूद परिजनों ने उसके चेहरे पर पानी का छीटें मारे। बावजूद उसे होश नहीं आया। आनन-फानन परिजन उसे नजदीकी सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि फूलमती के पति चंदनलाल के चाचा महादेव की कोई औलाद नही थी। वह अपनी जमीन अपने परिवार के लोगो को ही देना चाहते थे। उनके बारे में बताया गया कि अपने हिस्से की डेढ बीघा जमीन बेचने के बाद संदिग्ध हालत में उनका शव फंदे से लटका मिला था। इसके कुछ दिन बाद उनकी चचेरी सास राजेश्वरी की भी मौत हो गई थी। आरोप है कि राजेश्वरी की मौत के बाद उनका भाई राधेलाल जमीन व मकान की वसीयत दिखाकर कब्जा करना चाहता था। इसको लेकर फूलमती व राधेलाल के बीच मुकदमा चल रहा था।

वर्ग पहेली-7

बाएं से दाएं

2.1. कितना 2. जो गुण

3.1. समक्ष, आमने-सामने 2. लंबाई में।

4.1. कलेजे का मांस 2. पशु-पक्षियों के कलेजे का मांस जो खाया जाता है 3. उक्त मांस का बना हुआ सालन।

5.1. आवरण हटाना 2. खोलना 3. नंगा करना, अनावृत करना 4. प्रकट करना 5. भंडा फोड़ना, गुप्त बात खोलना।

6. चाह, इच्छा।

8.1. यौन उत्पीड़न 2. स्त्री या पुरुष के साथ किया जाने वाला यौन संबंधी दुर्व्यवहार।

ऊपर से नीचे

1. मूल विषय, मूल कथ्य।

2. बच्चों या बंदरों आदि का प्रसन्न होने पर ज़ोर-ज़ोर से की-की शब्द करना, किलकारना, किलकारी मारना।

5. सुबह के समय होने वाला गायन, प्रभाती।

7.1. बहुत अधिक परिश्रम करना, आवश्यकता से अधिक परिश्रम करना 2. धनोपार्जन करना।



वर्ग पहेली -6 का हल

1 अ		2 सो	हि	नी	
3 शे	ख़ी	ते			
ष		4 जा	दू	टो	5 ना
	6 अ	नं	ग		म
	ति	7 ते	ज़ी		लि
	रे				खा
	8 क	ज	रौ	टा	ई

स्मृति ईरानी ने शूटर वर्तिका की नहीं की कोई मानहानिः हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, लखनऊ

● **स्मृति ईरानी के खिलाफ वर्तिका सिंह की याचिका खारिज**

अमृत विचार : अंतर्राष्ट्रीय शूटर वर्तिका सिंह द्वारा केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के खिलाफ मानहानि के आरोपों को लेकर दाखिल याचिका को हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने खारिज कर दिया है। न्यायालय ने कहा कि पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए, यदि वादी को कांग्रेस पार्टी अथवा पंडित नेहरू, इंदिरा गांधी व राजीव गांधी की लीगेसी वाले 'गांधी परिवार' से जुड़ा हुआ कहा गया तो ये उसकी मानहानि नहीं है और न ही यह उसकी मानहानि किए जाने की स्मृति ईरानी की मंशा को दर्शाता है।

यह आदेश न्यायमूर्ति मो. फैज आलम खान की एकल पीठ ने वर्तिका सिंह की याचिका पर पारित किया। याची ने स्मृति ईरानी पर मानहानि का आरोप लगाते हुए, सुल्तानपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट में आपराधिक वाद दायर किया था जिसे निचली अदालत ने 21 अक्टूबर 2022 को खारिज कर दिया। याची का आरोप था कि पत्रकारों ने स्मृति ईरानी से जब उनके निजी सचिव पर याची द्वारा लगाए गए आरोपों के संबंध में पूछा तो उन्होंने याची को कांग्रेस पार्टी का प्यादा और गांधी परिवार से सीधा संबंध रखने वाला बताया। न्यायालय ने पत्रकारों के साथ स्मृति ईरानी की इस पूरी बातचीत को उद्धत करते हुए कहा कि उन्होंने प्रश्नगत बयान देने से पूर्व दूसरे मामलों पर बात की और इस दौरान याची का नाम भी नहीं लिया। न्यायालय ने पाया कि याची के विरुद्ध आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। न्यायालय ने कहा कि स्मृति ईरानी के बयानों को यदि देखा जाए तो वह एक राजनीतिक दल की आलोचना कर रही थीं और याची की मानहानि करने का उनका कोई आशय नहीं था।

वरिष्ठ नागरिकों की आवासीय जरूरतों पर हुआ मंथन

लखनऊ, अमृत विचार : स्थानीय प्राग नारायण रोड स्थित निदेशालय समाज कल्याण के सभागार में सोमवार को वरिष्ठ नागरिक नीति संवाद का आयोजन किया गया। तीन सत्रों में हुई परिचर्चा में वरिष्ठ नागरिकों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। खासकर वक्ताओं ने वरिष्ठ नागरिकों की आवासीय सुविधा पर मंथन किया गया। कार्यक्रम में असीम अरुण, समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र भार), डॉ. हरिओम, प्रमुख सचिव, समाज कल्याण, कुमार प्रशांत, निदेशक समाज कल्याण, कृष्णा प्रसाद, उपनिदेशक, समाज कल्याण, डॉ. अनीता भटनागर जैन, सुभाष चंद्र, डॉ. अभिषेक शुक्ला, एके सिंह, रवि भट्ट आदि विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ मौजूद रहे। इस मौके पर उप्र. वरिष्ठ नागरिक पोर्टल और प्रदेश के युवा प्रतियोगी अभ्यर्थियों के लिए अभ्युदय पोर्टल का लोकार्पण किया गया।

शिक्षकों की कार्यालयों में संबद्धता पर महानिदेशक ने लगाई रोक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● **बाबूगिरी कर रहे 3500 परिषदीय शिक्षकों की स्कूलों में होगी वापसी**

अमृत विचार : राज्य में परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों को लेकर स्कूल शिक्षा महानिदेशक ने महत्वपूर्ण आदेश दिया है। शिक्षकों के विभिन्न कार्यालयों में संबद्धता पर रोक लगा दी गई है। ऐसे करीब साढ़े तीन हजार शिक्षक जो स्कूल में पढ़ाने की बजाए कार्यालयों में बाबूगिरी कर रहे हैं, उन्हें वापस स्कूल भेजा जाएगा। इससे विद्यालयों में शिक्षकों की कमी से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही थी।

राज्य के स्कूल शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा की ओर से निर्देश दिए गए हैं कि परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों को विभिन्न कार्यालयों में किसी भी कीमत पर संबद्ध न किया जाए। आवश्यकता के आधार पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों में कार्यरत प्रवक्ताओं व सहायक अध्यापकों और निदेशालय में कार्यरत अकादमिक कर्मियों जैसे प्रवक्ताओं व अनुदेशकों से ही मदद ली जाए। अगर फील्ड वर्क के अनुभव की बहुत जरूरत हो तो भी शिक्षकों से सिर्फ ऑनलाइन वीडियो कांफ्रेंसिंग से संपर्क कर उनका सहयोग लिया जाए। उन्हें कार्यालय में संबद्ध न किया जाए। स्कूल शिक्षा महानिदेशालय ने सभी जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वह अपने-अपने जिले में ऐसे शिक्षकों को चिह्नित कर उन्हें वापस स्कूल भेजें। यह शिक्षक मास्टर ट्रेनर के रूप में, मॉड्यूल तैयार करने, पाठ्यक्रम से संबंधित कार्यों, प्रश्नपत्र तैयार करने या फिर कार्यालयों में विभिन्न योजनाओं से संबंधित कार्य कर रहे हैं। यही नहीं, खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) भी कई शिक्षकों को अपने साथ विभिन्न विभागीय कार्यों में लगाए रहते हैं।

सुडोकू -86

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		4				2		
1			8		5		3	
	9			3	4			
	2		9			6		
6		3						4
				6	1		2	
			7					6
	4		1		6			
		6				9		

सुडोकू -85 का हल

1	5	9	3	7	4	8	2	6
4	2	8	9	6	5	1	3	7
6	3	7	2	8	1	4	9	5
7	8	3	1	9	6	5	4	2
2	9	4	8	5	7	6	1	3
5	1	6	4	2	3	9	7	8
3	4	2	5	1	8	7	6	9
8	7	1	6	3	9	2	5	4
9	6	5	7	4	2	3	8	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 12 मार्च,मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष,तिथि-द्वितीया 07.13 तक तत्पश्चात तृतीया 13 मार्च 04.03 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। **ऋतु**-वसंत। चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-रेवती 20.29 तक तत्पश्चात अश्विनी।

मेष — आज अपना मन शांत रखें व अच्छी संगत में रहें। चल-अचल संपत्ति के विवाद बढ़ सकते हैं। आप धर्म-कर्म में काफी व्यस्त रहने वाले हैं। आपका आत्मविश्वास काफी बढ़ा हुआ रहेगा,किंतु आप अनावश्यक बातों को लेकर क्रुद्ध हो सकते हैं।

वृष — आज व्यवसाय में बड़े अनुबंध मिलने की संभावना बन रही है। विद्यार्थियों को पढ़ाई में मन लगाना चाहिए। आय की दृष्टि से दिन बहुत ही उत्तम है। विरोधियों के ऊपर आपका प्रभाव बढ़ेगा। सेहत की समस्या दूर होगी।

मिथुन — आज शेयर मार्केट में कार्य कर रहे लोगों को लाभ मिलेगा। बच्चों के ऊपर आप नाराज हो सकते हैं। मन थोड़ा व्यथित रहेगा। प्रेमीजन से बहसबाजी हो सकती है। लेन-देन के मामलों में सावधानी रखें। कमर दर्द की शिकायत हो सकती है।

कर्क — आज परिजनों के लिए कुछ उपहार खरीद सकते हैं। जीवनसाथी से झगड़ा हो सकता है। महत्वपूर्ण मीटिंग आदि से बचें। लोगों से बहुत ज्यादा अपेक्षा न करें। अपनी इच्छानुसार कार्य होने से मन संतुष्ट रहेगा।

सिंह — आज दिन का शुरुआती भाग आपके लिए नकारात्मक रहेगा। भावनाओं में बहकर कोई निर्णय न लें। दांपत्य सुख में कमी आ सकती है। खर्चों पर नियंत्रण रखें। अपनी जीवनशैली में बदलाव न करें। शाम को आपका मन शांत हो सकता है।

कन्या — आज योग और प्राणायाम को अपनी जीवनशैली का अंग बनाएं। निजी जीवन में परेशानियों का अनुभव करेंगे। आप अपने जीवनसाथी से मन की बातें शेयर कर सकते हैं। कारोबार को लेकर आप थोड़े तनाव में हो सकते हैं।

तुला — आज सभी कार्य समय पर हो जाएंगे। शाम के समय आपको कुछ शुभ समाचार मिल सकते हैं। विद्यार्थियों को परीक्षा में उत्तम परिणाम मिलेंगे। आपका मानसिक तनाव पहले से काफी कम होगा। रोजगार के नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं।

वृश्चिक — आज मन में कुछ अभिनव प्रयोग करने की इच्छा होगी। रुके हुए बहुत से काम आसानी से हो जाएंगे। व्यापार में कुछ नया करने का विचार जन्म ले सकता है। बॉस आपके ऊपर कुछ ज्यादा निर्भर रहेंगे। किसी को धोखा न दें।

धनु — आज नए भावनात्मक रिश्तों की शुरुआत हो सकती है। आपको मित्रों से भरपूर सहयोग मिलेगा। कारोबारियों की आय में वृद्धि होगी। योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली परेशानी दूर होगी। पिता के साथ आवश्यक विषयों पर चर्चा कर सकते हैं।

मकर — आज आपको अपने आत्मसम्मान की चिंता रहेगी। रुका हुआ धन अवश्य वापस मिल सकता है। युवा अपने करियर को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। आप अपने काम का पूरी तरह से आनंद नहीं ले पाएंगे।

कुंभ — आज घर में बिना बुलाए मेहमान आ सकते हैं। जल्दबाजी में आपके काम बिगड़ सकते हैं। पेट में गैस की समस्या हो सकती है। मसालेदार व तामसिक भोजन का सेवन न करें। प्रत्येक विषय पर आपको बिना मांगे राय देने से बचना चाहिए।

मीन — आज आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें। थकान और बुखार जैसी परेशानी हो सकती है। सुबह आप किसी महत्वपूर्ण कार्य से यात्रा कर सकते हैं। कार्य-स्थल पर आप काफी सक्रिय रहने वाले हैं।

आज की फिल्में

बादशाह
सुबह : 10.43

राम बलराम
रात : 07.06

एन एक्शन हीरो
सुबह : 09.00

केजीएफ चैप्टर 2
रात : 10.24

मॉन्स्टर हंटर
सुबह : 11.02

बैटमैन बिगिन्स
रात : 08.45

प्लेयर्स
सुबह : 10.30

सीक्रेट सुपरस्टार
शाम : 04.30

खुदा गवाह
सुबह : 11.22

अजब प्रेम की गजब कहानी
रात : 07.00

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात 10.24 बजे

जोक्स ऑफ द डे

मास्टर जी क्लास में आए तो पप्पू हल्ला मचा रहा था।
मास्टर जी (पप्पू से) - गजल और भाषण में क्या अंतर होता है?
पप्पू ने कुछ देर सोचा फिर बोला- पराई स्त्री का हर शब्द गजल होता है और बीवी का हर शब्द भाषण...
पप्पू की बात सुनकर मास्टर जी दंग रह गए!

पत्नी-आपको मेरी सुंदरता ज्यादा अच्छी लगती है या मेरे संस्कार?
पति- मुझे तो तेरी ये मजाक करने की आदत बहुत अच्छी लगती है।
पति की बात सुनकर पत्नी हैरान रह गई।

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	73,502.64	22,332.65
नुकसान	616.75	160.90
प्रतिशत में	0.83	0.72

अमृत विचार
www.amritvichar.com
बरेली, मंगलवार, 12 मार्च 2024

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 1015 फ्लैग 1115 डीएमओ 890 बोल्ड 1180, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1020 फ्लैग 1130 बोल्ड 1175 डीएमओ 910।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 1850, राज श्री 1380, फॉर्चून कि. 1775, रविन्द्रा 1810, फॉर्चुन ली0 1630, जय जवान 1450, सचिन 1540, सूरज 1475, अवसर 1580, राग गोल्ड 1640, गृहणी 1520, क्लासिक (किलो) 1715, मोर 1595, चक्र टिन 1695, ब्लू 1640, आशीर्वाद मस्टर्ड 1720, स्वास्तिक 1850, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 12000-18000, सोंठ 45000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6850-7700, मलका छाँटी 7200, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-12100, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9700-11500, सच्चा हीरा 11700, मोटा हीरा 12700, अरहर गोला मोटा 12600, अरहर पटका मोटा 13000, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15200, **चीनी**-डालमियां 3980, पीलीभीत 3960, नवाबगंज (नई) 3950, बहेड़ी (नई) 3960 रुपये।

एसएमई खंड में कीमतों में हेराफेरी के संकेत

सेबी की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच ने निवेशकों को सावधानी बरतने की दी सलाह

मुंबई, एजेंसी

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच ने सोमवार को कहा कि पूंजी बाजार नियामक को छोटे और मध्यम उद्यम (एसएमई) खंड में कीमतों में हेराफेरी के संकेत मिल रहे हैं। उन्होंने इस खंड में हाल के दिनों में हुई तेजी को 'अतार्किक उत्साह' जैसा बताया।

बुच ने निवेशकों को सावधानी बरतने की सलाह देते हुए कहा कि हेराफेरी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) और सामान्य रूप से शेयरों की खरीद-बिक्री, दोनों में है। उन्होंने यहां एक कार्यक्रम के मौके पर महिला पत्रकारों से कहा- हमें (कीमतों में हेराफेरी के) संकेत मिल रहे हैं। हमारे पास इस बारे में पता लगाने की तकनीक है। हम कुछ

'पैटर्न' देख रहे हैं। मैं कहूंगी कि यह अभी शुरुआती चरण में है और बात बहुत आगे नहीं बढ़ी है। छोटी और मझोली कंपनियों के सूचकांक में हाल के दिनों में हुई तेज वृद्धि के बारे में पूछने पर बुच ने स्वीकार किया कि बाजार में तेजी के कुछ बुलबुले हैं। उन्होंने कहा-बुलबुले को बनते रहने देना उचित नहीं होगा, क्योंकि जब यह फूटता है, तो निवेशकों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। यह अच्छी बात नहीं है। सेबी प्रमुख ने कहा कि पूंजी बाजार नियामक अभी भी इसके सभी पहलुओं को समझने और आंकड़ों का विश्लेषण करने के लिए सलाहकारों के साथ काम कर रहा है। बुच ने कहा कि अगर उसे कुछ गलत मिला, तो इस पर सार्वजनिक परामर्श जारी किया जा सकता है।

फंडों से निकासी का कोई चिंताजनक संकेत नहीं

नई दिल्ली। स्मॉल-कैप और मिड-कैप फंडों में बढ़ते निवेश पर बाजार नियामक सेबी की चिंता के बीच विशेषज्ञों ने कहा है कि इन फंडों में निकासी का कोई चिंताजनक संकेत नहीं दिख रहा है। उन्होंने कहा कि चिंताओं के बावजूद बेहतर प्रतिफल की चाहत में इन फंडों में निवेश जारी रहने का अनुमान है। सेबी ने पिछले महीने के अंत में म्यूचुअल फंड कंपनियों से कहा था कि वे उन निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए एक रूपरेखा तैयार करें, जिन्होंने स्मॉल कैप और मिड कैप फंडों में निवेश किया है। पिछली कुछ तिमाहियों में इन योजनाओं में भारी निवेश के कारण सेबी ने यह कदम उठाया। मिड कैप म्यूचुअल फंड ने कुल मिलाकर 2023 में लगभग 23,000 करोड़ रुपये जुटाए, जबकि स्मॉल कैप योजनाओं के लिए यह आंकड़ा 41,000 करोड़ रुपये से अधिक था। इससे पहले 2022 में मिड कैप फंडों ने 20,550 करोड़ रुपये और स्मॉल कैप फंडों ने 19,795 करोड़ रुपये जुटाए थे। दूसरी ओर लार्ज कैप म्यूचुअल फंडों में 2023 के दौरान लगभग 3,000 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी हुई। फिनवाइजर के संस्थापक और सीईओ जय शाह ने कहा कि चेतावनियों के बावजूद मिड कैप और स्मॉल कैप फंडों में निवेश जारी रहने का अनुमान है। फिलहाल निकासी का कोई चिंताजनक संकेत नहीं है।

फियो के नए अध्यक्ष चुने गए अश्विनी कुमार

नई दिल्ली। उद्यमी और विक्टर फोर्जिंग्स के साझेदार अश्विनी कुमार को भारतीय निर्यातकों के शीर्ष संगठन फियो का नया अध्यक्ष चुना गया है। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट आर्गनाइजेशन (फियो) ने सोमवार को एक बयान में कहा कि सर्वसम्मति से चुने गए कुमार ने ए शक्तिवेल का स्थान लिया है। कुमार ने देश के विभिन्न संगठनों में कई प्रमुख पदों पर काम किया है। कुमार फियो के चेयरमैन और फेडरेशन की प्रबंध समिति के सदस्य, एनआईटी-जालंधर की संचालन परिषद के सदस्य, हैंड टूल्स पैनल (पैन इंडिया) के संयोजक और ईईपीसी इंडिया के 'वाइस रीजनल चेयरमैन' (उत्तरी क्षेत्र) रह चुके हैं। बयान के अनुसार नए फियो प्रमुख का लक्ष्य भारत के निर्यात क्षेत्र की प्रतिस्पर्धी क्षमता को बढ़ाना है। कुमार ने ऐसे समय में कमान संभाली है जब वैश्विक व्यापार में भारी बदलाव आ रहा है।

कमजोर वैश्विक रुझानों से सेंसेक्स में 616 अंक की आई गिरावट

- दो दिनों से बाजार जारी बढ़त थमी, निफ्टी भी 160 अंक गिरा

मुंबई, एजेंसी

कमजोर वैश्विक रुझानों के बीच धातु और बैंक शेयरों में बिकवाली का जोर रहने से सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में दो दिनों से जारी बढ़त थम गई और दोनों प्रमुख सूचकांकों में बड़ी गिरावट देखने को मिली। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स मुनाफावसूली के कारण 616.75 अंक यानी 0.83 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73,502.64 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 685.48 अंक तक खिसक गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक निफ्टी भी 160.90 अंक यानी 0.72 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,332.65 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में पावर ग्रिड और टाटा स्टील में दो प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई।

एचडीएफसी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), इंडसइंड बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एनटीपीसी में भी गिरावट रही। एसबीआई का शेयर उच्चतम न्यायालय की प्रतिकूल टिप्पणी के कारण दो प्रतिशत टूट गया। एलकेपी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक रूपक डे ने कहा कि अल्पावधि में निफ्टी में कमजोरी देखी जा सकती है और यह 22,200-22,250 के दायरे में आ सकता है।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	74,750
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	67,450
गिन्नी (प्रति नग)	50,250-50,450
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	65,750
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	65,650
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	74,000
चांदी तैयार	74,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	65,400
सोना जेवरात गिन्नी	64,400
चांदी पक्की	732 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	65,400
चांदी आभूषण	73,800।

एयरलाइंस का घाटा 3-4 हजार करोड़ रुपये रहने का अनुमान

- वित्त वर्ष 2023-24 के लिए इक्रा ने जारी की रिपोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय एयरलाइंस का शुद्ध घाटा चालू वित्त वर्ष में कम होकर 3,000 से 4,000 करोड़ रुपये तक रहने का अनुमान है, जबकि अगले वित्त वर्ष में भी ऐसे रुझान बने रह सकते हैं। एक रिपोर्ट में सोमवार को यह जानकारी देते हुए कहा गया कि यात्रियों की संख्या में अच्छी बढ़ोतरी और किराया निर्धारण के नियमों से विमानन कंपनियों को मदद मिली।

क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इक्रा ने फरवरी की अपनी रिपोर्ट में कहा कि घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या लगभग 12.75 करोड़ होने का अनुमान है। रिपोर्ट में हालांकि यह भी कहा गया कि विमानन क्षेत्र आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ी चुनौतियों और प्रैट एंड व्हिटनी (पीएंडडब्ल्यू) कंपनी के इंजन से संबंधित समस्याओं से भी जूझ रहा है। पीएंडडब्ल्यू के इंजन में खराबी के चलते इंडिगो ने 70 से ज्यादा विमान खड़े कर दिए। रिपोर्ट में कहा गया, ऐसा अनुमान है कि भारतीय एयरलाइनों के परिचालन में शामिल कुल बेड़े का 24-26 प्रतिशत हिस्सा 31 मार्च, 2024 तक उड़ान भरना बंद कर देगा।

स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों को दिए गए 200 ड्रोन

नई दिल्ली। कोरोमंडल इंटरनेशनल ने सोमवार को कहा कि उसने स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की महिला सदस्यों को 200 ड्रोन उपलब्ध कराए हैं और उन्हें सही ढंग से संचालित करने के लिए प्रशिक्षण भी प्रदान किया है। कोरोमंडल इंटरनेशनल लिमिटेड अग्रणी कृषि-समाधान प्रदाताओं में से एक है। यह दो प्रमुख क्षेत्रों में काम करती है- पोषक तत्व एवं अन्य संबद्ध व्यवसाय तथा फसल सुरक्षा। इनमें उर्वरक, फसल सुरक्षा, जैव-उत्पाद, विशेष पोषक तत्व और जैविक कारोबार शामिल हैं।

बांग्लादेश, श्रीलंका सहित कई देश भारत के साथ रुपये में व्यापार करने के इच्छुक : गोयल

- वाणिज्य और उद्योग बोले-सभी हमसे कर रहे हैं बात

नई दिल्ली, एजेंसी

बांग्लादेश, श्रीलंका और खाड़ी क्षेत्र के देशों सहित कई विकसित और विकासशील देशों ने रुपये में व्यापार करने की इच्छा जताई है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यह जानकारी देते हुए कहा कि भारत के साथ साझेदारी से कारोबार के लिए लेनदेन की लागत घटेगी।

उन्होंने भरोसा जताया कि यह कदम भारत के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की दिशा में एक बड़ा बदलाव होने जा रहा है। उन्होंने एक साक्षात्कार में बताया-बांग्लादेश, श्रीलंका



पहले ही हमसे बात कर रहे हैं और वे चाहते हैं कि हम इसे तुरंत शुरू करें। खाड़ी क्षेत्र के दूसरे देश भी इस पर विचार कर रहे हैं। मुझे लगता है कि समय के साथ लोगों को इसका फायदा पता चलेगा।

गोयल ने कहा कि इस पहल में विकसित देश और सुदूर पूर्व के देश भी शामिल हो रहे हैं। सिंगापुर पहले ही कुछ हद तक इसमें शामिल है। मंत्री ने कहा कि धीरे-धीरे देशों को यह एहसास हो रहा है कि घरेलू मुद्रा में व्यापार करने के कई फायदे हैं। इसलिए कई देश अपनी स्थानीय मुद्रा और रुपये के बीच सीधा लेनदेन शुरू करना चाहेंगे। गोयल ने कहा कि धीरे-धीरे यह बात समझ में आ रही है कि सभी लेनदेन को तीसरी मुद्रा में बदलने से उसकी लागत में काफी वृद्धि होती है।

राष्ट्रीय

शीर्ष कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले पर उठाए सवाल

अश्लील सामग्री देखने को अपराध नहीं मानने के फैसले की सुप्रीम कोर्ट करेगी समीक्षा

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने मद्रास उच्च न्यायालय के उस फैसले को सोमवार को 'भयावह' करार दिया जिसमें कहा गया है कि बच्चों से जुड़ी अश्लील सामग्री (चाइल्ड पोर्नोग्राफी) को केवल डाउनलोड करना और उसे देखना यौन अपराध से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कानून के तहत अपराध नहीं है। उच्च न्यायालय के इस फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनाई करने के लिए भी उच्चतम न्यायालय राजी हो गया।

अदालत ने गत 11 जनवरी को 28 वर्षीय एक व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही भी निरस्त कर दी थी,

चाइल्ड पोर्नोग्राफी से संबंधित मामला

जिस पर अपने मोबाइल फोन पर बच्चों से जुड़ी अश्लील सामग्री डाउनलोड करने का आरोप था। अदालत ने कहा था कि सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 ऐसी सामग्री को केवल देखने को अपराध नहीं बनाता है। मद्रास उच्च न्यायालय ने कहा था है कि आजकल के बच्चे अश्लील सामग्रियां देखने की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं और समाज को वैसे बच्चों को दंडित करने के बजाय शिक्षित करने को लेकर "पर्याप्त परिपक्वता" दिखानी चाहिए।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने दो याचिकाकर्ता संगठनों की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता एच एस फुल्का की उन दलीलों पर गौर किया जिसमें उच्च न्यायालय के फैसले को कानूनों के विपरीत बताया गया। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ''यह (मद्रास उच्च न्यायालय का फैसला) भयावह है।

एकल पीठ के न्यायाधीश ऐसा कैसे कह सकते हैं? नोटिस जारी करें जिसका तीन सप्ताह में जवाब दाखिल किया जाए।'' वरिष्ठ अधिवक्ता दो याचिकाकर्ता संगठनों- फरीदाबाद के 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन अलायंस' और नई दिल्ली स्थित 'बचपन बचाओ आंदोलन' की ओर से पेश हुए। ये गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) बच्चों के कल्याण के लिए काम करते हैं।

कोर्ट ने आरोपी व पुलिस अधिकारियों से मांगा जवाब

शीर्ष अदालत ने आरोपी चेन्नई निवासी एस हरीश और तमिलनाडु के दो संबंधित पुलिस अधिकारियों से भी जवाब मांगा। उच्च न्यायालय ने हरीश के खिलाफ पॉक्सो अधिनियम- 2012 और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम-2000 के तहत आपराधिक मामला रद कर दिया था।

लोकसभा सदस्य राहुल कस्वां भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल

नई दिल्ली। राजस्थान के चुरू से लोकसभा सदस्य राहुल कस्वां सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से इस्तीफा देने के बाद कांग्रेस में शामिल हो गए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर उन्होंने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। खरगे ने पार्टी में उनका स्वागत किया। इस मौके पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा भी मौजूद थे। भाजपा द्वारा लोकसभा टिकट काटे जाने के बाद कस्वां ने यह कदम उठाया है। कांग्रेस में शामिल होने से पहले कस्वां ने भारतीय जनता पार्टी और संसद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "राम-राम मेरे चूरू लोकसभा परिवार.....मेरे परिवारजनो! राजनीतिक कारणों के चलते आज में अपने पद से इस्तीफा दे रहा हूं।

चुनाव समिति की बैठक में सात राज्यों पर चर्चा

लोकसभा चुनाव

- भाजपा की दूसरी सूची मंगलवार तक के लिए टली
- नेताओं से चर्चा न होने के कारण सूची को रोक दिया गया

नई दिल्ली, ब्यूरो

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों की दूसरी सूची फिलहाल टल गई है। केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक देर रात तक चलती रही, जिसमें सात राज्यों पर विचार-विमर्श किया गया। सोमवार को दूसरी सूची जारी होने की संभावना थी लेकिन गठबंधन में शामिल दलों के नेताओं से पूरी चर्चा न होने पाने के कारण सूची को रोक दिया गया है।

भाजपा सूत्रों के मुताबिक उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड एवं हरियाणा राज्यों की अधिकांश सीटों पर चर्चा हो चुकी है। वहीं उत्तर प्रदेश की तीन सीटों पर अभी नाम तय होना बाकी है। उत्तराखंड एवं हरियाणा राज्यों की सूची पर मंगलवार को अंतिम चर्चा की जाएगी।

सोमवार को देर शाम शुरू हुई बैठक में मुख्य रूप से महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, चंडीगढ़, तमिलनाडु एवं गुजरात के उम्मीदवारों पर चर्चा की गई। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित सभी राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष भी थे।

दुष्यंत चौटाला मिले नड्डा से, हिसार से उतारेंगे प्रत्याशी

नई दिल्ली, ब्यूरो : लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी हरियाणा की एक सीट जननायक जनता पार्टी (जजपा) को देने जा रही है। जजपा अध्यक्ष दुष्यंत चौटाला की सोमवार को बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा से हुई मुलाकात के बाद उक्त जानकारी मिली है। हरियाणा में लोकसभा की 10 सीटें हैं। सभी सीटों पर उम्मीदवारों की चर्चा मंगलवार को होगी। जेपी नड्डा एवं दुष्यंत की मुलाकात के बाद भाजपा मुख्यालय में केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में हरियाणा राज्य की चर्चा को टाल दिया गया है। सूत्रों के मुताबिक हरियाणा की हिसार सीट गठबंधन के तहत जजपा को मिलने जा रही है। वहीं हिसार के बीजेपी सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी वीरेंद्र सिंह के पुत्र बृजेंद्र चौधरी ने बीजेपी से इस्तीफा देकर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली थी। माना जा रहा है कि यदि जेजे पार्टी यहां से अपना उम्मीदवार खड़ा करेगी तो उसका मुकाबला कांग्रेस से होगा। कांग्रेस ने बृजेंद्र चौधरी को उम्मीदवार बनाने का फैसला किया है।

एक नजर

तृणमूल कांग्रेस का 10 करोड़ से अधिक का डिमांड ड्राफ्ट जब्त

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को कहा कि उसने तृणमूल कांग्रेस के पूर्व सांसद के.डी. सिंह द्वारा प्रवर्तित एल्केमिस्ट समूह के खिलाफ धन शोधन जांच के तहत पार्टी का 10.29 करोड़ रुपये का डिमांड ड्राफ्ट जब्त किया है। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि कंपनी ने 2014 के लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान तृणमूल कांग्रेस पार्टी द्वारा ली गई विमानन सेवाओं के लिए विभिन्न विमानन/हेलीकॉप्टर कंपनियों को भुगतान करने के लिए इस पैसे का इस्तेमाल किया था।

भाजपा सांसद प्रज्ञा के खिलाफ वारंट जारी

मुंबई। मुंबई में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) अदालत ने 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले की आरोपी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर को बार-बार चेतावनी के बावजूद पेश नहीं होने पर सोमवार को जमानती वारंट जारी किया है। ठाकुर और छह अन्य के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के प्रावधानों के तहत मुकदमा दर्ज है।

नकुल नाथ और वैभव गहलोत समेत 40 के नामों पर लगी मुहर

नई दिल्ली में केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के दौरान बोलते कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी नेता सोनिया गांधी और के.सी. वेणुगोपाल। • एजेंसी

- कांग्रेस की सीईसी ने 60 से अधिक उम्मीदवारों के नामों पर की चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश के लिए सोमवार को 60 से अधिक उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा की जिनमें करीब 40 पर मुहर लगाई। सूत्रों का कहना है कि उम्मीदवारों की दूसरी सूची अगले एक-दो दिन में जारी हो सकती है जिनमें राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के पुत्र नकुल नाथ के नाम शामिल होंगे।

सूत्रों ने यह भी बताया कि अपने पुत्र के चुनाव लड़ने के कारण अशोक गहलोत के और छत्तीसगढ़ के प्रभारी की जिम्मेदारी होने के चलते कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट के चुनाव लड़ने की संभावना कम है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और सीईसी में शामिल कई अन्य नेताओं, संबंधित राज्यों के प्रभारी एवं वरिष्ठ नेताओं ने बैठक में शिरकत की। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी इस बैठक में शामिल नहीं हुए। इस बैठक में उत्तराखंड, राजस्थान, मध्य प्रदेश, असम, गुजरात और दमन दीव के लिए 60 से अधिक उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा की गई जिनमें से करीब 40 नामों पर मुहर लगाई गई। पार्टी की सीईसी की यह दूसरी बैठक थी। वहीं भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए राहुल कस्वां अपने वर्तमान संसदीय क्षेत्र चुरू से ही चुनाव लड़ेंगे।

क्या केजरीवाल माफी मांगना चाहते हैं

- मानहानि मामले में उच्चतम न्यायालय ने किया सवाल

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से पूछा कि क्या वह आपराधिक मानहानि के एक मामले में शिकायतकर्ता से माफी मांगना चाहते हैं। केजरीवाल ने दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी है, जिसमें उन्हें मामले में आरोपी के तौर पर जारी समन को बरकरार रखा गया है।

मुख्यमंत्री ने 26 फरवरी को शीर्ष न्यायालय को बताया था कि उन्होंने भाजपा के आईटी प्रकोष्ठ से संबद्ध 'यूट्यूबर' ध्रुव राठी द्वारा प्रसार किये गए कथित अपमानजनक वीडियो को रीट्वीट कर गलती की थी। सोमवार को सुनवाई के दौरान, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ से, शिकायतकर्ता विकास सांकृत्यायन की ओर से पेश हुए वकील ने कहा कि केजरीवाल 'एक्स' या 'इंस्टाग्राम' जैसे सार्वजनिक मंच पर माफी मांग सकते हैं।

तमिलनाडु में 100 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का मादक पदार्थ बरामद

पुदुकोट्टई। सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने सोमवार को पुदुकोट्टई जिले से 100 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का हशीश और गांजा बरामद किया है। तिरुचिरापल्ली सीमा शुल्क निवारक आयुक्तालय के अधिकारियों ने मिमिसल गांव में एक झींगा फार्म में स्थित एक शेड से हशीश और गांजा बरामद किया है। तिरुचिरापल्ली सीमा शुल्क (निवारक) क्षेत्र के आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर किए गए पोस्ट कहा गया कि सूचना के आधार पर ये मादक पदार्थ बरामद किए गए हैं। इसमें कहा गया कि अधिकारियों को सूचना मिली थी कि झींगा फार्म में स्थित एक शेड में भारी मात्रा में हशीश और गांजा छिपाए गए हैं।

संसद में सुरक्षा चूक : जांच के लिए पुलिस को मिल गया और समय

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को दिल्ली पुलिस को संसद सुरक्षा चूक मामले में उसकी जांच पूरा करने के लिए और समय दिया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर ने पुलिस को जांच पूरी करने के लिए 45 दिन और दिए। इससे पहले अभियोजन पक्ष ने एक आवेदन दायर कर अदालत से अनुरोध किया कि कुछ रिपोर्ट अब भी प्रतीक्षित हैं और आंकड़ों की जांच में भी समय लगेगा। पुलिस ने न्यायाधीश से जांच पूरी करने के लिए तीन महीने का और समय देने का आग्रह किया। संसद पर आतंकी हमले की बरसी पर सागर शर्मा और मनोरंजन डी शून्यकाल के दौरान दर्शक दीर्घा से लोस कक्ष में कूद गए थे।

सरकार के विकास कार्यों से विपक्ष की नींद उड़ी

- प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस और उसके सहयोगियों पर बोला हमला

गुरुग्राम, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए ढांचागत परियोजनाओं के क्रियान्वयन की गति दोगुनी करने का वादा करने के साथ ही सोमवार को विपक्षी कांग्रेस और उसके सहयोगियों पर करारा हमला किया और कहा कि नकारात्मकता विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन का चरित्र बन गया है।

यहां एक लाख करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनके नेतृत्व में सरकार के विकास कार्यों से 'इंडिया' गठबंधन के

नेताओं की नींद उड़ गई है क्योंकि वे केवल उन परियोजनाओं को ढोल पीटने के आदी थे, जिनकी आधारशिला तो रखी गई लेकिन कोई पूरा नहीं हुई। बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के प्रति अपनी सरकार के रुख की गति का ब्योरा देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने चालू कैलेंडर वर्ष के तीन महीने से भी कम समय में 10 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं की आधारशिला रखी है या उनका उद्घाटन किया है। इससे पहले मोदी ने द्वारका एक्सप्रेस-वे के हरियाणा खंड का उद्घाटन किया जो 4,100 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है।

मेरा तीसरा कार्यकाल नारी शक्ति के उत्कर्ष का नया अध्याय लिखेगा: नरेंद्र मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को कहा कि उनकी संवेदनाएं और योजनाएं जमीन से जुड़े अनुभवों से निकली हैं जो नारी शक्ति के जीवन को आसान बना रही हैं और उनका तीसरा कार्यकाल नारी शक्ति के उत्कर्ष का नया अध्याय लिखेगा। प्रधानमंत्री ने राजधानी दिल्ली के पूसा स्थित राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान संस्थान में 'सशक्त नारी-विकसित भारत' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर भी निशाना साधा और कहा कि जब भी वह महिलाओं के कल्याण की बात करते हैं, विपक्षी दल उसे उन्हें गाली देने के अवसर के रूप में उपयोग करता है। इस अवसर पर उन्होंने 'नमो ड्रोन दीदियों' की ओर से कृषि क्षेत्र में ड्रोन के उपयोग का प्रदर्शन देखा और 1,000 से अधिक 'नमो ड्रोन दीदियों' को ड्रोन सौंपे। कार्यक्रम के दौरान कुछ 'ड्रोन दीदियों' से संवाद करने के बाद प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि मोदी की संवेदनाएं और मोदी की योजनाएं जमीन से जुड़े जीवन के अनुभवों से निकली हैं।

विदर्भ को सस्ते में समेट मुंबई ने 260 रन की बनाई बढ़त

रणजी फाइनल के दूसरे दिन अजिंक्य रहाणे और मुशीर खान के नाबाद अर्धशतकों से मुंबई की स्थिति मजबूत

मुंबई, एजेंसी

अजिंक्य रहाणे और मुशीर खान के नाबाद अर्धशतकों से मुंबई ने रणजी फाइनल के दूसरे दिन सोमवार को विदर्भ के खिलाफ 260 रन की बढ़त बनाकर मैच पर शिकंजा कस दिया।

रहाणे ने 104 गेंद में नाबाद 58 रन की पारी खेली तो मुशीर ने भी नाबाद 51 बनाकर तीसरे विकेट के लिए 107 रन की साझेदारी कर दूसरी पारी में मुंबई का स्कोर 2 विकेट पर 141 रन पहुंचाया। पहले दिन 224 रन बनाने के बाद मुंबई ने दूसरे दिन विदर्भ को 105 रन पर समेटकर 119 रन की बढ़त बनाई। दूसरी पारी में भी मुंबई की शुरुआत खराब रही। टीम ने दोनों बल्लेबाज पृथ्वी साव (11) और भूपेन लालवानी (18) के विकेट जल्दी गंवा दिए, जिसके बाद रहाणे और मुशीर ने पारी को संभाला। पृथ्वी को यश ठाकुर ने और भूपेन ने हर्ष दुबे ने आउट किया। मौजूदा सत्र में रहाणे ने अपना सिर्फ दूसरा अर्धशतक पूरा किया। मुंबई को विदर्भ के दिग्गज स्पिनर आदित्य सरवटे की चोट से भी फायदा मिला। इससे पहले विदर्भ की टीम सुबह 3 विकेट पर 31 रन से आगे खेलने उतरी। टीम का कोई बल्लेबाज नहीं टिक सका और टीम 105 रन पर सिमट गई। रात्रि प्रहरी आदित्य ठाकरे (19) ने एक छोर संभाले रखा। यश राठौड़ 27 रन बनाकर टीम के शीर्ष स्कोरर रहे। मुंबई की ओर से तनुष कोटियान, धवल कुलकर्णी और शम्स मुलानी ने तीन-तीन विकेट लिए। धवल ने अथर्व ताइडे (23) को विकेटकीपर हार्दिक तमोरे के हाथों कैच कराके मुंबई को पहली सफलता दिलाई। मुलानी ने ठाकरे को पगबाधा किया। बाएं हाथ के स्पिनर मुलानी ने हर्ष दुबे (1) को भूपेन के हाथों कैच कराया। यश राठौड़ इसके बाद तनुष की गेंद को विकेटों पर खेल गए। इस स्पिनर ने इसके बाद यश ठाकुर (16) और उमेश यादव (2) की पारी का भी अंत किया।

सात्विक-चिराग आल इंग्लैंड में करेंगे भारत की अगुवाई

बर्मिंघम, एजेंसी

- भारत के लिए प्रकाश पादुकोण (1980) और पुलेला गोपीचंद (2001) ने जीता है यह खिताब

फ्रेंच ओपन चैंपियन सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी मंगलवार से यहां शुरू हो रही आल इंग्लैंड चैंपियनशिप में खिताब के लिए भारत का 23 साल का इंतजार खत्म करने की कोशिश करेंगे।

भारत के लिए खिताब प्रकाश पादुकोण (1980) और पुलेला गोपीचंद (2001) ही जीत सके हैं जबकि साइना नेहवाल (2015) और लक्ष्य सेन (2022) उपविजेता रहे। सात्विक और चिराग पिछले साल इंडोनेशिया में सुपर 1000 खिताब जीता था। वहीं रविवार रात फ्रेंच ओपन खिताब अपने नाम किया। सात्विक और चिराग ने इस सत्र में मलेशिया सुपर 1000, इंडिया सुपर 750 के फाइनल में प्रवेश किया और पेरिस में जीत दर्ज की। पहले दौर में उनका सामना इंडोनेशिया के मोहम्मद अहसान और हेंड्रा सेतियावान से होगा। जीतने पर दूसरे दौर में उनका सामना मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूइ यिक से हो सकता है। लक्ष्य सेन का पहले दौर में मलेशिया के एंग जि योंग से और दूसरे दौर में डेन एंडर्स एंटोनसेन से मुकाबला होगा। एचएस प्रणय पहले दौर में चीनी ताइपै के सू लि यांग से खेलेंगे। किदाम्बी श्रीकांत पहले दौर में विक्टर एक्सेलसेन से खेलेंगे जबकि प्रियांशु राजावत का सामना इंडोनेशिया के चिको ओरा द्वि वार्डोयो होगा। महिला में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद पहले दौर में इंडोनेशिया की अप्रियानी राहायू और सिति फादिया सिल्वा रामाधंती से खेलेंगी।

सिंधू का वोन्ने से होगा मुकाबला

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू का सामना पहले दौर में जर्मनी की वोन्ने लि से होगा, जिसके बाद दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी कोरिया की अन सि यंग से टक्कर हो सकती है। सिंधू ने बाएं घुटने की चोट से उबरकर पिछले सप्ताह फ्रेंच ओपन में वापसी की थी, लेकिन क्वार्टर फाइनल में हार गई।

खेल डायरी

पिस्टल निशानेबाज रुद्रांश खंडेलवाल को पैरा विश्व कप में रजत पदक

नई दिल्ली। भारत के रुद्रांश खंडेलवाल और निहाल सिंह ने सोमवार को यहां पैरा निशानेबाजी विश्व कप के तीसरे दिन मिश्रित 50 मीटर पिस्टल (एसएच1) स्पर्धा में क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीता। रुद्रांश, निहाल और तोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता सिंहराज की तिकड़ी ने मिश्रित 50 मीटर पिस्टल (एसएच1) टीम स्पर्धा का रजत पदक भी जीता। चीन ने स्वर्ण पदक पाया। पिछले साल पेरिस पैरालंपिक का कोटा हासिल करने वाले निशानेबाज रुद्रांश ने फाइनल में 223 .2 अंक जुटाए। इटली के डेविड फ्रांसेचेटी ने 230 .0 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। निहाल ने 202 .8 अंक के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया।

अमेरिका ने ब्राजील को हराकर गोल्ड कप जीता

सेन डिएगो। लिंडसे होरान के पहले हाफ के इंजरी टाइम में हेडर से दागे गोल की बदौलत अमेरिका ने ब्राजील को 1-0 से हराकर कोनकाकैफ महिला गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। टूर्नामेंट के ग्रुप चरण में मैक्सिको के खिलाफ शिकस्त झेलने वाले अमेरिका ने करीबी फाइनल में जीत दर्ज की। अमेरिका की टीम चौथी बार किसी टूर्नामेंट के फाइनल में ब्राजील से खेल रही थी। अमेरिकी टीम ने पिछले तीन खिताबी मुकाबले भी जीते थे, जिसमें 2004 और 2008 ओलंपिक भी है। इस मुकाबले के लिए सेन डिएगो के स्नैपड्रैगन स्टेडियम में 31 हजार 528 दर्शक मौजूद थे जो किसी कोनकाकैफ महिला फुटबॉल मैच में दर्शकों की रिकॉर्ड संख्या है।

मुक्केबाज निशांत ओलंपिक कोटे से एक जीत दूर

बस्तो अर्सिजियो (इटली)। विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता मुक्केबाज निशांत देव पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने से एक जीत दूर है, जिन्होंने यूनान के क्रिस्टोस काराइटिस को हराकर विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर के 71 किलोवर्ग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में फीदरवेट का कांस्य पदक जीतने वाले निशांत ने 5-0 से जीत दर्ज की। इस क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में पुरुषों के 71 किलो वर्ग के 4 कोटे दिए जाने हैं। निशांत को क्वार्टर फाइनल में जीत दर्ज करने की जरूरत है ताकि वे भारत के लिए पांचवां कोटा पा सकें। उनका सामना विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता अमेरिका के ओमारी जोंस से होगा।

16 से अभ्यास करेंगे एलएसजी के खिलाड़ी

लखनऊ। आईपीएल की तैयारियों के लिए लखनऊ सुपरजायंट्स की टीम के खिलाड़ियों का राजधानी में आना जल्द ही शुरू जो जाएगा। आईपीएल के लिए खिलाड़ी नेट्स पर 16 मार्च से इकाना स्टेडियम में अभ्यास शुरू करेंगे। इस दिन तक सभी खिलाड़ियों के लखनऊ आ जाने की संभावना है। लखनऊ में पहला मुकाबला 30 मार्च को होना है। इस मुकाबले में सुपरजायंट्स के सामने पंजाब किंग्स की चुनौती होगी। इसके बाद टीम को 10 अप्रैल को गुजरात टाइटंस का सामना करना होगा।

स्वियातेक ने नोस्कोवा से हार का लिया बदला

इंडियन वेल्स। पोलैंड की इगा स्वियातेक ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन में मिली हार का बदला चुकता करते हुए लिंडा नोस्कोवा को हराकर बीएनपी परीबस ओपन के अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया। कार्लोस अल्काराज और यानिक सिनेर भी अगले दौर में पहुंच गए लेकिन आंद्रेइ रूबलेव को 32वीं वरीयता प्राप्त जिरि लेहेका ने हराया। अल्काराज ने फेलिक्स आगर एलियास्सिमे को मात दी, जबकि सिनेर ने जान लेनार्ड स्ट्रफ को हराया। अल्काराज का सामना अब हंगरी के फेबियन मारोज्सान से होगा। स्वियातेक का सामना अब कजाखस्तान की यूलिया पुतिनत्सेवा से होगा, जिसने मेडिसन कीस को मात दी। फ्रांसिस टियाफो भी स्टेफानोस सिटसिपास से हार गए। सिटसिपास का सामना अब लेहेका से होगा। वहीं कैटी वोलिनेट्स को कैरोलिन वोज्नियाकी ने हराया। अमेरिका के बेन शेल्टन ने फ्रांसिस्को सेरूंडोलो को मात दी।

बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में हो सकती है शमी की वापसी

बीसीसीआई सचिव ने कहा- शमी आईपीएल और टी-20 विश्व कप से रहेंगे बाहर

धर्मशाला, एजेंसी

टखने की सर्जरी से उबर रहे भारत के प्रमुख तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी इस साल सितंबर में बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला के दौरान वापसी कर सकते हैं। यह जानकारी भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने दी।

शमी इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से बाहर रहे। पिछले महीने हुई टखने की सर्जरी से वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 22 मार्च से शुरू हो रहे सत्र से बाहर रहेंगे। जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप में भी उनकी भागीदारी की संभावना नहीं है। शमी ने भारत के लिए अपना पिछला मैच एकदिवसीय विश्व कप में खेला था। भारत सितंबर में दो टेस्ट और तीन टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों के लिए बांग्लादेश की मेजबानी करेगा। शाह ने कहा कि शमी की सर्जरी हो गई है, वह भारत वापस आ गए हैं। बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए शमी की वापसी की संभावना है। लोकेश राहुल को इंजेक्शन की जरूरत थी, उन्होंने रिहैब (चोट से उबरने की प्रक्रिया) शुरू कर दिया है और एनसीए (राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) में हैं। राहुल दाहिने क्वाड्रिसेप्स (जांघ की मांसपेशियां) में दर्द की शिकायत के बाद इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के आखिरी 4 मैच नहीं खेल पाए थे। लंदन में इलाज कराने के बाद उनके आईपीएल में लखनऊ सुपरजायंट्स के लिए खेलने की उम्मीद हैं। बीसीसीआई सचिव ने ऋषभ पंत पर की चोट से उबरने और खेल में वापसी पर भी जानकारी दी। उन्होंने कहा पंत आईपीएल में वापसी को तैयार है। पंत दिसंबर 2022 में कार दुर्घटना के बाद से खेल से दूर है। वह अच्छी बल्लेबाजी और कीपिंग कर रहा है। हम जल्द उसे फिट घोषित कर देंगे। अगर वह टी-20 विश्व कप खेल सका तो यह हमारे लिए बहुत बड़ी बात होगी। वह हमारे लिए अहम खिलाड़ी है।

मैकुलम ने स्वीकारा, बैजबॉल शैली में सुधार की जरूरत

धर्मशाला। भारत के खिलाफ अति आक्रामक रवैया काम नहीं आने के बाद इंग्लैंड के कोच ब्रेंडन मैकुलम ने स्वीकार किया कि टीम की 'बैजबॉल' शैली में कुछ बदलाव की जरूरत है। इंग्लैंड ने पांच मैचों की श्रृंखला का आगाज हैदराबाद में पहला टेस्ट जीतकर किया था, लेकिन भारत ने बाकी चारों टेस्ट जीतकर श्रृंखला 4-1 से अपने नाम की। मैकुलम ने कहा कि जिस तरह से हमारी कमजोरियां इस उजागर हुई है, हमें गहन आत्ममंथन करना होगा और शैली में कुछ बदलाव करने होंगे। भारतीय टीम ने हम पर दबाव बनाया और हम कमजोर साबित हुए। गेंद से, बल्ले से, खेल के हर विभाग में उन्होंने हमें दबाव में ला दिया। 'बैजबॉल' दौर में इंग्लैंड ने यह पहली श्रृंखला गंवाई है। बेन स्टोक्स और उनकी टीम तीन श्रृंखलाओं में जीत नहीं सकी है, जिससे बैजबॉल पर सवाल उठने लगे हैं।

स्टोक्स ने भारत को दबदबा बनाने का मौका दिया: चैपल

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर इयान चैपल ने भारत के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई टेस्ट श्रृंखला के दौरान इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स नेतृत्व की आलोचना करते हुए कहा कि उनके कुछ फैसलों से उनकी टीम श्रृंखला में 1-4 से पिछड़ गई। रांची में चौथे टेस्ट के तीसरे दिन आखिरी सत्र के दौरान विकेट लेने के लिए तेज गेंदबाज जिमी एंडरसन को गेंद थमानी चाहिए थी लेकिन स्टोक्स ने जो रूट से गेंदबाजी कराई, जिससे टीम को नुकसान हुआ। भारत ने इसका फायदा उठाया और 8 ओवरों में 40 रन बनाए। भारत ने इस मैच को 5 विकेट से जीतकर श्रृंखला में 3-1 की बढ़त बनाई थी। स्टोक्स ने रांची में कुछ और गलतियां की। आखिरी दिन खराब क्षेत्ररक्षण से भारतीय बल्लेबाजों को एक-एक रन बनाने का मौका दिया। जब स्टोक्स को कप्तानी में आक्रमक रवैया अपनाने की जरूरत थी तब उन्होंने लचर रवैया दिखाया।

विनेश ने बाधा डालने के बाद 50 किग्रा में दर्ज की जीत

पटियाला, एजेंसी

कुश्ती ट्रायल

महिलाओं के कुश्ती चयन ट्रायल के नाटकीयता से भरे दिन में पहलवान विनेश फोगट सोमवार को यहां 50 किलो वर्ग का मुकाबला जीतने के बाद राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के अधिकारियों को अपना नमूना दिए बिना चली गईं। सूत्र ने बताया कि नाडा की टीम ट्रायल विजेताओं के डोप नमूने लेने के लिए आई थी, लेकिन विनेश ने नमूना नहीं दिया। कुश्ती तदर्थ समिति के अधिकारी ने बताया कि डोपिंग जांच के लिए विनेश के नमूना देने से इनकार करने की उन्हें जानकारी नहीं है। नाडा के नियमों के अनुसार, नमूना देने से मना करने या विधिवत अधिकृत व्यक्ति द्वारा अधिसूचना के बाद बिना किसी ठोस कारण के नमूना नहीं देना डोपिंग रोधी नियमों (एडीआरवी) का उल्लंघन है। इससे पहले सुबह पेरिस ओलंपिक की दौड़ में बने रहने की कवायद में विनेश ने महिलाओं के 50 और 53 किलो वर्ग में चयन ट्रायल शुरू नहीं होने दिए और अधिकारियों से लिखित आश्वासन मांगा कि 53 किलो भार वर्ग के आखिरी ट्रायल ओलंपिक से पहले होंगे। तदर्थ समिति के उनकी मांग मानने के बाद विनेश ने 50 किग्रा में शिवानी को 11-6 से हराकर अगले महीने किर्गिस्तान के बिश्केक में होने वाले ओलंपिक क्वालीफिकेशन में जगह बनाई हालांकि 53 किग्रा में तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर अंजू से 0-10 से हार गईं। डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप लगाने और लंबे चले प्रदर्शन की अगुवाई करने वाली विनेश 50 किलो के ट्रायल के लिए साइ केंद्र पहुंची थी। यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग के अनुच्छेद 7 के अनुसार एक प्रतियोगी को एक दिन में एक भार वर्ग में भाग लेने की अनुमति है, लेकिन विनेश सोमवार को दो भार वर्गों के ट्रायल में शामिल हुईं। वह प्रदर्शन से पहले 53 किलो में उतरती थी लेकिन अंतिम पंघाल को कोटा मिलने से उसने अपना भारवर्ग कम किया। विनेश ने 50 और 53 किलो में भाग लेने की अनुमति मांगी जिससे अजीब स्थिति बन गई। इससे पहलवान शिकायत करने लगे। उन्होंने कहा कि हम ढाई घंटे से इंतजार कर रहे हैं। तदर्थ समिति पहले कह चुकी है कि 53 किलो के अंतिम ट्रायल में शीर्ष चार पहलवान उतरेंगे। ट्रायल के विजेता को अंतिम से मुकाबला करना होगा और उसमें विजयी रहने वाली पहलवान भारत का प्रतिनिधित्व करेगी।

डब्ल्यूटीसी तालिका में ऑस्ट्रेलिया जीत के साथ दूसरे स्थान पर

दुबई, एजेंसी। न्यूजीलैंड को टेस्ट श्रृंखला में 2-0 से हराकर ऑस्ट्रेलिया विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। ऑस्ट्रेलिया को इस जीत से 12 अंक मिले हैं। अब 12 मैचों के बाद उसके प्रतिशत अंक 59.09 से 62.50 हो गए हैं। न्यूजीलैंड के 60 प्रतिशत अंक से गिरकर 50 हो गए हैं और वह तालिका में तीसरे स्थान पर है लेकिन उसने 6 मैच ही खेले हैं। भारत 68.51 प्रतिशत अंक के साथ शीर्ष पर है जिसने नौ में से छह मैच जीते हैं। आस्ट्रेलिया ने क्राइस्टचर्च में दूसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड को तीन विकेट से हराया। गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने पहला टेस्ट वेलिंगटन में 172 रन से जीता था।

मूनी-शबनम के शानदार प्रदर्शन से गुजरात ने यूपी को 8 रन से हराया

नई दिल्ली, एजेंसी

कप्तान बेथ मूनी के नाबाद अर्धशतक के बाद शबनम की गेंदबाजी से गुजरात ने सोमवार को यूपी को 8 रन से हरा दिया।

गुजरात के 153 रन का पीछा करते हुए यूपी ने 35 रन पर 5 विकेट गंवा दिए थे। दीप्ति शर्मा (88*) ने पूनम खेमनार (36*) के साथ छठे विकेट के लिए 109 रन की साझेदारी की लेकिन यूपी की टीम 5 विकेट पर 144 रन ही बना सकी। गुजरात की तेज गेंदबाज शबनम ने 3 विकेट लिए। मूनी ने (74*) लॉरा वोलवार्ट (43) के साथ पहले विकेट के लिए 60 रन जोड़कर गुजरात को 8 विकेट पर 152 रन तक पहुंचाया। यूपी ने चौथे ओवर में 16 रन तक 4 विकेट गंवा दिए। शबनम ने एलिसा हीली (4) को मन्नत और चामरी अटापट्टू (0) को एशलेग गार्डनर के हाथों कैच कराया। कैथरीन ब्राइस ने किरण नवगिरे (0) को मन्नत के हाथों जबकि एशलेग ने हैरिस (1) को भारती के हाथों कैच कराया। शबनम ने श्वेता (8) को बोल्ड कर यूपी को पांचवां झटका दिया।

संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

गुजरात जायंट्स : 152/8, लॉरा वुलफार्ट 43 (30 गेंद), बेथ मूनी 74* (52 गेंद), एश्ली गार्डनर 15 (10 गेंद)। **विकेट :** दीप्ति 2, सोफी 3।

यूपी वॉरियर्स : 144/5, दीप्ति शर्मा 88* (60 गेंद), पूनम खेमनार 36* (36 गेंद)। **विकेट :** शबनम एम डी 3, कैथरीन ब्राइस 1।

बॉलीवुड हलचल

होली पर रंगों के साथ धूम मचाएंगी माही

मुंबई, एजेंसी। रितेश पांडे और माही श्रीवास्तव का भोजपुरी होली गीत 'तेल लगा ला नवरतन के' रिलीज हो गया है। रितेश पांडे और शिल्पी राज का गाया होली गीत वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स से रिलीज हुआ है। इस गाने के वीडियो में माही श्रीवास्तव हैं। इस गाने में देवर बने रितेश पांडे भाभी बनी माही श्रीवास्तव से होली की मस्ती और हुड़दंग मचाते हुए नजर आ रहे हैं। निर्माता रत्नाकर ने कहा कि दोनों कलाकारों ने इसमें अपना 100 दिया है। गाना बहुत ही सुंदर बनाकर तैयार हुआ है। यही कारण है कि गाना यूट्यूब पर बार बार देखा व सुना जा रहा है। मैं उम्मीद करता हूँ कि दर्शक इसे लाखों की तादाद में देखेंगे और इस ए सुपरहिट बनाएंगे। रितेश पांडे ने कहा कि यह गाना होली के रंगों और देवर भाभी की मस्ती को दर्शाता है। इसमें भाभी और देवर के बीच की बॉन्डिंग को दिखाया गया है। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी, डीओपी गौरव राय, राजन, एडिटर आलोक गुप्ता हैं। मिक्स एवं मास्टर अंकित अहीर, डीआई रोहित सिंह ने किया है। प्रोडक्शन पंकज सोनी का है। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के पास है।

अरविंद अकेला कल्लू का होली गीत हुआ रिलीज

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी अभिनेता-गायक अरविंद अकेला कल्लू का नया गाना यार+भतार=देवर रिलीज हो गया है। गाना यार+भतार=देवर को लेकर कल्लू ने कहा कि होली का त्योहार रंगों के साथ-साथ देवर और भाभी के बीच अतरंगी संवाद वाला भी होता है। यह सदियों से चली आ रही परंपरा है जो हमारी लोक संस्कृति में बसती है। उसी को केंद्र में रखकर यह गाना बनाया गया है जो दर्शकों को भी पसंद आ रहा है। गाने को हमने नएपन के साथ रिलीज किया है और इसमें एक अलग अंदाज के साथ स्वैग देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि उम्मीद करता हूं कि मेरा यह गाना सबको पसंद आएगा और आगे भी मैं होली के एक से बढ़कर एक गाने लेकर आता रहूंगा और अपने श्रोताओं की होली को यादगार बना दूंगा।

जल्द आएगी विद्या की फिल्म दो और दो प्यार

मुंबई, एजेंसी। विद्या बालन और प्रतीक गांधी स्टारर 'दो और दो प्यार' 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज डेट 19 अप्रैल की घोषणा करते हुए एक आकर्षक नए पोस्टर को लांन्च किया। इस फिल्म में विद्या बालन, प्रतीक गांधी, इलियाना डिक्रूज और सेंथिल राममूर्ति की अहम भूमिका है। यह फिल्म कंटेम्प्ररी रोमांस प्यार, हंसी और मॉडर्न रिलेशनशिप की कहानी को दर्शाएगी। एलिप्सिस एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन, अप्लॉज़ एंटरटेनमेंट द्वारा प्रस्तुत, फिल्म को शीर्ष गुहा ठाकुरता ने निर्देशित किया है, जो इस फिल्म के साथ अपने फीचर करियर की शुरुआत कर रही हैं।

शाहरूख बने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता

22वें जी सिने अवार्ड में बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का खिताब मिला। रानी मुखर्जी और आलिया भट्ट सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री क्रिटिक्स से नवाजी गई। कियारा आडवाणी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री ज्यूरी का पुरस्कार मिला। बेस्ट वीएफएक्स- जवान के लिए रेड चिलीज एंटरटेनमेंट, बेस्ट एक्शन- स्पाइरो रजाटोस, एनल अरासु, क्रेग मैक्रे और जवान के लिए टीम, बेस्ट बैकग्राउंड म्यूजिक- जवान के लिए अनिरुद्ध, बेस्ट डायलॉग- जवान के लिए सुमित अरोड़ा, बेस्ट प्ले बैक सिंगर मेल- अरिजीत सिंह (पठान से झूमे जो पठान), बेस्ट प्ले बैक सिंगर फीमेल- शिल्पा राव (बेशरम रंग फिल्म पठान) बेस्ट लिरिक्स- कुमार (चलिया- पठान) के लिए चुने गए।

द लॉस्ट गर्ल: खोई हुई बच्ची के भावनाओं की कहानी

1984 के दंगों पर आधारित एक और फिल्म दर्शकों के दरवाजे पर खड़ी है। हालांकि इस बार फिल्म का नाता सियासी नहीं बल्कि सामाजिक है। ये फिल्म एक छोटी बच्ची के नजरिए से परदे पर उतारी गई है। वो बच्ची दंगों के दौरान खो जाती है और फिर उसकी जिंदगी के साथ-साथ चल पड़ती है फिल्म की रील। फिल्म का नाम है द लॉस्ट गर्ल। हाल ही में फिल्म के दो गाने पैनोरमा स्टूडियोज इंटरनेशनल ने रिलीज किए। रब तू ही बता और लिल्लो की साइकल। दोनों ही गीत सोशल मीडिया पर पसंद किए जा रहे हैं। इस फिल्म को जमीन पर उतारने में दो बेहद प्रतिभाशाली फिल्मकारों की भूमिका है जो लंबे समय से हिंदी फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े हैं। द लॉस्ट गर्ल के लेखक और निर्देशक हैं आदित्य रानोलिया और निर्देशन में उनका साथ निभाया है प्रभात ठाकुर ने। प्रभात आर्ट डायरेक्टर के तौर पर लंबी पारी खेल चुके हैं। उनके खाते में मकबूल, हेराफेरी, आंखें और रांझणा जैसी फिल्में हैं। आदित्य का नाम बॉलीवुड के कामयाब सेट डिजाइनर्स में से एक है। इस फिल्म में कई परिचित चेहरों के साथ-साथ कुछ नई प्रतिभाओं का काम देखने को मिलेगा। परदे पर मुख्य भूमिका में प्राची बंसल, भूपेश सिंह, पूनम डांगड़ा, अरोनिका रानोलिया हैं तो परदे के पीछे नए-पुराने फनकारों की टीम है। युवा फिल्मकार प्रगीत शंकर को निर्देशन में सहायक के तौर पर हाथ आजमाने का मौका मिला है। फिल्म का संपादन अरविंद शुक्ला ने और म्यूजिक डायरेक्टर विवेक अस्थाना हैं। विवेक की बनाई धुनों पर अपूर्व आशीष, नेहा राजपाल और वीणा जोशी ने बेहद भावुकता भरे गीत गाए हैं। अगले महीने 5 अप्रैल को पैनोरमा स्टूडियोज इंटरनेशनल के बैनर तले ये फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। आदित्य रानोलिया और प्रभात ठाकुर को इस फिल्म से काफी उम्मीदें हैं।

● **शारदा शुक्ला** (वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ)

फिल्म ऐ वतन मेरे वतन में स्वतंत्रता सेनानी बने इमरान

मुंबई। अभिनेता इमरान हाशमी फिल्म ऐ वतन मेरे वतन में स्वतंत्रता सेनानी राम मनोहर लोहिया के किरदार में नजर आएंगे। करण जौहर के धर्माटिक एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के बैनर तले बनी फिल्म ऐ वतन मेरे वतन में सारा अली खान भी मुख्य भूमिका है। इसकी कहानी उस हीरो की है, जिसके रेडियो से ब्रिटिश राज को हिलाकर रख दिया था। इस फिल्म में इमरान हाशमी गेस्ट अपीयरेंस में हैं, जो स्वतंत्रता सेनानी राम मनोहर लोहिया का किरदार निभा रहे हैं। प्राइम वीडियो ने पोस्टर शेयर किया है, जिसमें राम मनोहर लोहिया के रूप में इमरान हाशमी हैं। इमरान ने कहा, मैंने पहले कभी स्वतंत्रता सेनानी की भूमिका नहीं निभाई है, और राम मनोहर लोहिया के रूप में खुद को ढालने का मौका मिलना सम्मान की बात थी। मैंने कन्नन और दरब के साथ मिलकर काम किया और उनके व्यापक रिसर्च को समझने की कोशिश की।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने,बरेली,पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

सीएए... नए कानून में क्या हैं प्रावधान

नागरिकता संशोधन विधेयक से अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई अवैध प्रवासियों को नागरिकता के लिए पात्र बनाने के लिए नागरिकता अधिनियम, 1955 में संशोधन किया गया है। नागरिकता संशोधन विधेयक 9 दिसंबर 2019 को लोकसभा में प्रस्तावित किया गया था। 9 दिसंबर 2019 को ही विधेयक सदन से पारित हो गया। 11 दिसंबर 2019 को यह विधेयक रास से पारित हुआ था। आईए जाने इसके बारे में...

प्रावधान में शामिल हैं ये शर्तें

नागरिकता अधिनियम में देशीयकरण द्वारा नागरिकता का प्रावधान किया गया है। आवेदक को पिछले 12 महीनों के दौरान और पिछले 14 वर्षों में से आखिरी साल 11 महीने भारत में रहना चाहिए। कानून में छह धर्मों (हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई) और तीन देशों (अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान) से संबंधित व्यक्तियों के लिए 11 वर्ष की जगह छह वर्ष तक का समय है। कानून में यह भी प्रावधान है कि यदि किसी नियम का उल्लंघन किया जाता है तो ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया (ओसीआई) कार्डधारकों का पंजीकरण रद किया जा सकता है।

किसे मिल सकेगी नागरिकता

सीएए लागू होने के बाद नागरिकता देने का अधिकार पूरी तरह से केंद्र सरकार के पास होगा। पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, ईसाई और पारसी धर्म से जुड़े शरणार्थियों को भारतीय नागरिकता दे दी जाएगी। बता दें कि जो लोग 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत में आकर बस गए थे, उन्हें ही नागरिकता मिलेगी। इस कानून के तहत उन लोगों को अवैध प्रवासी माना गया है, जो भारत में वैध यात्रा दस्तावेज (पासपोर्ट और वीजा) के बगैर घुस आए हैं या फिर वैध दस्तावेज के साथ तो भारत में आए हैं, लेकिन तय अवधि से ज्यादा समय तक यहां रुक गए हों।

कैसे करें आवेदन

नागरिकता पाने की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन ही रखी गई है। जिसे लेकर एक ऑनलाइन पोर्टल भी तैयार किया जा चुका है। नागरिकता पाने के लिए आवेदकों को अपना वह साल बताना होगा जब उन्होंने बिना किसी दस्तावेज के भारत में प्रवेश किया था। आवेदक से किसी तरह का कोई दस्तावेज नहीं मांगा जाएगा। नागरिकता से जुड़े जितने भी मामले लंबित उन सबको ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिया जाएगा। पात्र विस्थापितों को सिर्फ ऑनलाइन पोर्टल पर जाकर अपना आवेदन करना होगा। जिसके बाद गृह मंत्रालय आवेदन की जांच करेगा और आवेदक को नागरिकता जारी कर दी जाएगी।

कानून की इन मुख्य बातों पर दें ध्यान

- नागरिकता अधिनियम, 1955 यह बताता है कि कौन भारतीय नागरिकता प्राप्त कर सकता है और किस आधार पर। कोई व्यक्ति भारतीय नागरिक बन सकता है यदि उसका जन्म भारत में हुआ हो या उसके माता-पिता भारतीय हों या कुछ समय से देश में रह रहे हों, आदि। हालांकि, अवैध प्रवासियों को भारतीय नागरिकता प्राप्त करने से प्रतिबंधित किया गया है। अवैध प्रवासी वह विदेशी होता है जो पासपोर्ट और वीजा जैसे वैध यात्रा दस्तावेजों के बिना देश में प्रवेश करता है, या वैध दस्तावेजों के साथ प्रवेश करता है, लेकिन अनुमत समय अवधि से अधिक समय तक रहता है।
- विदेशी अधिनियम, 1946 और पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम, 1920 के तहत अवैध प्रवासियों को कैद या निर्वासित किया जा सकता है। 1946 और 1920 अधिनियम केंद्र सरकार को भारत के भीतर विदेशियों के प्रवेश, निकास और निवास को विनियमित करने का अधिकार देते हैं। 2015 और 2016 में, केंद्र सरकार ने अवैध प्रवासियों के कुछ समूहों को 1946 और 1920 अधिनियमों के प्रावधानों से छूट देते हुए दो अधिसूचनाएं जारी की थीं। ये समूह अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई हैं, जो 31 दिसंबर 2014 को या उससे पहले भारत आए थे। इसका मतलब यह है कि अवैध प्रवासियों के इन समूहों को निर्वासित नहीं किया जाएगा।

मानवता को आह्लादित करने वाला निर्णय : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सीएए लागू करने का स्वागत करते हुए मनुष्यता को आह्लादित करने वाला निर्णय बताया है। उन्होंने एक्स पर निर्णय को ऐतिहासिक बताया है। योगी ने लिखा कि इससे पाकिस्तान, बांग्लादेश व अफगानिस्तान में मजहबी बर्बरता से पीड़ित अल्पसंख्यक समुदाय के सम्मानजनक जीवन का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

"जब देश के नागरिक रोजी-रोटी के लिए बाहर जाने पर मजबूर हैं तो दूसरों के लिए नागरिकता क़ानून लाने से क्या होगा? सरकार ये बताए कि उनके 10 सालों के राज में लाखों नागरिक देश की नागरिकता छोड़कर क्यों चले गए?
– **अखिलेश यादव**, सपा प्रमुख

"केन्द्र सरकार द्वारा नागरिकता संशोधन कानून को ठीक चुनाव से पहले लागू करने के बजाय, इसको लेकर लोगों में जो संदेह, असमंजस व आशंकाएं हैं उन्हें पूरी तरह से दूर करने के बाद ही इसे लागू किया जाना ही बेहतर होता।
– **मायावती**, बसपा सुप्रीमो

पूर्वोत्तर के जनजातीय इलाके सीएए के दायरे से बाहर

सीएए पूर्वोत्तर राज्यों के अधिकांश जनजातीय क्षेत्रों में लागू नहीं किया जाएगा, जिनमें संविधान की छठी अनुसूची के तहत विशेष दर्जा प्राप्त क्षेत्र भी शामिल हैं। कानून के मुताबिक, इसे उन सभी पूर्वोत्तर राज्यों में लागू नहीं किया जाएगा जहां देश के अन्य हिस्सों में रहने वाले लोगों को यात्रा के लिए इनर लाइन परमिट (आईएलपी) की आवश्यकता होती है। आईएलपी अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मिजोरम और मणिपुर में लागू है।

एक नजर

चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने घाटी पहुंचे मुख्य निर्वाचन आयुक्त

श्रीनगर। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने के लिए तीन दिवसीय यात्रा पर सोमवार को जम्मू-कश्मीर पहुंचे। आम चुनाव अप्रैल-मई में होने की संभावना है। अधिकारियों ने कहा कि कुमार और निर्वाचन आयोग के नौ अन्य अधिकारियों की टीम का सोमवार को कोई औपचारिक कार्यक्रम निर्धारित नहीं है। उन्होंने बताया कि समीक्षा प्रक्रिया के तहत टीम मंगलवार को नागरिक प्रशासन और पुलिस अधिकारियों के साथ विस्तृत बैठक करेगी।

अमेरिका के आर्कंसा में गोलीबारी तीन लोगों की मौत, कई घायल

जोन्सबोरो (अमेरिका)। अमेरिका के आर्कंसा राज्य में एक निजी पार्टी के दौरान गोलीबारी हुई। घटना में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। जोन्सबोरो पुलिस ने फेसबुक पर एक पोस्ट में बताया कि जोन्सबोरो में घटनास्थल पर कई पीड़ित घायल अवस्था में मिले, जिन्हें गोलियां लगी थीं। पुलिस के अनुसार, हमलावर के परिचित एक पुरुष और एक महिला की मौत हो गई। घटना में हमलावर की भी मौत हुई है। घायल एक अन्य व्यक्ति को भी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने कहा मामले की जांच की जा रही है।

ऑस्ट्रेलिया से न्यूजीलैंड जा रहे विमान में लगे झटके, 50 घायल

सिडनी। सिडनी से न्यूजीलैंड जा रहे चिली के एक विमान में सोमवार को अचानक तेज हलचल होने के कारण लगभग 50 यात्री घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि यह सब इतना अचानक हुआ कि किसी को भी संभलने का समय नहीं मिला। मीडिया के मुताबिक, लताम एयरलाइंस ने एक बयान में कहा कि उड़ान के दौरान एक तकनीकी खराबी हुई, जिसके कारण जोरदार हलचल हुई। हालांकि, इसके बारे में ज्यादा विस्तार से नहीं बताया गया कि आखिर हुआ क्या था। जब उड़ान ऑकलैंड में उतरी, तो पैरामेडिक्स और 10 से अधिक आपातकालीन वाहनों ने यात्रियों की मदद की और उन्हें बाहर निकाला।

बेहिसाबी नकदी रखने के आरोप में सात लोगों को किया गिरफ्तार

आइजोल। मिजोरम के लॉन्गतलाई जिले में बेहिसाबी नकदी रखने के आरोप में म्यांमार के तीन नागरिकों समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। असम राइफल्स ने कहा- खुफिया सूचना के आधार पर आरडीएस बंगतलांग जंक्शन के पास एक पिकअप ट्रक में सवार सात लोगों को पकड़ा है। गिरफ्तार लोगों के पास से कुल 2.86 लाख रुपये की भारतीय मुद्रा तथा 4.7 करोड़ म्यांमार क्यात जब्त किया है। नकदी लाने-ले जाने में इस्तेमाल किए गए पिकअप ट्रक को भी जब्त किया गया है। असम राइफल्स ने बताया है कि मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

मोदी के अरुणाचल दौरे से बौखलाया चीन, जंगनान भारत का हिस्सा नहीं

चीन ने कहा-सीमा विवाद अभी हल नहीं हुआ है, भारत को विकास का अधिकार नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में पूर्वोत्तर राज्य अरुणाचल प्रदेश का दौरा किया था। इस दौरान पीएम मोदी ने हजारों करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इनमें सबसे खास सामरिक रूप से महत्वपूर्ण, बहुप्रतीक्षित और दुनिया के सबसे ऊंचाई (13000 फीट) पर बनी सबसे लंबी सुरंग (सेला पास) थी। उनके इस दौरे के बाद चीन बौखला गया है।

चीन ने उनके इस दौरे को लेकर भारत के समक्ष विरोध दर्ज कराया है। चीन ने अरुणाचल प्रदेश पर अपने अधिकार का दावा करते हुए कहा कि भारत के इस कदम से सीमा विवाद और जटिल ही होंगे। भारत को चीन के जंगनान क्षेत्र को मनमाने ढंग से विकसित करने का कोई अधिकार नहीं है। हालांकि भारत ने हमेशा उसके इन दावों को खारिज किया है। सोमवार को एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शनिवार को हुई अरुणाचल प्रदेश की यात्रा पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि जंगनान (अरुणाचल प्रदेश) क्षेत्र चीनी क्षेत्र है। चीन ने भारत द्वारा अवैध रूप से स्थापित तथाकथित अरुणाचल प्रदेश को कभी मान्यता नहीं दी और वह इसका दृढ़ता से विरोध करता है। उन्होंने कहा कि चीन-भारत सीमा प्रश्न अभी तक हल नहीं हुआ है। भारत को चीन के जंगनान क्षेत्र को मनमाने ढंग से विकसित करने का कोई अधिकार नहीं है।

प्रधानमंत्री मोदी ने किया था शनिवार को दौरा

पीएम मोदी ने बीते शनिवार को अरुणाचल प्रदेश का दौरा कर हजारों करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया था। इनमें सबसे खास सामरिक रूप से महत्वपूर्ण, बहुप्रतीक्षित और दुनिया के सबसे ऊंचाई पर बनी सबसे लंबी सुरंग (सेला पास) थी। इस सुरंग का रणनीतिक रुप से काफी महत्व है। यह रणनीतिक रूप से स्थित तवांग को हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करेगी और सीमावर्ती क्षेत्र में सैनिकों की बेहतर आवाजाही सुनिश्चित करेगी। असम के तेजपुर को अरुणाचल प्रदेश के पश्चिम कामेंग जिले से जोड़ने वाली सड़क पर बनी 825 करोड़ की सुरंग को इतनी ऊंचाई पर दुनिया की सबसे लंबी द्वि-लेन सड़क सुरंग माना जा रहा है।

अरुणाचल पर अपना दावा करता है ड्रैगन



भारत-चीन के बीच जिन क्षेत्रों को लेकर विवाद है, उनमें अरुणाचल प्रदेश भी है। चीन का दावा है कि भारत जिस इलाके को अरुणाचल प्रदेश बताता है वो दक्षिण तिब्बत है। और इस पर उसका अधिकार है। बीजिंग ने इस क्षेत्र का नाम भी जांगनान रखा है। 1962 में यहां हमला कर उसने अरुणाचल के एक हिस्से पर कब्जा जमा लिया था। साल 2021 में उसने अरुणाचल की सीमा से लगे 15 स्थानों के नाम बदल दिए थे।

अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग

चीन पहले भी इस तरह के दावे करता रहा है। हालांकि भारत ने अरुणाचल प्रदेश पर चीन के क्षेत्रीय दावों को बार-बार खारिज किया है। भारत हमेशा से कहता रहा है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है। भारत ने चीन द्वारा इस इलाके का नामकरण करने के ड्रैगन के कदम को भी खारिज कर दिया था। भारत ने इस तरह के कदमों से वास्तविकता में कोई बदलाव नहीं आया है।

फिर युद्धविराम की कोशिश करेगा अमेरिका: बाइडन

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने रविवार को रमजान से पहले दुनियाभर के मुस्लिम समुदाय को बधाई दी। उन्होंने अपने संदेश में इस्राइल-हमास संघर्ष का जिक्र करते हुए कहा कि अमेरिका इजराइल के बंधकों की रिहाई से जुड़े समझौते के तहत गाजा में कम से कम छह हफ्ते के तत्काल युद्धविराम के लिए काम करना लगातार जारी रखेगा। बाइडन ने कहा, हम स्थायी और दूरगामी स्थिरता, सुरक्षा और शांतिपूर्ण भविष्य की दिशा में काम करना जारी रखेंगे। हम इजराइल-फिलिस्तीन के बीच दो राष्ट्र समाधान पर भी सहमति की कोशिशें जारी रखेंगे, ताकि फलस्तीन और इस्राइल के लोगों को समान स्वतंत्रता, सम्मान, सुरक्षा और समृद्धि मिले।

राष्ट्रपति जरदारी की बेटी आसिफा बनेंगी पाकिस्तान की प्रथम महिला

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान की प्रथम महिला का पद राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की बेटी को दिया जाएगा। देश के नवनियुक्त राष्ट्रपति आसिफ जरदारी ने अपनी बेटी आसिफा भुट्टो जरदारी को देश की प्रथम महिला के रूप में औपचारिक मान्यता देने की फैसला किया है। आमतौर पर देश की प्रथम महिला राष्ट्रपति की पत्नी होती है।

देखा जाए तो यह पहली बार होगा कि किसी पाकिस्तानी राष्ट्रपति ने प्रथम महिला के पद के लिए अपनी बेटी की घोषणा की है। इस ऐतिहासिक कदम ने आसिफा भुट्टो को प्रथम महिला के प्रतिष्ठित पद पर पहुंचा दिया है, जो देश के राजनीतिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय है। घोषणा के बाद, आसिफा जरदारी को प्रथम महिला के अनुरूप प्रोटोकॉल और विशेषाधिकार दिए जाएंगे।

पहला भारतीय सैन्य दस्ता मालदीव से लौटा

माले, एजेंसी

मालदीव में तैनात भारतीय सैन्य अधिकारियों का एक दल भारत लौट आया है। उसके बाद में वहां मौजूद हेलीकाप्टर को संचालित करने के लिए भारतीय नागरिकों का एक दल पहले ही वहां पहुंच चुका है।

हालांकि, अभी तक भारत सरकार ने पहले भारतीय सैन्य दस्ते की वापसी संबंधी कोई पुष्टि नहीं की है। मालदीव नेशनल डिफेंस फोर्स (एमएनडीएफ) के एक मीडिया अधिकारी ने बताया कि अड्डू सिटी में तैनात भारतीय सैनिक भारत लौट चुके हैं। इससे पहले उनका स्थान लेने के लिए उतने ही संख्या बल में भारतीय नागरिकों को भेजा गया है, जो वहां तैनात हेलीकाप्टर के अभियानों को पूरा करेंगे। फिलहाल भारतीय रक्षा मंत्रालय ने अब तक मालदीव से भारतीय सैनिक दस्ते की वापसी की कोई पुष्टि नहीं की है। 26 भारतीय नागरिकों का पहला जत्था 26 फरवरी को ही माले पहुंचा था, अब भारतीय सैन्य अफसरों की जगह लेगा और अड्डू में हेलीकाप्टर को आपरेट करेगा।

भारत ने इस जत्थे के साथ एक नया हेलीकाप्टर भी भेजा है और पुराने हेलीकाप्टर को वापस मंगा लिया है, जिसकी सर्विसिंग होनी है। इस हेलीकाप्टर को ले जाने वाला भारतीय जहाज 29 फरवरी को अड्डू पहुंचा था।

ऑस्कर 2024: ओपेनहाइमर ने जीते सात अवार्ड, मर्फी सर्वश्रेष्ठ अभिनेता

ऑस्कर मिलने के बाद खुशी जताते रॉबर्ट डाउनी जूनियर, डा'वाइन जॉय रैंडोल्फ, एमा स्टोन और किलियन मर्फी।

नई दिल्ली। ऑस्कर अवार्ड 2024 की घोषणा हो चुकी है। 96 वें अकादमी अवॉर्ड समारोह में कई अभिनेताओं, निर्देशक और अन्य कलाकारों का ऑस्कर जीतने का सपना पूरा हुआ। 'ओपेनहाइमर' ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म समेत कुल सात अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। किलियन मर्फी सर्वश्रेष्ठ अभिनेता, क्रिस्टोफर नोलन सर्वश्रेष्ठ निर्देशक बने। इसी फिल्म के लिए रॉबर्ट डाउनी जूनियर को सर्वश्रेष्ठ सहयोगी अभिनेता का अवॉर्ड मिला है। ये उनके करियर का पहला ऑस्कर है। ओपेनहाइमर ने बेस्ट फिल्म एडिटिंग, बेस्ट ओरिजिनल स्कोर और बेस्ट सिनेमैटोग्राफी कैटेगरी के अवॉर्ड भी अपने नाम किए हैं। वहीं फिल्म पुअर थिंग्स ने चार कैटेगरी में ऑस्कर जीते हैं। फिल्म की मुख्य अभिनेत्री एमा स्टोन को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का अवॉर्ड मिला।

अमेरिका में चार भारतवंशी महिलाओं को किया सम्मानित

न्यूयार्क। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर चार प्रमुख भारतीय और भारतीय-अमेरिकी महिलाओं को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनकी उपलब्धियों और समाज में योगदान के लिए दिया गया है।

न्यूयार्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास और फेडरेशन आफ इंडियन एसोसिएशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में महारानी राधिकाराजे गायकवाड़, नीना सिंह, डां. इंदू ल्यू और मेघा देसाई को सम्मान दिया है। गायकवाड़ अपने परोपकारी कार्यों के माध्यम से शिक्षा और सामुदायिक सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध हैं। नीना सिंह न्यूजर्सी में पहली भारतीय और सिख महिला मेयर हैं। ल्यू क्लीनिकल ने स्वास्थ्य सेवा में असाधारण नेतृत्व का प्रदर्शन किया।

यमन में अलकायदा के नेता खालिद अल बतरफी की मौत

सना, एजेंसी

- **अमेरिका ने 50 लाख डॉलर का इनाम किया था घोषित**

यमन की अल-कायदा शाखा के प्रमुख खालिद अल बतरफी की मौत हो गई है। आतंकवादी समूह ने रविवार देर रात यह जानकारी दी। अमेरिका सरकार ने अरब प्रायद्वीप में अल-कायदा (एक्यूएपी) समूह का नेतृत्व करने वाले खालिद अल-बतरफी पर 50 लाख डॉलर का इनाम घोषित किया था।

एक्यूएपी को उसके संस्थापक ओसामा बिन लादेन की हत्या के बाद भी सक्रिय चरमपंथी समूह की सबसे खतरनाक शाखा माना जाता रहा है। अल-कायदा ने एक वीडियो जारी किया है जिसमें अल-बतरफी को अल-कायदा के काले और सफेद झंडे में लिपटा हुआ दिखाया गया है। वीडियो में बतरफी की मौत के कारण के बारे में कोई विवरण नहीं दिया गया और उसके चेहरे पर चोट का कोई स्पष्ट निशान नजर नहीं आया। ऐसा माना जाता है कि अल-बतरफी की उम्र करीब 40 वर्ष थी। एसआईटीई इंटेलिजेंस ग्रुप' के अनुसार, वीडियो जारी कर बतरफी की मौत की जानकारी दी। संगठन ने यह घोषणा रमजान की पूर्व संध्या पर की। यमन में सोमवार से मुसलमानों का पवित्र माह शुरू होने वाला है। उसने घोषणा की कि अब साद बिन अतेफ अल-अवलाकी उसका नेता होगा। अमेरिका ने अवलाकी पर 60 लाख डॉलर का इनाम रखा है।

नेतन्याहू से मिले डोभाल, कई मुद्दों पर हुई बातचीत

तेल अवीव। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने आज भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से मुलाकात की। मुलाकाता के दौरान बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा पट्टी में चल रही लड़ाई की जानकारी अजीत डोभाल के साथ साझा की। दोनों देशों की ओर से बंधकों को रिहाई और मानवीय सहायता के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। इजराइल के प्रधानमंत्री की सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर जानकारी साझा की है। इस बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के निदेशक, प्रधानमंत्री के विदेश नीति सलाहकार और इजराइल में भारतीय राजदूत ने भी हिस्सा लिया। रमजान के महीने में हमास प्रमुख ने एक बार फिर गाजा में युद्धविराम की मांग पर जोर दिया है।

भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक देश बना

लंदन। भारत दुनिया का शीर्ष हथियार आयातक देश है। 2014-2018 से 2019-2023 के बीच भारत के हथियार आयात में 4.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। स्टाकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (एसआईपीआरआई) ने सोमवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। एसआईपीआरआई अंतर्राष्ट्रीय संस्थान है। यह युद्धों, युद्धक सामग्रियों, हथियार नियंत्रण और निरस्त्रीकरण के क्षेत्र में शोध करती है।

भारत का मुख्य हथियार आपूर्तिकर्ता रूस

हथियारों को लेकर अभी भी रूस भारत का मुख्य हथियार आपूर्तिकर्ता है। हालांकि 1960-64 के बाद यह पहली बार है जब भारत के हथियार आयात में रूस (1991 से पहले सोवियत संघ) की हिस्सेदारी 50 प्रतिशत से कम रही। भारत ने कुल हथियार आयात में से 36 प्रतिशत हथियार रूस से खरीदे। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि 2019-23 में यूरोपीय देशों के द्वारा आयात किए गए कुल हथियारों में से लगभग 55 प्रतिशत हथियारों की आपूर्ति अमेरिका ने की।

4.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है 2019-2023 के बीच भारत के हथियार आयात में

36 प्रतिशत हथियार भारत ने रूस से खरीदे

55 प्रतिशत हथियारों की आपूर्ति अमेरिका ने की है, 2019-23 के कुल आयात में

विज्ञान एक दशक पहले से ही वैज्ञानिक दूरबीनों के निर्माण की जुगत में लगे हैं, अब एनएसएफ की आर्थिक मदद पर निर्भर

अधर में सबसे बड़ी दूरबीनों का निर्माण, भारत की 10% हिस्सेदारी

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : निर्माणाधीन दुनिया की सबसे बड़ी दो दूरबीनों (टीएमटी व जीएमटी) का भविष्य फंड के अभाव में अधर में लटका हुआ है। राष्ट्रीय विज्ञान फाउंडेशन (एनएसएफ) ने अपेक्षित आर्थिक मदद देने से इंकार कर देने के चलते महत्वाकांक्षी परियोजना का सपना फिलहाल अधूरा है।

टीएमटी परियोजना में भारत की दस फीसदी की हिस्सेदारी है। करीब एक दशक पहले से खगोलशास्त्री दोनों प्रमुख दूरबीनों के निर्माण के जुगत में लगे हुए हैं। जिसमें एक का नाम विशाल मैगलन टेलीस्कोप (जीएमटी) है, जबकि दूसरे का नाम तीस मीटर टेलीस्कोप (टीएमटी) है। टीएमटी उत्तरी गोलार्ध में अध्ययन करेगी और जीएमटी दक्षिणी गोलार्ध की कमान संभालेगी। टीएमटी में भारत की भागीदारी है। इन दोनों दूरबीनों का निर्माण राष्ट्रीय विज्ञान फाउंडेशन की आर्थिक मदद पर निर्भर है। एनएसएफ 1.6 बिलियन डॉलर बजट देने को तैयार है। मगर खर्चा इससे कहीं अधिक होना है। यह दोनों शक्तिशाली दूरबीनें हैं, जो आधुनिक खगोल विज्ञान को आगे बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होंगी। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह दूरबीनें खोज की दिशा में आने वाली पीढ़ियों के लिए वरदान होंगी। मगर जितना बजट दिया जा रहा है, उससे एक दूरबीन ही बन सकती है। जिससे वैज्ञानिकों का दोनों गोलार्द्धों में खोज की दिशा का समावेश संभव नही है। दोनों दूरबीनों का निर्माण कार्य चल रहा है और किसी भी एक दूरबीन का कार्य बीच में छोड़ा नही जा सकता है। जिस कारण अमेरिकी खगोल विज्ञान समुदाय बेहद चिंतित है विशालकाय मैगलन टेलीस्कोप (जीएमटी) का निर्माण कार्य चिली के रेगिस्तान में चल रहा है, इसकी लागत लगभग 2.54 बिलियन डॉलर होने का अनुमान है। थर्टी मीटर टेलीस्कोप (टीएमटी) हवाई में मौना के नामक एक पर्वत में लगाए जाने की योजना बनाई गई है, लेकिन स्थानीय लोग इस दूरबीन को लगाए जाने का विरोध कर रहे हैं।

13 दूरबीनें पहले से ही क्षेत्र में मौजूद हैं और कुछ स्थानीय लोगों का कहना है कि सुविधाएं प्राकृतिक पर्यावरण को प्रभावित कर रही हैं। फ़िलहाल, दोनों टेलीस्कोप का निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है।

टीएमटी व जीएमटी दूरबीन का डिजाइन।

तेजी से चल रहा टीएमटी उपकरणों का निर्माण

टीएमटी में 492 दर्पण खंडों में से 100 का कार्य समाप्त हो चुका है। इस दूरबीन का व्यास 30 मीटर है। जीएमटी 8.4 मीटर व्यास की होगी। यह दोनों ऑप्टिकल दूरबीनें हैं। पृथ्वी की सतह पर इतनी बड़ी दूरबीन अभी तक स्थापित नही की जा सकी हैं। टीएमटी निर्माण में भारत की हिस्सेदारी का कार्य कोविड से पहले ही डिजाइन किया जा चुका है। टीएमटी हबल स्पेस टेलीस्कोप की तुलना में 12 गुना अधिक क्षमतावान होगी। बता दें, 13 दूरबीनें पहले से ही क्षेत्र में मौजूद हैं और कुछ स्थानीय लोगों का कहना है कि सुविधाएं प्राकृतिक पर्यावरण को प्रभावित कर रही हैं। फिलाहल, दोनों टेलीस्कोप का निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है।